पञ्चाङ्ग से सम्बन्धित विषयों एवं वैयक्तिक प्रश्नों पर आधारित पाठकों के पत्र हमें निरन्तर मिलते रहते हैं जिनका समाधान पत्र द्वारा, दूरभाषा द्वारा या ईमेल से किया जाता है। विशेष रूप से तिथि पर्व निर्णय, पौरोहित्य एवं कर्मकाण्डादि करने वाले विद्वानों की शंकाओं का धर्मशास्त्रीय पद्धति से धर्मशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र एवं वैदिक आचार्यों के विद्वत् मण्डल द्वारा निवारण की व्यवस्था श्रीराघवेन्द्र ज्योतिष संस्थान द्वारा की गई है। इस वर्ष श्रीराघवेन्द्र सरकार की कृपा एवं पूज्य गुरू जी के शुभाशीर्वाद से पाठकों की शुभेच्छाओं से आपके प्रिय पञ्चाङ्ग को ISSN (International Standard Serial Number) प्राप्त हुआ है, अतः पञ्चाङ्ग में प्रकाशन हेतु विद्वानों, बुद्धिजीवियों के आलेख आमन्त्रित हैं, सम्बद्ध लेख का विषय विद्वत् मण्डल द्वारा प्रकाशित करने योग्य पाये जाने पर पञ्चाङ्ग में छापा जाएगा, सर्वाऽधिकार सम्पादक के अधीन रहेंगे।

नेशनल कान्फ्रेंस पार्टी एक विश्वसनीय पार्टी के रूप में कार्य करेगी। प्रान्तीय सरकार को आर्थिक व सामाजिक विरोधाभास का सामना करना पड़ेगा। केन्द्र सरकार के द्वारा कश्मीरी पण्डितों के लिए विशेष विकास योजनाओं की घोषणा भी की जाएगी। नौकरियों की प्राप्ति तथा अन्य सुविधाएं सरकार की तरफ से मिलेंगी परन्तु कश्मीरी पण्डित पूर्ण रूपेण सहमत नहीं होंगे तथा पुनः कश्मीर वास करने में हिचकिचाएंगे। राज्य में प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प, अग्निभय, सड़क एवं हवाई दुर्घटना इत्यादि से जनता को कष्ट होने की सम्भावना है।

उपर्युक्त सभी बातें प्रत्यक्ष रूप से प्रमाणित हो चुकी हैं :-

1. इस वर्ष 'विश्वावसु नामक संवत्सर' है अतः जनता में नये-नये रेगों की उत्पत्ति होगी, नेता लोग लालची एवं स्वार्थी होंगे। खाद्य पदार्थों की महंगाई, पैट्रोलियम, डीज़ल की कीमतों में वृद्धि होगी।
2. मन्त्री पद भी शुक्र को प्राप्त है अतः शुक्र स्त्रियों की प्रधानता को बल देता है तथा श्रृंगार प्रिय है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से नाच गान, सिनेमा, संगीत आदि के कार्यक्रम, स्त्री पुरुषों में अश्लीलता का प्रदर्शन बढ़ेगा। स्त्रियों का वर्चस्व प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ता जाएगा।
3. मुद्रास्फीति में वृद्धि, गगनचुम्बी महंगाई, जातीय एवं प्रान्तीय हिंसा, विस्फोटक घटनाओं में बृद्धि, लोगों में असन्तोष, नाराजगी एवं निराशा होगी।
4. नेता लोगों में परस्पर वैमनस्यता होने के कारण देश की उन्नति में बाधाएं आयेंगी।
5. नेता लोग जनता की परवाह किये वगैर रुक्ष व्यवहार करेंगे। पर धन लूटने में संकोच नहीं करेंगे।
6. 7 अप्रैल से 3 जुलाई तक ग्रहों की स्थिति आपत्तिजनक है, सीमा प्रदेशों में युद्ध जैसी घटनायें घटित हो सकती है, सीमाओं पर सतर्कता रखना परमावश्यक है।
7. मई-जून में एक राशि में चतुर्ग्रही योग एवं पञ्चग्रही योग बनने के कारण सीमाओं पर चीन एवं पाकिस्तानी फौजों की गतिविधियाँ आपत्तिजनक रहेंगी।
8. 14 अगस्त से 27 सितम्बर के मध्य में भारत के उत्तरपश्चिम भागों में बाढ़ का प्रकोप होने से जनधन की हानि होगी।
9. अग्निकाण्ड, जनांदोलन, भूकम्प, भूस्खलन, रेल दुर्घटना, वायुयान दुर्घटना इत्यादि प्रकोपों से जनता में भय होगा।
10. ग्रहों की स्थिति के अनुसार भूकम्प की विशेष आशंका बनी हुई है भूकम्प का प्रभाव कश्मीर, चीन, उत्तराखण्ड, दिल्ली, हरियाणा, कुछ पञ्जाब, हिमाचल का भाग, नेपाल वार्डर तक होने की सम्भावना है।
11. भ्रष्टाचार उन्मूलन जनलोकपाल विधेयक के प्रति कांग्रेस की नीतियों से जनता में विशेष आक्रोश पनपेगा, फलस्वरूप दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पञ्जाब में चुनावों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिलेगी, भारतीय जनता पार्टी की विजय अधिक से अधिक सीटों पर होगी।

भारत के मुख्य प्रान्त

उत्तरप्रदेश– उत्तरप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी सरकार द्वारा प्रचुर धन खर्च करके बहुत सी योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा परन्तु विविध विकास योजनाओं का लाभ उच्च वर्ग के लोग ले जायेंगे। आम आदमी तक लाभ नहीं पहुंचेगा। भ्रष्टाचार, लूटमार, गगनचुम्बी महंगाई, अमीर गरीब के बीच बढ़ता आर्थिक अन्तर इत्यादि समस्याओं के कारण सामान्य जनता में आक्रोश पनपेगा। सुश्री मायावती जी की सरकार की प्रतिष्ठा में कमी आएगी। भारतीय जनता पार्टी अपेक्षाकृत अच्छी सफलता प्राप्त करेगी।

दिल्ली– श्रीमती शीला दीक्षित जी की सरकार के लिए समय चुनौती पूर्ण तथा गम्भीर उलझनों से भरपूर है। 'कामनवैल्थ गेम्ज़' के नाम पर धन का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप होना काफी महंगा पड़ेगा। दिल्ली में विद्युत संकट, पेयजल की समस्या, विशेषकर महिलाओं की असुरक्षा, आवासीय सुविधाओं की कमी, आपराधिक तत्त्व एवं आतंकवाद की घटनाओं के कारण आम जनता में आक्रोश की भावना रहेगी। केन्द्र सरकार एवं स्थानीय सरकार की प्रतिष्ठा में कमी तथा लोकप्रियता में भी कमी आएगी। आगामी विधानसभा के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व बढ़ेगा।

पञ्जाब– मुद्रास्फीति एवं गगन चुम्बी महंगाई के कारण लोगों का कुछ विश्वास भाजपा के प्रति घटेगा। भाजपा सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई योजनाओं में 80 प्रतिशत सफलता हो जाने के कारण आम लोगों को लाभ होगा। कुछ प्रान्तों में कांग्रेस का स्थान भी बनेगा। भाजपा एवं अकाली दल को राज्य में तेज महंगाई, बेईमानी, लूटमार, चोरी डकैती, नशीले पदार्थों की तस्करी, अन्य राज्यों से विवाद, इत्यादि ठीक करना परमावश्यक है। आगामी चुनावों में किसी भी पार्टी को बहुमत प्राप्त नहीं हो सकता। यदि आकाली एवं भाजपा इस समय से मेहनत करें तो पुनः सरकार बना सकते हैं।

हरियाणा– सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के लिए विशेष चुनौतियों का समय है, भूमि सम्बन्धी घोटाले, जाटों का आन्दोलन, भ्रष्टाचार, मिलावटखोरी, बिजली पानी की समस्या, राजनीतिक उथल-पुथल इत्यादि समस्याओं का सामना करना होगा। विकास योजनाओं का छोटे लोगों को पूरा लाभ मिले, सरकार को प्रयत्नशील रहना चाहिए। ऐसा करने से उल्लेखनीय उन्नति होगी।

राजस्थान– ग्रह स्थिति के अनुसार, भ्रष्टाचार, जमाखोरी, यातायात के साधनों का ह्रास तथा उद्योग की स्थिति बिगड़ेगी परन्तु पर्यटन विभाग में विशेष उन्नति होगी, कांग्रेस सरकार के लिए समय चुनौतियों से भरपूर है। सावधानीपूर्वक योजनाओं को सफल करवाना श्रेयस्कर रहेगा, भाजपा सत्ता में आने के लिए प्रयास करे तो सफल हो सकती है।

हिमाचल प्रदेश– वर्तमान भाजपा सरकार प्रदेश में अनेक अधूरी एवं रुकी हुई योजनाओं को पूरा करने में सफल होगी। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र, सड़क एवं भवन निर्माण तथा तकनीकि क्षेत्रों में विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। केन्द्रीय सरकार के साथ बहुत से मुद्दों पर मतमतान्तर भी सामने आयेंगे। प्राकृतिक प्रकोप जैसे भूस्खलन, भूकम्प, कृषि में हानि के योग भी बनेंगे। अनेक प्रकार के आर्थिक एवं प्राकृतिक विघ्नों के बावजूद भाजपा सरकार हिमाचल प्रदेश की उन्नति के लिए उल्लेखनीय कार्य कर सकेगी। भाजपा की प्रतिष्ठा में वृद्धि, महिलाओं को पार्टी में विशेष स्थान देना अच्छा रहेगा। शिक्षा एवं पर्यटन में विशेष सफलता के योग हैं।

जम्मू कश्मीर– ग्रहों के योगायोग विचार से कश्मीर में सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति गत वर्ष से कहीं ज्यादा अच्छी हो जाएगी। लोगों में धर्म निरपेक्ष भावनाओं में सफलता, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योगों को एक नई दिशा प्राप्त होगी। प्रदेश में वन उद्योग, पर्यटन सड़क, पुल, रेल पुल, नये-नये भवन निर्माण होंगे। उच्च शिक्षा तकनीकि शिक्षा, कृषि बागवानी, केशर उद्योग, लकड़ी के लघु उद्योगों को सरकार बढ़ावा देगी, परस्पर भाईचारा बढ़ेगा, आत्म विश्वास जागेगा। श्री अमरनाथ यात्रा में सालोसाल श्रद्धालु यात्रियों की वृद्धि होना, देश विदेश से लोगों का कश्मीर घाटी में उपस्थित होना स्पष्ट संदेश देता है कि कश्मीर में हालात सुधरेंगे। वर्तमान सरकार घाटी में सुधार लाने के लिए भरसक प्रयास करेगी। आतंकवादी भी हिंसक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

इस वर्ष चूंकि द्विवार्षिक पञ्चाङ्ग का निर्माण करना था इसलिये कठिन परिश्रम करना पड़ा। इस कठिन परिश्रम एवं चुनौतीपूर्ण समय में श्रीराघवेन्द्र सरकार की कृपा, गुरुओं का शुभाशीर्वाद मेरे साथ रहा। प्रिय सुपुत्र चिरंजीवी पीयूष रैणा, सुपुत्री कु. महिमा रैणा, सद्भार्या श्रीमती कमलेश शास्त्री, सर्वगुण सम्पन्न मेरे अभिन्न सहयोगी द्वय चिरंजीवी डॉ. उपेन्द्र भार्गव संविदा सहायकाचार्य ज्योतिष राष्ट्रियसंस्कृत संस्थान, जम्मू परिसर एवं सर्वकार्य कुशल, विशेष प्रतिभा सम्पन्न चिरंजीवी श्री रोहित शास्त्री महन्त बावा कैलखनाथ देवस्थान इन सभी महानुभावों को हार्दिक अभिनन्दन सहित साधुवाद एवं आशीर्वाद देता हूँ और श्रीराघवेन्द्र सरकार से इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। सभी लोगों की कार्य व्यस्तता होते हुए भी हमारे कार्य को निर्वाध रूप से सञ्चालित करने में सहयोगी प्रिय शिष्य चिरंजीवी राहुल शर्मा (माधव) को भी साधुवाद देता हूँ। पञ्चाङ्ग सज्जा तथा टंकन कार्य में सिद्धहस्त श्रीराजेन्द्र शर्मा सौगुनियाँ को भी साधुवाद एवं आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

उपरोक्त भविष्यवाणियाँ ग्रह स्थिति के अनुसार अपनी अल्पबुद्धि से की हैं, होता वही है जो ईश्वर चाहते हैं।

आपका शुभचिन्तक
डॉ. चन्द्रमौलि रैणा

भगवान् सूर्य – सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता

ॐ रक्ताम्बुजासनमशेषगुणैकसिन्धुं भानुं समस्तजगतामधिपं भजामि।
पद्मद्वयाभयवरान् दधतं कराब्जै र्माणिक्यमौलिमरूणाङ्गरूचिं त्रिनेत्रम्॥

अनन्ताकाश की अनन्तयात्रा में लगे हुए अन्यान्य आकाशीय पिण्डों की आयु का ज्ञान हमें स्पष्ट रूप से तो नहीं है किन्तु प्राचीन ज्ञान के आधार पर, वेदों, पुराणों एवं उपनिषदों के प्रमाणों के आधार पर हम यह सुनते और पढ़ते आये हैं कि ये पिण्ड कोटि-कोटि (करोड़ों) वर्षों से इसी तरह यात्रा कर रहे हैं। इसी तथ्य की पुष्टि आधुनिक विज्ञान भी करता है। इन पिण्डों का एक समूह जो विशेष रूप से हमारे अर्थात् मानव जाति के सबसे ज्यादा समीप है वह है हमारा सौरमण्डल। इस सौरमण्डल के मुखिया (प्रमुख) हैं भगवान् सूर्य।

हमारे भारतीय वाङ्मय में सूर्य को सर्वाधिक तेजस्वी देवता माना गया है, सूर्य ही समस्त मानवीय और जीव सृष्टि के संचालक माने जाते हैं। सूर्य के उदित होते ही पशु, पक्षी, वृक्ष, लताएँ।, मानवादि समस्त अवयवों में चेतना का संचार होने लगता है अतः सूर्योपनिषद् में कहा गया है–

सूर्याद् भवन्ति भूतानि सूर्येण पालितानि तु।
सूर्ये लयं प्राप्नुवन्ति यः सूर्यः सोऽहमेव च॥

सूर्य से ही समस्त प्राणियों की उत्पत्ति होती है, पालन होता है और उन्हीं में विलय हो जाता है। इसीलिए सूर्य को परब्रह्म स्वरूप कहा गया है। उसी प्रकार का आशय भक्तिपूर्वक लिखे गये स्तोत्रों में भी वर्णित है–

नमः सवित्रे जगदेकचक्षुषे जगत्प्रसूतिस्थितिनाशहेतवे।
त्रयीमयाय त्रिगुणात्मधारिणे विरञ्चिनारायणशङ्करात्मने॥(आदित्य हृद.)

"जो जगत् के एकमात्र नेत्र (प्रकाशक) हैं, संसार की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारण हैं, उन वेदत्रयी स्वरूप, सत्त्वादि तीनों गुणों के अनुसार ब्रह्मा, विष्णु और महेश नामक तीन रूप धारण करने वाले भगवान् सूर्य को नमस्कार है।"

लेखक
डॉ॰ चन्द्रमौलि रैणा
प्रधान सम्पादक

मानवीय सृष्टि का सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद भी सूर्य भगवान् की स्तुति से परिपूर्ण है। ऋग्वेद में सवितृ सूक्त, आदित्यसूक्त कई स्थानों पर प्राप्त होते हैं। इन सबमें सूर्य को लोकोपकारी और सृष्टि का सबसे महान् देवता बताया गया है। सूर्य समस्त बुराइयों को दूर करके भद्र, कल्याण, श्रेय तथा मङ्गल को देने वाले हैं–

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव॥

(ऋ. 5/82/5, यजु. 30/3)

भगवान् सूर्य की कृपा से व्यक्ति अतिमृत्यु को भी लाँघ जाता है और उनकी कृपा के बिना मोक्ष भी संभव नहीं है। अतः वेदवाक्य में कहा है–

तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ (यजु. 31/18)

भगवान् सूर्य प्रत्यक्ष रूप से अन्धकार के नाशक और प्रकाश के संस्थापक हैं। अतः कुछ वेदवाक्य तो साक्षात् उन्हीं को समर्पित किए गये हैं। यथा–

असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय।

(शतपथ ब्राह्मण 14/4/130)

हम इस अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड के जिस भाग में निवास करते हैं। उस भाग का प्राणदायक देवता अथवा स्रोत भगवान् सूर्य ही हैं। ब्रह्म के भर्ग (तेज) का रूप ही सूर्य है अतः श्रुतियों में सूर्य को ही ब्रह्म कहा गया है–

सूर्याद्वै खल्विमानि भूतानि जायन्ते। असावादित्यो ब्रह्म।" (छान्दोग्योपनिषत्)

प्राणिमात्र के हेतु, सृजनकर्ता तथा प्रत्यक्ष देवता होने के कारण सूर्य ब्रह्मरूप

हैं, इसलिए सभी के उपास्य हैं। अन्य किसी देवता की सत्ता में सन्देह हो सकता है किन्तु सूर्य की सत्ता निस्सन्देह है। उन्हें सम्पूर्ण चराचर जगत् की आत्मा कहा गया है–

"सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।" (ऋ. 1/115/1)

उपनिषदों में सूर्य के तीन रूपों का विवेचन मिलता है :- 1. निर्गुण निराकार, 2. सगुण निराकार, 3. सगुण साकार। यद्यपि वे स्वयं निर्गुण निराकार हैं तो अपनी माया शक्ति से सगुण साकार भी हैं। उनकी दिव्य तेजमय रश्मियाँ उन्हें दिव्यता देती हैं। उपनिषत् कहता है कि–

"य एवासौ तपति तमुद्गीथमुपासीत।" (छान्दो.उप. 1/3/1)

"ये जो भगवान् सूर्य आकाश में तपते हैं उनकी उद्गीथरूप से उपासना करनी चाहिए।" उपनिषद् में उन्हें 'आदित्यो ब्रह्म' कहकर ब्रह्म की उपाधि दी गई है तो ॐकार भी उन्हें कहा गया है–

"आदित्य ओमित्येवं ध्यायंस्तथात्मानं युञ्जीतेति।" (मैत्रा. 5/3)

"आदित्य ही ओम् है" इस रूप में आदित्य का ध्यान करते हुए स्वयं को तद्रूप कर देना चाहिए।

जिस प्रकार भगवान् विष्णु का स्थान वैकुण्ठ, भूतभावन शंकर का स्थान कैलास तथा चतुर्मुख ब्रह्मा का स्थान ब्रह्मलोक है उसी प्रकार भगवान् भास्कर का स्थान आदित्यलोक (सूर्यमण्डल) है। सूर्य ही काल चक्र के आदि प्रवर्तक हैं। उन्होंने ही लोकोपकार हेतु सर्वप्रथम ज्योतिष शास्त्र का उपाख्यान दिया। मयदानव नामक असुर ने घोर तपस्या करके भगवान् सूर्य को प्रसन्न किया था और अत्यन्त दुर्लभ ज्योतिष शास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया था। उनके इस ज्ञान रूपी ग्रन्थ को 'सूर्यसिद्धान्त' कहते हैं। काल के सूक्ष्म विभाग से लेकर हजारों करोड़ों प्रलयों के साक्षी सूर्य भगवान् ही हैं। हमारे करोड़ों जन्मों के साक्षी और प्रत्यक्षदर्शी सूर्य भगवान् ही हैं। सूर्योदय से दिनारम्भ होता है और सूर्यास्त होने पर रात्रि। यही दिन रात्रि 30 (तीस) संख्या में हो जाने पर एक सौरमास और फिर एक सौर वर्ष हो जाता है। इसी गणना में आगे दिव्य वर्ष, सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग रूपी एक महायुग बीत जाता है। महायुग से ब्रह्मा की दिन रात्रि व्यवस्था और ब्रह्मा की आयु का मास, पक्ष, अयन, ऋतु तथा संवत्सरादि का मुख्य कारक सूर्य ही है। अतः एक क्षण भी हम सूर्य के बिना अपनी कल्पना नहीं कर सकते। सूर्य ही तेज, ओज, बल, यश, चक्षु, श्रोत्र, आत्मा और मन है–

"आदित्यो वै तेज ओजो बलं यशश्चक्षुः श्रोत्रे आत्मा मनः।"

(नारायणोपनिषद् 15)

भूर्भुवादि सप्तव्याहृतियों में 'महः' व्याहृति सूर्य है–

"मह इत्यादित्यः। आदित्येन वाव सर्वे लोका महीयन्ते।" (तै.उ. 1/5/1)

अभिप्राय भेद से पृथ्वी से ऊर्ध्व भाग में स्थित भूरादि सप्त लोकों में चतुर्थ लोक महर्लोक है। और वही आदित्य है अथवा आदित्यलोक है। इनका एक अतिप्रसिद्ध नाम सहस्त्ररश्मि है। सूर्यमण्डल से असंख्य रश्मियाँ निरन्तर निकलती रहती हैं। और वे रश्मियाँ विभिन्न गुणों को धारण करती है अतः उनके प्रभाव भी विभिन्न होते हैं। इन रश्मियों का गुण एवं कर्म के आधार पर सात प्रकार से विभाग किया गया है। महर्षि वेदव्यास का कथन है–

सुषुम्नो हरिकेशश्च विश्वकर्मा तथैव च।
विश्वव्यचा पुनश्चान्यः संयद्वसुरतः परः।
अर्वावसुरिति ख्यातः स्वराडन्यः प्रकीर्तितः।
सुषुम्नः सूर्यरश्मिस्तु पुष्णाति शिशिरद्युतिम्।।

(कू.पु. 1/41/3-4)

यहाँ सूर्य की सप्त रश्मियों के नाम निर्देशित किए गये हैं और प्रत्येक रश्मि एक पृथक् ग्रह की पोषक है। यथा–

	रश्मियाँ	पोषितग्रह
1.	सुषुम्ना	चन्द्र
2.	हरिकेश	नक्षत्र
3.	विश्वकर्मा	बुध
4.	विश्वव्यचा	शुक्र
5.	संयद्वसु	भौम
6.	अर्वावसु	गुरु

पुनः इन्हीं सुषुम्नादि सप्त रश्मियों के तीन भेद होते हैं–

1. **वृष्टिसर्जना**, 2. **हिमसर्जना**, 3. **घर्मसर्जना**। इन तीनों का स्थूल स्वरूप सहस्र (1000) रश्मियों (किरणों) के तुल्य होता है।

1. **वृष्टिसर्जना रश्मि**– यह रश्मि अमृतासंज्ञक होती है। इसके चार भेद कहे गये हैं। प्रत्येक भेद में सौ (100) संख्यक रश्मियाँ उत्पन्न होती है–

(क) वन्दना 100 रश्मियाँ

(ख) याज्या 100 रश्मियाँ

(ग) केतना 100 रश्मियाँ

(घ) भूतना 100 रश्मियाँ

इस प्रकार अमृतासंज्ञक रश्मियों की संख्या 400 (चार सौ) है।

2. **हिमसर्जना रश्मि**– यह रश्मियाँ चन्द्रासंज्ञक है। इसके तीन भेद है और प्रत्येक में 100 रश्मियाँ होती हैं–

(क) मेष 100 रश्मियाँ

(ख) पौष्य 100 रश्मियाँ

(ग) ह्लादिनी 100 रश्मियाँ

इस प्रकार चन्द्रासंज्ञक रश्मियाँ 300 (तीन सौ) हैं।

3. **घर्मसर्जना रश्मि**– यह रश्मि शुक्रासंज्ञक है। इसके भी प्रत्येक के 100 संख्यक होकर तीन भेद हैं।

(क) ककुभ 100 रश्मियाँ

(ख) गाव 100 रश्मियाँ

(ग) विश्वभृत् 100 रश्मियाँ

शुक्रासंज्ञक रश्मि भी 300 हैं।

इस प्रकार **अमृता+चन्द्रा+शुक्रा = 400+300+300 = 1000 रश्मियाँ** सिद्ध होती हैं। यही सहस्र (1000) रश्मियाँ सूर्य की सहस्ररश्मि कहलाती है। इस तथ्य का अत्यन्त विस्तृत विवेचन दैवज्ञभूषण प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय ने प्राच्यविद्यापरिशीलन नामक ग्रन्थ में किया है। सौरसम्प्रदाय के अनुसार वेदोक्त सहस्रबाहु, सहस्रशीर्षा, प्रजापति, परमपुरुष, पुराणात्मा, सभी भुवनों के गोप्ता, आदित्यवर्णादि नामों से निर्दिष्ट देव भगवान् सूर्य ही हैं–

सहस्रशीर्षा सुमनाः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
सहस्रबाहुः प्रथमः प्रजापतिस्त्रयीपथे यः पुरूषो निगद्यते।
आदित्यवर्णो भुवनस्य गोप्ता अपूर्व एकः पुरुषः पुराणः॥

(भवि. पु. 1/77/19, 20)

एक ही परमात्मा सूर्य संसार चक्र के प्रवर्तन के लिए तथा काल की मर्यादा प्रतिष्ठित करने के लिए बारह रूपों में प्रविभक्त होकर अनेक प्रकार की लीलाएँ करते हैं। पुराणों में सूर्यरथ के वर्णन प्रकरण में बताया गया है कि द्वादश (बारह) आदित्य ही बारह नामों से अभिहित किए गये हैं। इन द्वादश आदित्यों के नाम इस प्रकार हैं–

(1) इन्द्र, (2) धाता, (3) पर्जन्य, (4) त्वष्टा, (5) पूषा, (6) अर्यमा, (7) भग, (8) विवस्वान्, (9) विष्णु, (10) अंशुमान्, (11) वरूण, (12) मित्र।

1. **इन्द्र**– भगवान् आदित्य की प्रथम मूर्ति का नाम 'इन्द्र' है, वह देवराज पद पर अधिष्ठित है। वह देवताओं के शत्रुओं का नाश करने वाली लीला मूर्ति है तथा आश्विन मास की अधिपति है। ये वृष्टि के स्वामी है।

2. **धाता**– भगवान् सूर्य के द्वितीय विग्रह का नाम धाता है वह प्रजापति के पद पर स्थित है और नाना प्रकार के प्रजावर्ग की सृष्टि करते हैं, इन्हीं का दूसरा नाम ब्रह्मा भी है। कार्तिक मास के सूर्य का नाम धाता है।

3. **पर्जन्य**– सूर्यदेव की तृतीय मूर्ति (स्वरूप) का नाम पर्जन्य है। यह मेघों में स्थित होकर वृष्टि करते हैं। श्रावणमास के सूर्य को पर्जन्य कहा जाता है।

4. **त्वष्टा**– भगवान् सूर्य के चतुर्थ स्वरूप का नाम 'त्वष्टा' है। त्वष्टा रूप में वे सम्पूर्ण औषधियों और वनस्पतियों में स्थित रहते हैं। फाल्गुन मास में त्वष्टा नामक सूर्य तपते हैं।

5. **पूषा**– सूर्य भगवान् का पाँचवाँ स्वरूप 'पूषा' नाम से प्रसिद्ध है। ये अन्न में स्थित होकर समस्त प्रजा को पुष्ट करते हैं और जीवन प्रदान करते हैं। पौषमास के सूर्य का नाम पूषा है।

6. **अर्यमा**– सूर्य के षष्ठ (छठवें) स्वरूप का नाम 'अर्यमा' है। यह वायु के आश्रय से समस्त देवताओं में स्थित रहते हैं। वैशाखमास के सूर्य अर्यमा कहलाते हैं।

7. **भग**– भगवान् भास्कर का सातवाँ विग्रह 'भग' नाम से विख्यात है। यह ऐश्वर्य रूप में तथा देहधारियों के शरीर में प्रतिष्ठित रहता है। माघ मास के सूर्य भग नाम से प्रसिद्ध हैं।

8. **विवस्वान्**– आठवें स्वरूप का नाम 'विवस्वान्' कहा गया है। यह अग्नि में स्थित होकर खाये हुए अन्न को पचाते हैं। ज्येष्ठ मास के सूर्य को विवस्वान् कहा जाता है।

9. **विष्णु**– सूर्यदेव की नवीं मूर्ति को 'विष्णु' के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। वे देवताओं के शत्रुओं का विनाश करने के लिए अवतरित होते हैं। राम, कृष्ण आदि इसी विग्रह के अवतार हैं। चैत्रमास के सूर्य को 'विष्णु' नाम से जाना जाता है। महाभारत में कहा गया है कि द्वादशादित्यों में विष्णु ही सबसे श्रेष्ठ हैं और गुणों में सबसे बढ़कर है–

".......... सर्वेषामादित्यानां गुणाधिकः।" (महाभा. आदि पर्व)

10. **अंशुमान्**– सूर्य की दसवीं मूर्ति का नाम अंशुमान् है। जो वायु में स्थित होकर समस्त प्रजा को आनन्दित करती है।

11. **वरूण**– सूर्यदेव के ग्यारहवें स्वरूप को वरूण कहा जाता है। वरूण रूप में वे जल में प्रतिष्ठित होकर जीवों का पोषण करते हैं। जलरूप में अन्न की उत्पत्ति करते हैं। भाद्रपद मास के सूर्य का नाम 'वरूण' है।

12. **मित्र**– भगवान् सूर्य के बारहवें स्वरूप का नाम है 'मित्र'। इस नाम के अनुरूप वे सकल चराचर जीवों के मित्र हैं और सम्पूर्ण जगत् के हितैषी बनकर जगत् कल्याण में लगे हुए हैं। मार्गशीर्ष मास के सूर्य को मित्र कहते हैं।

इस प्रकार भगवान् सूर्य सहस्त्ररश्मि तथा द्वादश आदित्यों के रूप में, देवता के रूप में, ऊर्जास्रोत के रूप में एवं अन्य विभिन्न रूपों में मानवीय सृष्टि के लिए अक्षय वरदान है। इनकी उपासना करने से आयु, आरोग्य, धन-धान्य, क्षेत्र, पुत्र, मित्र, कलत्र, तेज, वीर्य, यशादि की प्राप्ति होती है।

ॐउदये ब्रह्मणोरूपं मध्याह्ने तु महेश्वरः।
अस्तमाने स्वयं विष्णुस्त्रिमूर्तिश्च दिवाकरः॥

॥ ॐ तत्सत् ॥

सूर्य यन्त्र एवं पूजा विधान

तांत्रिक मंत्र– ॐ सूं सूर्याय नमः
अथवा ॐ ह्रीं घृणिः सूर्याय नमः।

जप संख्या– सात हजार

यन्त्र से भी सूर्य की पूजा होती है। सूर्य यंत्र स्थापना एवं पूजन के उपरान्त यथा सामर्थ्य जप करें। कृतिका नक्षत्र में रविवार के दिन सूर्य के सिंह राशि में होने पर सूर्य यंत्र साधना प्रभावी होती है।

6	1	8
7	5	3
2	9	4

बीज मंत्र– ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।

जप संख्या– सात हजार पाँच सौ।

दान सामग्री– गेहूँ, गुड़, घृत, लाल चन्दन, लाल पुष्प, लाल वस्त्र, केशर, ताँबा, मूँगा एवं यथाशक्ति दक्षिणा।

सूर्यकवचम्

ऋणुष्व मुनिशार्दूल सूर्यस्य कवचं शुभम्।
शरीरारोग्यदं दिव्यं सर्वसौभाग्यदायकम्॥१॥

देदीप्यमानमुकुटं स्फुरन्मुकरकुण्डलम्।
ध्यात्वा सहस्त्रकिरणं स्तोत्रमेतदुदीरयेत्॥२॥

शिरो मे भास्करः पातु ललाटं मेऽमितद्युतिः।
नेत्रे दिनमणिः पातु श्रवणे वासरेश्वरः॥३॥

घ्राणं घर्मघृणिः पातु वदनं वेदवाहनः।
जिह्वां मे मानदः पातु कण्ठं मे सुरवन्दितः॥४॥

स्कन्धौ प्रभाकरः पातु वक्षः पातु जनप्रियः।
पातु पादौ द्वादशात्मा सर्वाङ्गं सकलेश्वरः॥५॥

सूर्यरक्षात्मकं स्तोत्रं लिखित्वा भूर्जपत्रके।
दधाति यः करे तस्य वरागाः सर्वसिद्धयः॥६॥

सुस्नाती यो जपेत् सम्यग् योऽधीते स्वस्थमानसः।
स रोगमुक्तो दीर्घायुः सुखं पुष्टिं च विन्दति॥७॥

कालसर्पयोग एक मिथ्यावाद (उदारहण एवं प्रमाण सहित)

लेखक
डॉ॰ चन्द्रमौलि रैणा
प्रधान सम्पादक

ज्यौतिष जगत् में कालसर्पयोग इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। यत्र-तत्र सर्वत्र ही लोगों में इस योग को लेकर भ्रान्ति के साथ-साथ भय भी होता जा रहा है। सर्वप्रथम देखते हैं कि कालसर्पयोग की उत्पत्ति और फल क्या है? तत्पश्चात् अपने विचार प्रस्तुत किये जाएंगे–

राहुकेतुमध्ये ग्रहासप्तौ विघ्नदाकालसर्पसंज्ञकः।
सुतकलत्रादिसकलदोषः रोगेन प्रवासे मरणं ध्रुवम्॥

जन्मकुण्डली में यदि सातों ग्रह राहु केतु के मध्य में आ जाएं तो कालसर्पयोग होता है। इस योग के प्रभाव से पुत्र, स्त्री के द्वारा समस्त दोषों की उत्पत्ति तथा रोग के साथ-साथ प्रवास में निश्चित तौर पर मरण होता है। अस्तु। कालसर्पयोग द्वादश भागों में विभक्त है :–

1. **अनन्त कालसर्पयोग–** लग्न से सप्तम पर्यन्त राहुकेतु के मध्य में ग्रह आने से अनन्त कालसर्पयोग बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक के पास प्रचुर धनधान्य रहते हुए भी पत्नी द्वारा दुःखी रहता है। कभी-कभी इस योग में उत्पन्न जातक का विवाह विलम्ब से होता है।

2. **कुलिक कालसर्पयोग–** दूसरे भाव से अष्टम भाव पर्यंत राहु केतु के मध्य ग्रहों की स्थिति होने पर कुलिक कालसर्पयोग बनता है। इस योग में स्वास्थ्य की हानि, आकस्मिक दुर्घटनाओं का होना, आर्थिक हानि और अनिश्चित आर्थिक लाभ होता है।

3. **वासुकी कालसर्पयोग–** तीसरे भाव से नवम भाव तक ग्रहों का योग बने तो वासुकी कालसर्पयोग बनता है। इस योग में व्यवसाय सम्बन्धी समस्याएं रहती हैं।

4. **शंखपाल कालसर्पयोग–** चतुर्थ भाव से दशम भाव तक राहुकेतु के मध्य में सभी ग्रह आ जाएं तो शंखपाल कालसर्पयोग बनता है। इस योग में मानसिक तनाव, बच्चे की मृत्यु या बच्चा होता ही नहीं परन्तु कभी-कभी राजनीतिक लाभ के साथ-साथ धन प्रचुर मात्रा में मिल जाता है।

5. **पद्म कालसर्प योग–** पञ्चम भाव से एकादश भाव तक राहुकेतु के मध्य में सभी ग्रहों की स्थिति हो जाने से पद्मकाल सर्पयोग बनता है, इस योग में बच्चों की चिन्ता रहती है। यदि चन्द्रमा राहु के साथ हो जाए तो भूत-प्रेत बाधा भी होती है, मित्रों द्वारा ठगा जाता है।

6. **महापद्म कालसर्प योग–** षष्ठ भाव से द्वादश भाव पर्यन्त राहुकेतु के मध्य में सभी ग्रहों की स्थिति हो जाए तो महापद्म कालसर्पयोग बनता है। यदि यह योग शुभफलप्रद हो तो राजनीतिक लाभ से प्रचुर धन की प्राप्ति करवाता है परन्तु पैसा शुद्ध रीति से नहीं कमाया जाता।

7. **तक्षक कालसर्प योग–** सप्तमभाव से लग्न पर्यन्त राहुकेतु के मध्य में ग्रहों की स्थिति से तक्षक कालसर्पयोग बनता है। ऐसा व्यक्ति शराब-जुए में धन तथा स्वास्थ्य की हानि करता है। घर में तिरस्कार प्राप्त करता है।

8. **कर्कोटक कालसर्प योग–** अष्टम भाव से द्वितीय भावपर्यन्त राहुकेतु मध्य में सभी ग्रहों की स्थिति से कर्कोटक कालसर्पयोग बनता है। ऐसा व्यक्ति शीघ्र क्रोध में आता है और शत्रु अधिक होते हैं। ऐसे लोगों की मित्रता देश विरोधियों से होती है। पैतृक सम्पत्ति नहीं मिलती।

9. **शंखचूड़ कालसर्प योग–** नवम भाव से तृतीय भाव तक राहुकेतु के मध्य में सभी ग्रहों की स्थिति हो जाए तो शंखचूड़ कालसर्पयोग बनता है। जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव आते हैं, झूठ बोलने की आदत होती है, शीघ्र क्रोधित होता है।

10. **घातक कालसर्प योग–** दशम भाव से चतुर्थ भाव तक राहुकेतु के मध्य में सभी ग्रहों की स्थिति बनने से घातक कालसर्प योग बनता है। अत्यन्त संघर्ष के उपरान्त जीवन में सफलता मिलती है। पिता के सुख की कमी, झूठे आरोप झेलने पड़ते हैं।

11. **विषधर कालसर्प योग–** एकादश भाव से पंचम भाव तक सभी ग्रह राहुकेतु के मध्य में हों तो विषधर कालसर्प योग बनता है। यात्राएं अधिक होती हैं, एक स्थान पर नहीं रह सकता, सन्तान के द्वारा कष्टों की सम्भावना, आयु के अन्तिम चरण में कुछ सन्तोष भी होता है।

12. **शेषनाग कालसर्प योग–** द्वादश भाव से षष्ठ भाव तक सभी ग्रहों की स्थिति हो जाने से शेषनाग कालसर्प योग बनता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते हैं, शत्रु अधिक होते हैं तथा स्वास्थ्य खराब रहता है।

राहु-केतु के बीच सातों ग्रहों की स्थिति से कालसर्प योग बनता है, ऐसा इस योग के मानने वालों का कहना है। कहा गया है कि इस योग में उत्पन्न जातक क्षुब्ध ही होता है, वसिष्ठ, नारद, कश्यप, गर्गादि ऋषियों की संहिताओं तथा वराह, मन्त्रेश्वर, कल्याणवर्मा, कालिदास आदि के किसी भी जातक या मुहूर्त ग्रन्थों में कालसर्प योग निर्दिष्ट नहीं है। अभी कुछ वर्षों से इसका प्रचलन हुआ है परन्तु उत्तर भारत के अनेक विद्वान् दैवज्ञों ने इसे प्रामाणिक फलित ज्यौतिष साहित्य में सर्वथा अनुपलब्ध होने के कारण पूर्णतया उपेक्ष्य घोषित किया है। पुनरपि जो लोग व्यर्थ में इस योग से भयभीत हों उन्हें इस तथाकथित कुयोग के तथाकथित कुप्रभाव की शान्ति करवाने से भला कौन रोक सकता है। इसमें भी ब्राह्मणों का लाभ तो होता ही है। हम ब्राह्मणों के विरोधी नहीं है।।

मुख्यतः ज्यौतिष शास्त्र का सम्बन्ध काल से है, यह शास्त्र कालनियामक है। कालसर्प योग का सम्बन्ध राहु ग्रह से है, राहु का सम्बन्ध सर्प देवता से है। सभी जातक ग्रन्थों में राहु का स्वरूप वर्णन नहीं किया गया अपितु इसको छाया ग्रह कहा गया है। पराशर ऋषि के अनुसार–

यद्यद्भावगतौवापियद्यद्भावेशसंयुतौ।
तत्फलानिप्रबलौ प्रदिशेतां तमोग्रहौ।।

राहु व केतु जिस भाव में स्थित हों अथवा जिस भावेश के साथ बैठे हों उन्हीं से सम्बन्धित फल बलवान होने पर देते हैं।

राहु व केतु को किसी भी राशि का स्वतन्त्र अधिपति नहीं माना गया है। जब पराशर जैसे महान ऋषि राहु-केतु के सन्दर्भ में उपर्युक्त बात कह कर सन्तोष अनुभव करते हैं तो हम व्यर्थ में अपनी बात क्यों कहें? पराशर ऋषि ने लघुपाराशरी लिखने से पूर्व प्रतिज्ञा की थी, जो मैं कहूँगा बही विशेष होगा–

बुधैर्भावादयःसर्वेज्ञेयाः सामान्यशास्त्रतः।
एतच्छास्त्रानुसारेण संज्ञां ब्रूमोविशेषतः।।

कालसर्प योग का मुख्य फलादेश है–

सुतकलत्रादिसकलदोषः रोगेन प्रवासेमरणध्रुवम्।

पहले हम सुत अर्थात् पुत्र-सन्तान के सन्दर्भ में चर्चा करते हैं। भृगु ऋषि के अनुसार निरयत्ययोग कहते हैं–

पञ्चमेशे त्रिकस्थाने अस्तेवारविसंयुते
निरपत्याभिधोयोगो भाषितो मुनिसत्तमैः।।

पञ्चमेभवने पापा अथवा सौम्यसूर्यजौ।
रोहिणेरमणो वापि तमसा सह वै भवेत्।।

पञ्चमेश षष्ठाष्टमद्वादश भावों में हो– 1. पञ्चमेश अस्तंगत अथवा सूर्य सहित हो; 3. पञ्चम स्थान में पापग्रह सू.मं.श. राहु हो; 3. पञ्चम में बुध शनि हो; 4. चन्द्रमायुक्त राहु पञ्चम में हो; 5. इन सभी योगों में पुत्रहीन व्यक्ति का जन्म होता है। 'द्विजदोषः कृतः पुरा' पूर्वजन्म में ब्राह्मण का दोष किया गया था, ऐसा भृगु ऋषि कहते हैं।

यदि हमें पुत्र सम्बन्धी इस प्रकार के योग उपलब्ध हैं तो कालसर्प योग की आवश्यकता क्यों हुई? भृगुसंहिता में पुत्र-प्राप्ति, पुत्र-सुख के लिए अनेक प्रकार के उपाय कहे गए हैं, उन्हीं उपायों को करके पूर्णरूपेण लाभान्वित हो सकते हैं।

कलत्रादिसकल दोष– कलत्र अर्थात् पत्नी, पत्नी-सुख दुःख की चर्चा करते हैं–

जायेशः पापसञ्युक्तः शीर्षोदयगतोऽपिवा।
कुजो राहु सप्तमस्थो पापग्रह निरीक्षितः।।
सप्तमे भवने भौमः अथवा राहुसूर्यजौ।।
दारानाथः त्रिकस्थाने पापग्रहयुतोभवेत्।।
योगो विलासहानिः स्याद्भार्यादुःखी भवेन्नर
तमसः शशिकेतूनां त्रिभिर्बीजाक्षरं जपेत्।।
जपं क्षिप्रं ततः कुर्याद्दद्याद्दानं सुखाय वै।
सुवर्ण रजतंदत्त्वा ताम्रपात्रे घृतान्वितम्।
न करोति यदा दानं भार्या दुःखी नरो भवेत।
क्रोधपाशेन सञ्युक्तो दारहत्या कृता पुरा।।
यावन्न दीयते दानं तावद् भार्या न जीवति।
वियोगं प्राप्यते पुंसां भृगुणा वचनोदितः।।

सप्तमेश पापग्रह सञ्युत हो शीर्षोदय राशि में स्थिति हो (मि.सि.क.वृ.तु.कुं)– (1) मंगल राहु सप्तम हों, शनि सूर्य की दृष्टि हो; (2) सातवें घर में मंगल; (3) सातवें शनि राहु हों; (4) सप्तमेश षष्ठाष्टम द्वादश भाव में हों; (5) पाँच प्रकार के योगों से विलास हानि योग बनता है। स्त्री सुख के लिए चन्द्रमा राहु-केतु का बीजाक्षर से जप करना चाहिए। सोना, चान्दी, ताम्बा, देसी-घी दान करना

से ग्रह स. कब कैसे मृत्यु होगी यह स्पष्ट नहीं किया गया। जबकि भृगु संहिता

निरपत्याभिधोयोगो भावितो मानसत्तमः॥

स्त्री की हत्या की होती है तभी यह विलास-हीन योग बनता है। जब तक इस योग की शान्ति हेतु दान न दें तो तब तक स्त्री नहीं जिये, यदि जिये तो रोगी रहे। मनुष्य को स्त्री से वियोग प्राप्त रहता है। यह भृगु जी के वचन हैं।

यदि ऐसे सारगर्भित सटीक फलादेश देने वाले योग भृगुसंहिता में उपलब्ध हैं। हम इन्हीं योगों के माध्यम से लोगों को मार्गदर्शन कर सकते हैं तो कालसर्प जैसे भयभीत करने वाले योगों की क्या आवश्यकता है? ज्योतिषियों का कार्य भ्रान्ति मिटाना है न कि भ्रान्ति एवं भय में रखकर लोगों से उपाय करवाना और पैसा ठगना है। स्पष्टता के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते हैं–

"रोगेन प्रवासेमरणं ध्रुवम्।"

दो जन्म कुण्डलियों को प्रस्तुत करते हैं। इन दोनों कुण्डलियों में कालसर्पयोग विद्यमान है– न० 1 में महापद्मकालसर्प योग है व न० 2 में घातक काल सर्प योग है। इन दोनों योगों का फलादेश आप पढ़ चुके हैं।

नं० 1 (जन्माङ्गम्)

2, 12, 3, 1, के 11 चं, 4, 10, 7 सू मं, 5, 6 शु रा, 8 बृ बु, 9 श

नं० 2 (जन्माङ्गम्)

उपर्युक्त दोनों व्यक्तियों का जन्म सात्विक ब्राह्मण परिवारों में हुआ है। दोनों व्यक्ति पूर्णरूपेण आस्तिक, ईश्वर चिन्तन करने में तत्पर, धनधान्य वाहनादि से युक्त तथा श्रेष्ठ व्यक्तित्व सम्पन्न, श्रेष्ठ प्रतिभावान व्यक्ति हैं। इन दोनों में लेशमात्र भी कालसर्प योग का प्रभाव नहीं दीखता। अस्तु।

मृत्यु के लिए सुनिश्चित रूप से स्पष्ट कह पाना सभी ज्योतिषयों के लिए गहन विषय है। कालसर्प योग में जन्मे जातक की मृत्यु निश्चित तौर पर प्रवास में होगी यह अतिशयोक्ति प्रतीत होती है। यह कोई सटीक प्रमाण नहीं लगता। कौन सा ग्रह व कब कैसे मृत्यु होगी यह स्पष्ट नहीं किया गया। जबकि भृगु संहिता में कारणों सहित विभिन्न प्रकार की मृत्यु के सन्दर्भ में स्पष्ट उल्लेख मिलते हैं। जैसे– लोभान्मृत्युः, तुरंगान्मृत्युः, अग्निकारणान्मृत्युः, गजान्मृत्युः, बंधुकारणान्मृत्युः, शूलिकामृत्युयोगाः, परदारार्थमृत्युः, जलादेरेणमृत्युः, स्त्रीकारणान्मृत्युः, शत्रुहस्तान्मृत्युः, कूपेमृत्युः, स्वजनान्मृत्युः, जलेनमृत्युः योग इत्यादि।

क्या कालसर्प योग इतना बलवान है? ऐसा कुछ भी नहीं, ज्योतिषियों को चाहिए कि वे इस योग को भूल जाएँ, ऐसा करने से ज्योतिषियों के साथ-साथ जनता का भी भला होगा।

गौड़ वंशावतंस वंशबरेलिकस्थ दैवज्ञ पं० श्याम लाल जी के अनुसार कालसर्प योग कुछ भी नहीं अपितु सात स्थानों में सभी ग्रहों की स्थिति यदि बनती है तो 'अर्धचन्द्रयोग' होता है। अर्धचन्द्रयोग के आठ भेद हैं–

1. दूसरे स्थान से अष्टम स्थान पर्यन्त सम्पूर्ण ग्रह हों तो
2. तीसरे स्थान से नवम स्थान पर्यन्त
3. पञ्चम स्थान से एकादश स्थान पर्यन्त
4. षष्ठ स्थान से द्वादश स्थान पर्यन्त
5. अष्टम स्थान से द्वितीय स्थान पर्यन्त
6. नवम स्थान से तृतीय स्थान पर्यन्त
7. एकादश भाव से पञ्चम स्थान पर्यन्त
8. द्वादश भाव से षष्ठ स्थान पर्यन्त।

अर्द्धचन्द्रयोगफलम्

भूमीपालात्प्राप्तचंचत्प्रतिष्ठः श्रेष्ठः सेनाभूषणार्थबराद्यैः।
चेतुत्पत्तौ यस्ययोगार्द्धचन्द्रश्चन्द्रः साक्षादुत्सवार्ये जनानाम्॥

अर्धचन्द्रनाम योग में उत्पन्न व्यक्ति राजा से प्रतिष्ठा प्राप्त कर, अच्छी सेना आभूषण, धनवस्त्रादि से युक्त, चन्द्रमा के सदृश लोगों में स्वरूपवान होता है।

ज्योतिषियों को कालसर्प के वजाये अर्द्धचन्द्रयोग का मत प्रस्तुत करना चाहिए। कालसर्प को भूलना चाहिए। कालसर्प योग एक मिथ्यावाद है।

अधिमास (पुरुषोत्तममास) विचार

भारतीय धर्मशास्त्र परम्परा में व्रतपर्वोत्सव निर्णय करते समय अधिमास को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसका शाब्दिक अर्थ है अधिक मास। अर्थात् चैत्रादि द्वादश मासों के अतिरिक्त जिस वर्ष में तेरहवाँ मास हो जाए वह मास अधिमास कहलाता है। ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से कहा गया है–

यस्मिन् मासे न संक्रान्तिः संक्रान्तिद्वयमेव वा।
मलमासः स विज्ञेयो मासे त्रिंशत्तमे भवेत्॥ (ब्रह्मसिद्धान्त)

अर्थात् सूर्य का मासानुक्रम से मेषादिराशियों पर संचार होता है जिसके फल स्वरूप सौरमास होता है। वही सौर मास द्वादश संख्यक होने पर एक सौरवर्ष होता है। जिस मास में सूर्य का संक्रमण किसी अन्य राशि पर न हो और त्रिंशत् तिथ्यात्मक चान्द्रमास समाप्त हो जाए तो उस मास को अधिमास कहा जाता है। इसी प्रकार जिस मास में दो राशियों पर सूर्य की संक्रान्ति हो जाए उस मास का क्षय हो जाता है अतः उसे क्षयमास कहते हैं। इस सन्दर्भ में आचार्य भास्कर लिखते हैं–

असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटः स्यात्
द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित्।
क्षयः कार्तिकादित्रये नान्यतः स्यात्
तदा वर्षमध्येऽधिमासद्वयं स्यात्॥ (सि.शि., म.अ.-6)

धर्मशास्त्र का अभिमत है कि सूर्य संक्रमणयुक्त जो अमान्त-पूर्णिमान्त चैत्रादि मास है वे शुद्ध मास है अतः उनमें नित्य, नैमित्तिक, काम्य, प्रायश्चित्तादि कर्म करने चाहिए। द्विसंक्रान्ति या संयुक्त अधिमास अथवा क्षयमास में वेदशास्त्रविहित नैमित्तिक एवं काम्य कर्म नहीं करने चाहिए। जिस वर्ष के मध्य दो अधिमास सम्भव हों और कार्तिकादि तीन मासों के मध्य क्षयमास आ जाए तो उस वर्ष के तीनों मास में विवाह, यज्ञ, मङ्गलकार्योत्सव त्याग देने चाहिए। 'पुरूषार्थ-चिन्तामणि' में संक्रान्ति रहित मलमास (अधिमास) प्रति 28 मास से ऊपर तथा 36 मास के भीतर होना कहा गया है। यह एक मलमास (अधिमास) से दूसरे मलमास (अधिमास) तक की अवधि है। ब्रह्माजी के मतानुसार फाल्गुनादि अधिमास और अगहन, पौष मास क्षय नित्य होता है। यथा–

अष्टाधिमासः सयुर्नित्यं प्रोच्यते फाल्गुणादयः।
सौम्य पौषो क्षयो नित्यं भवेतामिति निश्चितम्॥
(ब्रह्मसिद्धान्त)

लेखिका :
श्रीमती कमलेश शास्त्री
धर्मशिक्षा संस्कृत अध्यापिका,
नागबनी स्कूल, जम्मू

इसी प्रकार कहते हैं जिस मास में सूर्य संक्रान्ति का अभाव हो और द्विसंक्रान्ति संयुत क्षयमास के पूर्व अपर में होवे तो दोनों मलमास क्रमशः संसर्प तथा अंहस्पति के नाम से जाने जाते हैं–

संक्रान्तिरहितो मासो यो वा संक्रान्तियुग्मयुक्।
पूर्वः संसर्पसंज्ञः स्यादंहस्पति तथापरः॥

'सम्यक् सर्पतीति संसर्पः' इस व्युत्पत्ति से रवि संक्रमण रहित होकर भी आगे चलने वाले इस अभय अधिमास में प्रथम संसर्पसंज्ञक होता है और दूसरा अंहस्पति। **'निर्णय सिन्धु'** के अनुसार इन दोनों में विवाह, यज्ञ, महोत्सव, देवप्रतिष्ठा आदि मङ्गलकार्य नहीं करना चाहिए।

मलिम्लुचैः समाक्रान्तं सूर्यसंक्रान्तिवर्जितम्।
मलिम्लुचं विजानीयाद् गर्हितं सर्वकर्मसु॥ (निर्णय सिन्धु)

प्रथम अधिमास का नाम 'संसर्प' है। यदि एक ही वर्ष में दो अधिकमास उपस्थित होते हैं तव संसर्पमास द्वितीय 'अंहस्पति' की अपेक्षा श्रेष्ठ है। दूसरा मास मलिम्लुच अर्थात् मलिन या मलमास कहा गया है। जिस मास में अर्कसंक्रमण होता है, संसर्प में सूर्य का संक्रमण न होने के कारण मंगल कर्म नहीं किए जा सकते।

इसके विपरीत क्षमामास में दोनों मासों के कर्म एक साथ किए जाते हैं। शास्त्रवाक्य में कहा गया है कि–

एकस्मिन् मासि मासौ द्वौ यदि स्यातां तयोर्द्वयोः।

अधिमास में कर्तव्याकर्तव्य

शास्त्रों में कहा गया है कि अधिमास में विहित आवश्यक कार्य, मलमास में मरने वाले का वार्षिक श्राद्ध, तीर्थ व गजच्छाया श्राद्ध, आधानाङ्गीभूत पितरों की क्रिया करनी चाहिए यदि मध्य में किसी के मलमास हो तो एक मास का अधिक ही श्राद्ध होगा, अर्थात् जिस मास में यह प्राप्त होता है उसकी द्विरावृत्ति होती है। यदि मल मास में ही किसी की मृत्यु हो तो उससे जो बारहवां मास हो उसमें प्रेत क्रिया को समाप्त करना चाहिए। काम्यकर्म का प्रारम्भ, वृषोत्सर्ग, पर्वोत्सव, उपाकृति, मेखला, चौल, माङ्गल्य, अग्न्याधान, उद्यापनकर्म, वेदव्रत, महादान, अभिषेक, वर्द्धमानक, इष्ट तथा मूर्त कर्म नहीं करना चाहिए।

स्मृति रत्नावली नामक ग्रन्थ में प्रतिपादित है कि जिस काम्य प्रयोग का आरम्भ मलमास से पूर्व ही हो गया है उसके दिनों की समाप्ति में जो होना चाहिए वही इस अधिक मास में विहित है। अर्थात् इसकी समाप्ति अवश्य ही सन्देह रहित होकर करना चाहिए।

महर्षि गर्ग के मत में सोमयागादि कर्म, आग्रयण, आधान, चातुर्मास्यादि, अष्टक का श्राद्ध, उपाकर्मादि मलमास में नहीं करने चाहिए।

बृहस्पति जी कहते हैं कि अग्न्याधान, प्रतिष्ठा, यज्ञ, दानव्रतादि, वेदव्रत, वृषोत्सर्ग, चूड़ाकर्म, यज्ञोपवीत, माङ्गल्य और अभिषेक मलमास में नहीं करना चाहिए।

वसिष्ठ जी के मतानुसार, वापी, कुंआ, तालाब, देव प्रतिष्ठा, यज्ञादि कार्य मल मास व क्षय मास में नहीं करने चाहिए।

मनुस्मृति में कहा है कि तीर्थ श्राद्ध, दर्श श्राद्ध, प्रेतश्राद्ध, सपिण्डीकरण, चन्द्र सूर्य ग्रहणीय स्नान अधिकमास में करना चाहिए।

तीर्थश्राद्धं दर्शश्राद्धं प्रेतश्राद्धं सपिण्डनम्।
चन्द्रसूर्यग्रहे स्नानं मलमासे विधीयते॥

(ज्यो.नि. पृष्ठ 84)

सम्वत् 2069 शाक 1934 भाद्रपद मास में अंग्रेजी दिनांक 18 अगस्त से 16 सितम्बर तक अधिक मास रहेगा। अधिक मास में पूर्वोक्त सभी कर्म निन्दनीय हैं, इस पुरुषोत्तम (अधि) मास में सदाचारी, ब्रह्मचारी और संयमी रहकर जो कोई भी प्राणी भगवान विष्णु की पूजा, अर्चना करता है, उसे मोक्ष एवं मरणोपरान्त गोलोक की प्राप्ति होती है।

विशेष

अधिमास या पुरुषोत्तम मास को भगवान् श्रीकृष्ण की विशेष कृपा प्राप्त है। पुराणों के अनुसार भगवान् विष्णु मल मास को लेकर श्रीकृष्ण के पास गए तब उन्होंने कहा– "हे विष्णो! आप मलमास को साथ लेकर यहाँ आये, यह आपने महान् उपकार किया है।" अब मैं इसे सर्वोपरि अपने तुल्य करता हूँ–

अहमेते यथा लोके प्रथितः पुरुषोत्तमः।
तथायमपि लोकेषु प्रथितः पुरुषोत्तमः॥

सद्गुणों, कीर्ति, प्रभाव, षडैश्वर्य, पराक्रम, भक्तों को वरदान देने आदि जितने भी गुण मुझमें हैं और उनसे जिस प्रकार मैं विश्व में पुरुषोत्तम के नाम से विख्यात हूँ, उसी प्रकार यह मलमास भी भूतल पर 'पुरुषोत्तम' नाम से प्रसिद्ध होगा–

अस्मै समर्पितः सर्वे ये गुणा मयि संस्थिताः।
पुरुषोत्तमेति मन्नाम प्रथितं लोकवेदयोः॥
अहमेवास्य संजातः स्वामी च मधुसूदनः॥

भगवान् श्रीकृष्ण ने अपने सारे सद्गुण मलमास को समर्पित कर दिए और स्वयं को मलमास का स्वामी माना। जिस परमधाम गोलोक में पहुंचने के लिये मुनि-महर्षि कठोर तपस्या में निरन्तर रत रहते हैं, वही दुर्लभ पद पुरुषोत्तम मास में स्नान, पूजादि अनुष्ठान करने वाले भक्त जनों को सुगमता से प्राप्त हो सकेगा।

विधिवत् सेवते यस्तु पुरुषोत्तममादरात्।
कुलं स्वकीयमुद्धृत्य मामेवैष्यत्यसंशयम्॥

प्रति तीसरे वर्ष में पुरुषोत्तम मास के आगमन पर जो व्यक्ति श्रद्धा-भक्ति के साथ व्रत, उपवास, पूजा आदि शुभ-कर्म करता है, वह अपने समस्त परिवार के साथ गोलोक में पहुंचकर गोलोकावतंस भगवान् श्रीकृष्ण का सांनिध्य प्राप्त करता है।

॥ॐ श्री रामचन्द्रार्पणमस्तु॥

आहार शुद्धौ सत्वशुद्धिः

लेखिका : श्रीमती कमलेश शास्त्री, धर्मशिक्षा संस्कृत अध्यापिका, नागबनी स्कूल, जम्मू

शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्

धर्म का पालन करने के लिए शरीर पहला साधन है अत: इस धर्म रूपी साधन (शरीर) को निरोग रखना हमारा प्रथम कर्त्तव्य है; क्योंकि संसार के सभी सुखों में प्रथम स्थान निरोगी शरीर का ही है इसे शास्त्रों ने भी माना है पहला सुख निरोगी काया। जब शरीर स्वस्थ होगा तो मन भी स्वस्थ होगा। भारतीय जीवन विज्ञान में तीन आधार माने गए हैं :–

आहार, स्वप्न (उचित निद्रा) एवं ब्रह्मचर्य अर्थात् संयम– ये तीन शारीरिक स्वास्थ्य के प्रमुख आधार हैं, इसमें भी प्रथम स्थान आहार का है।

आहारः प्राणिनः सद्यो बलकृद्देहधारकः।
आयुस्तेजः समुत्साहः स्मृत्योजोऽग्निवर्धनः॥

आहार ही प्राणियों को नया बल और देह धारण करने की शक्ति देने वाला है। आहार से ही आयु, तेज उत्साह स्मृति ओज (जीवनशक्ति) तथा शरीर अग्नि की वृद्धि होती है। इन गुणों को सार्थक करने वाला भोजन कैसा हो सात्विक आहार कह कर वर्णन किया गया है–

आयु सत्वगुण बल आरोग्य, सुख और प्रसन्नता बढ़ाने वाला, स्थिर रहने वाले, हृदय की शक्ति देने वाले रसयुक्त तथा चिकने– ऐसे आहार सात्विक मनुष्य को प्रिय होते हैं। राजसी और तामसी आहार (मन-प्राण) की शुद्धि नहीं कर सकते मनुष्य का जैसा आहार होगा उसका स्वभाव और व्यवहार भी वैसा ही होगा। अत: मनुष्य का स्वभाव और उसकी प्रवृत्ति उसके आहार से नियन्त्रित होती है। तामसी आहार से तामसी प्रवृत्ति और राजसी आहार से राजसी वृत्ति का होना स्वाभाविक है।

इसी प्रकार सात्विक आहार से अन्त:करण (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) का सात्विक होना भी स्वाभाविक वृत्ति है। इस सात्विक वृत्ति की भूमिका का निर्माण सन्ध्यावन्दन, अग्निहोत्र, ध्यान, जप, दान, अहिंसा और सात्विक आहार आदि आदर्श प्रवृत्तियों के विकास से होता है।

एक बार आचार्य चरक ने अपने शिष्यों से पूछा– 'कोऽरुक्', 'कोऽरुक्', 'कोऽरुक्' कौन रोगी नहीं है? अर्थात् स्वस्थ कौन है? एक प्रबुद्ध शिष्य ने उत्तर दिया– 'हितभुक्, मितभुक्, ऋतभुक्' हमारे पूर्वजों ने संतुलित भोजन को मात्राहार और षट्रसयुक्त हित भोजन कहकर प्राचीन ग्रन्थों में वर्णन किया है, यही हित भोजन हमारे शरीर में रस, रक्त, माँस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र और ओज आदि धातुओं को बढ़ाकर शरीर का विकास वृद्धि, क्षतिपूर्ति आवश्यक उष्णता एवं बल प्रदान करता है।

हितभोजन अर्थात् संतुलित आहार ग्रहण करने वाला व्यक्ति सौ वर्ष तक पूर्ण निरोग अवस्था में जीवित रह सकता है।

दूसरा मितभुक् है अर्थात् कम खाएं और तीसरा है ऋतभुक् अर्थात् गर्मी, सर्दी, वर्षा आदि ऋतुओं के अनुकूल ही अपना आहार लें। साथ ही आहार के द्रव्यों को संस्कारित करके ही प्रयोग में लें, आहार को संस्कारित करने की पाँच विधियाँ हैं :–

1. **क्षेत्रशुद्धि–** भोजन बनाते और करते समय हमें स्थान विशेष की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए। प्राचीन समय में चौके की व्यवस्था स्थान क्षेत्र शुद्धि को ध्यान में रखकर ही की गयी थी जिससे भोजन के स्थान में अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सके तथा वैक्टीरिया (विषाणु) आदि का प्रकोप आहार सामग्री पर नहीं हो।

2. **द्रव्यशुद्धि–** भोजन की सामग्री, जिसको काम में लिया जाए वह साफ एवं शुद्ध हो, क्योंकि अशुद्ध द्रव्य से शारीरिक स्वास्थ्य खराब होता है और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने पर मन सत्त्व की शुद्धता तो सम्भव नहीं है। अत: शास्त्रों ने द्रव्यशुद्धि को भी महत्वपूर्ण माना है।

3. **कालशुद्धि–** समय का भी भोजन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। असमय का किया गया भोजन शरीर और विचार दोनों को दूषित करता है। निश्चित समय पर भूख लगने पर भोजन करना ही भोजन का सर्वोत्तम समय है और यही आदत स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। अत: मानव को हितकर भोजन उचित मात्रा में उचित समय में करना चाहिए।

4. **भावशुद्धि–** आहार पर भावनाओं का भी गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शुद्धभाव से भोजन करना चाहिए। क्रोध, ईर्ष्या, उत्तेजना, चिन्ता, मानसिक तनाव, भय आदि की स्थिति में किया गया। भोजन शरीर के अन्दर दूषित रसायन पैदा करता है। जो मानव के मन को दूषित करता है। प्रसन्नता पूर्वक किया गया भोजन शारीरिक स्वास्थ्य एवं सत्व की वृद्धि करता है।

5. क्रियाशुद्धि– मानवीय क्रियाओं का गहरा सम्बन्ध है, अधर्म के साधनों द्वारा कमाए गए धन से बनाया गया। भोजन हमारे तथा मन को प्रभावित करता है। जैसे– "जैसा खाये अन्न वैसा हो जाए मन।"

ईमानदारी एवं कड़ी मेहनत से कमाए गए धन से बना भोज हमारे मन, प्राण को शुद्ध करता है। अतः उक्त क्रियाओं द्वारा किया गया आहार शुद्धिकरण हमारे शरीर को स्वस्थ तथा मन को पवित्र बनाता है। जैसा कि श्रुति में वर्णित है:–

आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ ध्रुवास्मृतिः स्मृतिलाभे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः।

आहार की शुद्धता रहने से (मन, प्राण, चैतन्य) की शुद्धि होती है। सत्वशुद्धि से स्मृति अर्थात् बुद्धि, सन्तुलित होती है। स्मृतिशुद्धि से आत्मज्ञान बढ़ता है जिससे मानसिक, ग्रन्थियों का पराभव होता है। इस सम्बन्ध में आचार्य चरक ने आहार के ग्रहण के कुछ नियमों का उल्लेख किया है :–

1. शुद्ध सात्विक एवं उष्ण भोजन करना चाहिए।
2. मात्रावत् स्निग्ध आहार ग्रहण करना चाहिए।
3. आहार को शान्तचित हो कर ग्रहण करें।
4. नियत समय पर आहार ग्रहण करें।
5. आहार द्रव्य में मन लगाकर भोजन करें।

उक्त नियमों का पालन करते हुए आहार ग्रहण करने से शारीरिक पुष्टि एवं मन, प्राण की शुद्धि होती है इसीलिए मनु महाराज ने कहा है :–

प्रतिदिन खाते समय भोजन पदार्थ का आदर करें और इसे निन्दा भाव से रहित होकर श्रद्धापूर्वक प्रसन्नता से खायें। विश्व के एक सर्वेक्षण में निष्कर्ष सामने आया है कि सात्विक और शाकाहारी लोग अहिंसक और दीर्घजीवी होते हैं। अतः शुद्ध सात्विक और शाकाहारी आहार लेने से शारीरिक पुष्टि तथा आत्मतत्व, प्राण एवं चैतन्य की शुद्धि होती है।

अतः श्रुति के इस वाक्य में आहार-शुद्धि के द्वारा मन-प्राण शुद्धि की प्रेरणा निहित है– "आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः।"

अशान्तस्य कुतः सुखम्

लेखिका : **श्रीमती कमलेश शास्त्री,** धर्मशिक्षा संस्कृत अध्यापिका, नागबनी स्कूल, जम्मू

मनुष्य सांसारिक भोगों और संग्रह करने में लगा हुआ है जिस पुरुष की मन और इन्द्रियाँ संयमित नहीं हैं, ऐसा पुरुष सांसारिक भोगों में और संग्रह करने में लगा रहता है, कभी मान चाहता है, कभी सुख आराम चाहता है, कभी धन चाहता है उसके भीतर अनेक तरह की कामनाएँ रहती हैं, इसलिए वह अशान्त रहता है। इसके अलावा जिस मनुष्य का चित्त निरन्तर विक्षिप्त है, वह राग, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, मोह, अहंकार और भय के बन्धन में बँधा हुआ रहता है तो ऐसा अशान्त मनुष्य सुख नहीं पा सकता। इस पर हमारे चिन्तन का विषय यह है कि मनुष्य अशान्त क्यों होता है? उसके अशान्त होने का कारण है उसका रास्ते को भूल जाना, जिस मार्ग पर चलना चाहिए उसमें न चलकर आसुरी सम्पदा धारण करने लग जाना होता है अज्ञानता और विवेकहीनता। श्री भगवान भी गीता में ऐसा ही कहते हैं– अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्तिजन्तवः।। हम विषयों और इन्द्रियों के संयोग में तथा निद्रा, आलस्य और प्रमाद में सुख महसूस करते हैं, जो वास्तव में सुख नहीं है, वह दुःख का कारण है। तृष्णा से इन्द्रियों का निवृत्त होना ही सुख है। विषय सम्बन्धी तृष्णा सुख नहीं है। वह तो दुःख ही है। अभिप्राय यह है कि तृष्णा के रहते तो सुख की झलक मात्र भी नहीं मिल सकती।

जब हम मन के दास और इन्द्रियों के गुलाम होते हैं, ऐसे उन क्षणों में कभी सुख नहीं पा सकते। हमारे मन में जब लोभ की आसक्ति होती है तो मन अशान्त हो जाता है। सब से ज्यादा हमारे मन के अशान्त होने का कारण होती है– कामनाएँ, क्योंकि राग, द्वेष, लोभ, काम क्रोध के मूल में कामना विद्यमान रहती है। यहाँ तक कि भय में भी जीवन जीने की कामना रहती है– तभी तो मनुष्य भयभीत होता है। इसलिए हमें इन सब विकारों से विजयी होने के लिए ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। अज्ञान के अंधेरे से निकल कर रोशनी में आना ही चाहिए, क्योंकि ज्ञान के प्राप्त होने पर सब से पहले मोह दूर हो जाता है तथा यदि हम पापी हैं तो उनके प्राप्त होते ही पाप से छुटकारा मिल जाता है।

भगवान् श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि ज्ञान/यज्ञ अत्यन्त श्रेष्ठ है, अतः हमें सब से पहले तत्वज्ञान प्राप्ति हेतु ज्ञानवानों की शरण में जाना चाहिए उनसे तत्वज्ञान की प्राप्ति करनी चाहिए। उनसे पूछना चाहिए कि परमात्मतत्व क्या है? मोह और कामना से छुटकारा कैसे मिले? यदि दुर्भाग्यवश तत्वज्ञानी गुरु नहीं मिलते, तो हमें सब से बड़े गुरु भगवान की शरण में जाना चाहिए और उनके मुखारविन्द से निकली गीता को गुरु मान कर श्रद्धापूर्वक उनके बताए रास्ते का अनुकरण करना चाहिए। यदि हम ऐसा करेंगे तो आसुरी सम्पदा को छोड़ सकेंगे और दैवी-सम्पदा को ग्रहण करने लगेंगे जब दैवी सम्पदा ग्रहण करेंगे तो अशान्त होने से बच जाएंगे और सुख को प्राप्त करके श्री भगवान की शरण में चले जाएंगे।

।। हरि ॐ तत्सत् ।।

बाबा अमरनाथ यात्रा (राष्ट्रीय अस्मिता, एकता एवं अखण्डता की सूत्रधार)

ॐ नमो रुद्राय हरये ब्रह्मणे परमात्मने।
प्रधानपुरुषेशाय सर्गस्थित्यंतकारिणे।।

भूतभावन भगवान् शिव की लीलास्थली जम्मू कश्मीर राज्य की मिट्टी में कण-कण में शिवतत्त्व, प्रखर शैववाद एवं शैवदर्शन की अद्भुत सुगंध व्याप्त है। यहाँ के पंचतत्त्वों में शिवत्व के दिव्य स्पर्श विद्यमान है। किसी भी रूप में हम शिव, शंकर, हर, देवाधिदेव के दिव्य चमत्कारों का अनुभव यहाँ करते ही रहते हैं। उन चमत्कारों में सर्वश्रेष्ठ चमत्कार है भगवान् शिव का 'हिमलिङ्ग' के रूप में स्वयं स्थापित होना। आज यह तथ्य सर्वविदित है कि एक समय में 2-4 अथवा 10 हजार की संख्या में आने वाले श्रद्धालु आज दस लाख के सांख्यिकीय समीकरण बना रहे हैं। श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा और अनन्य भक्ति से एक ओर हमारी यह सरकार उत्साहित हैं तो वहीं भयाक्रान्त भी। एक ऐसा भय जो प्रायः भारत की दूसरी सबसे बड़ी बहुसंख्यक और जम्मू कश्मीर की एक मात्र बहुसंख्यक समाज की चिंताओं को व्यक्त करती है कि कहीं हमारे अस्तित्व को कोई खतरा तो नहीं होगा या कहीं हमारे धर्म की भावनाएं तो आहत नहीं होंगी या कहीं यह यात्रा हमारे धर्म की भावनाओं के खिलाफ तो नही है? ऐसे अनगिनत कुत्सित विचार अनन्य जघन्य दुरात्माओं के चित्त को आन्दोलित कर रहे होंगे।

किन्तु जब ईश्वर अपनी माया स्वयं रचते हैं तो वे अपने भक्तों को आश्रय देते हैं। हम बाबा अमरनाथ यात्रा के सम्बंध में जितना अध्ययन कर चुके हैं वह पर्याप्त नहीं है। सर्वप्रथम हम बाबा अमरनाथ के इतिहास को धर्म, संप्रदाय एवं आध्यात्मिक मान्यताओं के आधार पर परिभाषित करते हैं तो कुछ यह तथ्य प्रस्तुत है:-

बाबा अमरनाथ यात्रा (संक्षिप्त परिचय) :- भारतीय धर्म एवं संस्कृति के श्रेष्ठतम ग्रन्थों वेदों-पुराणों में भगवान् शिव की अन्यान्य लीलाओं का वर्णन है जिसके अन्तर्गत शिवलिङ्ग पूजा एक प्रधान क्रिया है। शिवलिङ्ग पूजा शैवमतानुयायी तथा बहुत संख्या में गृहस्थों का परम धर्म था, इसी धारणा से जहाँ कहीं भी कोई वृक्ष, पत्थर, पर्वत, शैलकूट यदि लिङ्ग की आकृति धारण किए हुए दिखता था तो उसे भगवान् शिव का प्रतीक मानकर पूजा जाता था। किन्तु इनमें सबके साथ कुछ-न-कुछ कथाएँ, आख्यायिकाएँ एवं किंवदन्तियों का पुटस्पर्श अवश्य होता है। बाबा अमरेश्वर या अमरनाथ का प्राकट्य कब हुआ? इसका इतिहास कितना प्राचीन है? आदि प्रश्नों का उत्तर यदि हम यह दें कि यह मात्र कुछ सौ वर्षों पहले ही प्रकट हुआ है तो यह तथ्य सन्देहास्पद भी है और हास्यास्पद भी।

लेखक
पं० उपेन्द्र भार्गव
सह-सम्पादक

जहाँ तक श्रुति के अनुसार कहें तो एक तो यह तथ्य है कि लगभग 350 से 400 वर्ष वर्ष पूर्व किसी चरवाहे ने अपनी भेड़ों को खोजते हुए यह हिमलिङ्ग सर्वप्रथम देखा था। और दूसरी मान्यता के अनुसार बूटा मलिक नामक किसी मुस्लिम व्यक्ति (चरवाहे) ने सर्वप्रथम इस अद्भुत हिमलिङ्ग के दर्शन किए और अन्य लोगों को इसके प्राकट्य के बारे में बताया तब से इस यात्रा का सूत्रपात हुआ।

'अमरनाथ यात्रा', पौराणिक सन्दर्भ– यह सर्वविदित एवं सर्वमान्य तथ्य है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक प्रखर शैवदर्शन के पुरोधाओं ने एक स्वतन्त्र शिवतत्व, अद्वैतवाद का साम्राज्य विस्तृत किया। इसी के अन्तर्गत जहाँ-जहाँ पुराण प्रसिद्ध शिवलिंगों की स्थापना की गई वहाँ-वहाँ शैववाद भी पहुंचा। विशेष रूप से भगवान् शिव के दिव्यशक्तिस्रोत हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग। यथा–

सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्।
उज्जयिन्यां महाकालमोङ्कारममलेश्वर।।

इन्हीं में से चतुर्थ है ॐकार में स्थित अमलेश्वर शिव। इन्हें अमरेश्वर शिव भी कहा जाता है। यहाँ ध्यातव्य यह है कि हिमालय पर ॐकार पर्वत भी विद्यमान है जिसका क्षेत्र अति विस्तीर्ण बताया गया है। यदि हम सूक्ष्मावलोकन करें तो द्वादश ज्योतिर्लिङ्गों में से चौथा दिव्य ज्योतिर्लिङ्ग अमरेश्वर लिङ्ग ही है जो बाबा अमरनाथ के रूप में प्रसिद्ध है यह विषय वस्तुतः विद्वानों में भेदोत्पन्न भी करता

है क्योंकि मध्यप्रदेश में इन्दौर के समीप नर्मदा नदीके तट पर भी ॐकारेश्वर महादेव हैं जिन्हें ज्योतिर्लिङ्ग कहा गया है। किन्तु कुछ विद्वानों का यह स्वतन्त्र मत है कि अमरेश्वर शिव बाबा अमरनाथ ही है। इसी प्रकार का आशय स्कन्दपुराण में 'माहेश्वरखण्ड अरुणाचल माहात्म्यखण्ड' में भी उल्लिखित है। यहाँ शिव के विभिन्न तीर्थों की महिमा की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि **"अमरेश तीर्थ भी सब पुरुषार्थों का साधक बताया गया है, वहाँ ॐकार नाम वाले महादेव जी और चण्डिका नाम से प्रसिद्ध पार्वती जी निवास करती है।"**

अब हम एक अन्य दृष्टि से यह देखें कि जम्मू कश्मीर के इतिवृत्त में शिवशक्ति और लिङ्गपूजा का क्या महत्त्व है? सर्वप्रथम यह ध्यातव्य है कि जम्मू कश्मीर संस्कृत कवियों की उपासना स्थली रही है। यहाँ कल्हण, बिल्हण से लेकर भगवान् आदिशङ्कराचार्य तक भगवती शारदा की साधना करते रहे। पाक अधिकृत कश्मीर का शारदापीठ और श्रीनगर का शङ्कराचार्य मन्दिर इसका जीवन्त प्रमाण है। इन सभी ने जहाँ-जहाँ अपने काव्यों में हिमगिरि, हिमालय, कैलास, नगाधिराज, पर्वतराज आदि स्थानों का संकेत किया है वहाँ भगवान् शिव का अभिनंदन निश्चित रूप से किया है। महाकवि कालिदास ने तो अपना प्रथम काव्य ही भगवान् शिव को अर्पित कर दिया था। उन्होंने 'कुमारसंभवम्' महाकाव्य के लेखनारंभ में नगाधिराज हिमालय की स्तुति की है–

"अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।"(कुमारसंभवम् 1-1)

इसी तरह से अन्य कवियों आनन्दवर्धन, वामन, अभिनव गुप्त, उद्भुत, रुद्रट, कल्हण आदि ने भी भगवान् शिव और हिमालय के सन्दर्भ में अपनी लेखनी को गतिशीलता दी थी। काश्मीर शैवदर्शन का प्रवर्तन एक स्वतन्त्र दर्शन का परिचायक है। सदियों पूर्व से ही भगवान् शिव के गणों के नामों के आधार पर जम्मू कश्मीर राज्य के नगरों महानगरों का नामकरण हुआ है और आज भी वही नाम जीवन्त है। उदाहरणस्वरूप अनन्तनाग, शेषनाग, श्रीनगर आदि। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान् शिव ने देवी पार्वती को अमरकथा सुनाने का निश्चय किया तब उन्होंने अपने समस्त गणों को पीछे छोड़ दिया और अमरनाथ गुफा की ओर बढ़ते गये। जहाँ अनन्त नामक नाग को छोड़ा वह स्थान अनन्तनाग और जहाँ शेष नामक नाग को छोड़ा वह स्थान शेषनाग नाम से विख्यात है। इसी प्रकार जहाँ उन्होंने अपने नंदी बैल को छोड़ा वह स्थान बैलग्राम हुआ और बैलग्राम से अपभ्रंश होकर पहलगाम बना। अभिप्राय यह है कि जिस स्थान पर अमरेश्वर ने अमरकथा सुनाई वह स्थान जनशून्य था। फलस्वरूप इन नगरों के नामों से ही हमें शिवसायुज्य का आभास आज तक हो रहा है यही उस अमरकथा का वास्तविक प्रभाव है। एक अन्य प्रमाण देखें तो महाभारत में अनुशासन पर्व में वर्णन है कि भगवान् श्रीकृष्ण की आठ पटरानियों में से एक जाम्बवती को कोई संतान नहीं थी उन्होंने श्रीकृष्ण से निवेदन किया कि आप मेरे लिए पुत्र प्राप्ति हेतु भगवान् शिव की आराधन कीजिए। तब श्रीकृष्ण ने भी हिमालय की ओर जा कर शिव की आराधना के माध्यम से पुत्रों को प्राप्त किया था।

सनातनधर्म में लिङ्ग पूजा और अमरनाथ– लिङ्ग पुराण में एक कथा के अन्तर्गत 74वें अध्याय में बताया गया है कि भगवान् ब्रह्मा की आज्ञा से विश्वकर्मा ने देवताओं की पूजा के योग्य विविध प्रकार के लिङ्गों को बनाकर उन्हें देवताओं को प्रदान किया–

लिङ्गानि कल्पयत्वैवं स्वाधिकारानुरुपतः।
विश्वकर्मा ददौ तेषां नियोगाद्ब्रह्मणः प्रभोः॥ (लिं.म.पु., 74-01)

और फिर इस प्रकार विश्वकर्मा ने समस्त देवी-देवताओं को बहुमूल्य रत्नों एवं धातुओं से निर्मित शिवलिङ्ग प्रदान किए। विष्णु को इन्द्रनील से बना, इन्द्र को पद्मराग और विश्रवस के पुत्र ने स्वर्णलिङ्ग आदि की पूजा की। इस प्रकार समस्त देवी-देवताओं ने ही सर्वप्रथम ब्रह्मा की आज्ञा से सोना, चाँदी, ताँबा, मिट्टी (पार्थिव), लोहा, स्फटिक, मोती, त्रिधातु, बालू (रेत), काष्ठ (लकड़ी), मरकत, भस्म, बेलवृक्ष, गोबर, कुशा, रत्न, चन्दन शीशा (पारद) आदि बहुमूल्य धातुओं से निर्मित शिवलिङ्गों की पूजा की।

पुराणसम्मतवचन के अनुसार प्रशस्त एवं परम पुण्यफल देने वाले शिवलिङ्गों को छः प्रकार का बतलाया है जो कि विभिन्न द्रव्यों एवं धातुओं के संयोग से बने हैं।

षड्विधं लिङ्गमित्याहुर्द्रव्याणां च प्रभेदतः।
तेषांभेदाश्चतुर्युक्तचत्वारिंशदिति स्मृताः॥ (लिं.म.पु., 74-13)

तदनन्तर वे छः प्रकार के लिङ्गों के क्रमशः चालीस विभाग हैं। यहाँ क्रमशः छः प्रकार के लिङ्गों का विस्तृत रूप से वर्णन भी किया गया है :-

शैलजं प्रथमं प्रोक्तं तद्धि साक्षाच्चतुर्विधम्।
द्वितीयं रत्नजं तच्च सप्तधा मुनिसत्तमाः॥

तृतीयं धातुजं लिङ्गमष्टधा परमेष्ठिनः।
तुरीयं दारूजं लिङ्गं तत्तु षोडशधोच्यते॥
मृण्मयं पञ्चमं लिङ्गं द्विधा भिन्नं द्विजोत्तमाः।
षष्ठं तु क्षणिकं लिङ्गं सप्तधापरिकीर्त्तितम्॥ (लिं.म.पु., 74-14,15,16)

उपरोक्त प्रमाणों से निम्नलिखित छः प्रकार के शिवलिङ्गों के भेद स्पष्ट होते हैं–

1. **शैलज** – पत्थर से निर्मित।
2. **रत्नज** – हीरे, मोती, पुखराज आदि से निर्मित।
3. **धातुज** – सोने, चाँदी, ताँबा, लोहा, पारदादि से निर्मित।
4. **दारूज** – लकड़ी, वृक्षों, अर्क, बेलादि से निर्मित।
5. **मृण्मय** – लाल, काली, सफेद मिट्टी से निर्मित।
6. **क्षणिक** – दही, घी, हिम आदि से निर्मित।

यहाँ ध्यातव्य है कि बाबा अमरनाथ का स्वरूप हिममय (बर्फानी) है। अतः उन्हें क्षणिक लिङ्ग कहा जा सकता है। उनका स्वरूप दर्शन अत्यन्त अल्पकाल के लिए ही होता है अतः बाबा अमरेश्वर का दर्शन दुर्लभ है। अन्य प्रकार के शिवलिङ्गों यथा– शैलज, धातुज, रत्नज और मृण्मय आदि की प्राप्ति और दर्शन तो सरल हैं किन्तु क्षणिक शिवलिङ्ग अत्यन्त दुर्लभ और परमपुण्य फल को देने वाले हैं। लिङ्गपुराण के अनुसार क्षणिक शिवलिङ्ग मोक्षप्रदान करने वाला है। हिन्दू धर्म के अनुयायियों को लिङ्गमहापुराण में निर्देशित किया गया है कि **"जो व्यक्ति स्कन्द और उमा सहित कुन्द के पुष्प के समान या दूध के समान सफेद शुभ लिंग को विधानपूर्वक स्थापित करता है वह मनुष्य के रूप में रुद्र हो जाता है। उस शुभ्र श्वेत लिङ्ग का दर्शन करने और स्पर्श करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। सौ युगों में भी उसके पुण्य को कहना संभव नहीं है।"**

सनातनधर्मपरम्पराओं में शिवलिङ्ग को अत्यन्त पवित्र माना गया है। बाबा अमरनाथ यात्रा का उद्देश्य उस पवित्र श्वेत हिमलिङ्ग का दर्शन करना है जिसके दर्शनों से अमरत्व की प्राप्ति, मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहाँ यह बताना आवश्यक है कि हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक लिङ्ग [illegible] (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) की सिद्धि हेतु प्रयास करने का उपदेश किया गया है। बाबा अमरनाथ का दर्शन चारों पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाला एवं प्रत्यक्ष रूप से मोक्ष प्रदान करने वाला है जैसा कि पुराणवाक्य है–

"दर्शनात्स्पर्शनात्तस्य लभते निर्वृतिं नराः।" (लिं.म.पु., 74-28)

प्रायः गृहस्थों के लिए चारों पुरुषार्थों का साधन अनिवार्य कहा गया है और शिवराधना से उन्हें ये चारों पुरुषार्थों का फल और सिद्धि प्राप्त हो जाती है। किन्तु मुमुझुओं को एकमात्र चतुर्थ पुरुषार्थ 'मोक्ष' का साधन ही परम अभीष्ट है इसलिए मुमुक्षुओं के लिए भी लिङ्गपूजा का विधान करते हुए कहा गया है कि–

तस्मात् सदाशिवः पूज्यः सर्वैरेव मनीषिभिः।
पूजनीयो हि सम्पूज्यो ह्यर्चनीयः सदाशिवः॥
लिङ्गरूपो महादेवो ह्यर्चनीयो मुमुक्षुभिः॥
शिवात् परतरो नास्ति भुक्तिमुक्तिप्रदायकः॥ (स्क.पु.,माहे.ख. 19/68, 82)

मुमुक्षुजनों को लिङ्गरूपी महादेव की आराधना करनी चाहिए, क्योंकि उनसे बढ़कर भुक्ति और मुक्ति देने वाले अन्य कोई भी देवता नहीं है। इसी तथ्य की पुष्टि महाभारत के अनुशासन पर्व में भी की गई है–

नास्ति शर्वसमो देवो नास्ति शर्वसमा गतिः।
नास्ति शर्वसमो दाने नास्ति शर्वसमो रणे॥ (महा.भा., अनु.प. 15/11)

शिवजी के समान संसार में कोई देवता नहीं। वे ही समस्त सांसारिक जीवों को सद्गति देते हैं। कल्याण और सुख देने में शिवजी से बढ़कर कोई दयालु नहीं और युद्ध करने में भी उनसे बढ़कर कोई पराक्रमी नहीं। लिङ्ग पूजा के फल का विवेचन करते हुए भृङ्गीश संहिता में कहा गया है कि–

प्रणम्या विधिवद् भक्त्या स्वधालिङ्गं सनातनम्–
नरो न लिप्यते पापैः कोटि जन्म समुद्भवैः॥

विधिपूर्वक भक्ति से सनातन स्वधा लिङ्ग को प्रणाम कर मनुष्य करोड़ों जन्म में पैदा हुए पापों से लिप्त नहीं होता। अर्थात् वह निष्पाप हो जाता है। समस्त प्रकार के शिवलिङ्गों में विशिष्ट स्थान रखने वाले बाबा अमरनाथ (अमरेश्वर शिव) की [illegible] करने से ही व्यक्ति समस्त पापों से मुक्त हो

जाता है–

दर्शनात्स्पर्शनाच्चापि पूजानाच्चापि वन्दनात्।
अमरेशस्य लिङ्गस्य मुच्यते सर्वकिल्विषैः॥ (भृङ्गीश संहिता)

अतः यह कथन करना श्रेयस्कर है कि बाबा अमरनाथ रूपी हिमलिङ्ग परम पवित्र है और हिन्दू धर्म में वर्णित लिङ्गपूजा विधियों में सर्वाधिक पुण्य फल देने वाला है। इसका महत्त्व भी अनिर्वचनीय है।

अमरनाथ यात्रारंभ एवं समाप्तिकाल– वैदिक धर्म में प्रवर्तित पूजाविधियों के अनुसार शिवाराधना हेतु श्रावणमास श्रेयस्कर होता है। और अमरनाथ यात्रा भी गुरुपूर्णिमा से आरंभ करके श्रावण पूर्णिमा तक चलती है। इस सम्बंध में भृङ्गीश संहिता का वचन है–

यतः स्वं दर्शयामास श्रावण्यां च हरः स्वयम्।
ततश्च कथिता यात्रा श्रावण्यां पुण्यदायिनी॥
श्रावणे शुक्ल पक्षे तु यात्रां कृत्वा विधानतः।
यः प्रपश्येत्पूर्णिमायां स्वधालिङ्गं सनातनम्।
याति शैवपदं सोऽपि पशुपाशविवर्जितः॥ (भृङ्गीश संहिता)

महादेव ने श्रावणी के दिन दर्शन दिए, इसीलिए श्रावणी में पुण्यदायिनी यात्रा कही गई है। श्रावण शुक्ल पक्ष में जो विधिपूर्वक यात्रा करके पूर्णिमा के दिन सनातन स्वधालिङ्ग के दर्शन करे वह भी पशुपाश से मुक्त होकर शैव पद को प्राप्त करता है। इस प्रकार शास्त्रानुसार धर्मशास्त्रों के वचनों से श्रावण मास में ही यात्रा करना श्रेष्ठ कहा गया है। अमरनाथ यात्रा के प्रकारों का विवेचन भी भृङ्गीश संहिता में किया गया है और इस यात्रा का फल भी कहा गया है–

त्रयोविंशविधा यात्रा स्मृता ह्यमरनाथगा।
एवं कृत्वा नरो यात्रां पश्येल्लिङ्गरसात्मकम्।
स याति शिव सायुज्यं यत्र नास्ति कृताकृतम्। (भृङ्गीश संहिता)

"श्रीअमरनाथ जाने वाली 23 प्रकार की यात्रा कही गई है, इस प्रकार मनुष्य यात्रा कर रसात्मक लिङ्ग के दर्शन करे तो शिवसायुज्य को पता है जिसमें कृत-अकृत नहीं है।"

वर्तमान दशा एवं दिशा– अमरनाथ यात्रा को लेकर प्रतिवर्ष किसी न किसी विवाद को जन्म देकर यह दर्शाने का प्रयास किया जाता है कि यह यात्रा घाटी (कश्मीर) के लिए सबसे बड़ा सरदर्द है।

पहले यह यात्रा एक माह की होती थी फिर कालान्तर में इसे बढ़ाकर दो माह कर दिया गया। कुछ तुच्छ मानसिकता के व्यक्तियों के विरोध करने पर भी जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय ने हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस यात्रा को दो मास तक जारी रखने की अनुमति प्रदान की। किंतु यह इस विवाद का स्थायी समाधान नहीं है। हमें चाहिए कि यात्रारंभ करने से लेकर यात्रा समाप्ति तक का निर्धारण एक विद्वन् मंडल द्वारा किया जाए जिसमें धर्माचार्य, संस्कृत भाषा के विद्वान, ज्योतिष विद्या विशारद, समाजसेवक आदि हिन्दू धर्म के विशेषज्ञों एवं बुद्धिजीवियों की एक स्वतंत्र समिति इस यात्रा के आरंभ एवं अवसान का निर्धारण करे।

धार्मिक यात्राओं, कर्मकाण्डों, अनुष्ठानों एवं किसी भी प्रकार की हिन्दू धर्म की धार्मिक गतिविधियों को करने हेतु जिस प्रकार हम अपने धर्माचार्यों को सर्वेसर्वा मानते हैं उसी प्रकार अमरनाथ यात्रा के विषय में भी होना चाहिए। इस यात्रा हेतु एक धर्मपीठ या धर्मप्रचार परिषद् हो जो कि प्रत्येक श्रद्धालु को बाबा अमरनाथ श्राइन बोर्ड से जोड़ने का कार्य करे। भारत के अन्य राज्यों में भी **"हज हाऊस"** की तरह **"अमरनाथ हाऊस"** की स्थापना का प्रावधान होना चाहिए।

अमरनाथ यात्रारंभ और यात्रा समाप्ति के निर्णय में शासकीय हस्तक्षेप को पूर्णतः समाप्त किया जाए क्योंकि यह हमारी अपनी धार्मिक भावनाओं से एवं आस्था से जुड़ा विषय है अतः इसका निर्णय पूर्णतः हमारे धर्म की रीतियों, परम्पराओं के आधार पर ही होना चाहिए न कि सरकार की सुविधा के अनुसार। क्योंकि सरकार अपनी इच्छा से **'ईद'** और **'रमजान'** का निर्धारण नहीं कर सकती। जिस प्रकार अन्य धर्मों के लोगों को उनके धार्मिक कार्यों हेतु पूर्ण स्वायत्तता दी जाती है उसी प्रकार हिन्दू धर्म के अनुष्ठानों, व्रत-पर्वादि तथा यात्राओं के निर्धारण पर बलात् किए जा रहे योजनाबद्ध **'शासकीय नियन्त्रण'** पर अंकुश लगना चाहिए।

निष्कर्ष– उपरोक्त विवेचनाओं से जो प्रधान तथ्य स्पष्ट हो रहे हैं वे इस प्रकार हैं–

1. बाबा अमरनाथ का हिमलिङ्ग एवं गुफा की प्रामाणिकता अत्यन्त प्राचीन है न कि अर्वाचीन।
2. बाबा अमरनाथ का महत्त्व हिन्दू समाज के लिए धार्मिक भावना एवं

अगाध आस्था से ओतप्रोत है अतः हिन्दू भावनाओं का पूर्णतः सम्मान होना चाहिए।

3. प्रत्येक वर्ष की तरह सरकारी नियन्त्रण न हो सके अतः यथाशीघ्र धर्मप्रचार परिषद् का गठन किया जाए।
4. भले ही अमरनाथ का इतिहास अत्यन्त प्राचीन न हो किन्तु वह शिवलिङ्ग पूजा विधि, लिङ्गायत पूजा विधि का ही एक अंग है, अतः इसकी पूजा हेतु समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।
5. यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को बाबा अमरनाथ का पूर्ण इतिहास पूजाविधियाँ, स्तोत्र आदि दाक्षा के रूप में दिये जाने चाहिए ताकि उनकी श्रद्धा का संरक्षण हो सके एवं प्रदेश से बाहर समुचित धर्मप्रचार भी हो सके।

बाबा अमरनाथ (अमरेश्वर शिव) की यात्रा न केवल एक धार्मिक यात्रा है अपितु यह यात्रा जम्मू कश्मीर राज्य को भारत का अभिन्न अंग बनाये रखने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदाहरणस्वरूप यात्रा पर जाने वाले समस्त भक्त हिन्दू सिख, जैन एवं बौद्धादि होते हैं किन्तु उन्हें बाबा के दरबार तक ले जाने वाले समस्त स्थानीय लोग मुस्लिम समाज के होते हैं। वे भी अपना दुःख दर्द भूलकर बाबा के भक्तों को उनकी सेवा में ले जाते हैं। इस प्रकार यह यात्रा भले ही आर्थिक रूप से ही सही किन्तु हिन्दू एवं मुस्लिम तथा शेष भारत और भारत के सिरमौर राज्य जम्मू कश्मीर की एकता व अखण्डता रूपी सद्भावना का ज्वलन्त उदाहरण है। इस सद्भावना यात्रा से प्रेरणा लेते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय अस्मिता, एकता एवं अखण्डता की ज्योति को प्रज्वलित करे। समस्त पूर्वाग्रहों, दुराग्रहों एवं वैमनस्यता को भुलाकर यह समय है एक आदर्श स्थापित करने का। अतः हम भारत के बुद्धिजीवियों, कलाकारों, साहित्यकारों, पत्रकारों, दार्शनिकों, लेखकों, समाजसेवकों, युवकों एवं राजनैतिक कर्णधारों से अपील करते हैं कि वे इस यात्रा को मात्र धार्मिक यात्रा समझकर इसके प्रति षड्यन्त्र करने वालों का तिरस्कार करें और इसे राष्ट्रीय भावना को बढ़ाने के माध्यम के रूप में देखें तथा भरपूर प्रोत्साहन दें।

ॐ शिवमुद्दिश्य यद्दत्तं स्वर्गे मर्त्ये च यैर्नरैः।
तत्सर्वं त्वक्षयं विद्यान्निश्छिद्रं कर्म चोच्यते॥

दशावतारस्तोत्रम्

प्रलयपयोधिजले धृतवानसि वेदम्। विहितवहित्रचरित्रमखेदम्।
केशव धृतमीनशरीर जय जगदीश हरे॥१॥

क्षितिरतिविपुलतरे तव तिष्ठति पृष्ठे। धरणिधरणकिणचक्रगरिष्ठे॥
केशव धृतकच्छपरूप जय जगदीश हरे॥२॥

वसति दशनखिरे धरणी तव लग्ना। शशिनि कलङ्ककलेव निमग्ना॥
केशव धृतसूकररूप जय जगदीश हरे॥३॥

तव करकमलवरे नखमद्भुतशृङ्गम्। दलितहिरण्यकशिपुतनुभृङ्गम्॥
केशव धृतनरहरिरूप जय जगदीश हरे॥४॥

छलयसि विक्रमणे बलिमद्भुतवामन। पदनखनीरजनितजनपावन॥
केशव धृतवामनरूप जय जगदीश हरे॥५॥

क्षत्रियरुधिरमये जगदपगतपापम्। स्नपयसि पयसि शमितभवतापम्॥
केशव धृतभृगुपतिरूप जय जगदीश हरे॥६॥

वितरसि दिक्षु रणे दिक्पतिकमनीयम्। दशमुखमौलिबलिं रमणीयम्॥
केशव धृतरघुपतिवेष जय जगदीश हरे॥७॥

वहसि वपुषि विशदे वसनं जलदाभम्। हलहतिभीतिमिलितयमुनाभम्॥
केशव धृतहलधररूप जय जगदीश हरे॥८॥

निन्दसि यज्ञविधेरहह श्रुतिजातम्। सदयहृदयदर्शितपशुघातम्॥
केशव धृतबुद्धशरीर जय जगदीश हरे॥९॥

म्लेच्छनिवहनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्॥
केशव धृतकल्किशरीर जय जगदीश हरे॥१०॥

श्रीजयदेवकवेरिदमुदितमुदारम्। शृणु सुखदं शुभदं भवसारम्।
केशव धृतदशविधरूप जय जगदीश हरे॥११॥

नाग देवता– मानव जाति के संरक्षक

ॐ नमस्तेऽस्तु महादेव! कैलाशगिरिमूर्धग।
जटामुकुटशोभाढ्य! कपालाङ्कितशेखर॥
नमस्ते भगवन्देव! नमस्ते सुरपूजित।
महेशान नमस्तेऽस्तु रूरूद्राज्ञानभेदने॥

भारतीय पुराण वाङ्मय में 33 कोटि देवताओं का निर्वचन किया गया है। इनमें देवी, देवता, नाग, यक्ष, गन्धर्व आदि को पुण्यात्मा मानकर पूजा की जाती है। इसी मान्यता के साथ-साथ भारत के विभिन्न क्षेत्रों का सम्बंध देवविशेष से भी है। यथा महाराष्ट्र में गणेशोत्सव, बंगाल में दुर्गोत्सव, केरल में मलयप्पा स्वामी (कुमार कार्तिकेय), तिरूपति (आंध्र प्रदेश) में तिरुमलस्वामी के रूप में भगवान् वेङ्कटेश्वर (विष्णु), उड़ीसा में जगन्नाथस्वामी (श्रीकृष्ण), उत्तर प्रदेश में श्रीराम (अयोध्या) एवं श्रीकृष्ण (मथुरा) में विशेष रूप से पूजे जाते हैं। यद्यपि उपरोक्त समस्त देवगण अलौकिक एवं अद्वितीय शक्तियों के स्वामी हैं और उन्हें परमात्मतत्त्व के रूप में ही मान्यता प्राप्त है किन्तु इनकी ईश्वरत्वसिद्धि मनुष्य का अवतार लेने के उपरान्त ही हुई है। दूसरा पक्ष है क्षेत्राधिष्ठित देवताओं का जिनमें लोकपाल या क्षेत्रपाल अथवा ग्राम देवता, कुलदेवता या स्थानदेवता का विशेष महत्त्व है। राजस्थान, गुजरात सहित देश के कई प्रदेशों में वैदिक देवताओं की अपेक्षा इन लौकिक देवताओं की पूजा अधिक प्रचलित है। इनमें सर्वाधिक प्रसिद्धि नागपूजा की ही है क्योंकि नाग देवता को कहीं कुलदेवता तो कहीं ग्रामदेवता और कहीं-कहीं स्थानदेवता के रूप में अनादिकाल से पूजा जा रहा है। विशेष रूप से जम्मू कश्मीर राज्य में शिवतत्त्व, शैवागम एवं शैवदर्शन की प्रधानता होने से भगवान् शिव के प्रधान अङ्गरक्षकों में नागदेवता सर्वश्रेष्ठ है अतः यहाँ की भूमि में नागपूजा का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है।

भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में नागपूजा के प्रमाण कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मिलते हैं। दक्षिण भारत में और उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में नागदेवताओं के कई स्थानों पर मंदिर मिलते है। इससे यह सिद्ध होता है कि भारत के विभिन्न भागों में नागों का निवास था। इसके अन्य प्रमाणों पर दृष्टिपात करें तो विभिन्न नगरों के नाम भी नागों के आधार पर ही हैं; यथा– 1. नागपुर (महाराष्ट्र), 2. उरगापुर, 3. नागारखण्ड, 4. नागबनी (जम्मू एवं कश्मीर), 5. अनंतनाग (जम्मू व कश्मीर) 6. शेषनाग (जम्मू व कश्मीर), 7. नागालैंड, 8. भागसूनाग (हिमाचल) आदि। इनमें शेषनाग अमरनाथ यात्रा मार्ग में स्थान विशेष का नाम है। उत्तर-पूर्वी राज्यों में नागालैंड एक ऐसा स्थान है जो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है। महाभारत के कथानक के अनुसार नागसम्राट की कन्या उलुपी से अर्जुन का विवाह तब हुआ जब वह उत्तरपूर्व की यात्रा पर था। नागालैंड में स्थित मणिपुर स्थान भी नागमणि की ओर संकेत करता है अतः इसका सीधा सम्बंध नागों से है। भारतीय पुराण परम्परा में प्रसिद्ध नागों का वर्णन करते हुए डॉ. अनन्तराम शास्त्री लिखते हैं– "हिन्दी साहित्य में नागों की अष्टकुली का निर्देश है जिसमें 1. **शेष**, 2. **वासुकि**, 3. **कम्बल**, 4. **कर्कोटक**, 5. **पद्म**, 6. **महापद्म**, 7. **शंख**, 8. **कुलिक** नागों के नाम प्रमुख है।" पुराणों के मतों का परिशीलन करने से मतान्तर का परिज्ञान होता है। इनमें कुछ नागों के नामों में भेद हैं यथा– 1. **तक्षक**, 2. **महापद्म**, 3. **शङ्ख**, 4. **कुलिक**, 5. **कम्बल**, 6. **अश्वतर**, 7. **धृतराष्ट्र**, 8. **वालाहक** नागों के नाम प्रमुख हैं। इसी प्रकार पुराणोक्त हेमाद्रिसंकल्प प्रतिज्ञा में जिन आठ महानागों का उल्लेख है वे भी कुछ भिन्न प्रतीत होते हैं; यथा– 1. **अनन्त**, 2. **वासुकि**, 8. **तक्षक**, 4. **कुलिक**, 5. **कर्कोटक**, 6. **पद्म**, 7. **महापद्म**, 8. **शङ्ख** नाम के नाग प्रमुख माने गये हैं।

लेखक
पं. रोहित शास्त्री
सह-सम्पादक

किंबहुना अष्टनागों की ये श्रृङ्खला ही नागवंश की नींव है और इनसे ही विभिन्न नागों की प्रजातियों का उद्भव हुआ है।

वेदों में नाग

अथर्ववेद का सर्पविषनाशन सूक्त वैदिककालीन नागों (सर्पों) की प्रजातियों को सूचित करता है। यथा–

कैरात पृश्न उपतृण्य बभ्र आमे शृणुतासिता अलीकाः।
मा मे सख्युः स्तामानमपिष्ठाता श्रावयन्तौ निविषे रमध्वम्॥
असितस्य तैमातस्य बभ्रोरपोदकस्य च।
सात्रासाहस्याहं मन्योरव ज्यामिवधन्वनो विमुञ्चामि रथाँइव।
आलिगी च विलिगी च पिता च माता च।
विद्म वः सर्वतो बन्ध्वरसाः किं करिष्यथ॥
उरुगूलाया.......................................।
...............................तासामरसतं विषम्॥

इस उपरोक्त मन्त्र में सर्पों की अठारह प्रकार की प्रजातियों (जातियों) का वर्णन मिलता है। उनके गुण, प्रकृति आदि के आधार पर उनका विभाजन इस प्रकार है:-

1. **कैरात** – जहाँ भीलों का निवास हो उस वन के सर्प।
2. **पृश्नि** – विशेष चिह्नों वाले सर्प।
3. **उपतृथ** – घास में रहने वाले सर्प।
4. **बभ्रु** – धूम्रवर्ण वाले सर्प।
5. **असित** – कृष्णवर्ण वाले (काले) सर्प।
6. **अलीक** – अमंगल सर्प।
7. **तैमात** – जल में रहने वाले सर्प।
8. **अपोदक** – शुष्कप्रदेश में रहने वाले सर्प।
9. **सात्रासाह** – विनाशक सर्प।
10. **मन्यु** – क्रोधसंयुत सर्प।

12. **विलगी** – शरीर से दूर भागने वाली सर्पिणी।
13. **उरुगुला** – ऊँचे-नीचे स्थान पर रहने वाली सर्पिणी।
14. **असिम्नी** – कृष्ण सर्पिणी (काली नागिन)।
15. **दद्रुषी** – जिसके काटने से त्वचा में फोड़े-फुंसी हो जाए, रक्तस्राव हो वह सर्पिणी।
16. **कर्णा** – कानों वाली सर्पिणी।
17. **श्वावित्** – जिसे कुत्ता (श्वान) काटे, वह सर्पिणी।
18. **खनित्रिमा** – गड्डे में रहने वाली सर्पिणी।

उपरोक्त सर्पों के नामों एवं उनके लक्षणों को ध्यान में रखकर समीक्षा करने पर प्रथम कैरात सर्पों का क्षेत्र नागालैण्ड हो सकता है, क्योंकि यह क्षेत्र भीलजातियों के लिए सर्वदा प्रसिद्ध रहा है। इसी प्रकार असित, तैमात, अपोदक, अलिगी, असिक्नी एवं खनित्रिमा नामक नागों की प्रजातियों के प्राय: दर्शन होते हैं।

पुराणों में नाग

पौराणिक कथानकों के आधार पर भगवान् विष्णु शेषनाग की शैय्या पर शयन करते हैं, श्रीकृष्ण अवतार में कालियनाग के दमन की कथा भी अतिप्रसिद्ध है। भगवान् शिव तो आभूषणों के रूप में नागों को धारण करते हैं। नागों का सम्बंध देवी-देवताओं से होने के कारण वे हमारे लिए अति पूज्य हैं। किसी भी देवता को नागों का विनाशक नहीं माना जाता। डॉ. अनन्तरामशास्त्री 'वासुकिपुराण' के समीक्षात्मक अध्ययन में लिखते हैं कि "भारत का प्रत्येक महत्त्वपूर्ण धर्म या सम्प्रदाय नागपूजा को अपना अभिन्न अंग मानता है। कहीं पर नाग को अपने किसी पूर्वज की आत्मा के रूप में मान्यता है तो कहीं नागों को कोषों (खजानों) का संरक्षक माना गया है।" अभी हाल ही में केरल के पद्मनाभस्वामी मंदिर के खजाने के बाहरी द्वार पर विकराल नागों का चिन्ह इस धारणा को सत्य सिद्ध करता है। इस प्रकार न केवल शैवमत में अपितु वैष्णव और जैन आदि मतों में भी नागपूजा का विशेष महत्त्व है। जैनधर्म के भगवान् पार्श्वनाथ का विग्रह सर्वदा नागचिन्हित ही होता है। भगवान् शिव, भगवती दुर्गा, विघ्नेश्वर गणेश और भगवान् सूर्य भी नागों

नागेन्द्र (नागों के राजा) को जिन्होंने हार रूप में धारण कर रखा हो ऐसे भगवान् शिव की स्तुति की गई है। इसी प्रकार भगवान् गणेश की वंदना में–

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
'नागाननाय' श्रुतियज्ञ विभूषिताय..................................॥

यहाँ नाग के समान है आनन (मुख) जिसका इस प्रकार का संकेत है। किन्तु अन्यत्र –

लीलागललुलल्लोल कालव्यालविलासिने।
गणेशाय नमो नील कमलामलकान्तये॥ (लीलावती)

यहाँ विकराल 'कालव्याल' नागों से जो लीला में रत है ऐसे भगवान् गणेश की स्तुति की गई है। देवी दुर्गा के स्तवन में–

अक्षस्त्रक्परशुं गदेषु कुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकाम्। (दुर्गासप्तशती)

यहाँ 'पद्मं' इस शब्द का अर्थ अष्ट नागों में से एक 'पद्म' नामक नाग से है। अतः भगवती ने भी नाग को धारण किया यह ज्ञात होता है। भगवान् सूर्य के स्तवन में–

केयूरवान् मकर कुण्डलवान् किरीटी
हारी हिरण्मयवपुर्धृत शङ्खचक्रः।

यहाँ 'शङ्खचक्रः' से शङ्ख (पाञ्चजन्य, पौण्ड्रक) आदि का ज्ञान होता है किन्तु अष्ट महानागों में से एक नाग का नाम भी 'शङ्ख' ही है। अतः यह संभव है कि भगवान् सूर्य ने 'शङ्ख' नामक नाग को धारण किया। विष्णुधर्मोत्तरपुराणों, हरिवंशपुराण एवं भागवत पुराण की मान्यताओं के अनुसार श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम को शेषनाग के अवतार के रूप में वर्णित किया गया है। जब उन्होंने अपना शरीर त्यागा तब उनके मुख से एक महाश्वेत नाग निकला और वह समुद्र में प्रवेश कर गया। इन समस्त कथा आख्यायिकाओं से यह स्पष्ट है कि नागों से हमारा प्राकृतिक सम्बंध है।

नागों की उत्पत्ति के सम्बंध में पौराणिक प्रमाण मिलता है कि दक्ष की कन्या 'कद्रू' ने कश्यपऋषि से सहस्र (1000) नागों को जन्म दिया उनसे ही नागजातियों की उत्पत्ति हुई। कश्यपऋषि के नागपुत्रों में प्रमुख है– **अनन्त, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शङ्ख एवं कलिक नाग।** एक बार इन्होंने प्रजा को बहुत पीड़ित किया जिससे क्रोधित होकर ब्रह्मा ने शाप दिया कि "जनमेजय के सर्प यज्ञ में तुम सब अपने भाई गरूड़ के साथ नष्ट हो जाओगे।" भयभीत नागों ने ब्रह्मा से क्षमा प्रार्थना की और उन्होंने नागतीर्थ (संभवतः नागालैण्ड) में जाकर निवास करने की आज्ञा दी। जब वे कालान्तर में ब्रह्मा जी के पास आये उस दिन श्रावणमास की पञ्चमी तिथि थी अतः नागमुक्तिदिवस होने के कारण इस तिथि को नागपञ्चमी कहा जाता है। यहाँ प्रमुख नागों के नाम, वर्ण, जाति आदि का विवरण दिया जा रहा है जो कि अलभ्य है :–

नाम	वर्ण	जाति	दृष्टि	दिशा	चिह्न
अनन्त	शुक्ल (श्वेत)	ब्राह्मण	सम्मुख (सामने)	पूर्व	पद्म
वासुकि	रक्त (लाल)	क्षत्रिय	वामभाग (वायां)	आग्नेय	उप्पल
तक्षक	पीत (पीला)	वैश्य	दक्षिण भाग (दायां)	दक्षिण	स्वस्तिक
कर्कोटक	कृष्ण (काला)	शूद्र	पृष्ठ (पीछे)	नैर्ऋत्य	कमल
पद्मनाभ	कृष्ण	शूद्र	चञ्चल	पश्चिम	पद्म
महापद्म	पीत	वैश्य	अधोभाग (नीचे)	वायव्य	शूल
शङ्खपाल	रक्त (लाल)	क्षत्रिय	बार-बार निश्चेष्टित	उत्तर	छत्र

महाभारत के आदिपर्व में जनमेजयसर्पसत्र में वासुकि, तक्षक, ऐरावत, कौरव्य और धृतराष्ट्र वंश के अन्यान्य नागों को जनमेजय का कोपभाजन बनना पड़ा और वे जीवित जला दिए गए। वासुकि नाग की बहन के गर्भ से जरत्कारू नामक नाग के संयोग से उत्पन्न 'आस्तीक' ने समस्त नागों को जनमेजय के कोप से बचाया और उन्हें अभय प्रदान किया। वासुकि नाग सभी नागों में श्रेष्ठ हैं। भारत में जम्मू कश्मीर राज्य में सिथत चन्द्रभागा नदी के समीप भद्रवाह नामक स्थान पर 'वासुकि मन्दिर' स्थित है जिसमें वासुकिनाग का अद्भुत विग्रह विद्यमान है। भारत के निकट स्थित बालीद्वीप में वासुकिनाग को समुद्र का अधिष्ठाता देवता कहा जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् कृष्ण कहते हैं– "सर्पाणामस्मिवासुकिः" में सर्पों में वासुकि हूँ और "अनन्तश्चास्मि नागानां" नागों में अनन्तनाग भी में ही हूँ। समुद्रमन्थन के समय वासुकि नाग ने स्वयं को रज्जु (रस्सी) के रूप में लगाया जिससे समुद्र से 14 अमूल्य रत्नों की उत्पत्ति हुई और मानव जाति का कल्याण

हुआ। अमरकोश में वासुकि शब्द के पर्याय में सर्पराज का उल्लेख है। ऐसा माना जाता है कि नागधन्वातीर्थ में इनका निवास स्थान था इनकी पत्नी का नाम 'शतशीर्षा' था। ये ऋषि कश्यप और कद्रू के पुत्र थे। धृतराष्ट्र नामक नाग ने वासुकि को विष्णु पुराण सुनाया था। इस प्रकार इन समस्त दृष्टान्तों से सिद्ध है कि नागदेवताओं ने मानवजाति का सर्वदा कल्याण किया है।

जम्मू में नाग देवता

जम्मू शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में भगवान् शिव की पूजा जिस-जिस स्थान पर होती है वहाँ नाग देवता अवश्य ही पूजे जाते हैं किन्तु विशेष रूप से प्रसिद्ध स्थान इस प्रकार है– 1. शिवखोड़ी, 2. भद्रवाह, 3. अखनूर, 4. जम्मू।

जम्मू की लोक परम्पराओं में मान्यता है कि वासुकि नाग की वंश परम्परा में से जम्मू एवं आसपास के क्षेत्रों में कई नागों ने अपना निवास स्थान बनाया। द्विगर्त प्रदेश (डुग्गर) के प्राचीन इतिहास में नागराज वासुकि की वंश परम्परा में काईभैड़चोरसूकालसूलूनसूधनसरमानस- रचिलकमिलकसौंगली नामक चौरासी पुत्र पौत्रों का वर्णन मिलता है। इन सब में ज्येष्ठ पुत्र का नाम है काई देव और कनिष्ठ है भैड़ देव। वासुकि नाग क्षत्रिय वर्ण के हैं और इच्छाधारी माने जाते हैं। इनके कुल के नागों की ख्याति है कि वे स्वेच्छा से मानवादि योनियों में रूप धारण करते हैं तथा जल, स्थल और नभादि में विचरण करते हैं। वासुकिवंशी नागों के जम्मू में निवास करने सम्बंधी एक दन्तकथा प्रसिद्ध है जिसका उल्लेख करना यहाँ उचित होगा।

"एक बार वासुकि नाग चर्मरोग से पीड़ित हुए उनके उपचार हेतु वैद्य आये उन्होंने कहा कि यदि कोई कैलास पर्वत से नदी लेकर आये तो उसके जल में स्नान करने के उपरान्त आपका यह रोग समाप्त हो जाएगा। वैद्यराज का वचन सुनकर नागराज वासुकि ने सभा बुलाई जिसमें समस्त अष्टकुली नागों को आमन्त्रित करके कहा कि आप लोगों में से जो कोई भी कैलासपर्वत से नदी लेकर आयेगा वह पुरस्कार स्वरूप जम्मू का राज्य प्राप्त करेगा। वासुकि का यह वचन सुनकर सभी नाग विभिन्न स्थानों से होते हुए कैलास की ओर प्रस्थान कर गए।

वासुकि नाग के कनिष्ठपुत्र भैडदेव जिन्हें वासुकि का विशेष स्नेह प्राप्त था वे अपनी बुद्धिमत्ता से सर्वप्रथम नदी को अवतरित करने में सफल हुए। उन्होंने सूर्यपुत्री तवी को जम्मू की ओर प्रवाहित किया। फल स्वरूप उन्हें जम्मू का राज्य प्राप्त हुआ। जहाँ दूसरी तरफ वासुकि के वरिष्ठ पुत्र काई देव कमण्डलु में जल भर कर ला रहे थे। उन्हें लगा कि वे ही सर्वप्रथम पहुंचेंगे किन्तु तवी नदी के प्रवाह का समाचार मार्ग में ही मिलने पर वे क्षुब्ध हुए। तब उनके क्षोभ की शाँति हेतु वासुकि ने उन्हें भी नदी प्रवाहित करने की अनुमति दी जिसके परिणामस्वरूप चन्द्रभागा नदी का अवतरण हुआ। काई देव ने भैड़ देव से बलपूर्वक आधा राज्य ले लिया और दक्षिण क्षेत्र का राज्य भैड़ देव तथा उत्तरी क्षेत्र का राज्य काई देव को मिला। जैसा कि जम्मू की लोकगीतियों में भी वर्णित है–

जम्मुआं दा टिक्का भैड़े गी मिलेया, अखनूरे दा काई।
बिच तवी दे भैड़ बसदा, अखनूर बसदा काई।
बिच जम्मुआं मिट्ठा पीर बसदा, बाबै कालका माई।। (पौंगर पृ. 15)

जब वासुकि के परिवार के साथ-साथ राज्य बटा तो वासुकि को बड़ा संताप हुआ। डोगरी के कारकों में वासुकि का यह दुःख आज भी सुनाई पड़ता है:–

जम्मू दा टिक्का पैड़ गी मिलया ते अखनूरे दा राजा काई।
वण्डी दित्ता ए राज जम्मुआ दा, वासुक आखेआ न पाओ दुआई।। (कारक)

इनके अतिरिक्त अन्य जो पुत्र पौत्र जहाँ-जहाँ पहुंचे वे वहीं के निवासी हो गए। यथा सुजान देव, मिलक देव, चालदेव, सुरगल देव ने भैड़ देव की राजधानी साम्बा में निवास किया। कैलख देव ने ठठर रायपुर गाँव (दुमाना) में अपना स्थान बनाया जो कि आज भव्य रूप में विद्यमान है। अलहण देव रियासी और तुलहण देव ने कश्मीर में अपना स्थान बनाया। वर्तमान में जम्मू नगर में उत्तर की तरफ नागदेवता का एक विशाल मन्दिर विद्यमान है। मान्यता है कि ये भी वासुकि नाग के पुत्रों में से एक है। यह स्थान बाबा कैलख देव नाम से प्रसिद्ध है। इनके प्रकटीकरण की कथा भी अतीव रोचक है ।जिस समय उपरोक्त घटनाक्रम हुए उस समय बावा कैलख देव ठठर ग्राम पहुंचे थे। जब उन्हें ज्ञात हुआ कि एक तरफ तवी नदी का प्रवाह हो गया है और दूसरी ओर चन्द्रभागा (चिनाब) भी प्रवाहित हो गई है और दोनों तरफ पर्याप्त मात्रा में जल ही जल है। भाइयों के परस्पर बँटवारे का समाचार भी उन्हें मिला। अन्ततोगत्वा उन्होंने इसी स्थान पर विश्राम करना उचित समझा। बाबा कैलख देव जी के वर्तमान निवास स्थान पर प्रकटीकरण के समय भारी

जंगल था। इस स्थान पर सेठ ब्राह्मण जाति के ग्वाले पशु चराते थे। दन्त कथा के अनुसार बावा जी प्रतिदिन इन ग्वालों के साथ कबड्डी आदि खेल खेलते, शाम को चले जाया करते थे। इस प्रकार बहुत समय व्यतीत हो गया। ग्वालों ने अपने कबीले में चर्चा की कि एक सुन्दर युवक प्रतिदिन हमारे साथ खेलता है, उसकी टोली कभी नहीं हारती और वह बालक बड़ा शक्तिशाली है। सेठ कबीले के सरदार और विचारकों ने विचार किया कि यह युवक कौन हो सकता है? संदेह व्यक्त किया गया कि यह युवा बालक किसी दूसरे कबीले का जासूस (गुप्तचर) हो सकता है और यह जासूसी करके हमारे पशुधन को भी हानि पहुँचा सकता है। निर्णय लिया गया कि अगले दिन उस जगह को कबीले के अंगरक्षक घेर लेंगे और उस युवक की सारी गतिविधियों का जायज़ा लेंगे अथवा उसे पकड़ लेंगे। निर्णयानुसार ऐसा ही हुआ। बावा जी जब खेल समाप्त होने पर कपड़े पहनने लगे तो घेरा बन्दी करके सतर्कता से उन्हें पकड़ में लिया गया। बावा जी चमत्कारिक रूप से लुप्त हो गए। इस पर ग्वाले व दूसरे पकड़ने वाले बन्धु आश्चर्यचकित हो गए।

उसी समय आकाशवाणी हुई कि "मैं कैलख देव हूँ और नाग वंशी वासुकि नाग का बेटा हूँ। कुछ समय पश्चात् मुझे आपके गाँव रायपुर में प्रकट होना था परन्तु आप लोगों ने शीघ्रता की। आज से यह जगह मेरा निवास स्थान होगी और मुझे क्षेत्र (बनी) के रूप में भेंट करनी होगी। इस स्थान पर कोई खेती आदि नहीं कर सकता है अथवा इस पर किसी का अधिकार नहीं होगा। आज से आपका वंश मुझे कुल देव मानेगा और पूजा इत्यादि की जिम्मेदारी भी निभाएगा।" बावा जी के आदेशानुसार रकवाल राजपूत बिरादरी ने बनी की सूरत में इस जगह को बावा जी को भेंट कर दिया क्योंकि यह स्थान इस बिरादरी की के स्वामित्व की थी।

वैदिक रीति के अनुसार बावा जी के लुप्त होने के स्थान पर आकृति रूप में प्रतिकृति (मोहरा) की स्थापना की गई। इस मोहरे पर पगड़ी बाँधे आदमी, नाग और शिवलिंग आदि की मूर्तियाँ अंकित हैं। सदियों पहले प्रकटीकरण के समय से आज तक सेठ बिरादरी बावा जी की पूजा तथा इस स्थान की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रही है।

बावा कैलख जी महाराज पुत्र दाता और दूध दाता के रूप में प्रसिद्ध देवता हैं। बावा जी निःसंतान लोगों को मन्नत माँगने पर पुत्र देते हैं। पशु धन के अभिलाषियों को दूध देते हैं अथवा पशुओं की रक्षा करते हैं। इसके अतिरिक्त बावा जी की शरण में आने वाले हर व्यक्ति की मनोकामना पूरी होने की पुष्टि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की वाणी से होती रहती है। बावा जी के मन्दिर के साथ बावा जी का तालाब भी है। इस कैलख गंगा में स्नान करने से मानसिक अथवा शारीरिक कष्ट दूर होते हैं। विशेष रूप से चर्मरोगों से निदान पाने के इच्छुओं को आकर्षक लाभ मिलता है। क्योंकि इस स्थान पर अपने पिता के चर्मरोग को ठीक करने के उद्देश्य से लाया गया जल भी उन्होंने यहीं छोड़ दिया। इस जल का घर में छिड़काव करने से धन और सुख शान्ति में वृद्धि होती है। पशुओं को पिलाने से उनकी बिमारियों का निर्वाण होता है। नागपञ्चमील (जम्मू में ऋषिपञ्चमी) को नागपूजा का वास्तविक उद्देश्य ही यह है कि हम श्रद्धापूर्वक दूध, गन्ध, अक्षत्, पुष्पादि समर्पित करके नागदेवता को प्रसन्न करें उन्हें अपना मित्र बनाएँ और उन्हें भी इस बात के लिए निर्भय करें कि हम आपके मित्र हैं।

निष्कर्ष– निष्कर्ष यह है कि सर्प, नाग हर तरह से मानवजाति के लिए उपकारी रहे हैं। हम वैदिक काल से लेकर आज तक के अन्यान्य उदाहरण, कथानक या प्रसंगों पर ध्यान दें तो ऐसे बहुत उदाहरण मिल जाएंगे जिनसे सर्पों के प्रति मानवीय क्रूरता प्रकट होती है। भारत के किसी भी कोने में कहीं भी ऐसी कथा नहीं है जिससे यह कहा जा सके कि सर्पों ने कभी मानव जाति को भयभीत किया हो। आजका विज्ञान भी कृषकों, ग्रामीणों, सामाजिक संस्थाओं एवं बुद्धिजीवियों से सर्पों की रक्षा हेतु उपाय करने का आह्वान करता है। हमारे धर्मग्रन्थों ने सहस्त्रों उदाहरणों में सर्पों को मानव का अभिन्न मित्र व्यक्त किया है।

अतः हम यह संकल्प लें कि किसी भी प्रकार से सर्पों (नागों) की हत्या नहीं करेंगे। उनके प्रति क्रूरता त्यागेंगे। वे अपने प्राणों की रक्षा करने के लिए कभी गलती से काटते हैं उनका स्वभाव हमलावर नहीं होता। विज्ञान तो कहता है कि 80 प्रतिशत से अधिक सर्पों में विष नहीं होता। अतः आवश्यकता है प्रकृति के और हमारे इस अभिन्न मित्र को बचाने की।

ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु।

ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः॥

॥ॐ शान्ति शान्ति शान्तिः॥

कुम्भ महापर्व – प्रयाग तीर्थ

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा।।

देवभूमि भारत के श्रेष्ठतम आयोजनों में सबसे बड़ा आयोजन है 'कुम्भ' मेले का। प्राचीन भारत की वैदिककालीन परम्पराओं का संवाहक यह 'कुम्भ' महापर्व है। इस महापर्व पर सम्पूर्ण विश्व में जहाँ-जहाँ सनातन हिन्दू धर्म के अनुयायी रहते हैं वे सभी मेले में आते है। और अमृतरूपी जल में डुबकी लगाकर स्नान करते हैं। यह मेला पूर्णतः धार्मिक आस्थाओं, परम्पराओं और संस्कृतियों को एक मंच पर इकट्ठा करने का महान् साधन है। 'कुम्भ' शब्द का अर्थ होता है कलश, घट या घड़ा और कुम्भ का एक व्यापक अर्थ ब्रह्माण्ड भी है। जिस प्रकार कुम्भ (घड़े) में जल को एकत्र किया जाता है उसी प्रकार कुम्भ मेले के माध्यम से भारतीय समाज को भी एकत्र करने का प्रयास किया गया है। यह मेला भारतीय ऋषियों द्वारा प्रवर्तित एक ऐसा उपक्रम है जिसके माध्यम से भाषा, संस्कृति, जाति, पंथ, सम्प्रदायादि को एकसूत्र में बाँधा गया है। कुम्भ मेले के सन्दर्भ में ऋग्वेद के दशम मण्डल में उल्लेख मिलता है कि "कुम्भ पर्व में जाने वाला मनुष्य स्नान, दान, होमादि के द्वारा अपने पापों को उसी प्रकार काट देता है जिस प्रकार कुठार वन को काट देता है। जिस प्रकार नदी अपने तटों को काटती हुई प्रवाहित होती है उसी प्रकार कुम्भ-पर्व मनुष्य के पूर्व संचित कर्मों से प्राप्त हुए मानसिक व शारीरिक पापों को नष्ट करता है और नूतन (कच्चे) घड़े की तरह निजस्वरूप को नष्ट कर संसार में नवीन सुवृष्टि प्रदान करता है।"

कुम्भ-महापर्व के आरंभ से सम्बंधित कथा पुराणों में अतिप्रसिद्ध है। पुराणों के अनुसार भगवान् विष्णु की आज्ञा से देवों तथा असुरों ने मिलकर संयुक्त रूप से समुद्र मंथन किया। इस महामंथन में मन्दराचल पर्वत को मथानी (मन्थनदण्ड) और वासुकिनाग को नेती (मन्थनरज्जु) बनाया गया। फलस्वरूप समुद्र के गर्भ से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई–

1. कालकूट विष, 2. पुष्पक विमान, 3. ऐरावत हाथी, 4. पारिजात वृक्ष, 5. अप्सरा रम्भा, 6. कौस्तुभ मणि, 7. बाल चन्द्रमा, 8. कुण्डल धनुष, 9. कामधेनु गाय, 10. उच्चैश्रवा अश्व, 11. ऐश्वर्य दात्री लक्ष्मी, 12. विश्वकर्मा, 13. शाङ्र्ग धनुष, 14. अमृत कलश लिए धन्वन्तरि।

लेखक
पं. सुरेश शास्त्री
फलित ज्योतिषाचार्य

देवताओं का संकेत पाकर इन्द्र के पुत्र जयन्त अमृत कलश लेकर वहाँ से भाग निकले। दैत्यगण उनका पीछा करते हुए परस्पर युद्ध करने लगे। इस प्रकार बारह दिव्य दिनों (मनुष्यों के बारह वर्ष) तक यह युद्ध चला। इस महायुद्ध में जिन-जिन स्थानों पर अमृत कलश (कुम्भ) से अमृत की बूँदें गिरीं उन स्थानों पर कुम्भ पर्व का आयोजन किया जाता है। वे चार स्थान हैं–

1. प्रयागराज (इलाहाबाद) 2. हरिद्वार
3. उज्जैन 4. नासिक।

इसी बारह वर्षीय युद्ध के कारण इन स्थानों पर बारह वर्ष में कुम्भ मेले का आयोजन होता है जो लगभग ढाई महीने तक चलता है। हरिद्वार तथा प्रयाग में छः वर्ष के बाद अर्धकुम्भ का मेला भी आयोजित होता है। जब हरिद्वार में अर्धकुम्भ हो तब नासिक में कुम्भ मेला और जब प्रयाग में अर्धकुम्भ हो तब उज्जैन में कुम्भ मेला होता है।

1- कुम्भ मेला हरिद्वार– कुम्भ राशि पर बृहस्पति का और मेष राशि पर सूर्य का योग होने पर हरिद्वार में पूर्णकुम्भ मेले का आयोजन होता है।

2. प्रयाग– वृष राशि पर बृहस्पति, सूर्य और चन्द्रमा मकर राशि में होने से प्रयागराज में पूर्ण कुम्भ मेले का आयोजन होता है। स्कंद पुराण में कहा गया है–

मकरे च दिवानाथे वृषगे च बृहस्पतौ।
कुम्भयोगो भवेत्तत्र प्रयागे ह्यतिदुर्लभः।। (स्कंद पुराण)

इसी प्रकार अन्यत्र भी कुम्भ पर्व योग सम्भावना का उल्लेख है—

माघे वृषगते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ।
अमायां च ततो योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके॥

माघ मास में अमावस्या तिथि पर जब सूर्य तथा चन्द्र मकर राशि में हों तथा गुरू (बृहस्पति) वृषराशि पर हों तब कुम्भ महापर्व का योग होता है।

3. उज्जैन— सिंह राशि पर बृहस्पति का और मेष राशि पर सूर्य का योग होने पर उज्जैन में पूर्ण कुम्भ मेले का आयोजन होता है। इसे सिंहस्थ कहते हैं।

4. नासिक— वृश्चिक राशि पर बृहस्पति का योग होने पर नासिक में पूर्ण कुम्भ का योग होता है।

इस प्रकार चारों स्थानों पर बारह-बारह वर्ष के पश्चात् एक महाकुम्भ पर्व होता है। महाकुम्भ पर्व का महत्त्व बतलाते हुए कहा गया है कि—

अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च।
लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भस्नाने च तत्फलम्॥

हजार अश्वमेधयज्ञ करने से, सौ वाजपेय यज्ञ करने से और पृथ्वी की लक्ष (लाख) प्रदक्षिणा करने से जो फल मिलता है वह मात्र कुम्भस्नान करने से प्राप्त होता है। कुम्भ पर्व में जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा, राज्य, संस्कृति, साहित्य, दर्शन, वेशभूषा अर्थात् पहनावा आदि सभी संदर्भों में अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। साधु-संत, धनी-मानी, विद्वान्, कर्मकाण्डी, योगी, ज्ञानी, कथावाचक, तत्त्वदर्शी, सिद्ध महापुरुष, सेठ-साहूकार, भिखारी, व्यापारी, गृहस्थ, संन्यासी, ब्रह्मचारी, कल्पवासी, अधिकारी, बूढ़े, जवान, आबालवृद्धवनिता सभी का वहाँ समागम होता है। विभिन्न धर्म, संस्कृति तथा सम्प्रदायों का संगम इन कुम्भ मेलों में होता है जो एक सहज आकर्षण है।

इस बार विक्रम संवत् 2069, अर्थात् 10 फरवरी 2013 ई०, रविवार को माघ मास की (मौनी) अमावस्या को सूर्य व चन्द्रमा मकर राशि पर इकट्ठे होंगे तथा गुरू वृष राशि में संचरित होंगे। अतः प्रयागराज (इलाहाबाद) में त्रिवेणी तट पर कुम्भ महापर्व का आयोजन होगा। त्रिवेणी पर प्रमुख स्नान, जप-पाठ, दानादि का विशेष पुण्यकाल सूर्योदय होने से चतुर्घटिका (चार घड़ी) पूर्व, अरुणोदय काल से अर्थात् प्रातः 5 बजकर 5 मिनट से आरम्भ होकर मध्याह्न 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा।

कुम्भ महापर्व की मुख्य तिथियाँ

1. **प्रथम शाही स्नान (माघ संक्रान्ति)** — पौष शुक्ल तृतीया, सोमवार 14 जनवरी, 2013 ई०।
2. **द्वितीय स्नान** — पौष शुक्ल एकादशी, मंगलवार, 22 जनवरी, 2013 ई०।
3. **तृतीय स्नान** — पौष शुक्ल पूर्णिमा, रविवार, 27 जनवरी, 2013 ई० रविपुष्य योग।
4. **चतुर्थ स्नान** — षट्तिला एकादशी, बुधवार, 6 फरवरी 2013 ई०।
5. **पंचम स्नान (प्रमुख-शाही स्नान)** — माघ मौनी अमावस्या, रविवार, 10 फरवरी 2013 ई०।
6. **षष्ठ स्नान (तृतीय शाही स्नान)** — वसन्त पंचमी, गुरुवार, 14 फरवरी 2013 ई०।
7. **सप्तम स्नान** — जया एकादशी, गुरूवार, 21 फरवरी, 2013 ई०।
8. **अष्टम स्नान विधि** — माघ पूर्णिमा, सोमवार, 25 फरवरी 2013 ई०।

कुछ आवश्यक सुधार

मेलों पर प्रायः सैकड़ों लुच्चे-लफंगे धन जन का अपहरण करते रहते हैं। स्त्रियों और बच्चों को बहकाने वालों की वहाँ कमी नहीं रहती। भगवे वेषधारियों में भी ऐसे दुराचारियों की एक बड़ी संख्या छिपी रहती है। अशिक्षित दम्भी तथाकथित कुछ तीर्थ पुरोहित भी उचित और अनुचित उपायों से यात्रियों को ठगते रहते हैं। मठ और मन्दिर भी राष्ट्रहित में अपना पूर्ण कर्त्तव्य नहीं निभा रहे हैं। प्राचीन युग में सदा नग्न तपस्या करने वाले दिगम्बर महात्मा सबके लिए पूज्य हैं, परन्तु आज सदा कपड़े पहनने वाले साधु तीर्थ पर आकर नंगे हो बड़ी शाहियों में सम्मिलित हो जाते हैं। ऐसे प्रपंची नकली नंगे साधुओं के विरुद्ध जनता को तीव्र आन्दोलन करना चाहिए। भिखारियों को भी सड़कों पर भीख मांगने से हटाना चाहिए। ऐसे ही समाज सुधार सम्बंधी कार्यों को क्रियात्मक रूप देने से हमारे राष्ट्र का कल्याण हो सकता है। सदाचार और श्रद्धापूर्वक हरिद्वार गंगा जी में स्नान करें। इसलिए कुंभ पर्व पर उपस्थित यात्रीगण व्रत, तप, जप आदि शुभ कर्मों के द्वारा अपना और राष्ट्र का ऐहिक और पारलौकिक कल्याण करें, यही हमारी जनता जनार्दन से प्रार्थना है।

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश वक्री-मार्गी एवं उदयास्त घण्टा मिनटों में (सन् 2012 – 13 ई०)

सूर्य राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ० मि०
31	मार्च	मीन	रेवती	प्रात: 05:52
13	अप्रैल	मेष	अश्विनी	सायं 07:17
27	अप्रैल	मेष	भरणी	11:00
10	मई	मेष	कृत्तिका	अर्धरात्रोपरि 05:15
14	मई	वृष	कृत्तिका	सायं 04:10
24	मई	वृष	रोहिणी	रात्रि 01:22
07	जून	वृष	मृगशिरा	रात्रि 11:18
14	जून	मिथुन	मृगशिरा	रात्रि 10:45
21	जून	मिथुन	आर्द्रा	रात्रि 10:14
05	जुलाई	मिथुन	पुनर्वसु	रात्रि 09:50
16	जुलाई	कर्क	पुनर्वसु	रात्रि 09:33
19	जुलाई	कर्क	पुष्य	रात्रि 09:20
02	अगस्त	कर्क	आश्लेषा	रात्रि 08:15
16	अगस्त	सिंह	मघा	सायं 05:38
30	अगस्त	सिंह	पूर्वाफाल्गुनी	दिवा 01:55
13	सितम्बर	सिंह	उत्तरा फाल्गुनी	दिवा 07:45
16	सितम्बर	कन्या	उत्तर फाल्गुनी	सायं 05:52
26	सितम्बर	कन्या	हस्त	रात्रि 11:15
10	अक्टूबर	कन्या	चित्रा	दिवा 12:15
17	अक्टूबर	तुला	चित्रा	प्रात: 05:49
23	अक्टूबर	तुला	स्वाती	रात्रि 10:41
06	नवम्बर	तुला	विशाखा	प्रात: 06:55
16	नवम्बर	वृश्चिक	विशाखा	प्रात: 05:35
19	नवम्बर	वृश्चिक	अनुराधा	दिवा 12:52
02	दिसम्बर	वृश्चिक	ज्येष्ठा	सायं 05:15
15	दिसम्बर	धनु	मूल	रात्रि 08:13
28	दिसम्बर	धनु	पूर्वाषाढ़ा	रात्रि 10:25

सन् 2013 ई.

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ० मि०
10	जनवरी	धनु	उत्तराषाढ़ा	अर्धरात्रोपरि 12:25
14	जनवरी	मकर	उत्तराषाढ़ा	प्रात: 06:56
23	जनवरी	मकर	श्रवण	अर्धरात्रोपरि 02:42
06	फरवरी	मकर	धनिष्ठा	प्रात: 05:56
12	फरवरी	कुंभ	धनिष्ठा	रात्रि 07:58
19	फरवरी	कुंभ	शतभिषा	दिवा 10:24
04	मार्च	कुंभ	पूर्वाभाद्रपद	सायं 04:50
14	मार्च	मीन	पूर्वाभाद्रपद	सायं 04:54
17	मार्च	मीन	उ.भा.	अर्धरात्रोपरि 01:12
31	मार्च	मीन	रेवती	दिवा 12:10

मंगल राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ० मि०
10	मई	सिंह	पूर्वा फाल्गुनी	08:52
14	जून	सिंह	उत्तरा फाल्गुनी	रात्रि 11:45
22	जून	कन्या	उत्तरा फाल्गुनी	रात्रि 11:59
11	जूलाई	कन्या	हस्त	06:40
03	अगस्त	कन्या	चित्रा	11:45
14	अगस्त	तुला	चित्रा	09:45
24	अगस्त	तुला	स्वाती	रात्रि 11:16
14	सितम्बर	तुला	विशाखा	06:09
28	सितम्बर	वृश्चिक	विशाखा	रात्रि 08:41
03	अक्तूबर	वृश्चिक	अनुराधा	दिवा 03:15
22	अक्तूबर	वृश्चिक	ज्येष्ठा	07:15
09	नवम्बर	धनु	मूल	09:39
27	नवम्बर	धनु	पूर्वाषाढ़ा	अर्धरात्रोपरि 01:06
14	दिसम्बर	धनु	उत्तराषाढ़ा	08:27
18	दिसम्बर	मकर	उत्तराषाढ़ा	दिवा 03:15
31	दिसम्बर	मकर	श्रवण	10:00

सन् 2013 ई.

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ० मि०
17	जनवरी	मकर	धनिष्ठा	08:03
25	जनवरी	कुंभ	धनिष्ठा	सायं 06:30
03	फरवरी	कुंभ	शतभिषा	प्रात: 04:55
19	फरवरी	कुंभ	पूर्वाभाद्रपद	अर्धरात्रोपरि 02:34
04	मार्च	मीन	पूर्वाभाद्रपद	रात्रि 08:35
08	मार्च	मीन	उत्तराभाद्रपद	अर्धरात्रोपरि 03:05
26	मार्च	मीन	रेवती	08:12

बुध राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ० मि०
13	अप्रैल	मीन	उत्तराभाद्रपद	रात्रि 09:32
26	अप्रैल	मीन	रेवती	सायं 06:26
05	मई	मेष	अश्विनी	रात्रि 09:02
13	मई	मेष	भरणी	दिवा 01:06
20	मई	मेष	कृत्तिका	07:35
21	मई	वृष	कृत्तिका	रात्रि 09:48
26	मई	वृष	रोहिणी	दिवा 01:04
01	जून	वृष	मृगशिरा	दिवा 03:13
04	जून	मिथुन	मृगशिरा	सायं 06:32
07	जून	मिथुन	आर्द्रा	अर्धरत्रोपरि 01:15
15	जून	मिथुन	पुनर्वसु	07:46
21	जून	कर्क	पुनर्वसु	सायं 06:40
23	जून	कर्क	पुष्य	अर्धरात्रोपरि 05:30

08	जूलाई	कर्क	आश्लेषा	10:33
21	जुलाई	कर्क	पुष्य	अर्धरात्रोपरि 04:00
21	अगस्त	कर्क	आश्लेषा	06:10
29	अगस्त	सिंह	मघा	प्रातः 05:10
04	सितम्बर	सिंह	पू.फा.	अर्धरात्रोपरि 02:50
11	सितम्बर	सिंह	उ.फा.	अर्धरात्रोपरि 02:12
13	सितम्बर	कन्या	उत्तराफाल्गुनी	रात्रि 09:30
19	सितम्बर	कन्या	हस्त	दिवा 12:05
27	सितम्बर	कन्या	चित्रा	12:00
01	अक्तूबर	तुला	चित्रा	सायं 05:40
05	अक्तूबर	तुला	स्वाती	अर्धरात्रोपरि 03:29
15	अक्तूबर	तुला	विशाखा	दिवा 02:16
23	अक्तूबर	वृश्चिक	विशाखा	दिवा 02:53
26	अक्तूबर	वृश्चिक	अनुराधा	सायं 05:05
16	नवम्बर	वृश्चिक	विशाखा	दिवा 03:25
18	**नवम्बर**	**बुध**	**वक्री**	**अर्धरात्रोपरि 03:12**
18	नवम्बर	तुला	विशाखा	अर्धरात्रोपरि 03:12
06	दिसम्बर	वृश्चिक	विशाखा	09:03
09	दिसम्बर	वृश्चिक	अनुराधा	प्रातः 05:40
18	दिसम्बर	वृश्चिक	ज्येष्ठा	रात्रि 11:23
27	दिसम्बर	धनु	मूल	रात्रि 10:05

सन् 2013 ई.

05	जनवरी	धनु	पूर्वाषाढ़ा	दिवा 01:23
13	जनवरी	धनु	उत्तराषाढ़ा	रात्रि 01:50
15	जनवरी	मकर	उत्तराषाढ़ा	रात्रि 10:45
21	जनवरी	मकर	श्रवण रात्रि	10:25
29	जनवरी	मकर	धनिष्ठा	दिवा 03:30
02	फरवरी	कुंभ	धनिष्ठा	10:27
06	फरवरी	कुंभ	शतभिषा	प्रातः 06:20
14	फरवरी	कुंभ	पूर्वाभाद्रपद	रात्रि 11:00
04	मार्च	बुध	वक्री(शतभि.)	07:58(रात्रि)
01	अप्रैल	कुंभ	पूर्वाभाद्रपदा	दिवा 03:00
09	अप्रैल	मीन	पू.भा.	अर्धरात्रोपरि 01:52

बृहस्पति राशि प्रवेश

03	मई	मेष	कृत्तिका	07:49
17	मई	वृष	कृत्तिका	09:35
29	जून	वृष	रोहिणी	अर्धरात्रोपरि 04:05

शुक्र राशि प्रवेश

25	मार्च	मेष	कृत्तिका	प्रातः 5:30
28	मार्च	वृष	कृत्तिका	दिवा 02:22
08	अप्रैल	वृष	रोहिणी	08:12
25	अप्रैल	वृष	मृगशिरा	रात्रि 11:20
03	जून	शुक्र वक्री	रोहिणी	सायं 04:04
22	जूलाई	वृष	मृगशिरा	रात्रि 11:55
31	जुलाई	मिथुन	मृगशिरा	रात्रि 07:45
08	अगस्त	मिथुन	आर्द्रा	दिवा 02:02
22	अगस्त	मिथुन	पुनर्वसु	दिवा 01:07
01	सितम्बर	कर्क	पुनर्वसु	06:15
04	सितम्बर	कर्क	पुष्य	09:35
16	सितम्बर	कर्क	आश्लेषा	दिवा 02:15
28	सितम्बर	सिंह	मघा	08:45
09	अक्तूबर	सिंह	पू॰फा॰	सायं 07:45
20	अक्तूबर	सिंह	उ॰फा॰	अर्धरात्रोपरि 01:14
23	अक्तूबर	कन्या	उ॰फा॰	रात्रि 07:55
31	अक्तूबर	कन्या	हस्त	अर्धरात्रोपरि 02:36
11	नवम्बर	कन्या	चित्रा	अर्धरात्रोपरि 00:45
17	नवम्बर	तुला	चित्रा	10:55
22	नवम्बर	तुला	स्वाती	रात्रि 08:35
03	दिसम्बर	तुला	विशाखा	दिवा 02:45
11	दिसम्बर	वृश्चिक	विशाखा	दिवा 03:30
14	दिसम्बर	वृश्चिक	अनुराधा	07:40
24	दिसम्बर	वृश्चिक	ज्येष्ठा	11:48

सन् 2013 ई.

04	जनवरी	धनु	मूल	दिवा 03:30
15	जनवरी	धनु	पू॰षा॰	प्रातः 06:35
25	जनवरी	धनु	उ॰षा॰	रात्रि 10:20
28	जनवरी	मकर	उ॰षा॰	दिवा 02:10
05	फरवरी	मकर	श्रवण	दिवा 01:45
16	फरवरी	मकर	धनिष्ठा	प्रातः 05:20
26	फरवरी	कुंभ	शतभिषा	रात्रि 09:15
09	मार्च	कुंभ	पू॰भा॰	दिवा 01:30
17	मार्च	मीन	पू॰भा॰	दिवा 01:58
20	मार्च	मीन	उ॰भा॰	प्रातः 06:15
30	मार्च	मीन	रेवती	रात्रि 11:35
10	अप्रैल	मेष	अश्विनी	सायं 05:30

शनि राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ॰ मि॰
16	मई	कन्या	चित्रा	प्रातः 06:30
04	अगस्त	तुला	चित्रा	प्रातः 08:36
11	अक्टूबर	तुला	स्वाती	अर्धरात्रोपरि 01:08

राहु राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ॰ मि॰
21	अक्टूबर	वृश्चिक	विशाखा	रात्रि 08:16
23	दिसम्बर	तुला	विशाखा	सायं 05:54

केतु राशि प्रवेश

दि.	मास	राशि	नक्षत्र	घ॰ मि॰
23	दिसम्बर	मेष	कृत्तिका	सायं 05:54

चन्द्र राशि प्रवेश

दि॰	मास	राशि	घ॰मि॰
24	मार्च	मेष	दिवा 03:11
26	मार्च	वृष	अर्धरात्रोपरि 04:03
29	मार्च	मिथुन	दिवा 04:45
31	मार्च	कर्क	अर्धरात्रोपरि 2:58
03	अप्रैल	सिंह	दिवा 09:06
05	अप्रैल	कन्या	दिवा 11:22
07	अप्रैल	तुला	दिवा 11:20
09	अप्रैल	वृश्चिक	दिवा 11:03
11	अप्रैल	धनु	दिवा 12:23
13	अप्रैल	मकर	सायं 04:31
15	अप्रैल	कुंभ	रात्रि 11:46
18	अप्रैल	मीन	दिवा 09:42
20	अप्रैल	मेष	रात्रि 09:31
23	अप्रैल	वृष	दिवा 10:25
25	अप्रैल	मिथुन	रात्रि 11:14
28	अप्रैल	कर्क	दिवा 10:17
30	अप्रैल	सिंह	सायं 05:56
02	मई	कन्या	रात्रि 09:41
04	मई	तुला	रात्रि 10:20
06	मई	वृश्चिक	रात्रि 09:41
08	मई	धनु	रात्रि 09:42
10	मई	मकर	रात्रि 12:06
13	मई	कुंभ	प्रातः 06:00
15	मई	मीन	दिवा 03:29
17	मई	मेष	अर्धरात्रोपरि 03:27
20	मई	वृष	दिवा 04:27
23	मई	मिथुन	प्रातः 5:06
25	मई	कर्क	सायं 04:12
27	मई	सिंह	रात्रि 12:42
30	मई	कन्या	प्रातः 06:02
01	जून	तुला	प्रातः 08:18
03	जून	वृश्चिक	प्रातः 08:33
05	जून	धनु	प्रातः 08:23
07	जून	मकर	प्रातः 09:39
09	जून	कुंभ	दिवा 02:00
11	जून	मीन	रात्रि 10:14
14	जून	मेष	प्रातः 09:46
16	जून	वृष	रात्रि 10:45
19	जून	मिथुन	दिवा 11:13
21	जून	कर्क	रात्रि 09:52
24	जून	सिंह	प्रातः 06:16
26	जून	कन्या	दिवा 12:17
28	जून	तुला	दिवा 04:00
30	जून	वृश्चिक	सायं 05:48
02	जुलाई	धनु	सायं 06:38
04	जुलाई	मकर	सायं 07:55
06	जुलाई	कुंभ	रात्रि 11:20
09	जुलाई	मीन	प्रातः 06:19
11	जुलाई	मेष	सायं 05:00
14	जुलाई	वृष	प्रातः 05:48
16	जुलाई	मिथुन	सायं 06:14
18	जुलाई	कर्क	अर्धरात्रोपरि 04:27
21	जुलाई	सिंह	दिवा 12:06
23	जुलाई	कन्या	सायं 05:40
25	जुलाई	तुला	रात्रि 09:45
27	जुलाई	वृश्चिक	रात्रि 12:45
29	जुलाई	धनु	अर्धरात्रोपरि 03:01
01	अगस्त	मकर	प्रातः 05:19
03	अगस्त	कुंभ	प्रातः 08:55
05	अगस्त	मीन	दिवा 03:15
07	अगस्त	मेष	रात्रि 01:05
10	अगस्त	वृष	दिवा 01:32
12	अगस्त	मिथुन	रात्रि 02:08
15	अगस्त	कर्क	दिवा 12:22
17	अगस्त	सिंह	सायं 07:26
19	अगस्त	कन्या	रात्रि 12:00
21	अगस्त	तुला	अर्धरात्रोपरि 03:15
24	अगस्त	वृश्चिक	प्रातः 06:11
26	अगस्त	धनु	09:16
28	अगस्त	मकर	दिवा 12:47
30	अगस्त	कुंभ	सायं 05:20
01	सितम्बर	मीन	रात्रि 11:50
04	सितम्बर	मेष	प्रातः 09:24
06	सितम्बर	वृष	प्रातः 09:30
09	सितम्बर	मिथुन	प्रातः 10:22
11	सितम्बर	कर्क	रात्रि 09:13
13	सितम्बर	सिंह	अर्धरात्रोपरि 04:27
16	सितम्बर	कन्या	प्रातः 08:22
18	सितम्बर	तुला	प्रातः 10:23
20	सितम्बर	वृश्चिक	दिवा 12:06
22	सितम्बर	धनु	दिवा 02:38
24	सितम्बर	मकर	सायं 06:32
26	सितम्बर	कुंभ	रात्रि 12:03
29	सितम्बर	मीन	प्रातः 07:27
01	अक्टूबर	मेष	सायं 05:10
04	अक्टूबर	वृष	प्रातः 05:09
06	अक्टूबर	मिथुन	सायं 06:10
09	अक्टूबर	कर्क	प्रातः 05:54
11	अक्टूबर	सिंह	दिवा 02:11
13	अक्टूबर	कन्या	सायं 06:31
15	अक्टूबर	तुला	सायं 07:58
17	अक्टूबर	वृश्चिक	रात्रि 08:17
19	अक्टूबर	धनु	रात्रि 09:15
21	अक्टूबर	मकर	रात्रि 12:17
24	अक्टूबर	कुंभ	प्रातः 05:33
26	अक्टूबर	मीन	दिवा 01:35
28	अक्टूबर	मेष	रात्रि 11:55
31	अक्टूबर	वृष	दिवा 12:04
02	नवम्बर	मिथुन	रात्रि 01:05
05	नवम्बर	कर्क	दिवा 01:25
07	नवम्बर	सिंह	रात्रि 11:04
09	नवम्बर	कन्या	अर्धरात्रोपरि 04:50
12	नवम्बर	तुला	प्रातः 07:00
14	नवम्बर	वृश्चिक	प्रातः 06:55
16	नवम्बर	धनु	प्रातः 06:30
18	नवम्बर	मकर	प्रातः 07:35
20	नवम्बर	कुंभ	दिवा 11:38

रवियोग

सूर्यभाद्वेद-गो-तर्क-दिग्विश्व-नरव-सम्मिते।
चन्द्रर्क्षैरवियोगाः स्युर्दोषसंघविनाशकाः॥

जिस नक्षत्र पर सूर्य हो उससे चौथे, छठे, नवें, दसवें, तेरहवें तथा बीसवें नक्षत्र पर यदि चन्द्रमा हो तो दोष समूह को नष्ट करने वाला रवि योग होता है। स्पष्ट ज्ञान के लिए कोष्ठक निम्नलिखित है। (मु॰चि॰ मणि)

सूर्यनक्षत्र	चन्द्र नक्षत्र					
अश्वि	रोहि.	आर्द्रा	आश्ले	मघा	हस्त	पू.षा.
भर.	मृग.	पुन.	मघा	पू.फा.	चित्रा	उ.षा
कृत्ति.	आर्द्रा	पुष्य	पू.फा.	उ.फा.	स्वाति	श्रव
रोहि.	पुन	आश्ले	उ.फा.	हस्त	विशा.	धनि
मृग.	पुष्य	मघा	हस्त	चित्रा	अनु.	शत
आर्द्रा	आश्ले	पू.फा	चित्रा	स्वाति	ज्येष्ठा	पू.भा
पुन.	मघा	उ.फा.	स्वाति	विशा	मूल	उ.भा
पुष्य	पू.फा	हस्त	विशा	अनु	पू.षा	रेव
आश्ले	उ.फा	चित्रा	अनु	ज्ये	उ.षा	अश्वि
मघा	हस्त	स्वा	ज्ये	मूल	श्रव	भर
पू.फा	चित्रा	विशा	मूल	पू.षा	धनि	कृत्ति
उ.फा.	स्वा	अनु	पू.षा.	उ.षा.	शत.	रोहि.
हस्त	विशा	ज्ये	उ.षा.	श्रव	पू.भा.	मृग.
चित्रा	अनु	मूल	श्रव	धनि	उ.भा.	आर्द्रा
स्वा.	ज्ये.	पू.षा	धनि.	शत.	रेव	पुन
विशा.	मूल	उ.षा.	शत.	पू.भा.	अश्वि.	पुष्य
अनु.	पू.षा.	श्रव	पू.भा.	उ.भा.	भर	आश्ले.
ज्ये.	उ.षा.	धनि.	उ.भा.	रेव.	कृत्ति.	मघा
मूल	श्रव.	शत.	रेव.	अश्वि.	रोहि.	पू.फा.
पू.षा.	धनि.	पू.भा.	अश्वि.	भर	मृग.	उ.फा.
उ.षा.	शत.	उ.भा.	भर	कृत्ति.	आर्द्रा	हस्त
श्रव.	पू.भा.	रेव.	कृत्ति.	रोहि.	पुन.	चित्रा
धनि	उ.भा.	अश्वि.	रोहि.	मृग.	पुष्य	स्वा
शत.	रेव.	भर	मृग.	आर्द्रा	आश्ले.	विशा.
पू.भा.	अश्वि	कृत्ति.	आर्द्रा	पुन.	मघा	अनु.
उ.भा.	भर	रोहि.	पुन.	पुष्य	पू.फा.	ज्ये.
रेव.	कृत्ति	मृग.	पुष्य	आश्ले	उ.फा.	मूल

ता॰ मास घ॰ मि॰

सन् 2012 ई॰

दि॰	मास	घ॰ मि॰
26	मार्च	रवि योग रात्रि 09:15 तक
28	मार्च	पूरा दिन
02	अप्रैल	प्रातः 09:34 तक
03	अप्रैल	प्रातः 09:06 तक
05	अप्रैल	पूरा दिन
12	अप्रैल	11:11 तक
13	अप्रैल	10:35 तक
25	अप्रैल	09:49 तक
28	अप्रैल	दिवा 04:40 तक
01	मई	सायं 05:23 तक
02	मई	दिवा 04:06 तक
05	मई	प्रातः 08:55 तक
12	मई	सायं 05:43 तक
24	मई	पूरा दिन
25	मई	पूरा दिन
27	मई	पूरा दिन
30	मई	पूरा दिन
31	मई	पूरा दिन
03	जून	दिवा 01:51 तक
10	जून	प्रातः 07:03
24	जून	प्रातः 06:16
26	जून	प्रातः 06:24
28	जून	पूरा दिन
29	जून	पूरा दिन
02	जूलाई	सायं 06:38 तक
10	जूलाई	दिवा 02:32 तक
23	जूलाई	दिवा 11:48 तक
25	जूलाई	दिवा 10:18 तक
28	जूलाई	पूरा दिन
31	जूलाई	पूरा दिन
08	अगस्त	पूरा दिन
21	अगस्त	दिवा 03:55
23	अगस्त	दिवा 01:13 तक

सिद्धयोग

ता॰	मास	घ॰ मि॰
23	मार्च	पूरा दिन
4	अप्रैल	पूरा दिन
14	अप्रैल	पूरा दिन
24	अप्रैल	पूरा दिन
26	अप्रैल	पूरा दिन
27	अप्रैल	पूरा दिन
5	मई	पूरा दिन
8	मई	पूरा दिन
10	मई	पूरा दिन
11	मई	पूरा दिन
19	मई	पूरा दिन
31	मई	पूरा दिन
6	जून	पूरा दिन
14	जून	पूरा दिन
15	जून	पूरा दिन
23	जून	पूरा दिन
7	जुलाई	पूरा दिन
17	जुलाई	पूरा दिन
20	जुलाई	पूरा दिन
25	जुलाई	पूरा दिन
31	जुलाई	पूरा दिन
2	अगस्त	पूरा दिन
3	अगस्त	पूरा दिन
11	अगस्त	पूरा दिन
15	सितम्बर	पूरा दिन
18	सितम्बर	पूरा दिन
20	सितम्बर	पूरा दिन
21	सितम्बर	पूरा दिन
29	सितम्बर	पूरा दिन
3	नवम्बर	11:39 मिनट तक
8	दिसम्बर	7:48 तक
11	दिसम्बर	पूरा दिन
14	दिसम्बर	पूरा दिन
19	दिसम्बर	पूरा दिन
24	दिसम्बर	पूरा दिन
9	जनवरी	पूरा दिन
23	जनवरी	पूरा दिन
27	फरवरी	पूरा दिन
13	मार्च	पूरा दिन

अमृतयोग

ता॰	मास	घ॰ मि॰
30	मार्च	पूरा दिन
3	अप्रैल	पूरा दिन
5	अप्रैल	पूरा दिन
23	अप्रैल	पूरा दिन
7	मई	पूरा दिन
26	मई	पूरा दिन
27	मई	पूरा दिन
26	जून	पूरा दिन
28	जून	पूरा दिन
11	जुलाई	पूरा दिन
12	जुलाई	पूरा दिन
28	जुलाई	पूरा दिन
29	जुलाई	पूरा दिन
30	जुलाई	पूरा दिन
15	अगस्त	पूरा दिन
24	अगस्त	पूरा दिन
29	अगस्त	पूरा दिन
7	सितम्बर	पूरा दिन
17	सितम्बर	पूरा दिन
3	अक्तूबर	पूरा दिन
4	अक्तूबर	पूरा दिन
12	अक्तूबर	पूरा दिन
16	अक्तूबर	पूरा दिन
26	अक्तूबर	पूरा दिन
30	अक्तूबर	पूरा दिन
21	नवम्बर	पूरा दिन
30	नवम्बर	पूरा दिन
9	दिसम्बर	पूरा दिन
21	दिसम्बर	पूरा दिन
27	दिसम्बर	पूरा दिन
	(सन् 2013 ई.)	
4	जनवरी	पूरा दिन
8	जनवरी	पूरा दिन
18	जनवरी	पूरा दिन
22	जनवरी	पूरा दिन
30	जनवरी	पूरा दिन
31	जनवरी	दिवा 11:12 मि. तक
26	फरवरी	पूरा दिन
2	मार्च	पूरा दिन
3	मार्च	पूरा दिन
4	मार्च	पूरा दिन
12	मार्च	पूरा दिन
16	मार्च	पूरा दिन
17	मार्च	पूरा दिन
20	मार्च	पूरा दिन
21	मार्च	पूरा दिन
29	मार्च	पूरा दिन
3	अप्रैल	पूरा दिन
4	अप्रैल	पूरा दिन

रवि पुष्य योग

ता॰	मास	घ॰ मि॰
1	अप्रैल	9:12 के बाद
29	अप्रैल	सम्पूर्ण दिवस
30	दिसम्बर	प्रातः 8:06 मि. के बाद
27	जनवरी	सम्पूर्ण दिवस
24	मार्च	10:16 के बाद

गुरु पुष्य योग

ता॰	मास	घ॰ मि॰

रवियोग

सूर्यभाद्वेद-गो-तर्क-दिग्विश्व-नरव-सम्मिते।
चन्द्रर्क्षेरवियोगाः स्युर्दोषसंघविनाशकाः॥

जिस नक्षत्र पर सूर्य हो उससे चौथे, छठे, नवें, दसवें, तेरहवें तथा बीसवें नक्षत्र पर यदि चन्द्रमा हो तो दोष समूह को नष्ट करने वाला रवि योग होता है। स्पष्ट ज्ञान के लिए कोष्ठक निम्नलिखित है। (मु॰चि॰ मणि)

सूर्यनक्षत्र	चन्द्र नक्षत्र					
अश्वि	रोहि.	आर्द्रा	आश्ले	मघा	हस्त	पू.षा.
भर.	मृग.	पुन.	मघा	पू.फा.	चित्रा	उ.षा
कृत्ति.	आर्द्रा	पुष्य	पू.फा.	उ.फा.	स्वाति	श्रव
रोहि.	पुन	आश्ले	उ.फा.	हस्त	विशा.	धनि
मृग.	पुष्य	मघा	हस्त	चित्रा	अनु.	शत
आर्द्रा	आश्ले	पू.फा	चित्रा	स्वाति	ज्येष्ठा	पू.भा
पुन.	मघा	उ.फा.	स्वाति	विशा	मूल	उ.भा
पुष्य	पू.फा	हस्त	विशा	अनु	पू.षा	रेव
आश्ले	उ.फा	चित्रा	अनु	ज्ये	उ.षा	अश्वि
मघा	हस्त	स्वा	ज्ये	मूल	श्रव	भर
पू.फा	चित्रा	विशा	मूल	पू.षा	धनि	कृत्ति
उ.फा.	स्वा	अनु	पू.षा.	उ.षा.	शत.	रोहि.
हस्त	विशा	ज्ये	उ.षा.	श्रव	पू.भा.	मृग.
चित्रा	अनु	मूल	श्रव	धनि	उ.भा.	आर्द्रा
स्वा.	ज्ये.	पू.षा	धनि.	शत.	रेव	पुन
विशा.	मूल	उ.षा.	शत.	पू.भा.	अश्वि.	पुष्य
अनु.	पू.षा.	श्रव	पू.भा.	उ.भा.	भर	आश्ले.
ज्ये.	उ.षा.	धनि.	उ.भा.	रेव.	कृत्ति.	मघा
मूल	श्रव.	शत.	रेव.	अश्वि.	रोहि.	पू.फा.
पू.षा.	धनि.	पू.भा.	अश्वि.	भर	मृग.	उ.फा.
उ.षा.	शत.	उ.भा.	भर	कृत्ति.	आर्द्रा	हस्त
श्रव.	पू.भा.	रेव.	कृत्ति.	रोहि.	पुन.	चित्रा
धनि	उ.भा.	अश्वि.	रोहि.	मृग.	पुष्य	स्वा
शत.	रेव.	भर	मृग.	आर्द्रा	आश्ले.	विशा.
पू.भा.	अश्वि	कृत्ति.	आर्द्रा	पुन.	मघा	अनु.
उ.भा.	भर	रोहि.	पुन.	पुष्य	पू.फा.	ज्ये.
रेव.	कृत्ति	मृग.	पुष्य	आश्ले	उ.फा.	मूल

ता॰ मास घ॰ मि॰

सन् 2012 ई॰

दि॰	मास	घ॰ मि॰
26	मार्च	रवि योग रात्रि 09:15 तक
28	मार्च	पूरा दिन
02	अप्रैल	प्रातः 09:34 तक
03	अप्रैल	प्रातः 09:06 तक
05	अप्रैल	पूरा दिन
12	अप्रैल	11:11 तक
13	अप्रैल	10:35 तक
25	अप्रैल	09:49 तक
28	अप्रैल	दिवा 04:40 तक
01	मई	सायं 05:23 तक
02	मई	दिवा 04:06 तक
05	मई	प्रातः 08:55 तक
12	मई	सायं 05:43 तक
24	मई	पूरा दिन
25	मई	पूरा दिन
27	मई	पूरा दिन
30	मई	पूरा दिन
31	मई	पूरा दिन
03	जून	दिवा 01:51 तक
10	जून	प्रातः 07:03
24	जून	प्रातः 06:16
26	जून	प्रातः 06:24
28	जून	पूरा दिन
29	जून	पूरा दिन
02	जूलाई	सायं 06:38 तक
10	जूलाई	दिवा 02:32 तक
23	जूलाई	दिवा 11:48 तक
25	जूलाई	दिवा 10:18 तक
28	जूलाई	पूरा दिन
31	जूलाई	पूरा दिन
08	अगस्त	पूरा दिन
21	अगस्त	दिवा 03:55
23	अगस्त	दिवा 01:13 तक

26	अगस्त	प्रातः 09:16 तक
29	अगस्त	प्रातः 06:09 के बाद
30	अगस्त	दिवा 01:55 के बाद
07	सितम्बर	सायं 05:52 तक
19	सितम्बर	सायं 09:29 तक
21	सितम्बर	दिवा 04:02 तक
24	सितम्बर	दिवा 12:42 तक
25	सितम्बर	दिवा 12:11
29	सितम्बर	दिवा 01:44
06	अक्टूबर	दिनभर
18	अक्टूबर	दिनभर
20	अक्टूबर	सायं 07:34 तक
23	अक्टूबर	सायं 05:27 तक
24	अक्टूबर	सायं 05:47 तक
25	अक्टूबर	सायं 06:38 तक
28	अक्टूबर	पूरा दिन
05	नवम्बर	सायं 07:59 तक
06	नवम्बर	सूर्योदय से पूरा दिन
16	नवम्बर	पूरा दिन
18	नवम्बर	पूरा दिन
19	नवम्बर	दिवा 12:52 से पूरा दिन
22	नवम्बर	पूरा दिन
23	नवम्बर	पूरा दिन
27	नवम्बर	दिवा 11:35 तक
05	दिसम्बर	पूरादिन

18	दिसम्बर	प्रातः 7:33 से पूरा दिन
22	दिसम्बर	दिवा 12:01 तक
23	दिसम्बर	दिवा 02:45 तक
24	दिसम्बर	पूरा दिन
04	जनवरी	दिवा 01:58 तक
15	जनवरी	दिवा 04:44 तक
17	जनवरी	सायं 05:40 तक
20	जनवरी	पूरा दिन
21	जनवरी	पूरा दिन
26	जनवरी	दिवा 02:44 तक
02	फरवरी	सायं 06:46 तक
13	फरवरी	पूरा दिन
15	फरवरी	पूरा दिन
19	फरवरी	प्रातः 10:24 तक
20	फरवरी	सायं 05:40 तक
21	फरवरी	पूरा दिन
24	फरवरी	पूरा दिन
03	मार्च	पूरा दिन
04	मार्च	पूरा दिन
15	मार्च	दिवा 02:52 तक
17	मार्च	सायं 07:47 तक
18	मार्च	पूरा दिन
21	मार्च	पूरा दिन
23	मार्च	प्रातः 09:03 तक
26	मार्च	प्रातः 10:42 तक

कुशोत्पाटिनी अमावास्या महत्त्व

भाद्रपद मास की अमावास्या तिथि कुशोत्पाटिनी अमावास्या के नाम से जानी जाती है। इस दिन वर्ष भर के धार्मिक कृत्यों तथा श्राद्धादि कृत्यों के लिये कुश-उत्पाटन किया जाता है। यह तिथि पूर्वाह्णव्यापिनी ली जाती है। हिन्दुओं के किसी भी धार्मिक क्रियाकलाप में कुश की अनिवार्यता होती है-

पूजाकाले सर्वदैव कुशहस्तो भवेच्छुचिः।
कुशेन रहिता पूजा विफला कथिता मया।। (शब्दकल्पद्रुम)

अतः प्रत्येक गृहस्थ को इस दिन कुश-सञ्चय करना चाहिये। शास्त्र में दस प्रकार के कुशों का विवरण प्राप्त होता है-

कुशाः काशा यवा दूर्वा उशीराश्च सकुन्दकाः।
गोधूमा ब्राह्मयो मौञ्जा दश दर्भाः सबल्वजाः।।

इनमें से जो भी कुश इस तिथि को मिल जाय, वही ग्रहण कर लेना चाहिये।

जिस कुश मूल सुतीक्ष्ण हो, जिसमें पत्ती हो, अग्रभाग कटा न हो और हरा हो, वह देव तथा पितृ दोनों कार्यों के लिये उपयुक्त होता है। कुश-उत्पाटन के लिये इस तिथि को पूर्वाह्ण में दर्भस्थल पर जाकर पूर्व या उत्तराभिमुख बैठकर निम्न मन्त्र पढ़ें और 'हुँ फट्' कहकर दाहिने हाथ से एक बार में कुश उखाड़ें-

विरञ्चिना सहोत्पन्न परमेष्ठिन्निसर्गज।
नुद सर्वाणि पापानि दर्भ स्वस्तिकरो भव।।

धर्मशिक्षा

सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। सत्यान्न प्रमदितव्यम्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। कुशलान्न प्रमदितव्यम्। भूत्यै न प्रमदितव्यम्। देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्।

(तैत्तिरीय. 1/11/1)

सत्य बोलो। धर्म का आचरण करो। स्वाध्याय से कभी न चूको। सत्य से कभी नहीं डिगना चाहिये। धर्म से नहीं डिगना चाहिये। शुभ कर्मों से कभी नहीं चूकना चाहिये। [illegible] कभी नहीं चूकना चाहिये। देवकार्य से और पितृकार्य

बारह-राशियों का मासगत एवं वार्षिक फलादेश सन् ई॰ 2012

लेखक :- पं॰ उपेन्द्र भार्गव

मेषराशि (Aries) (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

वर्षफल– मेष राशि वाले जातकों के वर्षफल से ज्ञात होता हे कि आपकी राशि से सप्तमस्थ होकर तुला राशि में शनि का संचार गत वर्ष से ही है। और इस वर्ष के अन्त तक यही स्थिति बनी रहेगी किन्तु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त तक शनि का भ्रमण कन्या राशि में भी रहेगा। इसी प्रकार वृहस्पति भी मेष राशि में आपकी राशि से प्रथम संचार कर रहा है और इस वर्ष 16 मई तक इसी स्थिति में बना रहेगा। इसके उपरान्त 17 मई से इस वर्ष के अन्त तक वृष राशि में स्थित होकर आपकी राशि से द्वितीयस्थ शुभ अवस्था में भ्रमण करेगा। राहु, केतु भी आपकी राशि से क्रमशः अष्टम, द्वितीयस्थ होकर वृश्चिक एवं वृष राशि में गत वर्ष से ही अधिष्ठित हैं जो कि 25 दिसम्बर तक इसी अवस्था में बने रहेंगे। तदुपरान्त 26 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला एवं मेष राशि में प्रवेश करके सप्तम एवं प्रथम भावगत होकर संचरण करेंगे। इस वर्ष गुरू-शनि, केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक रहेगा और शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि एवं गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि क्रमशः 1 जनवरी से 16 मई व 17 मई से 25 दिसम्बर तक बनी रहेगी।

दिनांक 17 मई से 31 दिसम्बर तक वृहस्पति शुभ अवस्था में होकर विचरण करेगा। अन्य ग्रहों की स्थिति अशुभ स्थानों की ओर संकेत करती है। किंतु बृहस्पति शुभफलदायक रहेगा जिससे धन लाभ होगा और पारिवारिक सफलता प्राप्त कराएगा। इसी अवधि में किसी श्रेष्ठ शुभ कार्य की सम्पन्नता भी होगी। इस वर्ष प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से धन सम्पदा की वृद्धि के योग हैं किंतु अन्य ग्रहों की अशुभ स्थिति के कारण व्यावसायिक कार्यों एवं अर्थव्यवस्था में लाभ-हानि का क्रम बना रहेगा। ऋण लेने की स्थिति भी बन सकती है साथ ही मानसिक क्लेश होगा तथा स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता बनी रहेगी। गृहक्लेश, पति-पत्नी में कलह की स्थिति बनेगी। विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करना होगा। विरोधियों का अधिक सामना होगा। विषम परिस्थितियों में आत्मनियन्त्रण रखें, शाँति एवं धैर्य धारण करना लाभदायक होगा। सम्पूर्ण वर्ष प्रथम दृष्ट्या सामान्य रहेगा किन्तु तनाव एवं चिन्ता बनी रहेगी।

मासिक फल

जनवरी – इस मास के पूर्व पक्ष में आपकी राशि से नवम में सूर्य, पंचम में मंगल रहेगा, उत्तरपक्ष में सूर्य दशम में तथा शनि सप्तम भाव में संचार करेंगे। फलस्वरूप इस मास में यात्रा होगी, पिता-पुत्र के संबंधों में वैचारिक मतभेद उत्पन्न होंगे।

फरवरी – सूर्य के दशमभाव में जाने पर तथा एकादशभाव में संक्रमण करने पर तथा प्रथम भाव में गुरू के रहने पर साथ ही शनि सप्तम, राहु-केतु के अष्टम-द्वितीय में होने से दाम्पत्य सुख में कमी आयेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। आर्थिक रूप से अस्थिरता रहेगी।

मार्च – मास के पूर्वार्ध एवं उत्तरार्ध में सूर्य का भ्रमण एकादश, द्वादश में होगा तथा राहु केतु अष्टम, द्वितीय में रहेंगे। आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। धन लाभ होने के साथ ही व्यय के योग हैं। वित्तीय व्यवस्था में उतार-चढ़ाव होगा।

अप्रैल – आपकी राशि में द्वादशवें भाव में सूर्य एवं बुध का योग मानसिक कष्ट देगा। उद्योग, नौकरी आदि में तनाव होगा। मास के उत्तरार्ध में सूर्य गुरू का योग आपकी राशि पर होने से सफलता मिलेगी तथा किसी विशेष व्यक्ति से संपर्क हो सकता है।

मई – इस मास का पूर्वपक्ष सूर्य बुध गुरू के संयोग प्रथम भाव में होने से प्रयासों में सफलता मिलेगी। वरिष्ठ जनों अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। उत्तरपक्ष में सूर्य-केतु के द्वितीय भावगत योग से तनाव बढ़ेगा और उत्साह की न्यूनता होगी।

जून – पूर्वार्ध में आपकी राशि से सूर्य, बुध, शुक्र, गुरू, केतु द्वितीयस्थ होंगे। उत्तरार्ध में सूर्य, बुध तृतीय रहेंगे। उद्योग, व्यापार आदि की स्थिति में उथल-पुथल होगी। व्यावसायिक एवं घरेलु समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

जुलाई – इस मास के पूर्वार्ध में सूर्य तृतीय, मंगल षष्ठगत होने से साहस में वृद्धि होगी। कार्य करने में उत्साह रहेगा, नए कार्यारंभ करने की सोचेंगे। धन लाभ होगा सफलता मिलेगी। मास का उत्तरार्ध संतोषजनक नहीं है। स्वास्थ्य के प्रति चिंता हो सकती है।

अगस्त – पूर्वार्ध में सूर्य बुध चतुर्थभाव में तथा मंगल षष्ठ भाव में होने से आप संपत्ति विवादों में विजय प्राप्त करेंगे। किंतु मास के उत्तरार्ध में मंगल सप्तम, राहु, केतु क्रमशः अष्टम द्वितीय में होने से परेशानी, क्लेशकारक होंगे। चिंता होगी।

सितम्बर – इस मास के पूर्वार्ध में पंचमभाव में सूर्य, बुध एवं शनि सप्तमस्थ रहेगा। व्यावसायिक तनाव एवं चिन्ता बढ़ेगी। विरोधियों द्वारा आक्षेप लगेंगे। मास के उत्तरार्ध में सूर्य बुध षष्ठम होकर लाभदायी सिद्ध होंगे। रोजगार के अवसर मिलेंगे।

अक्तूबर – षष्ठ भाव में सूर्य मंगल का योग धनलाभ देगा, सफलता के योग बनेंगे।

शत्रु पक्ष कमजोर होगा। मास के उत्तरार्ध में सूर्य और शनि गृहस्थ सुख कम करेंगे। पिता-पुत्र में परस्पर विवाद की स्थिति बनेगी।

नवम्बर– मासारंभ में सूर्य शनि का योग सप्तम भाव में होने से वैवाहिक सम्बंधों में तनाव हो सकता है। व्यावसायिक समस्याएँ भी बढ़ेंगी। मास के उत्तरार्ध में सूर्य राहु अष्टम होने से आक्षेपों का सामना करना पड़ सकता है। किसी अप्रिय घटना की आशंका बनेगी।

दिसम्बर – मास का पूर्वार्ध सूर्य राहु की अष्टम युति से ग्रस्त होने से क्लेशकारी होगा। तात्कालिक कष्ट होगा। मास के उत्तरार्ध में यात्रा से बचें।

वृष (Taurus) (इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

वर्षफल– वृष राशि के जातकों की राशि में गत वर्ष से तुला राशि में शनि षष्ठ भावस्थ होकर संचार कर रहा है और वर्षान्त तक इसी स्थिति में विचरण करेगा। 28 मई से अगस्त मास तक पंचमस्थ होकर भी भ्रमण करेगा। वृहस्पति विगत वर्ष से ही आपकी राशि से द्वादश भाव में है और इस वर्ष 16 मई तक इसी अवस्था में रहेगा। पुनः 17 मई से वर्षान्त तक वृष में स्थित होकर प्रथम संचार करेगा। इसी प्रकार राहु केतु भी सप्तम भाव तथा प्रथम भाव में वृश्चिक-वृष राशि में स्थित होकर संचार कर रहे हैं और इस वर्ष 25 दिसम्बर तक इसी स्थिति में रहेंगे। तदनन्तर 26 दिसम्बर से तुला-मेषस्थ होकर षष्ठम द्वादशभाव में संचरित होंगे। गुरू शनि एवं केतु शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त और शनि राहु व गुरू केतु का युति सम्बंघ 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। इसी प्रकार गुरू शनि व गुरू राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि क्रमशः 1 जनवरी से 16 मई व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी।

फलस्वरूप इस वर्ष की स्थिति सुदृढ़ बनेगी। विभिन्न उपलब्धियों को प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। न्यायालय राजकार्य आदि में विजयश्री मिलेगी। पदोन्नति या पुरस्कार की संभावना बनेगी। किन्तु साथ ही पारिवारिक व्यय में वृद्धि होगी। आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। सन्तान हेतु विशेष व्यय होगा। यात्राओं के योग बनेंगे किंतु यात्रा का लाभ अपेक्षाकृत कम मिलेगा। कुछ अस्थायी परिवर्तन भी होंगे तथा स्वास्थ्य के प्रति चिंता उत्पन्न हो सकती है। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए परिश्रम के अनुकूल सफलता मिलेगी तथा ज्ञानवृद्धि होगी।

मासिक फल

जनवरी – मासारंभ में सूर्य बुध अष्टम एवं गुरू द्वादशस्थ होने से मानसिक कष्ट, चिंता एवं तनाव होगा। व्यय की अधिकता होगी तथा स्वास्थ्य असंतुलित होगा। नवम भाव में सूर्य बुध शुक्र जाने पर यात्रा करनी पड़ेगी। प्रशासकों [illegible]

फरवरी – इस मास में ग्रहों का फल आर्थिक व्यवस्था में असंतुलन बढ़ायेगा। संपत्ति विवाद में सफलता न के बराबर होगी। मित्रों से कलह हो सकती है।

मार्च – क्रोध में वृद्धि होगी, परस्पर विवाद की स्थिति बनेगी, परिवार हेतु व्यय होगा। कार्य में सफलता की आशा है तथा मनोरथ सिद्धि भी होगी।

अप्रैल – किसी विशिष्ट व्यक्ति से भेंट होगी, अतिथि आगमन तथा प्रियजन से सम्पर्क होगा। बान्धवों एवं मित्रों का सहयोग मिलेगा। भौतिक व्यवस्थाओं हेतु व्यय होगा।

मई – आपकी राशि से सूर्य बुध गुरू द्वादश स्थिति में होने से व्यापारिक क्लेश होगा। विरोधी प्रबल होंगे। उत्साह को संबल मिलेगा। कार्यक्षमता बढ़ेगी।

जून – सूर्य बुध शुक्र गुरू केतु आपकी राशि से प्रथम स्थित होने से न्यायिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शत्रुपक्ष कमजोर होगा। आरोप-प्रत्यारोपों का सामना करना पड़ सकता है। असमंजस की स्थिति रहेगी तथा निर्णय लेने में विलम्ब लगेगा। वाणी पर संयम रखने से लाभ होगा।

जुलाई –व्यावसायिक उतार-चढ़ाव रहेगा। यात्रा कष्टकारी होगी। शासकीय आदेश से समस्या हो सकती है। राजकाज में समझदारी से निर्णय लें लाभ होगा।

अगस्त – उद्योग में लाभ की स्थिति बनेगी। आपके व्यवसाय में वृद्धि होगी। विशेष कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्धी पराजित होंगे।

सितम्बर – चतुर्थ भाव में सूर्य बुध होने से मातृपक्ष से चिन्ता हो सकती है। वाहन आदि पर व्यय होगा तथा विद्यार्थियों को कठिनता का सामना करना पड़ सकता है। संतान के प्रति चिंता होगी। किसी कार्य में जोखिम न लें।

अक्तूबर – भविष्य के प्रति चिन्तित होंगे। नवीन योजना बनेगी। उत्साह एवं साहस बढ़ेगा। अधिक उठापटक करनी पड़ेगी। सफलता का स्वाद चखेंगे।

नवम्बर – सफलता मिलेगी किन्तु संघर्ष करना पड़ेगा। आर्थिक लेन-देन अधिक होंगे, व्यवसाय बढ़ेगा, उतार-चढ़ाव आयेगा।

दिसम्बर – गृहकार्यों एवं व्यवसाय में समस्या होगी। शारीरिक कष्ट भी हो सकता है। व्यय तथा तनाव सहना पड़ेगा। धैर्य एवं साहस का परिचय दें मंगल होगा।

मिथुन (Gemini) (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

वर्षफल– इस वर्ष आपकी राशि से पंचमस्थ होकर शनि संचार कर रहा है जो कि 18 मई से 2 अगस्त तक अल्पावधि के लिए चतुर्थ भ्रमण करेगा। वृहस्पति मेष राशिस्थ होकर एकादश संचरण कर रहा है तथा 17 मई से वर्षान्त तक वृष राशिस्थ होकर द्वादश संचरित होगा। राहु केतु [illegible] संचार करेंगे तथा 26 दिसम्बर से

वर्षान्त पर्यन्त पंचम एकादश स्थित रहेंगे। इस वर्ष शनि-गुरू तथा केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक तथा शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर पर्यन्त रहेगा। इसी प्रकार 1 जनवरीसे 16 मई तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि रहेगी।

वर्षफल की दृष्टि से आपका राशिफल न्यूनाधिक मिश्रित फल देगा। आय की वृद्धि तथा व्यय के मार्ग खुलेंगे। संपत्ति विवादों की समाप्ति में विलम्ब लग सकता है। मातृपक्ष से चिन्ता तथा अवसाद हो सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण कार्य की सिद्धि में बाधा आयेगी तथा प्रयासों में सफलता मिलेगी। वायदा व्यापार, शेयर आदि में धन लगेगा जिससे चिन्ता बनेगी। आप अपना उत्तरदायित्व निभाने में सफल होंगे। अधिकारी वर्ग की प्रशंसा मिलेगी। आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ धनलाभ होगा। शुभ कार्य के योग बनेंगे। मानसिक कष्ट तथा क्लेश से विचलित होंगे। क्रोध की वृद्धि होगी। व्यय, व्यवसाय आदि में उतार-चढ़ाव होगा। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना होगा।

मासिक फल

जनवरी – विरोधियों की सक्रियता होने से कार्य क्षेत्र में परेशानी होगी। गृहकार्यों में बाधा आ सकती है। दाम्पत्य सुख प्रभावित होगा। व्यवसायिक उलझन होगी।

फरवरी – व्यवसाय सामान्य होगा। आत्मविश्वास को प्राप्त करेंगे। यात्रा करनी पड़ सकती है। साहस में वृद्धि तथा प्रसन्नता होगी।

मार्च – उत्साह व यश में वृद्धि होगी। यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। व्यवसाय में लाभ होगा। संतान के प्रति चिंता हो सकती है।

अप्रैल – किंचित् परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शत्रुपक्ष .से क्लेश होगा, स्थानान्तरण का योग है। आत्मबल मजबूत बनेगा।

मई – व्यय की अधिकता होगी। चिंता और तनाव होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। अतिथि आगमन होगा तथा यात्रा होगी।

जून – महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने में शीघ्रता हानिकारक होगी। लेन-देन सम्बंधी व्यवहार में परेशानी होगी। पुराने लंबित कार्य पूर्ण होंगे।

जुलाई –किसी भी कार्य के निमित्त किया गया प्रयास सफलता देगा। पारिवारिक समन्वय सामान्य रहेगा।

अगस्त – विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में विस्तार की योजना बनेगी। गृहकार्यों में क्लेश का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा तथा सफलता मिलेगी।

सितम्बर – मास का पूर्वार्ध यात्रा कारक है। साक्षात्कार आदि में प्रभावी रहेंगे। कार्य में वृद्धि होगी। माता को कष्ट होगा। सन्तान की चिन्ता होगी।

अक्तूबर – अपने स्वास्थ्य को लेकर चिन्ता होगी। शत्रु पक्ष बाधक होगा। मानसिक कष्ट हो सकता है। स्थानान्तरण हो सकता है।

नवम्बर – पिता-पुत्र में वैचारिक मतभेद हो सकता है। निजी जीवन में कुछ निराशा का अनुभव होगा। सन्तान के प्रति चिन्ता रहेगी। व्यय बढ़ेगा तथा स्वास्थ्य भी अस्थिर होगा।

दिसम्बर – लाभ के योग हैं तथा सफलता मिलेगी। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा। गृहक्लेश भी हो सकता है। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

कर्क (Cancer) (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

वर्षफल– आपके वर्षफल में गत वर्ष से शनि तुला राशि में स्थित होकर चतुर्थ संचार कर रहा है और वर्षान्त तक इसी अवस्था में रहेगा। किंतु मध्य में दिनांक 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में आपकी राशि से तृतीयस्थ होकर भ्रमण करेगा। इसी प्रकार वृहस्पति का संचार आपकी राशि से दशम है जो कि मेष राशि में स्थित है। तदनन्तर 17 मई से वर्षान्त तक वृष राशि में वृहस्पति का संचार होगा। राहु-केतु आपकी राशि से पंचम और एकादश भावस्थ होकर वृश्चिक तथा वृष राशि में संचार कर रहे हैं। वे 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला-मेष में प्रविष्ट होकर चतुर्थ-दशम भ्रमण करेंगे। इस वर्ष गुरू-शनि का केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक रहेगा। शनि, राहु व गुरू, केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि 1 जनवरी से 16 मई तक व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी। गत वर्ष से आपकी राशि शनि के ढैय्या (लघु कल्याणी) के प्रभाव में है जो कि वर्षान्त तक प्रभावी रहेगी।

फलस्वरूप यह वर्ष परीक्षा का वर्ष होगा। सामान्य से कार्यों में भी अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। कठिनाइयों एवं विषमताओं का सामना करना पड़ेगा। मई मास से दिसम्बर तक का समय आशानुरूप सफलतादायक है अतः इस कालावधि में महत्त्वपूर्ण कार्य सिद्ध होंगे। यद्यपि यह वर्ष सफलता एवं यश में कमी नहीं आने देगा किंतु फिर भी चिंता एवं तनाव से घिरे रहेंगे। अल्प प्रसन्नता के उपरान्त मानसिक क्लेश का अनुभव करेंगे। स्थानांतरण तथा आवास परिवर्तन के योग भी होंगे। माता का स्वास्थ्य चिन्ता का विषय होगा। संपत्ति विवादों से मुक्ति नहीं मिलेगी। व्यापार में लाभ-हानि की स्थिति सामान्य ही रहगी। कभी-कभी आर्थिक समस्या बढ़ सकती है। विदेश यात्रा में तथा विवाहादि कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। प्रयास करने तथा दैवाराधन में लगे रहने पर सफलता मिलेगी।

मासिक फल

जनवरी – यह मास सफलतादायक है। समाज एवं कार्यक्षेत्र में यश तथा सम्मान की वृद्धि होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

फरवरी – पारिवारिक वातावरण थोड़ा चिंता का विषय बनेगा। मानसिक क्लेश हो सकता है। कार्य अति उत्साह से करेंगे किंतु आशानुरूप लाभ नहीं मिलेगा।

मार्च – उद्योग एवं व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। सम्पत्ति विवादों से बचना श्रेष्ठ होगा। यात्रा का योग है। विद्यार्थियों का मन अध्ययन में कम लगेगा।

अप्रैल –ग्रहस्थिति अस्थिरता उत्पन्न करेगी। किंतु प्रयासों में सफलता के योग हैं। उत्साह में वृद्धि होगी, अधिकारी वर्ग को प्रसन्न कर सकेंगे। निर्णय लेने में सावधान रहें।

मई – यह माह व्यापारिक वृद्धि एवं धनधान्य में समृद्धिकारक है। कृषक वर्ग को विशेष लाभ होगा। कठिनाइयों के साथ आगे बढ़ेंगे एवं सफलता मिलेगी। मनोरथ सिद्ध होगा।

जून – वैयक्तिक जीवन में अप्रसन्नता का अनुभव होगा। आरोप-प्रत्यारोपों का सामना होगा। सफलता एवं लाभ मिलेंगे। अज्ञात भय का वातावरण रहेगा।

जुलाई – व्यावसायिक समृद्धि में चुनौती मिलेगी। औद्योगिक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता हो सकती है। किसी अति स्नेही व्यक्ति से भेंट सुखदायक रहेगी। प्रयासों में सफलता मिलेगी।

अगस्त – व्यय में वृद्धि के साथ-साथ आय के नए स्रोत बनेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। भौतिक सुखों में लाभांश का व्यय होगा। गुप्त चिन्ता रहेगी।

सितम्बर – लाभ के निमित्त की गई यात्रा में सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्धा, साक्षात्कार आदि में भी सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ-हानि सामान्य रहेंगे।

अक्तूबर – धनलाभ होगा। पूर्व में बाधित कार्य की पूर्ति होगी। लाभदायक यात्रा होगी। संपत्ति विवाद में बाधा बनी रहेगी।

नवम्बर – मातृपक्ष से चिन्ता उत्पन्न होगी। उद्योग, व्यवसाय आदि में परेशानी होगी। निर्णय लने में शीघ्रता हानिकरक होगी।

दिसम्बर – आर्थिक विषयों में तथा व्यापारिक कार्यों में अनिश्चितता रहेगी। सन्तान चिन्ता हो सकती है। भविष्य की संभावनाओं से भय रहेगा।

सिंह (Leo) (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

वर्षफल– आपकी राशि से तृतीय भाव में तुला राशि में स्थित होकर शनि संचार कर रहा है और 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में संचार करके पुनः वर्षान्त तक पूर्ववत् तुला में संचार करेगा। बृहस्पति की स्थिति आपकी [illegible]

स्थिति वृश्चिक-वृषाशिगत होने से चतुर्थ-दशम संचार को दर्शाती है। 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक दोनों ग्रह क्रमशः तुला-मेष राशि में जाकर तृतीय-नवम संचार करेंगे। इस वर्ष में गुरू-शनि, केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तथा शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रहेगा।

फलस्वरूप राहु-केतु जब चतुर्थ-दशम एवं तृतीय-नवम रहेंगे तब व्यापार, वाणिज्य एवं व्यवसाय में उतार-चढ़ाव होगा। किसी प्रकार का परिवर्तन भी आप कर सकते हैं। शासकीय वर्ग के जातकों को स्वैच्छिक स्थानान्तरण की प्राप्ति होगी। यात्राओं का लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा के योग हैं तथा यह यात्रा फलदायी होगी। धर्मस्थलों के दर्शन होंगे तथा अध्यात्म की ओर झुकाव होगा। यह वर्ष विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक सिद्ध होगा तथा वे अपने भविष्य की योजनाओं में सफल होंगे। आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक एवं कृषि सम्बंधी क्षेत्रों में समय पर किए गये कार्यों में लाभ होगा। राजनैतिक दृष्टिकोण में बदलाव आयेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह वर्ष प्रायः श्रेष्ठ सिद्ध होगा।

मासिक फल

जनवरी – व्यापार में वाणिज्य एवं उद्योग में कुछ क्लेश के उपरान्त वृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद की स्थिति से बचने का प्रयास करें।

फरवरी – साहस, उत्साह बढ़ेगा। क्रोध बढ़ने से हानि हो सकती है। शत्रु पक्ष निर्बल रहेंगे। व्यावसायकि लाभ होगा। सहयोगियों से वैचारिक मतभेद हो सकता है।

मार्च – गृहकार्य सामान्य होंगे। विरोधियों का पक्ष प्रवल होगा तथा आपसे प्रतिस्पर्धा रखेंगे और पराजित होंगे। मानसिक कष्ट होगा तथा तनाव रहेगा।

अप्रैल – यात्रा न करना श्रेष्ठ है अन्यथा लाभ नहीं होगा। शारीरिक आघात हो सकता है तथा मानसिक रूप से भी दुःख होगा। मास का उत्तरार्ध लाभदायक है। भय से मुक्ति होगी।

मई – शासकीय एवं न्यायिक प्रक्रिया में सफलता मिलेगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। कृषकों के लिए लाभ होगा। उत्साह में वृद्धि होगी।

जून – परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। आरोपों का सामना होगा, सफलता मिलेगी। मित्रों का साथ होगा। परिवार में शान्ति होगी।

जुलाई – मास का पूर्वार्ध सफलतादायक है। व्यावसायिक लाभ-हानि सामान्य है। मास का उत्तरार्ध व्ययकारी है। तनाव बढ़ेगा।

अगस्त – कार्यक्षेत्र में कठिनाई होगी। परिवार में सामान्य वातावरण रहेगा। विवाद की स्थिति रहेगी। प्रयास लाभदायक सिद्ध होंगे। प्रभाव बढ़ेगा।

अक्तूबर – मातृकष्ट होगा, सम्पत्ति विवादों पर व्यय होगा। वाहनादि क्रय करेंगे तथा भौतिक संसाधनों पर धन का व्यय करेंगे। धार्मिक कार्य होंगे।

नवम्बर – व्यवसाय में स्थिति सामान्य होगी। न्यायिक समस्या आयेगी। यात्रा लाभप्रद होगी। स्वभाव प्रसन्न होगा।

दिसम्बर – कार्यों में कठिन परिश्रम करेंगे। लाभ हेतु किया गया कार्य निष्फल हो सकता है तदर्थ सचेत रहें। धर्म कार्य करने से सफलता मिलेगी। पिता से मतभेद हो सकता है।

कन्या (Virgo) (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

वर्षफल– तुला राशि में स्थित शनि गत वर्ष से आपकी राशि से द्वितीय संचार कर रहा है। वह 18 मई से 2 अगस्त के अल्पकाल हेतु कन्या राशि में स्थित होकर संचार करेगा। बृहस्पति की अवस्था गत वर्ष से मेष राशि में है जो कि इस वर्ष वृष का संक्रमण भी करेगा। राहु-केतु भी वृश्चिक-वृष का उपभोग करने के उपरान्त तुला-मेष का संक्रमण करेंगे और द्वितीय-अष्टम भ्रमण करेंगे। 18 मई से 2 अगस्त तक गुरू-शनि एवं केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध रहेगा। शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। 1 जनवरी से 16 मई तक गुरू-शनि तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि से आप प्रभावित होंगे। गत वर्ष से शनि की साढ़ेसाती (बृहत्कल्याणी) इस वर्ष भी प्रभाव देगी।

फलस्वरूप साढ़ेसाती होने से आपके कार्य बाधित होंगे। शनि आपकी राशि के स्वामी का मित्र होने से अधिक हानिकारक नहीं होगा। वह अकस्मात् कोई लाभ भी दे सकता है तथा किसी बिगड़े हुए कार्य बनने की संभावना है। आर्थिक, व्यापारिक एवं औद्योगिक स्थिति में निरन्तर उतार-चढ़ाव रहेगा। ऋण लेना पड़ सकता है। कृषकों को धनलाभ तो होगा किंतु शीघ्र ही आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। राजनेताओं की यात्राएं उनके कार्यों को सिद्ध करेंगी। विद्यार्थियों के लिए अनुकूल समय रहेगा। स्वास्थ्य की चिन्ता बनेगी।

मासिक फल

जनवरी – विवाद की स्थितियाँ बनेंगी। सम्पत्ति के पक्ष से तनाव होगा। प्रेमादि प्रसंगों से परेशानी होगी। धन हानि हो सकती है। आत्मबल मजबूत होगा।

फरवरी – संतान हेतु निर्णय लेंगे। निवेश किए गए धन के प्रति संदेह होगा। सफलता हेतु संघर्ष करना पड़ेगा।

मार्च – कारोबार सामान्य रहेगा। यात्रा के योग हैं। सामाजिक उत्तरदायित्व मिलेगा। प्रशंसा एवं यश की प्राप्ति होगी।

अप्रैल – पत्नी के साथ वैचारिक भिन्नता हो सकती है। सहयोग से किए जा रहे व्यवसाय के प्रति असुरक्षा उत्पन्न होगी। किसी वस्तु के चोरी होने अथवा खोने की संभावना है।

मई – गृहकार्यों एवं व्यवसाय में समस्या हो सकती है। धार्मिक यात्रा एवं तीर्थाटन हो सकता है। परिवार में पत्नी का सहयोग मिलेगा।

जून – व्यावसायिक यात्रा हो सकती है जिसका परिणाम संतोषजनक रहेगा। स्पर्धाओं में सफलता मिलेगी। मित्रों व सहयोगियों का पूर्ण समर्थन मिलेगा।

जुलाई – धनलाभ के विशेष योग हैं। पूर्व चिंतित कार्य में सफल होंगे। मंगल से प्रभावित होने से क्रोध अधिक करेंगे अतः धैर्य रखें।

अगस्त – आय-व्यय में संयोजन अस्थिर हो जाएगा। व्यवसाय में वृद्धि होने से कार्यभार बढ़ेगा। चिंता तथा तनाव रहेगा।

सितम्बर – शासकीय कार्यों तथा न्यायालयों में समय बीतेगा। यात्रा लाभप्रद होगी। राजपुरुष से मिलेंगे। लेन-देन के कार्यों में सावधानी रखें।

अक्तूबर – कार्य सिद्धि हेतु अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। धन लाभ होगा। यश और कीर्ति बढ़ेगी। साहस एवं उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

नवम्बर – धन के लेन-देन में शीघ्रता न करें। सफलता हेतु अधिक श्रम लगेगा। उत्साह बढ़ेगा। मित्रों से सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

दिसम्बर – यात्रा को संभवतया मास के पूर्वार्ध में टाल दें। किसी अप्रिय समाचार मिलने के योग हैं। कष्ट हो सकता है। विवाद बढ़ेगा। धैर्य रखने की आवश्यकता है।

तुला (Libra) रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते

वर्षफल– तुला राशि में स्थित होकर शनि आपकी राशि में प्रथम संचार कर रहा है। यह स्थिति वर्षान्त तक रहेगी। किन्तु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त की कालावधि में शनि का संचार कन्या राशि में होगा। बृहस्पति मेषस्थ होकर आपकी राशि से सप्तम संचार कर रहा है जो कि 17 मई से वर्षान्त तक वृष में प्रवेश करके अष्टम रहेगा। वृश्चिक में राहु एवं वृष में केतु द्वितीय अष्टमस्थ संचार कर रहे हैं। 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक वे तुला व मेषस्थ होकर प्रथम-सप्तम भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि व केतु-शनि का त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक और शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि व

गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि 1 जनवरी से 16 मई तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी। वर्ष भर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा।

फलस्वरूप शनि की साढ़ेसाती (बृहत्कल्याणी) का प्रभाव होने से आप सम्पूर्ण वर्ष कई तरह के अनुभव करेंगे। साढ़ेसाती का प्रभाव होने से आप अधिक परिश्रम करेंगे। कई कार्यों में परेशानी होगी, शत्रु बाधा उत्पन्न करेंगे। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। उच्च पद भी प्राप्त कर सकते हैं। आपका राशिस्वामी शनि का मित्र होने से कई कार्यों में बल मिलेगा। विदेश यात्रा होगी। विद्यार्थियों को नए अवसर मिलेंगे तथा रोजगार की संभावनाएं होंगी। व्यापार जगत में अत्यन्त सावधानी से कार्य करें। कृषिकार्य में लाभ आशानुरूप होगा। वित्त की कमी का अनुभव करेंगे। कार्य में प्रमाद करना घातक सिद्ध होगा। विषमता अधिक रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ बनी रहेगी। धर्मादि कार्यों से मन हटेगा।

मासिक फल

जनवरी – कार्यों की गति बाधित होगी। मित्रों एवं सहयोगियों का समर्थन न मिलने से दुखी होंगे। चित्त अस्थिर होगा।

फरवरी – यह मास चुनौतीपूर्ण होगा। गृह-क्लेश के साथ-साथ व्यापारिक कठिनाइयाँ होंगी। सम्पत्ति विवाद हो सकते हैं। सौहार्द की कमी होगी।

मार्च – यह मास तनावपूर्ण होगा। वाणिज्य एवं व्यवसाय में समस्याएं आयेंगी। ऋण लेना पड़ सकता है। कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी।

अप्रैल – उत्साहपूर्ण वातावरण रहेगा। कार्यों में आशानुरूप सफलता मिलेगी। कार्यक्षमता का विकास होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा, परिवार में शाँति रहेगी।

मई – व्यवसाय हेतु की गई यात्रा सफल रहेगी। विदेश यात्रा हेतु समय अनुकूल रहेगा। व्यापार एवं वाणिज्य की दृष्टि से किए गए कार्य लाभदायक सिद्ध होंगे।

जून – मासारंभ का समय तनावपूर्ण होगा। व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में व्यवधान होंगे। स्वास्थ्य अनुकूल नहीं रहेगा। गोपनीयता भंग हो सकती है।

जुलाई – भाग्य पर आश्रित रहेंगे। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अतिथि आगमन होगा। धार्मिक कार्य होंगे। क्रोध बढ़ सकता है।

अगस्त – सामाजिक पद प्रतिष्ठा मिलेगी। यश में वृद्धि होगी। कई कार्यों में कठिनता होगी। कार्यारम्भ का विचार त्याग सकते हैं। धैर्य रखें, धर्मकार्य करें।

सितम्बर – आय में वृद्धि होगी। कार्य सिद्धि आशातीत होगी। रुके हुए कार्य होंगे। पुरानी सम्पत्ति क्रय-विक्रय हेतु समय उचित है। आरोप लगेंगे।

अक्तूबर – मानसिक कष्ट होगा। गृहकार्यों में क्लेश का अनुभव करेंगे। अर्थव्यवस्था अस्थिर होगी पुनः सामान्य स्थिति बनेगी। दाम्पत्य सुख में कमी होगी।

नवम्बर – पिता से वैचारिक मतभेद होगा। सम्मान हानि का भय रहेगा। गुप्त प्रसंग सामने आ सकते हैं। वैवाहिक सम्बंधों में मधुरता का [illegible]

दिसम्बर – तनाव के उपरान्त मन प्रसन्न होगा। धार्मिक यात्रा होगी। संत समागम होगा। व्यवसाय में मन्दी रहेगी। माता-पिता के प्रति चिन्तित होंगे।

वृश्चिक (Scorpio) तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

वर्षफल– गत वर्ष से तुला राशि में स्थित होकर शनि आपकी राशि से द्वादश भ्रमण कर रहा है जो कि वर्षान्त तक इसी स्थिति में रहेगा। किंतु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में प्रवेश करके एकादश होकर भ्रमण करेगा। इस प्रकार गत वर्ष की साढ़ेसाती (बृहत्कल्याणी) का प्रभाव बना रहेगा। बृहस्पति मेषगत है और आपकी राशि से षष्ठ भ्रमण कर रहा है। इसके उपरान्त 17 मई को वृष संक्रमण करके सप्तम होकर संचार करेगा। राहु-केतु क्रमशः वृश्चिक-वृष में प्रथम-सप्तम संचार कर रहे हैं तथा 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला-मेष में द्वादश-षष्ठ भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि, शनि-केतु का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त एवं शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि एवं गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि क्रमशः 1 जनवरी से 16 मई 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी।

अन्य ग्रहों की अपेक्षा बृहस्पति मई से दिसम्बर तक शुभफलदायी सिद्ध होगा। अन्य ग्रहों की स्थिति अशुभ सिद्ध होगी। आपके महत्त्वपूर्ण कार्यों में बाधा आयेगी, विरोधियों का सामना करना पड़ेगा। व्यय बढ़ेगा तथा आय कम होगी। शत्रु पक्ष गुप्त रूप से हानि पहुंचायेगा। आर्थिक स्थिति में सामान्य की अपेक्षा प्रतिकूलता रहेगी। आप उत्साह से कार्यों में लगे रहेंगे तथा व्यापार को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। अति कठिन परिश्रम करना होगा। विवाहादि में विलंब होगा। परिवार की चिंता होगी तथा स्वयं भी निराश हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में खुद को लगाने से लाभ होगा।

मासिक फल

जनवरी – साहस एवं पराक्रम में वृद्धि होगी। मित्रों एवं भाइयों से सहयोग मिलेगा। सफलता के योग हैं। मनोरथ सिद्ध होगा, क्रोध में वृद्धि होगा। धैर्य रखने से लाभ होगा।

फरवरी – सफलता प्राप्ति हेतु समय अनुकूल है। उद्देश्यपूर्ण यात्रा लाभदायक होगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी। वाहनादि भौतिक संसाधनों पर व्यय करेंगे। संपत्ति विवादों से परेशान होंगे।

मार्च – गृहकार्यों एवं व्यवसाय में उलझन होगी। सन्तान की चिन्ता रहेगी। मानसिक [illegible]

अप्रैल – व्यापारिक उथल-पुथल रहेगी। परिवर्तनों पर विचार करेंगे। कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उत्साह में वृद्धि होगी। मित्रों का साथ मिलेगा।

मई – शत्रुपक्ष निर्बल होगा तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उत्साहपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। सहयोग का अभाव हो सकता है।

जून – जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। किसी आरोप का सामना करना पड़ेगा। यात्रा सफल होगी। धनलाभ होगा।

जुलाई – यात्रा कष्टकारिणी होगी। कार्यों में बाधाएं आयेंगी। आपसी विवाद होंगे। विश्वासघात हो सकता है।

अगस्त – शासकीय कर्मचारियों को कामकाज की उलझन रहेगी। किसानों की वित्तीय स्थिति में उथल-पुथल के संकेत है। व्यापार, वाणिज्य में हलचल रहेगी।

सितम्बर – सूर्य दशमैकादश में रहकर धन लाभ करायेगा। नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उत्साह रहेगा।

अक्तूबर – सूर्य बुध का संक्रमण एकादश में आकस्मिक लाभकारी है। मित्रों एवं परिवारजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। व्यय अधिक होगा।

नवम्बर – सूर्य शनि द्वादश में होने से मानसिक संत्रास होगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्यक्षेत्र में पवित्रता रखें अन्यथा दुष्परिणाम होंगे।

दिसम्बर – मानसिक कष्ट रहेगा। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें। वैवाहिक सम्बंधों में दूरी आयेगी। मासान्त में वातावरण अनुकूल होगा।

धनु (Sagittarius) ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे

वर्षफल– गत वर्ष से शनि का भ्रमण आपकी राशि से एकादश है। शनि तुला राशि में स्थित होकर सम्पूर्ण वर्ष इसी अवस्था में रहेगा किंतु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में प्रवेश करके दशम संचार करेगा। बृहस्पति का संचार आपकी राशि से पंचम है। मेष राशिस्थ बृहस्पति 17 मई को वृष में संक्रमण करेगा जो कि वर्षान्त तक इसी अवस्था में रहेगा और आपकी राशि से षष्ठ भ्रमण करेगा। वृश्चिक एवं वृष राशि में गत राहु-केतु आपकी राशि से द्वादश-षष्ठ संचरित हो रहे हैं। वे 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक क्रमशः तुला एवं मेष में एकादश-पंचम भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि व केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक और शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। इसी प्रकार गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि क्रमशः 1 जनवरी से 10 मई व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी।

वर्ष की ग्रहस्थिति के फलस्वरूप अधिकांश ग्रहों का फल शुभ है एवं अनुकूलता को दर्शाता है। राहु एवं केतु वायदा एवं शेयर व्यवसाय में समर्घ-महर्घ (मंदी-तेजी) लायेंगे। किसी एक निश्चित क्षेत्र में पूंजी लगाना घातक होगा। जोखिम के कार्यों पर व्यय होगा। प्रेमादि प्रसंगों की गोपनीयता भंग होने से मान-हानि हो सकती है। तनाव व मानसिक क्लेश उत्पन्न होगा। स्वास्थ्य प्रतिकूल होगा। यह वर्ष प्रायः सफलता एवं उन्नतिदायक है किंतु फिर भी बीच-बीच में निराशा होगी। सुख, समृद्धि, यश एवं कीर्ति बढ़ेगी। शुभ कार्य होंगे तथा भौतिक सुखों के लिए धनव्यय होगा। वैवाहिक योग बनेंगे। धर्म कार्यों एवं अध्यात्म में रूचि उत्पन्न होगी।

मासिक फल

जनवरी – सम्मान एवं पद-प्रतिष्ठा मिलेगी। परिश्रम से किए गए कार्यों में आशानुरूप सफलता मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी। शनि भौतिक सुख देगा।

फरवरी – मासारंभ में कुछ क्लेश और बाधाएं आयेंगी। समय सामान्य होकर आपके अनुकूल बनेगा। धन लाभ होगा। अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

मार्च – उद्देश्यपूर्वक यात्रा सफल होगी। कामकाज में सुधार होगा। शत्रु पक्ष से परेशानी हो सकती है।

अप्रैल – संपत्ति विवाद हो सकता है। भूमि आदि क्रय करने का विचार होगा। अपनी योग्यता सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

मई – सन्तान सुख की प्राप्ति होगी। व्यापार में लाभकारी स्थिति बनेगी। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूल सफलता मिलेगी।

जून – सम्मान को आघात हो सकता है। हताशा एवं निराशा का वातावरण होगा। स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा।

जुलाई – शत्रुपक्ष पराजित होगा। विरोधियों को भी पराजय मिलेगी। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। पत्नी से विवाद हो सकता है।

अगस्त – स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक कष्ट रहेगा। चिंता एवं तनाव में रहेंगे। व्यय होगा।

सितम्बर – यात्रा कष्टप्रद होगी तथा प्रतिकूल फल मिलेगा। आय के स्त्रोतों में वृद्धि होगी। तकनीकि क्षेत्र में प्रगति होगी। बुद्धि कौशल का प्रदर्शन होगा।

अक्तूबर – कार्यक्षेत्र में बाधाएँ आयेंगी किंतु धन लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा। अभिन्न व्यक्ति से भेंट होगी।

नवम्बर – पारिवारिक भेद उत्पन्न होंगे। आय पर ग्रहण लगेगा। गृहकार्यों में तनाव बढ़ेगा। स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा।

दिसम्बर – मानसिक क्लेश रहेगा। स्थिति सामान्य होकर प्रसन्नता आयेगी। व्यवसाय पर मंदी होगी। भौतिक सुख मिलेंगे।

मकर (Capricorn) भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी

वर्षफल– तुला राशिस्थ शनि गत वर्ष से आपकी राशि से दशम भ्रमण कर रहा है और इस वर्षान्त तक इसी स्थिति में रहेगा। मध्य में 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में संक्रमित होकर आपकी राशि से नवम रहेगा। बृहस्पति का संचार आपकी राशि से चतुर्थ है। 17 मई से वर्षान्त तक वृष में प्रवेश करके पंचम भ्रमण करेगा। राहु केतु की स्थिति वृश्चिक-वृष राशि में है अत: उनका संचार एकादश-पंचम है। 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला-मेष में प्रविष्ट होकर आपकी राशि से दशम-चतुर्थ भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि एवं केतु शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक और शनि राहु व गुरू केतु का युति सम्बंध क्रमश: 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि क्रमश: 1 जनवरी से 10 मई व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी।

फलस्वरूप वाणिज्य एवं व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। मध्य में उतार-चढ़ाव अधिक हो सकता है। अस्थिरता का सामना करना पड़ेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। साहस एवं उत्साह बढ़ेगा। शासकीय कर्मियों को समस्या हो सकती है। स्थानान्तरण योग बनेंगे। सम्पत्ति विवादों में समय एवं धन का व्यय होगा। वैवाहिक सम्बंध प्रभावित होंगे। सन्तान की चिंता हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखनी होगी। भय हो सकता है। शैक्षणिक कार्य सफल होंगे। कृषकों को उदासीनता होगी।

मासिक फल

जनवरी – विवादों का सामना होगा। व्यवसाय उद्योगों में सामान्य स्थिति होगी। आघात का भय रहेगा। अर्थदशा में मन्दी-तेजी होगी।

फरवरी – समस्याएं आयेंगी। विरोधियों का सामना होगा। सहयोगियों द्वारा परेशानी होगी। रक्त विकार हो सकता है।

मार्च – व्यावसायिक यात्रा सफल होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यवसाय सामान्य रहेगा।

अप्रैल– बाधाएं आयेंगी। शीघ्रता न करें। संपत्ति विवाद हो सकते हैं। अध्ययन में समय बीतेगा।

मई – विद्यार्थियों का समय अनुकूल रहेगा। क्रोध बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्र में पहचान अधिक होगी। व्यवहार से प्रभाव बनाएंगे।

जून – गोपनीयता भंग हो सकती है। गुप्त शत्रुओं से भय होगा। आरोप लग सकते हैं। व्यवसाय में स्थिरता रहेगी। धर्मकार्य होंगे।

जुलाई – परिश्रम अधिक करेंगे। विवाहादि में विलम्ब होगा। स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा।

अगस्त – गृहकार्यों में उलझन होगी। व्यवसाय में व्यस्तता अधिक होगी। संयुक्त कार्य में अविश्वास होगा। आर्थिक सावधानी की आवश्यकता है।

सितम्बर – व्यावसायिक अस्थिरता उत्पन्न होगी। मानसिक कष्ट होगा। यात्रा में कष्ट होगा। तनाव बढ़ेगा।

अक्तूबर – यात्रा लाभप्रद रहेगी। सामाजिक यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में कोई पद मिल सकता है। उत्साह बढ़ेगा।

नवम्बर – कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनेगी। कार्य विस्तार होगा। पदोन्नति हो सकती है। यश मिलेगा।

दिसम्बर – समय आपके अनुकूल रहेगा। आय बढ़ेगी। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। प्रियजनों से भेंट होगी। व्यय अधिक करेंगे। यात्रा होगी।

कुम्भ (Aquarius) गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द

वर्षफल– आपकी राशि से नवमभाव में गत वर्ष से शनि का संचार हो रहा है। वर्षान्त तक शनि यथावत् रहेगा किंतु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त की कालावधि में कन्या राशि में संक्रमित होकर अष्टम संचार करेगा। बृहस्पति की स्थिति गत वर्ष से मेष में है अत: उसका संचार तृतीय है। 17 मई से वर्षान्त तक वृष राशि में आपकी राशि से चतुर्थ संचार करेगा। वृश्चिक-वृष में राहु-केतु 25 दिसम्बर तक दशम चतुर्थ संचार करेंगे और 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला-मेष में प्रवेश करके वर्षान्त तक नवम-तृतीय भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि व केतु-शनि का त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त तक और शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमश: 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि 1 जनवरी से 10 मई तक तथा 17 मई से 25 दिसम्वर तक रहेगी।

फलस्वरूप यह वर्ष आपके लिए यात्रा वर्ष सिद्ध होगा। आप जो भी यात्रा व्यवसाय एवं कार्य के हेतु करेंगे वो सफलता देगी। यदि विदेश यात्रा करना चाहें तो समय आपके अनुकूल है। विद्यार्थियों के लिए विशेष लाभ होगा। सफलता के अवसर होंगे, मान-सम्मान बढ़ेगा। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। शोध एवं अनुसन्धान में सफलता मिलेगी। व्यापार में विस्तार होगा तथा सुख-सुविधा मिलेगी। पारिवारिक सामंजस्य ठीक रहेगा।

मासिक फल

जनवरी – आय में वृद्धि होगी। व्यवसाय बढ़िया तथा कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार में शांति रहेगी। सुखद समाचार मिलेगा।

फरवरी – आय-व्यय में अस्थिरता आयेगी। परिवार में स्थिति सामान्य रहेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ेगा। धार्मिक कार्य होंगे। व्यवसाय सामान्य रहेगा।

मार्च – उद्देश्य रहित भ्रमण होगा। विवाद की स्थिति आयेगी। सहभागियों से निराशा होगी। यात्रा स्थगित करेंगे।

अप्रैल – लाभ की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। प्रतिस्पर्धा में सफल होंगे। छात्रों के लिए समय अनुकूल है।

मई – कृषि कार्यों में सुधार होगा। स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा सुखकारी होगी। बाधाएं उत्पन्न होंगी।

जून – निर्णय की स्थिति में संदेह होगा। व्यवसाय सामान्य रहेगा। मित्रों का सहयोग कम मिलेगा। तनाव हो सकता है।

जुलाई – सन्तान की चिन्ता होगी। प्रतिभा का लाभ कम मिलने से खिन्नता रहेगी। मानसिक क्लेश होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। अप्रिय समाचार मिलेगा।

अगस्त – स्वास्थ्य प्रतिकूल होगा। व्यवसाय में समस्या होगी। सहभागिता में विच्छेद हो सकता है। परस्पर अविश्वास की भावना रहेगी। वैवाहिक जीवन में क्लेश होगा। आपकी स्थिति सुदृढ़ होगी।

सितम्बर – विघ्न बाधाओं से कार्य प्रभावित होंगे। गृहकार्यों में उलझन होगी। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी।

अक्तूबर – प्रिय वस्तु की क्षति हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होगा। यात्रा सामान्य रहेगी। धर्म में रूचि बढ़ेगी।

नवम्बर – भाग्य पर आश्रित होंगे, पिता-पुत्र में वैचारिक मतभेद हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अर्थव्यवस्था सामान्य होगी।

दिसम्बर – श्रमसाध्य सफलता व लाभ मिलेगा। धनागम होगा। अवरुद्ध कार्यों में प्रगति आयेगी। यात्रा शुभफल देगी। धर्मकार्यों में रूचि बढ़ेगी। सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय सामान्य रहेगा।

मीन (Pisces) दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

वर्षफल– तुला राशिस्थ शनि आपकी राशि से अष्टम भ्रमण कर रहा है जो कि वर्षान्त तक इसी अवस्था में रहेगा किन्तु मध्य में 18 मई से 2 अगस्त तक कन्या राशि में विचरण करने से सप्तम रहेगा। आपकी राशि गतवर्ष से शनि की ढैय्या (लघुकल्याणी) से प्रभावित है जो कि सम्पूर्ण वर्ष प्रभाव में रहेगी। बृहस्पति का संचार आपकी राशि से द्वितीय है वह मेषराशिस्थ है। 17 मई से वर्षान्त तक बृहस्पति वृषराशिगत होकर वर्षान्त तक तृतीय संचार करेंगे। राहु-केतु वृश्चिक-वृषस्थ होकर आपकी राशि से नवम-तृतीय संचार कर रहे हैं। 28 दिसम्बर से वर्षान्त तक तुला-मेष राशि में स्थित होकर अष्टम द्वितीय भ्रमण करेंगे। गुरू-शनि केतु-शनि का परस्पर त्रिकोण दृष्टि सम्बंध 18 मई से 2 अगस्त और शनि-राहु व गुरू-केतु का युति सम्बंध क्रमशः 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक तथा 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगा। गुरू-शनि व गुरू-राहु की परस्पर विरोधी दृष्टि 1 जनवरी से 10 मई तक व 17 मई से 25 दिसम्बर तक रहेगी।

फलस्वरूप यह वर्ष गुप्त चिन्ता तनाव एवं भयोत्पादक रहेगा। अनावश्यक बाधाओं का सामना होगा। विघ्नों का आगमन बना रहने से कार्यक्षेत्र प्रभावित होगा। आपका विश्वास टूट सकता है। मित्रों एवं परिवार का सहयोग मिलने की पूर्ण संभावना रहेगी। नए कार्यों को आरम्भ करने में परिश्रम अधिक लगेगा। अरूचि एवं निराशाजनक बातों पर ध्यान जाएगा। आत्मबल कमजोर होगा। धर्म एवं अध्यात्म में मन को लगाने से राहत मिलेगी। जनवरी से मई तक का समय विशेष धन लाभ देगा। भौतिक सुखों की अभिवृद्धि होगी। यात्रा से कष्ट होगा।

मासिक फल

जनवरी – कार्यक्षमता बढ़ेगी, उत्साह से कार्य करेंगे। सम्मान मिलेगा, सफलता प्राप्त होगी। धनलाभ होगा।

फरवरी – आशातीत सफलता प्राप्त होगी। धन लाभ होगा। गृह में शुभ कार्य होंगे। धर्मस्थलों की यात्रा होगी।

मार्च – कार्यों में विघ्न होंगे। गुप्त शत्रु सक्रिय होंगे। व्यय होगा तथा यात्रा होगी। मनोबल सामान्य रहेगा।

अप्रैल – प्रयास सफल होंगे। संत समागम होगा। क्रोध से कार्य का नाश हो सकता है। मंगल कार्य हो सकता है।

मई – धन के लेन-देन में शुचिता रखें। यश वृद्धि होगी। आपका सम्मान बढ़ेगा। पदोन्नति हो सकती है।

जून – कार्यसिद्धि होगी। यात्रा हो सकती है। धर्मस्थलों के दर्शन होंगे। अतिथि आयेंगे। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

जुलाई – भाग्य के पक्ष से निराशा हाथ लगेगी। सन्तान चिन्ता होगी। विवाह में विलंब हो सकता है। यात्रा में लाभ नहीं होगा।

अगस्त – प्रेम सम्बंधों से परेशानी होगी। घरेलू उलझनें चिंता बढ़ायेंगी। अलगाव की स्थिति रहेगी।

सितम्बर – चित्त में स्थिरता रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। अपने कार्य से अधिकारी वर्ग को सन्तुष्ट करेंगे।

अक्तूबर – मानसिक कष्ट होगा। दाम्पत्य सुख में कमी आयेगी। कार्यों में विघ्न होगा। यात्रा कष्टकारी रहेगी।

नवम्बर – यह मास प्रतिकूल रहेगा। किसी कार्य में शीघ्रता हानिकर होगी। सुख का अनुभव होगा किंतु चिंता बनेगी।

दिसम्बर – आपका प्रभाव एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। कार्य सफल होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिवार में शान्ति रहेगी।

द्वादश राशियों पर शनि साढ़ेसाती का प्रभाव (संवत् 2069)

सन् 2012 ई. वर्ष के प्रारम्भ से ही शनि देव तुला राशि में रहेंगे, 7 फरबरी सन् 2012 ई. मंगलवार रात्रि 7:39 पर वक्री होकर चलते-चलते 16 मई सन् 2012 ई. बुधवार प्रातः 6:30 पर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। 25 जून को दिवा 1:30 पर मार्गी होकर 4 अगस्त प्रातः 8:36 पर तुला राशि में पुनः प्रवेश करेंगे।

आचार्य वराहमिहिर के अनुसार शनि देव जब वक्र होकर सञ्चार करते है। तो राजनीतिक तनाव होने के कारण राजाओं में परस्पर वैर, छत्र भंग (सत्ता-परिवर्तन) प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प हिंसक घटनाओं का अधिक होना, आवश्यक वस्तुओं की कमी तथा महंगाई की वृद्धि करते हैं।

तुला राशिगत शनि साढ़ेसाती तथा ढैय्या फल

शनि साढ़ेसाती– कन्या तुला एवं वृश्चिक राशि वालों को शनि साढ़ेसाती का फल मिला जुला रहेगा, कभी अच्छा कभी बुरा फलादेश होगा।

ढैय्या विचार– कर्क एवं मीन राशि वालों को शनि अढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

मेष राशि– शनि की पूर्ण दृष्टि मेष राशि पर है अतः शारीरिक कष्ट, आय से खर्चा अधिक, शनि का पाया स्वर्ण होने से उन्नति मार्ग में बाधाएं आएंगी। अचानक खर्चा होगा।

वृष राशि– केवल निर्वाहमात्र धन मिलेगा, शनिपाया ताम्र होने के कारण अचानक विदेश यात्रा सम्भव हो, धन प्राप्ति के साथ-साथ प्रतिस्पर्धाओं में सफलता हो।

मिथुन राशि– पदोन्नति, उच्चविद्या प्राप्ति तथा सफलता हो, शनि पाया चान्दी है अतः विदेश यात्रा, धन लाभ, भूमि वाहन सुख ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

कर्क राशि– शनि का पाया लोहा होने के कारण धन का खर्च, मानसिक परेशानी, व्यर्थ की भागदौड़, कारोवार में उलझनें आएंगी।

सिंह राशि– शनि का पाया ताम्र है अतः भूमि, मकान, वाहनादि का सुख, सर्वत्र सफलता, धार्मिक एवं मांगलिक कार्य सम्पादित होने के योग हैं।

कन्या राशि– कन्या राशि पर साढ़ेसाती के कारण आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया, आर्थिक उलझनों के कारण मानसिक अशान्ति, शानि का पाया सुवर्ण होने के कारण उन्नति मार्ग में विघ्न होंगे।

तुला राशि– शनि पाया रजत है, शनि उच्चस्थ है अतः रुके हुए कार्य सफल होंगे, धनधान्य की प्राप्ति हों परन्तु कभी-कभी मानसिक तनाव के साथ साथ खर्चा अधिक

वृश्चिक राशि– शनि पाया लोह होने से शारीरिक कष्ट, मानसिक तनाव रहेगा, धन लाभ की कमी, खर्चा अधिक होगा।

धनु राशि– कठिन परिश्रम के पश्चात् धनागम होगा, शनि का पाया ताम्र होने के कारण आय के साधन निम्न स्तर पर ही रहेंगे।

मकर राशि– निर्वाह मात्र धन प्राप्त होता रहेगा। शनि का पाया मकर राशि पर चान्दी का है अतः खर्चा अधिक, आमदनी कम होगी, यात्राएं अधिक वाहन सुख होगा।

कुंभ राशि– शनि नवम स्थान में है। बनते कार्यों में विघ्न, व्यर्थ धन खर्चा, पारिवारिक मसलों में अशान्ति, शनि पाया सुवर्ण है तो भाग्योन्नति में विघ्न एवं देरी होगी।

मीन राशि– शनि का ढैय्या अशुभ फलप्रद है, आमदी कम खर्चा अधिक, सभी कार्यों की सफलता में विघ्न, व्यर्थ भागदौड़, पारिवारिक परेशानियों में वृद्धि, शनि का पाया लोह होने के कारण आर्थिक हानि, दुर्घटना चोटादि का भय हो।

कन्या विवाहे विलम्बदोष परिहारः

किसी शुभ दिन में वर प्राप्ति के लिए कन्या स्नानादि से प्रातःकाल निवृत्त होकर कमलबीज की माला से (ॐ श्रीगणेशाय नमः) इस मन्त्र का एक माला जप में गणेश का ध्यान करें। फिर गौरीशङ्कर (शिवपार्वती) का ध्यान करती हुई–

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः॥ स्वाहा

प्रतिदिन इस मन्त्र का एक माला जप करें।

हर ऐतवार के दिन जप के बाद प्रातः देसी घी में फीकी फुल्लियों को भिगोकर जगती आग में 108 आहुतियें दे दिया करें। मन्त्र के साथ स्वाहा का उच्चारण करती जायें। श्री शिव पार्वती गणेश जी का चित्र सामने रख लिया करें। जप व हवन के बाद–

प्रार्थना :- **ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि।**
नन्दगोपसुतं देवि पतिं देहि मनोरमम्॥

यह अनुष्ठान कन्या अपनी नवग्रह शान्ति तक करती रहे। कन्या के माता पिता भी श्रीगणेश जी की इकीस-इकीस माला जप करते रहें। लाख जप होने पर अपने तोल के बराबर हरा घास, भूसा, खल, पत्तरी, जौ का दाला, चने आदि को गौओं को डाल दिया करें। पक्षियों को प्रतिदिन चावल बाजरा आदि भी डालते रहें। *अथवा* कन्या हरिद्रा (हल्दी) की माला से निम्न लिखित मन्त्र की प्रतिदिन पांच माला जप विवाह की नवग्रह शान्ति तक करें :-

ॐ हे गौरि! शङ्करार्धाङ्गि! यथा त्वं शङ्कर प्रिया।

ग्रहण विवरण (संवत् 2069 वि०) सन् 2012-13 ई०

– पीयूष रैणा, अभियन्ता

यं वै सूर्यं स्वर्भानुस्तमसाविध्यदासुरः।
अत्रयस्तमन्वविन्दन् न ह्यन्ये अशक्नुवन्॥ (ऋ. 5.40.9)

ऋग्वेद के उपरोक्त मन्त्र से ज्ञात होता है कि महर्षि अत्रि ने सर्वप्रथम सूर्यग्रहण के रहस्य को जाना और सूर्यग्रहण के बारे में बताया। वैदिक काल में यह मान्यता थी कि स्वर्भानु (राहु) नामक दैत्य के द्वारा सूर्य को ग्रसित करने से ग्रहण होता है। माध्यन्दिनी संहिता में कहा गया है कि–

"राहुर्वै हस्ती भूत्वा तमसा सूर्यं विव्याध।"

किंतु कालान्तर में इस मान्यता अथवा इस चिन्तन को और अधिक विस्तृत रूप से विद्वानों ने परिशुद्ध किया और उन्होंने बताया कि 'स्वर्भानु' या 'राहु' नाम का कोई दैत्य या राक्षस नहीं है अपितु राहु शब्द का अर्थ होता है तम (अंधकार)। यथा–

तमस्तु राहुः स्वर्भानुः सैंहिकेयो विधुन्तुदः। (अमरकोश)

अतः इस धारणा को बल मिला कि अंधकार रूपी राक्षस (राहु) चंद्रबिम्ब के माध्यम से (चंद्र छाया में प्रवेश करके) जब पृथ्वी और सूर्य के बीच आकर सूर्य को ढँक देता है (आच्छादित कर देता है) तब यह अवस्था सूर्यग्रहण कहलाती है। और जब यह राहु पृथ्वी की छाया के माध्यम से चंद्रमा को आच्छादित कर दे तब चंद्रग्रहण होता है। वैदिक युग से आरंभ करके ज्योतिषग्रन्थों तक सूर्यग्रहण एवं चन्द्र ग्रहण के भेदोपभेदों का पर्याप्त विवेचन मिलता है। इस वर्ष घटित होने वाले ग्रहणों का वर्णन इस प्रकार है :–

विक्रम संवत् 2069, सन् 2012-13 ई० में भूमि पर 4 ग्रहण घटित होंगे :–

1. सूर्यग्रहण 20-21 मई 2012 ई०
2. चन्द्रग्रहण (खण्डग्रास) 4 जून 2012 ई०
3. सूर्यग्रहण 13-14 नवम्बर 2012 ई०
4. चन्द्रग्रहण (खण्डग्रास) 28 नवम्बर 2012 ई०

2. सूर्यग्रहण (वलयग्रहण) 20-21 मई 2012 ई०– यह ग्रहण 20 मई की रात्रि 2:26 से आरंभ करके 21 मई के प्रातः 8:19 तक घटित होगा किन्तु भारत के किसी भी नगर में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। अतः यह ग्रहण जम्मू सहित भारत के किसी भी भाग में नहीं लगेगा। यह ग्रहण विशेष रूप से कनाडा, चीन, जापान, ग्रीनलैण्ड, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, मंगोलिया, फिलिपींस, रसियन फेडरेशन, ताइवान और वेस्टर्न यू.एस. में देखा जा सकेगा।

विशेष– भारत में ग्रहण दृश्य न होने के कारण सूतकादि काल का प्रयोजन नहीं है।

2. चन्द्रग्रहण (खण्डग्रास) 4 जून 2012– यह ग्रहण जम्मू कश्मीर सहित भारत के किसी भी भाग में दृश्य नहीं होगा। विशेष रूप से एशिया के कुछ भागों सहित ऑस्ट्रेलिया, पेसेफिक (प्रशान्त महासागर) एवं अमेरिका में दिखाई देगा।

ग्रहण काल– (भा.स्टै.टा.)

चन्द्रमालिन्य प्रारंभ (Moon enters Penumbra)	14:18
ग्रहणस्पर्श (Moon enters Umbra)	15:29
ग्रहण समाप्त (Moon Leaves Umbra)	17:36
चन्द्रमालिय समाप्त (Moon Leaves Penumbra)	18:48

विशेष– भारत के दक्षिणपूर्वी भागों में कुछ समय के लिए मात्र चन्द्र मालिन्य रहेगा। अतः ग्रहणसूतकादि का प्रयोजन नहीं है।

स्थान	चन्द्रोदय	चन्द्रमालिन्य समाप्ति काल
चेन्नै	18:22	18:37
तिरुचिरापल्ली	18:25	18:37
तिरुपति	18:28	18:37
भुवनेश्वर	18:12	18:37
कटक	18:13	18:37
पुरी	18:11	18:37
कोणार्क	18:10	18:37
रायपुर (छ.ग.)	18:32	18:37
कोलकाता	18:06	18:37

3. सूर्यग्रहण 13-14 नवम्बर 2012 :– यह ग्रहण जम्मू कश्मीर सहित भारत के किसी भी भाग में दिखाई नहीं देगा। इस ग्रहण को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, साऊथ पेसिफिक, दक्षिणी अमेरिका आदि देशों में 13 नवम्बर रात्रि 1:07 से 14 नवम्बर प्रातः 6:15 तक देखा जा सकेगा।

विशेष– यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा अतः सूतकादि का प्रयोजन नहीं है।

4. चन्द्रग्रहण 28 नवम्बर 2012 :– यह ग्रहण भारत में हल्की छाया के रूप में ही रहेगा जो कि प्रायः प्रभावहीन ही है। फिर भी जम्मू कश्मीर सहित विश्व के विभिन्न भागों में छाया देखी जा सकेगी।

ग्रहण काल– (भा.स्टै.टा.)

चन्द्रमालिन्य प्रारंभ (Moon enters Penumbra)	17:30
चन्द्रमालिन्य समाप्त (Moon Leaves Penumbra)	22:11

विश्व के अन्य देशों यूरोप, पूर्वी अमेरिका, एशिया के कुछ भागों, ऑस्ट्रेलिनया, पेसिफिक एवं उत्तरी अमेरिका में इस छाया का समय भिन्न रहेगा।

(भा.स्टै.टा.)

चन्द्रमालिन्य प्रारंभ (Moon enters Penumbra)	12:14
चन्द्रमालिन्य समाप्त (Moon Leaves Penumbra)	16:50

विशेष– इस ग्रहण का सूतकादि काल निर्धारण आवश्यक नहीं है। यथावत् एवं यथाविधि अपने कार्यों को कर सकते हैं। उपरोक्त चारों ग्रहणों का प्रभाव भारत में कहीं नहीं है अतः किसी भी राशि के जातकों को लाभ-हानि का चिन्तन नहीं करना चाहिए।

शुक्र पारगमन (Transit of Venus) 5-6 जून 2012

"गृह्यते अनेन इति ग्रहणम्" अथवा "गृह्यते स्वाश्रयाभिमुखमाकृष्यते ग्राहकेन ग्राह्यं यत्रेति।" आदि शास्त्रीय परिभाषाएँ ग्रहण शब्द को परिभाषित करती है। प्रायः ग्रहण शब्द से सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण का ही परिज्ञान होता है। किन्तु अन्य समस्त ग्रह भी परस्पर एक दूसरे का अतिक्रमण करते हैं उनकी इस प्रक्रिया को 'पारगमन' कहा जाता है। 'पारगमन' और 'ग्रहण' में अन्तर यह है कि ग्रहण होने पर ग्राहकबिम्ब (जिसके द्वारा ग्रहण किया जा रहा हो), ग्राह्यबिम्ब (जिसका ग्रहण किया जा रहा हो) को पूर्णतः आच्छादित कर देता है जिससे प्रकाशमान ग्रह की किरणें अवरुद्ध हो जाती हैं और इस अवस्था को ग्रहण कहते हैं। किंतु पारगमन की इस अद्भुत खगोलीय घटना में स्थिति बिल्कुल भिन्न होती है। जब सूर्य बिम्ब के सामने से शुक्र बिम्ब का गमन होता है तब सूर्य में एक चलायमान 'काला बिंदु' दिखाई देता है यही स्थिति शुक्र पारगमन कहलाती है। चूँकि शुक्र की अपेक्षा सूर्यबिम्ब करोड़ों गुना अधिक विशाल है अतः शुक्रबिम्ब एक बिंदु की तरह दिखाई देता है इसी कारण यह घटना ग्रहण न होकर **'शुक्रपारगमन'** (Transit of Venus) के नाम से ख्यात है।

खगोलीय इतिहास के प्रमाणों के आधार पर यह ज्ञात हुआ है कि शुक्रपारगमन की घटना सर्वप्रथम 'जेरेमिया होरोकस' नाम के व्यक्ति ने 1639 ई. में देखी थी। तब यह ज्ञात हुआ कि सूर्य और पृथ्वी के बीच से चन्द्रमा की तरह शुक्र एवं बुध का भी पारगमन होता है। इसके बाद यह घटना क्रमशः 1761, 1769, 1874 और 1882 में देखी गई। इस सदी में प्रथम बार यह घटना 8 जून 2004 को हुई जो कि लगभग 121 वर्षों के अन्तराल के बाद घटित हुई। और अब 8 वर्षों के बाद 5-6 जून 2012 की मध्यरात्रि में लगभग 03:39 को आरम्भ होकर प्रातः 10:19 तक इस अद्भुत खगोलीय घटना का दृश्य आकाश में दिखाई देगा।

भारत में शुक्र पारगमन लगभग प्रातः 07:02 से प्रारंभ होकर 10:22 पर सम्पन्न होगा।

अखण्ड सुहाग का प्रतीक– 'करवाचौथ व्रत'
2 नवम्बर 2012

– श्रीमती कमलेश शास्त्री
धर्मशिक्षा संस्कृत अध्यापिका,
नागवनी स्कूल, जम्मू

भारतीय हिन्दू स्त्रियों के लिये 'करवाचौथ' का व्रत अखण्ड सुहाग को देने वाला माना जाता है। विवाहित स्त्रियाँ इस दिन अपने पति की दीर्घ आयु एवं स्वास्थ्य की मंगल-कामना करके भगवान् रजनीश (चन्द्रमा) को अर्घ्य अर्पित कर व्रत को पूर्ण करती हैं। स्त्रियों में इस दिन के प्रति इतना अधिक श्रद्धाभाव होता है कि वे कई दिन पूर्व से ही इस व्रत की तैयारी प्रारम्भ कर देती है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण की चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है, यदि वह दो दिन चन्द्रोदयव्यापिनी हो या दोनों ही दिन न हो तो पूर्वविद्धा लेनी चाहिये। करकचतुर्थी को ही 'करवाचौथ' भी कहा जाता है।

वास्तव में करवाचौथ का त्योहारा भारतीय संस्कृति के उस पवित्र बन्धन का प्रतीक है जो पति-पत्नी के बीच होता है। भारतीय संस्कृति में पति को परमेश्वर की संज्ञा दी गयी है। करवाचौथ पति और पत्नी दोनों के लिये नवप्रणय-निवेदन और एक-दूसरे के प्रति अपार प्रेम, त्याग एवं उत्सर्ग की चेतना लेकर आता है। इस दिन स्त्रियाँ पूर्ण सुहागिन का रूप धारण कर, वस्त्राभूषणों को पहनकर भगवान् रजनीश से अपने अखण्ड सुहाग की प्रार्थना करती हैं।

स्त्रियाँ शृंगार करके ईश्वर के समक्ष दिनभर के व्रत के बाद यह प्रण भी लेती हैं कि वे मन, वचन एवं कर्म से पति के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना रखेंगी।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चौथ को केवल चन्द्र देवता की ही पूजा नहीं होती, बल्कि शिव-पार्वती और स्वामिकार्तिकेय को भी पूजा जाता है। शिव-पार्वती की पूजा का विधान इस हेतु किया जाता है कि जिस प्रकार शैलपुत्री पार्वती ने घोर तपस्या करके भगवान् शंकर को प्राप्त कर अखण्ड सौभाग्य प्राप्त किया वैसा ही उन्हें भी मिले। वैसे भी गौरी-पूजन का कुँआरी कन्याओं और विवाहिता स्त्रियों के लिये विशेष माहात्म्य है।

नगर	चन्द्रोदय	नगर	चन्द्रोदय
अखनूर	19/57	वैष्णो देवी	19/56
अनंतनाग	19/54	जालंधर	19/58
उधमपुर	19/56	जयपुर	20/05
कटड़ा	19/56	दिल्ली	19/56
कठुआ	19/55	जिंद	19/59
किश्तवाड़	19/51	अमृतसर	19/59
कुद	19/55	ऊना	19/54
केरन	19/56	कांगड़ा	19/49
कोटली	19/59	कुल्लू	19/49
चिनैनी	19/55	कुरुक्षेत्र	19/55
जम्मू	19/57	गुरुदासपुर	19/56
जसरोटा	19/55	गुड़गांव	19/57
डोडा	19/53	चम्बा	19/52
नवांशहर	19/58	देहरादून	19/49
पहलगांव	19/52	नाहन	19/52
पुंछ	19/49	पठानकोट	19/55
बनिहाल	19/54	बनारस	19/39
बसोली	19/54	मुम्बई	20/24
बारामूला	19/56	बैजनाथ	19/52
भद्रवाह	19/53	बिलासपुर	19/49
मेंडर	19/58	लुधियाना	19/57
राजौरी	19/58	लखनऊ	19/44
रामनगर	19/55	शिमला	19/51
रामबन	19/54	सोलन	19/52
रियासी	19/56	सोनीपत	19/57
लेह	19/43	सहारनपुर	19/53
श्रीनगर	19/54	होशियारपुर	19/55
साम्बा	19/56	हरिद्वार	19/49

अथ शिवार्चनम्

अथ शांतिपाठः

ॐ आनोभद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासोऽअपरीता सऽउद्भिदः।
देवानो यथा सदमिद्वृधेऽअसन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे।।
देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतां देवानाꣳरातिरभिनो निवर्तताम्।
देवानाꣳसख्यमुपसे दिमावयं देवानऽआयुः प्रतिरन्तु जीवसे।।
तान्पूर्वया निविदाहूमहे वयम्भग- म्मित्रमदितिन्दक्षमस्त्रिधम्।
अर्यमणं वरुणꣳसोममश्विनासरस्वतीनः सुभगामयस्करत्।।
तन्नो वातो मयोभुव्वा तु भेषजन्तन्मातापृथिवीतत्पिताद्यौः।
तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयो भुवस्तदश्विनाश्रृणुतन्धिष्ण्या युवम्।।
तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिन्धियं जिन्वमवसे हूमहे वयम्।
पूषानो यथावेदसामसद्वृधेरक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।।
स्वस्तिनऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्तिनस्ताक्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्पतिर्दधातु।।
पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः।
अग्निजिह्वा मनवः सूरचक्षसोविश्वे नोदेवाऽअवसा गमन्निह।।
भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः।।
शतमिन्नु शरदोऽअन्तिदेवा यत्रा नश्चक्रा जरसन्तनूनाम्।
१४	२	००	४	००	६	००	८	०२	१०	०५	१२	०९	१४	१५	१६	२४	१८	३५	२०	५०	२३	००	२५	३०
१५	२	०९	४	१८	६	२७	८	३८	१०	५०	१३	०४	१५	१९	१७	३८	१९	५९	२२	२३	२४	५२	२७	२२
१६	२	१८	४	३६	६	५४	९	१४	११	३६	१३	५९	१६	२४	१८	५२	२१	२३	२३	५८	२६	३७	२९	२०
१७	२	२६	४	५४	७	२२	९	५१	१२	२२	१४	५४	१७	२९	२०	०७	२२	४८	२५	३३	२८	२३	३१	१८
१८	२	३६	५	१२	७	५०	१०	२८	१३	०८	१५	५०	१८	३५	२१	२३	२४	१४	२७	१०	३०	१०	३३	१६
१९	२	४५	५	३१	८	१८	११	०६	१३	५५	१६	४७	१९	४२	२२	४०	२५	४२	२८	४८	३१	५९	३५	१६
२०	२	५४	५	५०	८	४६	११	४३	१४	४३	१७	४५	२०	५०	२३	५८	२७	१०	३०	२७	३३	४९	३७	१८
२१	३	०४	६	०९	९	१५	१२	२२	१५	३१	१८	४३	२१	५८	२५	१७	२८	४०	३२	०७	३५	४१	३९	४२
२२	३	१४	६	२८	९	४४	१३	०१	१६	२०	१९	४२	२३	०८	२६	३६	३०	१०	३३	४९	३७	३५	४१	२७
२३	३	२४	६	४८	१०	१४	१३	४१	१७	१०	२०	४२	२४	१८	२७	५७	३१	४३	३५	३३	३९	३०	४३	३४
२४	३	३४	७	०८	१०	४४	१४	२१	१८	०१	२१	४३	२५	३०	२९	२०	३३	१६	३७	१८	४१	२७	४५	४४
२५	३	४४	७	२८	११	१४	१५	०२	१८	५२	२२	४५	२६	४२	३०	४४	३४	५२	३९	०५	४३	२६	४७	५६
२६	३	५४	७	४९	११	४५	११	४३	१९	४४	२३	४८	२७	५६	३२	०९	३६	२८	४०	५४	४५	२८	५०	१०
२७	४	०४	८	१०	१२	१७	१६	२६	२०	३६	२४	५२	२९	१२	३३	३६	३८	०७	४२	४५	४७	३१	५२	२७
२८	४	१५	८	३१	१२	४९	१७	०९	२१	३१	२५	४७	३०	२८	३५	०५	३९	४८	४४	३८	४९	३७	५४	४७
२९	४	२६	८	५३	१३	२२	१७	५२	२२	२६	२७	०४	३१	४७	३६	३५	४१	३०	४६	३३	५१	४५	५७	०९
३०	४	३७	९	१५	१३	५५	१८	३७	२३	२२	२८	१२	३३	०६	३८	०७	४३	१५	४८	३१	५३	५७	५९	३५
३१	४	४९	९	३८	१४	२९	१९	२३	२४	२०	२९	२१	३४	२८	३९	४१	४५	०२	५०	३२	५६	१२	६२	०४
३३	५	१२	१०	२५	१५	३९	२०	५७	२६	१८	३१	४४	३७	१६	४२	५६	४८	४४	५४	४१	६०	५१	६७	०३
३५	५	३६	११	१४	१६	५३	२२	३५	२८	२२	३४	१४	४०	१३	४६	२०	५२	३६	५९	०४	६५	४४	७२	४०
४०	६	४३	१३	२७	२०	१४	१७	०५	३४	०२	४१	०६	४८	१८	५५	४१	६३	१७	७१	०८	७९	१६	८७	४५
४५	८	०१	१६	२०	२४	०८	३२	१८	४०	३७	४९	०५	४७	४५	६६	३६	७५	५०	८५	२२	९५	१९	१०५	४५
५०	९	३२	१९	०७	२८	४६	३८	३४	४८	३१	५८	४२	६९	०९	७९	५६	९१	०८	१०२	५०	११५	०८	१२८	११
५५	११	२६	२२	५६	३४	३२	४६	१९	५८	२०	७०	४१	८३	२६	९६	४२	११०	३५	१२५	१७	१४०	५८	१५७	५६
१३"४'	१	४४	३	५४	५	५१	७	५०	९	५०	११	५१	१३	५४	१६	००	१८	०८	२०	१९	२२	३३	२४	५२
१८"५५'	२	४५	५	३०	८	१५	११	०३	१३	५१	१६	४३	१९	३६	२२	३३	२५	३४	२८	४०	३१	५०	३५	०६
२२"३४'	३	२०	६	४०	१०	०१	१३	२४	१६	४८	२०	१६	२३	४७	२७	२३	३१	०२	३४	४८	३८	४०	४२	३९
२८"३८'	४	२२	८	४५	१३	१०	१७	३६	२२	०६	२६	४९	३१	१८	३६	०२	४०	३१	४५	५१	५०	५८	५६	१६

वेलान्तर सारिणी

दिनांक	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जनवरी	०३	४	४	४	५	५	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३
+	३२	००	२८	२५	२२	४५	९	३४	०	२४	४८	११	३५	५७	१९	३९	००	१९	३८	५६	१४	३०	४७	०२	१७	३०	४३	५४	६	१६	२६
फरवरी	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१२	१२	१२	×	×
+	३०	४०	५०	५६	१	५	९	१२	१४	१५	१६	१५	१५	१३	११	८	४	०	५५	४९	४२	३४	२७	१९	१०	००	५१	४०	३४	×	×
मार्च	१२	१२	१२	११	११	११	११	१०	१०	१०	१०	९	९	९	९	८	८	८	७	७	७	७	६	६	६	५	५	५	४	४	४
+	२९	१७	५	५२	३९	२५	११	५६	४१	२५	१०	५४	३८	२१	५	४८	३१	१३	५६	३८	३१	०३	४५	२७	९	५१	३३	१४	५६	३८	२०
अप्रैल	४	३	३	३	२	२	२	२	१	१	१	०	०	–०	+०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	×
–	२	४२	२६	८	५१	३४	१७	०	४३	२६	१०	५४	३८	२४	९	१४	२०	३३	४७	०	१३	२४	३६	४७	५८	८	१८	२७	३६	४४	×
मई	२	२	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	२	२	२	२	२
–	५२	५९	६	१२	१८	२२	२७	३१	३५	३८	४०	४२	४३	४३	४३	४२	४१	३९	३७	३३	३०	२६	२२	१६	११	५	५८	५१	४४	३५	२७
जून	२	२	२	१	१	१	१	१	०	०	०	०	०	+०	–०	०	०	०	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	×
–	१९	१०	०	५०	४०	२९	१९	७	५६	४४	३२	२०	८	१३	१७	३०	४३	५६	९	२२	३६	४९	२	१५	२८	४०	५३	६	१८	३०	×
जुलाई	३	३	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६
–	४२	५३	४	१५	२६	३६	४६	५६	५	१३	२२	३०	३७	४४	५१	५७	२	७	१२	१६	२०	२३	२५	२६	२८	२८	२८	२७	२७	२५	२२
अगस्त	६	६	६	६	५	५	५	५	५	५	५	५	४	४	४	४	४	३	३	३	३	२	२	२	२	१	१	१	१	०	०
–	१८	१४	१०	४	५९	५२	४६	३९	३१	२२	१३	३	५३	४२	३१	१९	७	५४	४१	२७	१३	५८	४३	१७	१२	५५	३८	२०	३	४५	२७
सितंबर	०	०	०	०	१	१	१	२	२	२	३	३	३	४	४	५	५	५	६	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	९	×
–	८	१९	३१	५१	१०	३०	५१	११	३२	५३	१४	३५	५६	१७	३८	०	२१	४२	३	२४	४६	०७	२८	४९	९	३०	५१	११	३१	५१	×
अक्तूबर	१०	१०	१०	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६
+	११	३०	४९	७	२६	४४	२	१९	३६	५२	८	२३	३८	५२	६	१९	३२	४३	५५	००	१६	२५	३४	४२	५०	५६	३	८	१३	१७	२०
नवंबर	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१४	१४	१४	१४	१३	१३	१३	१३	१२	१२	१२	११	११	×
+	२२	२४	२५	२४	२४	२२	१९	१६	१२	६	००	५३	४६	२८	२८	१७	६	५४	४१	२७	१३	५७	४२	२५	८	४९	३०	१०	५०	२९	×
दिसंबर	११	१०	१०	९	९	९	८	८	७	७	६	६	६	५	५	४	४	३	३	२	२	१	१	०	+०	–०	०	१	१	२	२
+	८	४५	२२	५८	३४	९	४४	१७	५१	२४	५७	२९	१	३२	३	३४	५	३६	०	३७	७	३७	७	३७	७	२९	५२	२२	५१	२०	४९

नोट :– 26 दिसम्बर से 14 अप्रैल तक तथा 15 जून से 31 अगस्त तक वेलान्तर ऋण (–) 15 अप्रैल से 14 जून तक तथा 1 सितंबर से 15 दिसंबर तक वेलांतर धन (+) होता है। वेलान्तर मिनट एवं सेकेंड में हैं।

ॐ श्री गणेशाय नमः
श्रीसद्गुरवे नमः

विविधमुहूर्ताः

गर्भाधानसंस्कार मुहूर्त्त

भद्राषष्ठीपर्वरिक्ताश्च संध्याभौमार्कार्कीनाद्यरात्रीश्चतस्त्रः।
गर्भाधानं त्र्युत्तरेन्द्वर्कमैत्रब्राह्मस्वाती विष्णुवस्वम्बुपे सत्।। (मु०चि० मणि)

भद्रा, षष्ठी, पर्व (अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा) एवं रिक्ता (४, ९, १४) तिथियाँ, संध्याकाल, भौमरवि और शनिवार तथा ऋतुकाल की प्रथम चार रात्रियाँ गर्भाधान के लिए त्याज्य हैं तीनों उत्तरा (उ०फा०, उ०षा०उ०भा०) मृगशिरा, हस्त, अनुराधा, रोहिणी, स्वाती, श्रवण धनिष्ठा, शतभिषा इन सभी नक्षत्रों में गर्भाधान शुभ है।

गर्भाधान में शुभ लग्न :–

लग्न से केन्द्र त्रिकोण (१, ४, ७, १०, ९, ५) में शुभग्रह और ३, ६, ११ में पाप ग्रह हों, लग्न को पुरुषग्रह देखते हों, चन्द्रमा विषम राशि और विषम राशि के नवांश में हो, समरात्रि में गर्भाधान शुभ होता है। चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य और अश्विनी नक्षत्रों को गर्भाधान के लिए मध्यम कहा है।

गर्भाधान मुहूर्त्त चक्र

श्रेष्ठनक्षत्र	रो० हस्त, स्वाती, मृग० अनु०श्र०ध० शतभिषा, तीनों उत्तरा
मध्यम नक्षत्र	पुनर्वसु, अश्विनी, पुष्य, चित्रा
लग्न	१-४-५-७-९-१० पापग्रहों की स्थिति ३, ६, ११वें हो
नवांश	१, ३, ५, ७, ९, ११
रात्रियाँ	रजोदर्शन से ६, ८, १०, १२, १४, १६वीं

गर्भ मासों के स्वामी तथा स्त्री पुरुष के चन्द्र बल की विशेषता।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भा-धान लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

शुक्र, भौम, गुरु, सूर्य, चन्द्र, शनि, बुध, गर्भाधानकालिक लग्नपति चन्द्र तथा सूर्य क्रम से गर्भ के प्रथमादि मासों के अधिपति होते हैं। विवाह एवं गर्भकालिक संस्कारों में स्त्री का चन्द्रबल तथा इनसे भिन्न कार्यों में पति के चन्द्रबल को देखना चाहिए।

पुंसवन का मुहूर्त्त अथवा विष्णुपूजन मुहूर्त्त

पुंसवनसंस्कार सीमन्तोन्नयन से पूर्व किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य है गर्भ में पुरुष जातक हेतु संस्कार करना। 'पुमान् सूयतेऽनेन कर्मणेति पुंसवनम्', गर्भस्थ शिशु का पुत्र अथवा पुत्री सम्बंधी विभाजन तीसरे मास में हो जाता है अतः पुंसवन संस्कार तीसरे मास में ही युक्तिसंगत है सीमान्तसंस्कार के लिए बताए जाने वाले तिथि वार नक्षत्रों में गर्भ के तीसरे मास में पुंसवन संस्कार करना चाहिए। आठवें मास में श्रवन, रोहिणी औरपुष्य नक्षत्रों में, शुभ लग्न में, अष्टम भाव शुद्ध रहने पर गर्भिणी को विष्णु पूजन करना चाहिए।

पुंसवन तथा सीमन्त मुहूर्त्त चक्रम्

मास	गर्भ से तीसरे मास में तथा मासाधिपति के बलवान होने पर ६, ८	लग्न	१-३-५-७-११
तिथि	शुक्लपक्ष की १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ कृष्ण पक्ष के १ से १० तक	वार	रवि, मंगल, गुरु मतान्तर से सोम, बुध, शुक्र भी
नक्षत्र	रो० मृग० पुष्य, पुन० हस्त, मूल श्रवन तीनों उत्तरा (जन्मनक्षत्र छोड़कर)		

स्तनपान कराने का मुहूर्त्त

जन्म से पाँचवें दिन अथवा भद्रा, व्यतिपात वैधृति, ४, ९, १४ तिथि को त्याग कर शुभतिथि में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवारों में पुन० पुष्य, मृ० मघा श्रवण, रेवती नक्षत्रों में बालक को प्रथम बार स्तनपान शुभ है।

स्तनपान कराने के लिए मुहूर्त्तचक्र

तिथि	२-३-५-८-१०-११-१३-१५
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	पुन० पुष्प मृ० म० श्र० रे०
त्याज्य	भद्रा, व्यतिपात, वैधृति, रिक्ता तिथि

जल पूजन करने का मुहूर्त्त

जन्म के पश्चात प्रथम मास समाप्ति पर बुध, गुरु, चन्द्र वारों में ४-९, १४-३० तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मृ०पुन० पुण्य, हस्त, अनु० मूल, श्रवण नक्षत्रों में प्रसूता स्त्री द्वारा जलपूजन श्रेष्ठ है।

जल पूजन के लिए मुहूर्त्त चक्र

तिथि	१-२-३-५-६-८-१०-११-१२-१३-१५
वार	सोम, बुध, गुरु
नक्षत्र	मृ० पुन, पुष्य, हस्त, अनु० मूल, श्रवण
त्याज्य	प्रथममासोपरान्त चैत्र, पौष, अधिकमास गुरु-शुक्रास्त, रिक्ता व अमा० तिथि

सीमन्तसंस्कार मुहूर्त्तः

गुरु रवि और भौम वारों में, मृगशिरा, पुष्य, मूल, श्रवण पुनर्वसु तथा हस्त नक्षत्रों में रिक्ता (४, ९, १४) अमावास्या, द्वादशी, षष्ठी और अष्टमी तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में, गर्भमासपति के बलवान रहने पर, आठवें अथवा छठे मास में शुभग्रहों के केन्द्र में (१, ४, ७, १०) एवं त्रिकोण (५, ९) भावों में स्थित होने पर, पाप ग्रहों के ३, ६, ११ भाव में होने पर सीमन्त एवं (पुंसवन) संस्कार करना चाहिए।

ध्रुव संज्ञक (उत्तरा ३, रोहिणी) एवं रेवती नक्षत्रों में शुभग्रह वारों में पुरुष लग्न के नवांश में सीमन्त करना शुभ होता है।

सीमन्त संस्कार गर्भ का ही संस्कार है, गर्भ में शिशु की स्थिति एवं विकास हेतु कोई समस्या न हो इस उद्देश्य से यह संस्कार किया जाता है। इसे केश उत्पन्न होने के उपलक्ष्य में होने वाला संस्कार भी कहा जाता है क्योंकि गर्भस्थ शिशु के शिर एवं शरीर में रोम उत्पत्ति गर्भ के छठे मास में होती है। सीमन्त का अर्थ भी केश ही होता है।

गर्भकालिक स्थिति में तृतीय मास महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि तीसरे मास में ही अंगों की उत्पत्ति होती है तथा कन्या अथवा पुत्र का निर्णय हो जाता है। अत: तीसरे मास में पुंसवन नामक संस्कार का विधान बताया गया है। यद्यपि कुछ आचार्यों ने पुंसवन और सीमन्त दोनों संस्कारों को एक साथ करने के लिए कहा है।

सीमन्तोननयनस्योक्ततिथिवारभराशिषु।
पुंसवं कारयेद्विद्वान सहैवैकदिनेऽथवा।। (नृसिंहदेवज्ञ:)

जम्मू तथा हिमाचल प्रदेश में भी सीमन्तपुंसवन दोनों संस्कारों को एक साथ कर लेने की प्रथा प्रचलित है।

जातकर्म–नामकरण मुहूर्त

अष्टमी, चतुर्दशी, अमावास्या इत्यादि पर्व दिन, रिक्तातिथियों (४/९/१४) को त्याग कर शुभ दिनों में, जन्म से एकादश अथवा द्वादश दिन मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्रों में नवजात शिशु का जातकर्म और नामकरण करना चाहिए।

जातकर्म जातक की श्रीवृद्धि एवं ग्रहदोष निवारण हेतु किया जाता है। × × ×

सूतिकास्नानमुहूर्त्त

रेवती, उत्तरात्रय, रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, स्वाती, अश्विनी, अनुराधा नक्षत्रों में रवि गुरु और भौमवारों में सूतीस्नान शुभ होता है।

आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, मघा, विशाखवा कृत्तिका, मूल और चित्रा नक्षत्रों में, बुध शनिवारों में ६, ८ तथा रिक्ता (४, ९, १४) तिथियों में सूतीस्नान नहीं करना चाहिए।

दन्तोत्पत्तिफलम्

मास	दन्तोत्पत्तिफल
प्रथम	स्वयं बालक नष्ट हो
द्वितीय	अनुज (छोटे भाई) के लिए कष्टप्रद
तृतीय	भगिनी (बहन) के लिए कष्टप्रद
चतुर्थ	माता के लिए कष्ट
पञ्चम	अग्रज (बड़े भाई) के लिए अनिष्ट
षष्ठ	अतुल सुख प्राप्ति
सप्तम	पितृ सुख
अष्टम	स्वास्थ्यलाभ
नवम	धन लाभ
दशम	सुखप्राप्ति
एकादश	धनसम्पत्ति लाभ तथा सुखबाहुल्य

बालक यदि जन्मकाल में ही दान्त युक्त उत्पन्न हो तो स्वयं अपने और अपने माता पिता अथवा माता के लिए मृत्यु सूचक होता है।

जन्म के अनन्तर ऊपर की दान्त पंक्ति यदि निषिद्ध समय में (सदशन) दान्त सहित हो तब भी अपना, माता पिता के विनाश का सूचक होता है।

दोलारोहणनिष्क्रमण मुहूर्त्त

जन्म समय से बत्तीस, बारह, सोलह, अठारह एवं दश दिनों में शुभग्रहों के वासरों में (सोम, बुध, गुरु, शुक्र) मृदु-लघु और ध्रुव संज्ञक (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, हस्त अश्विनी, पुष्य तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में नवजात शिशु को दोला (झूला) में आरूढ़ करना चाहिए।

दोलारोहण चक्र

सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनें

५	५	५	५	७
नैरुज्य	मरण	कृशता	रोग	सौख्य

निष्क्रमण के लिए मुहूर्त्त चक्र

तिथि	१-२-३-५-६-८-१०-११-१२-१३-१५
वार	रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	अ०रो०पुन० पुष्य, हस्त, अनु० स्वा० मूल० श्र० ध०
त्याज्य	मंगल, शनि, रिक्ता, अमा० विष्टि अशुभ योग

अन्नप्राशन मुहूर्त्त

बालक के नामकरण, निष्क्रमण, भूमि उपवेशन के बाद ६, ८, १०, १२वें मास में पुत्र को और ५, ७, ९, ११वें मास में कन्या को अन्नप्राशन करावें।।

अन्नप्राशन मुहूर्त्त चक्र

मास पुत्र के लिए	६, ८, १०, १२
मास कन्या के लिए	५, ७, ९, ११
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र	अश्वि० रो० मृ० पुन० पु० हस्त, चि० स्वा० अनु० श्र० ध० श० तीनों उत्तरा, रेवती
लग्न	२, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११
त्याज्य	जन्म लग्न से व जन्म राशि से अष्टम लग्न या नवांश तथा १२, १, ८ लग्न। लग्न दशम में पापग्रह भद्रा व्यतिपात दोष।

कर्ण वेध मुहूर्त्त

समवर्ष, चैत्र, पौष, जन्ममास, देवशयन जन्म नक्षत्र व तिथि, क्षयतिथि व रिक्ता को छोड़कर जन्म से १२वें या १६वें दिन तथा ६, ७, ८ वें मास में विषम वर्षों में शुभवार (सोम, बुध, गुरु, शुक्र) अश्वि० मृ० पुन० पुष्य, हस्त, चि० अनु० श्र० ध० रे० नक्षत्रों में लग्न से अष्टम शुद्धसमय में वृष, तुला, धनु, मीन लग्न में तथा गुरु केन्द्र में स्थिति होने पर कर्ण वेध श्रेष्ठ समझें।

कर्ण वेध – मुहूर्त्त चक्र

वर्षादि	विषम वर्ष। ६, ७, ८ मास में जन्म से १२वें या १६वें दिन।।
तिथि १,	२, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
वार सोम	, बुध, शुक्र, गुरु
नक्षत्र	अश्वि० मृ० पुन० पु० हस्त, चि० अनु० श्र० धनि० रे०
लग्न २,	७, ९, १२
त्याज्य	समवर्ष, देवशयन (आषाढ़ शुक्ल एकादशी से का०शु० एकादशी तक) चैत्र, पौष, जन्मगास, तिथि, नक्षत्र, क्षय तथा रिक्त। तिथि

चूडाकर्म (मुण्डन) संस्कार मुहूर्त्त विचार

अपने कुल की परम्परा के अनुसार इष्टदेव या तीर्थस्थान पर मुण्डन संस्कार किया जा सकता है विषम वर्ष, उत्तरायण २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में शुभ वारों में अश्वि० मृ० पुन० पुष्य, हस्त, चि० स्वा० ज्ये० श्र० धनि० शत० रे० नक्षत्रों में करना श्रेष्ठ है। अष्टम भाव शुद्ध चाहिए। ज्येष्ठ एवं चैत्र मास त्याज्य हैं बालक की माता को ४ मास की गर्भ स्थिति होने पर ५ वर्ष से न्यून अवस्था के बालक का मुण्डन न करें।

चूड़ाकर्म (मुण्डन) संस्कार हेतु मुहूर्त्त चक्र

वर्ष	विषम। सूर्य उत्तरायण होने पर
तिथि	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
नक्षत्र	अश्वि० मृ० पुन, पुष्य, हस्त, चि० स्वा० ज्ये० श्र० धनि० शत० रे०
त्याज्य	लग्न से अष्टग्रह, ज्येष्ट चैत्रमास, समवर्ष, दक्षिणायन।

कन्या के नाक बिंधवाने का विचार

शुक्लपक्ष, रिक्ता (४, ९, १४) अमा० रहित तिथि सोम, बुध, गुरु, शुक्र, प्रथम प्रहर अशुभ योग रहित अश्वि० मृ० पुन० पुष्य, हस्त, चि० अनु० श्र० धनि० रे० ३ उत्तरा, स्वाती० शत इन नक्षत्रों में कन्या का नाक बींधना शुभ है।

कन्या की नासिका छेदन-मुहूर्त्त चक्र

पक्ष	शुक्ल पक्ष
तिथि	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
वार	सोम-बुध-गुरु-शुक्र
प्रहर	प्रथम
नक्षत्र	अश्वि०, मृ० पुन० पुष्य, हस्त० चि० अनु० श्र० धनि० रे० उत्तरा ३, स्वाती, शत०

अक्षरारम्भ करने का विचार

बालक को विद्यारम्भ से पूर्व अक्षर अंकादि ज्ञानार्थ अक्षरारम्भ का विचार होता है। सूर्य उत्तरायण हो, जन्म से ५, ७वें वर्ष में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथि शुभवार, अश्वि, आर्द्रा, पुन० पुष्य, ह० चि० स्वा० अनु० श्र० रे० इन नक्षत्रों में, चर लग्नों को त्याग कर अन्य स्थिर, द्विस्वभाव लग्नों में, गणेश, विष्णु, सरस्वती, लक्ष्मी तथा कुलदेवता का पूजन करके अक्षराम्भ करवाना चाहिए।

अक्षराम्भ के लिए मुहूर्त्त चक्र

अयन	उत्तरायण
वर्ष	५वां - ७वां
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
तिथि	२, ३, ५, ६, ८, १०, ११, १२
लग्न	२, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२
नक्षत्र	अश्वि० आर्द्रा, पुन० पुष्य हस्त, चि० स्वा० अनु० श्र० रे०

विद्यारम्भ विचार

अक्षराम्भ के पश्चात् विशेष ज्ञान को वृद्धिप्रद भाषास्थ विद्या (विशेषतः संस्कृत भाषास्थविद्या) का प्रारम्भ फाल्गुनमास छोड़कर उत्तरायण २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में, रवि, बुध, गुरु, शुक्र वारों में, अश्वि० आश्ले० मृ० आर्द्रा, पुन० पु० हस्त, चि० स्वा० अनु० मूल, श्र० ध० श० तीनों पूर्वा, रेवती इन नक्षत्रों में श्रेष्ठ है। अंग्रेजी, फारसी, उर्दू के विद्यारम्भ के लिए, रवि, मंगल, शनिवार रिक्ता (४, ९, १४) तिथि ज्ये० आश्ले० मघा, ३ पूर्वा, भ० कृ० वि० आर्द्रा, उ०षा० शत० इन नक्षत्रों में शुभ है।

विद्यारम्भ कराने के लिए मुहूर्त्त चक्र

अयन	उत्तरायण	
तिथि	२, ३, ५, ६, १०, ११, १२	
संस्कृत व हिन्दी विद्यारम्भ में त्याज्य	फाल्गुनमास, रिक्ता तिथि अशुभवार	
वार	रवि, बुध, गुरु, शुक्र	
नक्षत्र ग्राह्य	अश्वि० रो० मृ० आर्द्रा, पुन, पुष्य आ० हस्त० चि० स्वा० अनु० मू० श्र० ध० श० ३ पूर्वा रे०	
अंग्रेज़ी	वार	रवि, मंगल, शनि
फ़ारसी	तिथि	४, ९, १४
उर्दू आदि	नक्षत्र	ज्ये० आश्ले० म० ३ पूर्वा भ०कृ०वि० आर्द्रा, उ०षा० शत०

यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार के मुहूर्त्त का विचार

यज्ञोपवीतपरिधान (उपनयनसंस्कार) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तीनों को करना चाहिए। बाकल के जन्म से या गर्भ से ब्राह्मण ८वें, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें वर्ष में यज्ञोपवीत संस्कार करें। इस काल के व्यतीत हो जाने पर ब्राह्मण १६वें क्षत्रिय २२वें वैश्य २४वें वर्ष तक उपनयन करवा सकते हैं बालक का चन्द्रबल तथा गुरुबल विचार करना आवश्यक है देवशयन से पूर्व तक उत्तरायण सूर्य में, रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवारों में शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ तथा कृष्ण पक्ष की २, ३, ५ तिथियों में अश्वि० रो० मृ० आर्द्रा, पुन० पुष्य, आश्ले० तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त० चि० स्वा० अनु०मू० श्र०ध०शत०रे० इन नक्षत्रों के क्रूर तथा वेध रहित होने पर पूर्वाह्न में, अभिजित् मुहूर्त्त में यज्ञोपवीत संस्कार करावें।

चैत्र में मीन के सूर्य में, वृष या कर्क के पूर्ण चन्द्रमा के लग्न में रहने पर अत्यन्त शुभफलप्रद होता है। सामवेदियों को मंगलवार भी श्रेष्ठ है परन्तु मंगल का बल विचारना आवश्यक है। उपनयन संस्कार में दक्षिणायन नहीं होना चाहिए। देवशयन, गुरु, शुक्र का बालवृद्धत्व अपराह्न काल, ज्ये० शुक्ल द्वितीया, आषाढ़ शुक्ल १०, पोष शु० ११, माघ शु० १२ संक्रान्ति दिन, रोगबाण, सूर्य के ८, १७, २६ गतांश, लग्नेश और चन्द्र, गुरु शुक्र की ६, ८, १२ में स्थिति, १, ५, ८वें भावों में पापग्रह अशुभ होते हैं इन सबका त्याग आवश्यक है।

उपनयन करने के लिए मुहूर्त्त चक्र

वर्ष	ब्राह्मण (८ या १६)	क्षत्रिय (११ या १२)	वैश्य (१२ या २४)
अयन	देवशयन से पूर्व उत्तरायण में		
वार	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र		
पक्षतिथि	शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ कृष्णपक्ष की २, ३, ५		
नक्षत्र	अश्वि० रो० मृग० आर्द्रा, पुन० पुष्य, आश्ले० तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा० ह० चि० स्वा० अनु० मू० श्र० ध, शत रेवती		
गुरु	५, १, ९ २, ७ श्रेष्ठ	१, ३, ६, १० पूज्य	४, ८, १२ निन्दित
अन्य ग्राह्य	पूर्वाह्न, अभिजित्मुहूर्त्त (सामवेदियों को भौमबल व मंगलवार भी)		
त्याज्य	गुरु शुक्र का बाल वृद्धास्त, दक्षिणायन, संक्रान्ति दिवस, रोग बाण तथा लग्नेश, चं० शु०गु० की ६, ८, १२वें, पापग्रहों की १, ५, ८ वें स्थिति।		

ॐ श्री गणेशायन नमः

नमोऽस्तुरामाय

ब्रह्मर्षिवसिष्ठ द्वारा विरचित "वसिष्ठसांहता" में अष्टदश कूटों का विचार किया गया है, इन्हीं सभी कूटों का पूर्णरूपेण विवरण परमादरणीय सद्गुरु डॉ० बिहारी लाल वसिष्ठ जी द्वारा सम्पादित 'श्री वैष्णवविजयपञ्चाङ्गम्' में उपलब्ध है वर्त्तमान् में प्रसिद्ध अष्ट कूटों के सन्दर्भ में प्रतिपादन करते हैं।

वर्णोवश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्।
गणमैत्रं भकूटं च नाड़ी चैते गुणाधिकाः।।

(१) वर्णकूट (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणकूट (७) भकूट (८) नाड़ी।। क्रमशः एकोत्तर गुणवृद्धि कारक होते हैं जैसे वर्ण का एक गुण, वश्य के दो, तारा के तीन योनि के चार, ग्रहमैत्री के पाँच, गणमैत्री के छः, भकूट के सात नाड़ी के आठ ज्ञात करें, कुल योग ३६ गुणों का बोधक है। सरलता के लिए वर्ण ज्ञान बोधक चक्र बताते हैं।

वर्णज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	कर्क वृश्चिक मीन	मेष सिंह धनु	वृष कन्या मकर	मिथुन तुला कुम्भ

मीनादि क्रम से ब्राह्मणादि चारों वर्ण सुनिश्चित हैं हीनवर्णा का विवाह उत्तम वर्ण के वर से नहीं होना चाहिए ऐसे ही उत्तम वर्णा का विवाह हीन वर्ण वर से नहीं होना चाहिए।

वर्णदोष परिहार

कन्या ↓	वर :– ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

कन्या के वर्ण से वर का वर्ण उत्तम हो या समान वर्ण हो तो १ गुणोपलब्धि समझें। वर से कन्या का वर्ण उत्तम हो तो ० शून्य गुण प्राप्त होता है। वर स्वयं उत्तम वर्ण में हो तो एक गुण, वर की राशि का स्वामी वर्णोत्तम हो तो भी एक गुण जानें।

राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वेवांशनाथयोः।
गणादिदौष्ट्येऽप्युद्वाहः पुत्रपौत्रविवर्धनः।। (अत्रि)
न वर्ग–वर्णो न गणो न योनिः द्विर्द्वादशे चैव षडष्टके वा।
तारा विरोधे नव–पञ्चमे वा मैत्री यदा स्यात् शुभदो विवाहः।। (वृ०ज्यो०सा०)

(२) वश्य विचार

सिंह राशि को छोड़कर सभी राशियाँ मनुष्य राशि के वश में है। जल राशियाँ (४, १०, १२) न राशियों (३, ६, ९ पू० ११) का भक्ष्य हैं। सिंह वनचर और वृश्चिक कीट दोनों भयङ्कर मानी जाती हैं। दोनों के (कन्या एवं बालक) वश्य समान हों तो २ गुण, एक वश्य, दूसरा शत्रु होने पर एक गुण एक वश्य दूसरा भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होने से शून्य गुण प्राप्ति समझें।

वश्यदोष परिहार

राशीश मित्रता, राशीश एकता, नवांशेश मैत्री एवं एकता तथा योनि मैत्री होने से वश्यदोष परिहार शास्त्रकारों ने माना है।

(३) ताराकूट

(१) जन्म (२) सम्पद् (३) विपद (४) क्षेम (५) प्रत्यरि (६) साधक (७) वध (८) मैत्र (९) अतिमैत्र ये नव ताराएँ हैं। कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक, वर नक्षत्र से कन्या नक्षत्र पर्यन्त गणना करके भिन्न–भिन्न दोनों को ९ का भाग दें शेष ३, ५, ७ बचें तो अशुभ, शेष शुभ समझें।

दोनों की तारा शुभ हो तो गुण ३
एक शुभ, दूसरे की अशुभ हो तो १ $^1/_2$ गुण
दोनों की अशुभ ताराएँ हों तो गुण शून्य समझें।

तारा दोष परिहार

राशीशमैत्री एवं एकता, नवांशेश मैत्री एवं एकता होने से परिहार समझें।

(४) योनिकूट

शास्त्रकारों ने अश्विनी आदि २८ नक्षत्रों की अश्व, गज, मेष सर्पादि योनियाँ स्वीकार की हैं। कन्या एवं वर की योनियों की परस्पर शत्रुता सर्वदा त्याज्य है, जैसे शेर एवं हाथी, गाय और चीता, सर्प तथा न्यौला, अश्व–महिष, श्वान–मृग, वानर–मेष, चूहा एवं बिल्ली हैं।

कन्या एवं वर की एक ही योनि हो तो अत्यन्त शुभ, योनियाँ परस्पर परममित्र हों तो ४ गुण, मित्र हों तो ३ गुण समान एक जैसी प्रकृति की हों तो २ गुण, सामान्य वैर हो तो १ गुण, परम शत्रुता हो तो शून्य गुण प्राप्ति समझें।

योनि दोष परिहार

राशीश मैत्री, राशीश एकता, नवांशेश मैत्री, नवांशेश एकता परिहार कारक है।

(५) राशीशमैत्री कूट

वर कन्या की राशियों में स्वामियों का एकत्व अथवा मित्रता भावादि इस कूट के मुख्य स्तम्भ हैं। (१) यदि दोनों की राशियों का एक ही स्वामी हो या राशियों के स्वामी आपस में मित्र+मित्र हों तो मिलान सर्वोत्तम समझें, (२) एक दूसरे का मित्र परन्तु दूसरा सम हो उत्तम मिलान, सम+सम हो तो मिलान सामान्य, मित्र+शत्रु तो नेष्ट, सम–शत्रु हो तो अति नेष्ठ, एवं शत्रु+शत्रु हों तो अत्यन्त नेष्ट समझें।

शत्रुमित्रंच विज्ञेयं दम्पत्योः कलहप्रदम्।
अन्योन्यसमशत्रुत्वं दम्पत्योः विरहप्रदम्।। (वसिष्ठ)

राशीश एकत्व = ५
राशीश मित्र+मित्र = ५
राशीश मित्र+सम = ४
राशीश सम+सम = ३
राशीश मित्र+शत्रु = १
राशीश शत्रु+शत्रु = ०

नवांशेशमैत्री एवं नवांशेश एकता, नक्षत्र एक परन्तु राशियां भिन्न-भिन्न हों तो परिहार हो जाता है।

(३) गणकूट

अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, स्वाती, अनुराधा, श्रवण एवं रेवती नक्षत्रों का देवगण, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भरणी और आर्द्रा नक्षत्रों का मनुष्यगण, कृत्तिका, आश्लेषा, मघा, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूला, धनिष्ठा और शतभिषा का राक्षसगण होता है।

वर कन्या के नक्षत्रों के गण यदि देव+देव = ७ गुण, मिलान सर्वोत्तम

मनुष्य-मनुष्य	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
मनुष्य-देव	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
राक्षस-राक्षस	–	६ गुण	–	मिलान उत्तम
देव-मनुष्य	–	५ गुण	–	मिलान शुभ
देव-राक्षस	–	१ गुण	–	नेष्ट मिलान
राक्षस-देव	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान
मनुष्य-राक्षस	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान
राक्षस-मनुष्य	–	० गुण	–	नेष्ट मिलान

गणदोष परिहार

राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वे वांशनाथयोः।
गणादिदौष्टयेऽप्युद्वाहः पुत्र-पौत्रविवर्धनः।। *(अत्रि)*
द्विर्द्वादशे वा नवपञ्चमे वा षड्काष्टके राक्षसयोषितो वा।
एकाधिपत्ये भवनेशमैत्र्ये शुभाय पाणिग्रहणं विधेयम्।। *(वसिष्ठ)*

राशीश मैत्री, राशीश एकता, नवांशेश मित्रता एवं नवांशेश एकाधिपत्य परिहार कारक हैं।

कृत्तिका रोहिणी स्वातिर्मघाचोत्तराफाल्गुनी।
पूर्वाषाढ़ोत्तराषाढ़े न क्वचिद् गणदोष दे।। *(वृ०दै०र० मुहूर्तकल्पद्रुमः)*
गणदोषोयोनिदोषो वर्ण दोषः षडष्टकम्।
चत्वारि नैवदुष्यन्ति राशि मैत्री यदाभवेत्।। *(वृ०ज्यो०सा०)*

कृत्तिका, रोहिणी, स्वाती, मघा, उत्तराफाल्गुनी पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा ये सभी नक्षत्र गणदोष परिहार करने की क्षमता रखते हैं।

गणदोष, योनि दोष, वर्ण, षडाष्टकदोष राशि मित्रता होने पर दूषित नहीं करते।

भकूट का दूसरा नामान्तर राशिकूट भी है। यह तीन प्रकार का है– (१) द्विर्दादशादोष (२) नवमपञ्चमदोष (३) षडष्टकदोष – कन्या की राशि से वर की राशि दूसरी व बारहवीं (२-१२) अथवा वर की राशि से कन्या की राशि दूसरी व बारहवीं (२-१२) हो तो द्विर्द्वादश दोष होता है, इसी प्रकार दोनों (वर-कन्या) की राशियाँ नौवीं व पाँचवीं हो तो नवम-पञ्चम, तथा छठी व आठवीं हो तो षडष्टक दोष होता है। राशिकूट शुद्धि होने पर ७ गुण माने जाते हैं। षडाष्टक परिहार– १, ८, २-७, ३-१०, ४-९, ५-१२ तथा ६-११ – इन राशियों का षडाष्टक शुभ है १-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुभाव होने के कारण त्याज्य कहा है।

नवमपञ्चम परिहार :–

वरस्यपञ्चमेकन्या, कन्याया नवमेवरः
एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्रपौत्र सुखावहम्।। *(वृ०ज्यो०स०)*

वर से कन्या की राशि पञ्चम और कन्या की राशि से नवम वर की राशि हो तो परिहार होता है ऐसी जोड़ी पुत्रपौत्र तक सुख देखती है।

शुभ नवपञ्चम :–

मेषे च सिंहे वृषभे च कन्ये युग्मे घटे वृश्चिक कर्कटेच।
सिंहेच चापे मकरे युवल्या मित्र त्रिकोणं बहुपुत्रलाभः।। *(चण्डेश्वर)*

१-५, २-६, ३-११, ८-४, ५-९, १०-६ ये सभी शुभ नवपञ्चम हैं ग्राह्य हैं।

अशुभववपञ्चम :–

मेषे च चापे मकरे वृषे च कुम्भे च युग्मे झषकर्कटे च।
कुम्भे तुलायां झषकीटयोश्च शत्रु त्रिकोणं बहुदुःखहानि।। *(चण्डेश्वर)*

१-९, १०-२, ११-३, १२-४, ११-७, १२-४ ये सभी अशुभ नवपञ्चम है दुःखप्रद होते हैं।

अशुभद्विर्न्द्वादश दोष :–

कन्याहरौकीट तुलाधरौ वा चापेमृगे वा झषगे च कुम्भे।
कुलीर युग्मे वृषभे च मेषे द्विर्द्वादशे वै निधनं करोति।।

शुभद्विर्द्वादश :–

चापे फणीन्द्रे घटभे मृगे च अजे झषे सिंह कुलीरके च।
कन्यातुलायां वृषभे च युग्मे द्विर्द्वादशेचाथकरोतिवृद्धिम्।।

एकाधिपत्य, राशीश मैत्री तथा नवांशेश मैत्री पूर्णतः परिहार कारक मानी गई है। द्विर्द्वादशा में दारिद्रय, षडष्टक में मृत्यु, नवपञ्चम में अपत्य हानि कहा है।

षडाष्टके गोमिथुन प्रदेयं।
कास्यं सरोप्यं नवपञ्चमे च।।
नाड्यां सुवर्णान्नमथोसधेनुं।
द्विर्द्वादशे ब्राह्मनतर्पणं च।।

८. नाड़ी कूट

अष्टकूटों में शिरोमणि कूट नाड़ी कूट है।
नाड़ीकूटं तु संग्राह्य कूटानां हिं शिरोमणिः।
ब्रह्माण कन्यका कण्ठे सूत्रत्वेन विनिर्मितम्।।
"एक नाड़ीस्थ नक्षत्रे दम्पत्योःमरणं ध्रुवम्।" *(मुहूर्तप्रकाशे)*

वर कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ सूचक है मृत्युप्रद है। सुविधा के लिए त्रिनाड़ी चक्र को समझें। अश्विन्यादि २७ नक्षत्रों को तीन पंक्तियों (नाड़ियों) में विभाजित किया गया है– आदि, मध्य और अन्त्य।

त्रिनाड़ीचक्रम्

आदि	अ	आ	पुन	उ०फा	ह	ज्ये	मू	शत	पूर्वाभा
मध्य	भ	मृग्	पुष्य	पू०फा	चि	अनु	पू०षा	ध	उ०भा०
अन्त्य	कृ	रो	आश्ले०	मघा	स्वा	वि	उ०षा	श्र	रे

कन्या एवं वर का जन्म नक्षत्र एक नाड़ी में पड़े तो विवाह अशुभ सूचक होता है, दोनों की आद्य नाड़ी हो तो विवाहोपरान्त विरहा की स्थिति हो, मध्यनाड़ी हो तो दोनों की हानि तथा अन्त्य नाड़ी हो तो वैधव्य योग अथवा घोर कष्ट होता है। भिन्न नाड़ी में आठ गुणों की प्राप्ति तथा समान नाड़ी होने पर शून्य गुण प्राप्त होता है।

नाड़ी दोष परिहार

नाड़ीदोषस्तु विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम्।
गणदोषश्च वैश्येषु योनिदोषस्तु पादजे।।
एवमपि ग्रहमैत्रं ब्राह्मणानां क्षत्रियाणां गणस्तथा।
वैश्यानां राशिकूटं हि शूद्राणां योनिरुत्तमा।। *(शीघ्रवोधे)*

नाड़ीयोनौ द्विजस्योक्ते गणवर्णौच बाहुजे।
वैश्यानां राशिकूटं स्याद्योनिर्वर्गस्तु पादजे।। (मुहूर्तकल्पद्रुमे)

नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्ण दोष क्षत्रियों के लिए, गणदोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विचारणीय है।

विशेष :– अब चूकि वर्ण व्यवस्था भङ्ग होती जा रही है सभी जातियाँ अपने-अपने कर्मों से विमुख होती जा रही हैं अतः ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए भी नाड़ी दोष उपेक्षनीय नहीं है। सर्वश्रेष्ठ मिलान हेतु नाड़ी दोष परिहार देखना परमावश्यक है।

यदि वर कन्या दोनों की राशि एक हो परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों यदि दोनों का नक्षत्र एक हो राशि भिन्न-भिन्न हो, तथा नक्षत्र चरण भिन्न-भिन्न (पाद भेद) हो ऐसी स्थिति में नाड़ी दोष नहीं होता– शुभफलप्रद होता है।

आद्यांशेन चतुर्थाशं चतुर्थांशेन चादिमम्।
द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्।।
एवं भांश व्यधोयत्र जायते वर कन्ययोः
तत्र मृत्युर्नसंदेहः शेषांशाः स्वल्पदोषदाः।।

स्वरोदये शास्त्रानुसार प्रथम पाद का चतुर्थपाद से एवं चतुर्थपाद का प्रथमपाद से वेध, द्वितीय का तृतीय से तथा तृतीय का द्वितीय से वर कन्या के नक्षत्रों का वेध समझें। शेष चरणों का परस्पर स्वल्प दोष होने से उपेक्ष्य जानें।

एक राश्यादि योगे तु नाड़ी दोषो न विद्यते।
अन्यत्र तु विचार्यैषा स्वभावाच्छोभनाश्च ते।।
सुहृदेकाधिपयोगे ताराबलेवश्य राशौ वा।
अपिनाड्यादि विरोधे विवाहो भवति हितार्थाय।। (ज्यो०त० सुधार्णवे)

श्रीपति निबंध एवं ज्योतिषत्व सुधार्णव में एकाधिपत्य एवं राशि मैत्री नाड़ी प्रभृति समस्त कूटों में पाये जाने वाले दोषों में परिहारक माने गए हैं। इसी प्रकार एक राशि भिन्न नक्षत्र एवं एक नक्षत्र में भी राशि भेद तथा चरण भेद होने से नाड़ी दोष निवृत्त हो जाता है।

एक राशिरुभयोर्भिन्नभं चेदभिन्न भमुतान्य राशिता।
पुंस्त्रियोरतिरतीव नो यदा रोहिणी शुचि भनाड़ी कोड्डुवत्।। (ज्योतिर्विदाभरणे)
एक नक्षत्र जातानां नाड़ी वेधो न विद्यते।
भिन्नांशश्चैकराशीनां दम्पत्योः प्रीतिहेतवे।।
एकराशौ पृथग्धिष्ण्ये पृथग् राशौ तथैकभे।
गणनाड़ी नृदूरं च ग्रहवैरं न चिन्तयेत्।। (वृहस्पतिः)
दम्पत्योरेक राशिश्चेद् भिन्नमृक्षं यदा तदा।
गणदोषोऽप्येकनाडायां विवाहः शुभदः स्मृतः।। (ज्यो० निबंध)

रत्नकोशकार तो एक नक्षत्र गत दोनों को एक चरण होने पर भी मिलान शुभ मानते हैं।

"केचिन्नेच्छन्ति चैकांशे केचिदिच्छन्तिमेलकम्।।"

सप्तविंशति नक्षत्रों में कुछ नक्षत्र है जो नाड़ी दोष निरस्त करने की क्षमतारखते हैं यदि इन नक्षत्रों में वर कन्या का जन्म हो तो भी नाड़ी दोष निरस्त समझें।

वैश्वानरद्रुहिणयोरदितीशयोश्चतद्वत्करार्यमभयोर्द्वयधिपानिलेन्द्वोः।
छागैकपादवरुणयोः श्रुतिवैश्वयोश्चस्यादभिन्नभवनेनहिनाड़ीदोषः।। (रत्नकोषे)

कृत्तिकारोहिणी नक्षत्रों में, पुनर्वसु आर्द्रा में, उत्तराफाल्गुनी हस्त में, स्वाती विशाखा में, शतभिषापूर्वाभाद्रपदा में, उत्तराषाढ़ा श्रवण में, इन नक्षत्रों में जन्म होने पर चाहे वे एक पाद हों या भिन्नपाद में हों, चाहे अभिन्न राशि ही क्यों न हो नाड़ी दोष नहीं हो सकता।

प्रीतिवित्तसुखदः करग्रहेस्त्वेकराशिषु च भिन्नभं यदि।
वारुणाजपादभं भवेद्यदा नाड़ी दोषगणजो न विद्यते।।
नाड़ीगणो नैकराशौचिन्त्यो भिन्नभयोर्यथा।
कृत्तिकाकभयोर्द्वीशस्वात्योः पूभाजलेशयोः।।

आचार्यलल्ल ने भी रत्नकोषकार की भान्ति कृत्तिका, रोहिणी, विशाखा, स्वाती, पूर्वाभाद्रपदा, शतभिषा इन नक्षत्रों को नाड़ी दोष का पूर्णरूपेण परिहार स्वीकार किया है।

विवाह वृन्दान का प्रमाण ज्योतिर्निबंध में इस प्रकार से उपलब्ध है।

नक्षत्रमेकं यदि भिन्नराश्योरभिन्नराश्योर्यदि भिन्नमृक्षम्।
प्रीतिस्तदानीं निविडानृनार्योश्चेत् कृत्तिकारोहिणीवन्न नाड़ी।।

उक्त नक्षत्रों में एक नक्षत्र यदि वर या कन्या का आ जाए जिसका परिहार कहा गया है, दूसरे का ऐसा नक्षत्र आ जाए जिसका परिहार नहीं, ऐसी स्थिति में "निमित्तायाये नैमित्तिकस्याप्यपायः" इस परिभाषा से एक का परिहार होने पर दूसरे का स्वयं परिहार हो जाता है।

इसके अतिरिक्त 'वृहद्दैवज्ञरञ्जनम्' में ऐसाप्रमाण उपलब्ध है जिसमें और भी नक्षत्रों का समावेश किया गया है।

अजैकपान्मित्रवसुद्विदैव प्रभंजनाग्न्यर्क भुजंगभानि।
मुकुन्दजीवान्तक भानि नूनं शुभानि योषिन्नरजन्मभैक्ये।। (वृ०दै०र०)

पूर्वाभाद्रपदा, अनुराधा, धनिष्ठा, विशाखा, स्वाती, कृत्तिका, हस्त, आश्लेषा, श्रवण, पुष्य भरणी, इन नक्षत्रों में कोई भी दो नक्षत्र वर कन्या के आ जाएं तो नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है, वर कन्या के लिए शुभ फलप्रद हो जाता है। "एक राशि में दो नक्षत्र हों और नाड़ी भेद भी हो जाए तो विवाह में वर्जित जानना।

एकराशौद्विनक्षत्रेकृत्तिकायाम्यतारके।
धनिष्ठा शततारे च पुष्याश्लेषौ च वर्जयेत्।।
शुक्रे जीवे तथा सौम्य एक राशीश्वरेयदि।
नाड़ीदोषो न वक्तव्यः सर्वथा यत्नतो बुधैः।। (विवाह कोतुहले)

शुक्र जीव तथा बुध यदि राशीश्वर हो जाए तो भी नाड़ी दोष परिहार हो जाता है।

दोषानुपत्तये नाड़या मृत्युञ्जयजपादिकम्।
विधाय ब्राह्मणांश्चैव तर्पयेत् काञ्चनादिना।।
हिरण्यमयीं दक्षिणां च दद्याद्वर्णादिकूटके।
गावोऽन्नं वसनं हेमं सर्वदोषापहारकम्।। (गुरुः)

नाड़ी दोष हो जाने पर अत्यावश्यक में महामृत्युञ्जय जप श्रेष्ठ सात्विक ब्राह्मणें द्वारा करवाकर गो, अन्न, वस्त्र, सोनादि दान करना चाहिए। शुभम्भूभात।

विवाह संस्कार

"भार्या त्रिवर्गकरणं शुभशीलयुक्ता
शीलं शुभं भवति लग्न वशेन तस्याः
तस्माद्विवाहसमयः परिचिन्त्यते हि
तन्निघ्नतामुपगताः सुतशीलधर्माः

मुहूर्तचिन्तामणि (रामदवैज्ञः)

स्त्री को प्रधान रूप से धर्म-अर्थ-काम की प्रदात्री मानकर तथा सन्तान उत्पत्ति की मुख्य स्त्रोत समझकर विवाह समय का विचार विशेष रूप से करना परमावश्यक है।

जीवन की पूर्ण रूपेण सिद्धि के लिए चारों आश्रम आवश्यक हैं– ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्त और सन्यास!

ब्रह्मचर्याश्रम– जीवन की एक विशेष अवस्था है जिसमें अपने मस्तिष्क को उन्नत करके बुद्धिजन्य ज्ञान को प्राप्त करना होता है, इस प्रकार के समस्त ज्ञान हेतु शारीरिक उन्नति होना भी आवश्यक है।

गृहस्थाश्रम– चारों आश्रमों में मुख्य गृहस्थाश्रम है और गृहस्थाश्रम का मुख्य आधार है 'विवाह संस्कार'। विवाह धर्मार्थ काममोक्ष रूपी चतुर्वर्ग फलप्राप्ति करवाने में एकमात्र सहायक है। यह एक ऐसी अवस्था है कि जस समय विषयों का राग विचार पूर्वक त्याग न कर सके उस राग का यथार्थ ज्ञान करने के लिए नियम पूर्वक (जिस काम को जिसके लिए करना चाहिए) अर्थ और काम का न्यायपूर्वक संचय करना और शेष आश्रमों की द्राव्यादि से सेवा करनी होती है।

वानप्रस्थाश्रम– जीवन की वह अवस्था है कि जिस समय विषयों में अरुचि होवे फिर तपश्चर्यापूर्वक मन इन्द्रिय आदि का संयम करना और पारिवारिक जीवन का त्याग करना होता है। समस्त संसार से समभाव रखना ही सही वानप्रस्थ है।

सन्यासाश्रम– अवस्था भेद मिटाकर सभी प्रकार से निडर हो जाना अर्थात् अपने आप में स्थायी रूप से सत्य का अनुभव करना ही सन्यास आश्रम है। जीवन की पूर्णता सिद्ध करने के लिए सन्यास अत्यन्त आवश्यक है।

विवाह संस्कार के उपरान्त ही मनुष्य सन्तानोत्पत्ति के साथ देवर्षिपितृ ऋणों से मुक्ति प्राप्त करता है। धर्मशास्त्रोक्तं आठ प्रकार के विवाहों में 'ब्रह्म विवाह विधि' श्रेष्ठ है। इस

विधि में मुख्य रूप से वर कन्या की जाति गोत्रादि भिन्नता, मेलापक (नक्षत्र व मंगली आदि का मिलान) विचार किया जाता है। परन्तु आज अधिकांश लोगों द्वारा गान्धर्व विवाह विधि को (प्रेम विवाह) अपनाया जा रहा है और श्रेष्ठ भी समझा जा रहा है।

इससे पूर्व अष्टकूटों का विचार कर चुके हैं अब कुण्डली मिलान में मङ्गल के सन्दर्भ में विचार प्रस्तुत करते हैं कुण्डली मिलान में सर्वप्रथम यह देखना चाहिए कि कुण्डली मङ्गली तो नहीं है यदि दोनों कुण्डलियाँ मङ्गली हों तो विवाह शुभ होता है। कुण्डली में मङ्गल यदि १, ४, ७, ८ १२वें भाव में हो तो कुण्डली मङ्गली मानी जाती है, विशेष परिस्थितियों में मङ्गली परिहार के द्वारा ही विवाह किया जा सकता है जैसे कि एक की कुण्डली में १, ४, ७, ८ १२वें से जिस भाव में मङ्गल पड़ा हो तो दूसरे की कुण्डली में उसी भाव में शनि या अन्यपापग्रह विद्यमान हो तो मङ्गली दोष परिहार हो जाता है।

भौमेन सदृशो भौमः पापो वा तादृशो भवेत्।
विवाहः शुभदो प्रोक्तश्चिरायुः पुत्र पौत्रदः।।

चन्द्र कुण्डली में भी इसी प्रकार विचार करके तभी विवाह करना चाहिए। विशेषतः मङ्गल का निर्णय भावचलित से करना चाहिए।

लग्ने तुर्ये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे।
कन्या भर्तृ विनाशाय भर्ता कन्या विनाशकृत।।

लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम और व्यय स्थान में मङ्गल से कन्या पति को नष्ट करती है और वर कन्या को नष्ट करता है इसलिए वर कन्या दोनों को मंगल होना आवश्यक है।

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके स्थिते।
वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौम दोषो न विद्यते।।

जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा।
अष्टमे द्वादशे वापि भौमदोष विनाशकृत्।।

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽपिवाऽथवा भौमे।
वक्रिणी नीचारिगृहे वार्कस्थेपि वा न कुजदोषः।।

केन्द्रेकोणे शुभाढये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्त था।।

न मंगली चन्द्रभृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः न मङ्गली मंगल राहु योगे।।

तनु धन सुख मादनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा।।

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्।
अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते।।

इन्हीं परिहार वाक्यों से भौम (कुज) दोष निरस्त होता है फिर भी वर कन्या के लग्न लग्नेश, सप्तम, सप्तमेश, अष्टम अष्टमेश इनके योगों को देखकर सूक्ष्म रीति से परिहार योगों को विचार कर ज्योतिषी लोग कुण्डली मिलान करें तो श्रेयस्कर होगा। यहाँ यह भी स्मरण रहे कि कुण्डली ठीक-ठीक बनी होनी चाहिए। कन्या की कुण्डली में यदि कुयोगों द्वारा वैधव्य योग हो तो शालिग्राम से, पिप्पल वृक्ष से, अर्कवृक्ष से वा कुम्भ से पूर्वाद्य विवाह करवाकर स्वर्णदान, गोदान, महामृत्युञ्जयादि जप करके कन्या का विवाह करने से कन्या सौभाग्य पुत्र तथा धनधान्यादि से युक्त होती है।

जन्मोत्थं च विलोक्य वालविधवायोगं विधायव्रतम्।
सावित्र्या उत पैप्पलं हि सुतरां दद्यादिमां वारहः।।
सल्लग्नेऽच्युतमूर्तिपिप्पलघटैः कृत्वा विवाहंस्फुटम्।
दद्यात्तां चिरजीविनेऽत्र न भवेद्दोषः पुनर्भूभवः।।

विवाह से पूर्व कन्या का नाम परिवर्तन

यदि कन्या एवं वर की जन्म कुण्डली न हो और दोनों का प्रसिद्ध नाम परस्पर मिलान में शुभ न हो तो आवश्यकता में कन्या का नाम बदला जा सकता है वर का नहीं। कन्या का नाम बदलने के लिए मेलापक सारिणी में वर के नक्षत्र के अनुसार यहाँ दोषांक का अभाव हो उसी आद्यक्षरानुसार सुन्दर नाम रख लेना चाहिए।

जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्।
व्यत्ययेन यदा योज्यं दम्पत्योर्निधनप्रदम्।।

वर का प्रसिद्ध नाम तथा कन्या का जन्मनाम, कन्या का प्रसिद्ध नाम और वर का जन्म नाम लेना ऐसी विपरीत कदापि न करें। विशेषतः दोनों का जन्म नाम ही लेना शास्त्रोक है और आवश्यक भी। यथा-

विवाहेसर्वमांगल्येयात्रायां ग्रहगोचरे।
जन्मराशेःप्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत्।।
कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते।
सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।।
मन्त्रेपुनर्भूर्वरणे नामराशेः प्रधानता।
कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते।।

नाम राशि का विचार

देशेग्रामेगृहेयुद्धेसेवायां व्यवहारके। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत्।।
काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता।।

विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नाम भात् चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा।।

वर वरण मुहूर्त्त

विवाह संस्कार से पूर्व पञ्चाङ्ग शुद्धि देख कुयोग रहित दिन में शुभतिथि वार कृत्तिका, रोहिणी, पू० ३ उ० ३ नक्षत्रों में चन्द्रबल देखकर शुभलग्न तथा शुभ नवांश में, अपने कुल पुरोहित या कन्या का भ्राता वर के घर आकर पूर्वोत्तर या पूर्वा पर दिशा में बैठे कुंकुम या केसर से वर को तिलक करें, वस्त्र यज्ञोपवीत आदि वर को देकर वर का सत्कार करें।

कन्या वरण मुहूर्त्त

पञ्चाङ्ग शुद्धि देखकर कुयोग रहित दिन में कृ० पूर्वा० ३ स्वा० अनु० उ०पा०श्र०ध० तथा विवाहोक्त नक्षत्रों में शुभसमय में वस्त्रालङ्कार फल पुष्पों सहित कन्या वरण करें।

विवाह निश्चय के कुछ नियम

वधु वर की सगोत्र और माता की सात पीढ़ी में से न हो। दो सगी बहनों का विवाह दो सगे भाईयों से न करें। दो सगी बहनों का दो सगे भाईयों का एक संस्कार ६ मास में साथ ही न करें। लड़की के विवाह के पश्चात् लड़के का विवाह हो सकता है पृथक् माता (सौतेली) से हुए भाई बहिनों का एक संस्कार द्वार भेद, मण्डपभेद और आचार्य भेद से हो सकता है। यमल (जोड़े) भाई बहिनों का एक ही मण्डप में विवाह करने में हानि नहीं। इसी प्रकार विवाह के पश्चात् मुण्डन, यज्ञोपवीत ६ मास तक न करें, संवत्सर भेद से मङ्गल कार्य हो सकते हैं। मङ्गल कार्य के मध्य पितृ कर्म (श्रद्धादि) न करें। वाग्दान के अनन्तर वर कन्या के तीन पीढ़ी में किसी की मृत्यु हो जाय तो १ मास के बाद अथवा सूतक निवृत्त होने पर शान्ति करके विवाह करने में हानि नहीं। नान्दीमुख श्राद्ध हो जाने के पश्चात् यदि किसी की मृत्यु हो जाए तो कन्या वर के माता पिता को अशौच नहीं लगता निश्चित समय पर विवाह कर देना चाहिए।

विवाह में त्रिबल शुद्धि

बल	गुरु	चन्द्र	सूर्य
श्रेष्ठ	२, ५, ७, ९, ११	१, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११	३, ६, १०, ११
पूज्य	१, ३, ६, १०	१२	१, २, ५, ७, ९
नेष्ट	४, ८, १२	४, ८	४, ८, १२

वरस्य भास्कर बलं कन्यायाश्च गुरोर्बलम्।
द्वयोश्चन्द्रबलं ग्राह्यं विवाहो नान्यथा भवेत्।।

यहाँ वर का सूर्यबल, कन्या का गुरु बल तथा दोनों का चन्द्रबल देखना चाहिए।

विशेष :- गुरु व सूर्य स्वोच्च, स्वमित्र, स्वराशि, स्वनवांश, वर्गोत्तम नवांश में होने पर ४, ८, १२वें होनें पर भी शुभ होते हैं।

स्वोच्चे स्वमैत्रे वा स्वांश वर्गोत्तमेगुरौ।।
रिष्फाष्टतुर्यगोऽपीष्टो नीचारिस्थः शुभोऽप्यसत्।।
(रामदैवज्ञ)

यदि गुरु नीच या शत्रु राशि का हो तो शुभ होने पर भी अशुभ फलप्रद होता है अतः नीच या शत्रु राशिस्थ गुरु कन्या की राशि से २, ५, ७, ९, ११वें होने पर भी अशुभ माना गया है यह पूजा करने पर ही श्रेयस्कर होता है। ऐसे ही सूर्य ४, ८, १२वें होने पर परिहार वाक्य–

"स्वोच्चे स्वमित्रसदने स्वगृहे स्ववर्गे।
स्वांशे ततश्च निधन व्ययतुर्यगोऽपि।।
श्रेयस्तनोति रिपुनीचगलोऽप्यनिष्टम्।
तुल्यं फलं निगदितं रवि जीवयोश्च।।
(दैवज्ञकल्पद्रुम)

सूर्य यदि तुला राशि वाले वर के लिए २, ५, ९वें हो तो भी शुभ फलप्रद होता है उसकी पूजा की आवश्यकता नहीं होती।

"धर्मधीधनगतोदिवाकरस्तौलि राशि जनितस्य शोभनः।।"

अन्य राशि वालों के लिए २, ५, ९वां सूर्य १३ अंश बीत जाने पर शुभ माना जाता है पूज्य नहीं होता।

"गर्ग्याङ्गिरो वत्सवसिष्ठगौत–।
मपराशराद्या मुनयो वदन्ति।।
द्वितीय पंचाङ्गतो दिवाकर–
स्त्रयोदशा हात्परतः शुभावहः।।"

विवाह मुहूर्त्त में दश दोषों का विचार

१. लत्तादोष चक्रम् :–

ग्रहाः	सूर्य	पूर्णचन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
वि.न.	१२	२२	३	७	६	५	८	९
दिशा	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम
फल	धननाशः	भयम्	मृत्यु	भयम्	बंधुनाश	कार्यहानिः	कुलक्षय	मरणम्

उदाहरण– जैसे सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र यदि १२वां हो तो सूर्य की लत्ता दोष वाला विवाह नक्षत्र होगा इसी भान्ति शेष ग्रहों की लत्ता दोष भी जानें।

२. पात दोष ज्ञान चक्रम् :–

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	विवाह नक्षत्राणि
आर्द्रा	मृ	अ	कृ	भ	कृ	अ	रो	भ	भ	अ	
पुन	अ	मृ	अ	मृ	श्र	अ	ज्ये	पुन	श	ज्ये	
श	ज्ये	ज्ये	वि	श	ध	उषा	ध	श	वि	ध	सूर्याधिष्ठित नक्षत्रानि
पूफा	ध	पुष्य	पूफा	पूभा	पुष्य	पूभा	श्ले	वि	उफा	म	
चि	म	ह	उभा	स्वा	ह	पूषा	मू	ऽनु	पूफा	पूफा	
मू	ह	रे	पूभा	म	रे	पूफा	उभा	उषा	मू	स्वा	

ऊपर के नक्षत्रों में सूर्य हो तो नीचे के नक्षत्रों को पात दोष लगता है हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात दोष से दूषित हो जाता है, इन दूषित नक्षत्रों में विवाह नहीं करना चाहिए।

३. युति दोष :– जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उसी ग्रह की युति का दोष समझें, चन्द्रमा उच्च स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता। शुक्रवगी युति विशेष रूप से वर्जित है, सू, मं, श, रा, के इत्यादि की युति मृत्यु, दारिद्रय एवं भयप्रद मानी गई है।

४. वेध दोष चक्रम :–

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	वि.न.
अभि	उषा	श्र	रे	उभा	श	भ	पुन	मृ	ह	उफा	ग्र.न.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और नीचे के नक्षत्र पर कोई भी ग्रह हो वेध दोष होता है यह सर्वत्र निन्दित है इसका सर्वदा त्याग करना हितकारी है।

५. जामित्र दोष चक्रम :–

रो	मृ	मघा	उ.फा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे	वि.न.
अनु	ज्ये	ध	पूभा	उभा	अ	कृ	मृ	पुन	उफा	ह	ग्र.न.

ऊपर के नक्षत्रों में विवाह का नक्षत्र हो और नीचे के नक्षत्रों पर कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का जामित्र दोष होता है १४वें नक्षत्र में पापीग्रह का जामित्र दोष वर्जित है।

६. वाणज्ञानाय सुलभ चक्रम् :–

वाण नाम	अर्कस्य राशि प्रति गतांशाः	५ कर्म वर्ज्या	वार वर्ज्या	समय परत्वेन वर्ज्या
रोग	०८/१७/२६	व्रतबंधे	रवौ	रात्रौत्याज्यम्
अग्नि	२/११/२०/२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव वर्ज्यम्
नृप	४/१३/२२	नृपसेवा	मन्दे	दिवा त्याज्यम्
चारे	६/१५/२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ वर्ज्यम्
मृत्यु	१/१०/१९/२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः वर्ज्यम्

७. एकार्गलदोष :– व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड ये योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

८. उपग्रहदोष :– सूर्य के नक्षत्र से ५वें, ७वें, ८वें, १०वें, १४वें, १५वें, १८वें, १९वें, २१वें, २२वें, २३वें, २४वें और २५वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

९. क्रान्तिसाम्य दोष चक्रम :–

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	कन्या	तुला
सिंह	म	ध	वृश्चिक	मी	कुम्भ

नीचे और ऊपर की राशि पर सूर्य एवं चंद्रमा हों तो स्थूल रूप से क्रान्ति साम्य दोष आ जाता है जैसे मिथुन के सूर्य और धनु के चन्द्रमा में या धनु के सूर्य और मिथुन के चन्द्रमा में। यह दोष सर्वत्र वर्जित है विशेषतः इसकी सूक्ष्म क्रान्ति ही वर्जित है इसका निर्णय महायातगणित से किया जा सकता है।

१०. दग्धातिथिदोष :–

धनु	वृष	कर्क	कन्या	सिंह	मकर	सूर्यः
मीन	कुम्भ	मेष	मिथुन	वृश्चिक	तुला	राशि
२	४	६	८	१०	१२	तिथि

इन उक्त सङ्क्रान्तियों के सौर मास में ये दग्धा तिथियाँ विवाह में वर्जनीय हैं।

भुजङ्गं क्रान्तिसाम्यं च वाणवेधं तथैवच।
लग्नहीनं विवाहं तु कलो पञ्च विवर्जयेत्।।

[illegible] (उज्जैनप्रान्त) [illegible] कुरु (कुरुक्षेत्र) बागर आंगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रांत) एकार्गलं च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत्। उपग्रहर्क्षं कुरुवाल्हीकेषु (आगरा प्रान्त बलखबुखारा) कलिङ्ग वंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्।। सौराष्ट्र (काठियावाड़) शल्वे (उज्जैन प्रान्त) च लत्तितं भम्। त्यजेत्तु विदभं किल सर्वदेशे।। युतिदोषो भवेद् गौड़े (बंगाल) जामित्रस्य च यामुने (मथुरादि प्रान्त) मासदग्धा च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिता:।।

विवाहे लग्न शुद्धि चक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं पापा	००	शुक्र	००	००	चं. शु. लग्नेश	सर्वे	चं मं शुभा. लग्नेश	००	मं	००	श	त्याज्या ग्रहा:
चंद्रकूर	कुलिकं क्रांति साम्यं च				चं	मं	चंद्रभोग		विदभ्भं च गोधूली त्याज्या:			

युति परिहार :-

स्वोच्चगे वा मित्रक्षेत्रगतो विधु:।
युति दोषाय न भवेद्दम्पत्यो: श्रेयसे तदा।।

दोषापवाद ज्योतिर्निबंधे :-

दोषाश्च बहव: सन्ति गुणा: स्वल्पा कलौ युगे।
तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणै: सह।।

अपवादान्तरम् :-

उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरु:।
केन्द्रसंस्थे सितौ वापि पन्नगान् गरुडो यथा।।
मुहूर्त्त लग्न षड्वर्ग कुनवांश ग्रहोद्भवा:
ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे।।
लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेका दशालये।
सर्वग्रहकृतारिष्टमेकोऽपि विलयं नयेत्।
बलवान् केन्द्रग: सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्।
द्यूनं विहाय दैत्येज्य सहस्रं लक्षमंगिरा:।।

स्मरण रहे पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र (१/४/१०) ही ग्रहण करना।

विवाह काल निर्णय:

प्रथम गर्भ के ज्येष्ठ वर कन्या का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं होता इसको त्रिज्येष्ठ कहते है। वर कन्या में से एक ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह करना मध्यम है फिर भी आवश्यकता में कृत्तिका का सूर्य निकल जाने पर दानादि करके विवाह करने में हानि नहीं। ऐसे ही वृश्चिक के सूर्य में कार्तिक में विवाह हो सकते हैं।

जन्म नक्षत्र में अन्न प्राशन, यज्ञोपवीत धारण, मुण्डन (चूड़ाकरण) राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों को शुभ माना गया है परन्तु सीमन्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्मनक्षत्र अनिष्टफलप्रद होता है :-

बालान्नभुक्तौ व्रतबंधनेऽपि राज्याभिषेके रवलुजन्मधिष्ण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु वसिष्ठ:।।

जन्ममास एवं जन्म नक्षत्र में बड़े लड़के या लड़की का विवाह करने का निषेध माना गया है।

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा
आद्यगर्भसुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रह:।।

परन्तु छोटे लड़के या लड़की का विवाह जन्ममास में हो सकता है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्त:

विवाह संस्कार हो जाने के पश्चात् पहली बार वधु का पतिगृह में प्रवेश वधु प्रवेश कहलाता है विवाह के १६ दिन के भीतर बिना तिथि मुहूर्त्तादि का विचार किए भी स्थिर लग्न में वधु प्रवेश हो सकता है। एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त स्थिर लग्न में तीसरे, ५वें वर्ष में भी शुभ है। वधु प्रवेश में रे. अ. रोहि. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा ३, पुष्य, अनु. इन नक्षत्रों में और चं. बु. वृ. शु. श. इन वारों में चतुर्थ अष्टमस्थान शुद्ध हो, १/२/३/५/६/७/८/१०/११/१२/१३/१५ तिथियों में ५/८/११ लग्नों में शुभ होता है। व्यतिपात, क्षयतिथि, ग्रहण, वैधृति अमा. संक्रान्ति, रिक्ता तिथियों में वधु प्रवेश वर्जित है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्त चक्र

दिन	१६ दिन तक अथवा ७, ५, ९वें दिन
मास वर्ष	विषम मास, विषम वर्ष
तिथि	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५
नक्षत्र	रे. अ. रो. मृ. श्र. ध. हस्त. चि. स्वा. म. मूल. पुष्य, अनु. तीनों उत्तरा. आभि.
वार	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र
लग्न	२, ५, ८, ११ लग्न ४, ८ भाव शुद्ध हो
त्याज्य	व्यतीपात, क्षयतिथि, रिक्ता, उमा. ग्रहण. वैधृति. संक्रान्ति दिन

वधु प्रवेशो न दिवा प्रशस्तः
राजप्रवेशो न निशिप्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः
सत् कीर्त्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः।।

द्विरागमन मुहूर्त्त– वधुप्रवेशोपरान्त द्वितीयवार पिता के घर (प्योके) से पतिगृह में प्रवेश द्विरागमन कहलाता है, १, ३, ५ विषम वर्षों में, १-८-११ राशि के सूर्य में गुरु की शुद्धि विचार कर शुभवार १, २, ३, ६, ७, १२ लग्नों में, ह. अ. रे. तीनों उत्तरा अभिजित्, रो. मृ. पुन. पु. श्र. ध. श. मू. चि. अनु. नक्षत्रों में शुभ कहा है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ होता है।

द्विरागमन मुहूर्त्त चक्रम्

वर्ष	विषम (५ वर्ष तक)
मास	१, ८, ११वीं राशि के सूर्य में, सूर्य गुरु की शुद्धि
तिथि वार	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १५ सोम, बुध, गुरु एवं शुक्र
लग्न	१, २, ३, ६, ७, १२
नक्षत्र	ह. चि. अ. रे. रो. स्वा. पुन. पुष्य श्र. ध. श. मृ. मू. अनु. ३ उत्तरा
त्याज्य	सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र (रेवती से मृगशिरा तक चन्द्र के रहने पर शुक्र शुभ हो जाता है) सामान्य अवस्था में त्याज्य

विशेष :-

द्विरागमं षोडषवासरान्त एकादशाहेसमवासरेषु।
न चात्र ऋक्षं न तिथिर्न योगो न वार शुद्धयादि विचारनीयम्।।
रेवत्यादिमृगान्ते च यावत्तिष्ठति चन्द्रमा।
तावच्छुक्रो भवेदन्धः सम्मुखे दक्षिणे शुभः।।

यात्रा मुहूर्त्त का विचार

यात्रा करने में चन्द्रवास, दिक्शूल, योगिनी चन्द्रबल ये चार मुख्य बातें विचारणीय है। यात्रा में ह. श्र. अश्वि. मृ. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. सर्वश्रेष्ठ हैं। अत्यावश्यक में भ. कृ. आ. आश्ले, मघा. चि. स्वा. वि. ज्ये. की पहली क्रमशः ७-२१-१०-१४-११-४०-१४-१४-१४ घटियां यात्रा में त्याज्य हैं। रो. तीनों उत्तरा, पूर्वा [illegible] मूल नक्षत्र यात्रा में मध्यम कहे हैं। कृष्णपक्ष प्रतिपदा, शुक्ल द्वितीया यात्रा में शुभ हैं। जन्म लग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न व अष्टमनवांश में, कुभ लग्न अथवा कुम्भ के नवांश में यात्रा सदैव वर्जित है।

यात्रा में चन्द्रवास

मेषे च सिंहे धनुपूर्वभागे वृषे च कन्यामकरेच याम्ये।
युग्मे तुलायां च घटे प्रतीच्यां कर्कालिमीने दिशिचोत्तरस्याम्।।

दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क
राशि	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
राशि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन

यात्रा फल

यात्रा काल में चन्द्रमा सम्मुख होने पर अर्थलाभ, दक्षिण होने पर सुख सम्पत्ति, पृष्ठ होने पर मृत्युतुल्य कष्ट या मृत्यु, वाम होने पर धन हानि करता है।

"सर्वे दोषाः लयं यान्तिपूर्ण चन्द्रे हि सम्मुखे।"

दिशा	सम्मुख	दक्षिण	पृष्ठ	वाम
फल	अर्थलाभ	सुख सम्पत्ति	मृत्यु	धनहानि कष्ट

सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुख सम्पदः।
पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः।।

योगिनी विचार

प्रतिपदा से शुरू करके पूर्व, उत्तर, अग्नि, नैऋत्य, दक्षिण, पश्चिम, वायव्य, ईशान इन दिशाओं में क्रमशः योगिनी भ्रमण करती है। योगिनी दक्षिण तथा पृष्ठ में रहने पर शुभ तथा सम्मुख एवं वाम हो तो अशुभ फलप्रद होती है।

योगिनी निवास चक्रम

पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	दिशा
१/९	३/११	५/१३	४/१२	६/१४	७/१५	२/१०	८/३०	तिथयः

योगिनी विशेष विचार

योगिनी के शुभा-शुभत्व के सन्दर्भ में भिन्न-भिन्न मत उपलब्ध हैं :-

योगिनी सम्मुखे द्यूते गमे युद्धे च मृत्युदा।
अशुभा वामभागस्था पृष्ठे दक्षे जयप्रदा।। *(मुहूर्त्त गणपति)*

योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछितदायिनी।
दक्षिणे धनहन्त्री च सम्मुखे मरणंप्रदा।। *(शीघ्रबोध)*

जयदा पृष्ठदक्षस्था भंगदा वामसम्मुखी।
त्रिविधं योगिनी चक्रम् इत्युक्तं ब्रह्मयामले।। *(स्वरोदये)*

"सम्मुखवामगा न शस्ता" – मुहूर्त्त चिन्तामनि में ऐसे कहा गया है।

तथा च–

पृष्ठतो दक्षिणे वापि योगिनी गमने हिता।
वामसम्मुखयोर्नेष्टा वामुमेवं विचिन्तयेत्।। *(विजयकल्पलता)*

तथा :-

वामे शुभकरी देवी पृष्ठेसर्वार्थदायिनी।
वंशबंधकरी चाग्रे दक्षिणे मृत्युदायिनी।।

मुहूर्त्त चिन्तामणि, मुहूर्त्तगणपति, स्वरोदये विजयकल्पलता इत्यादि ग्रंथों के परस्पर विरोधी वचनों को देखते हुए दक्षिण तथा पुष्ठस्थ योगिनी शुभ एवं वाम और सम्मुख योगिनी अशुभ मानी गई है।

दिक्शूल विचारार्थ चक्र

पूर्व	पश्चिम	दक्षिण	उत्तर	दिशा	पूर्व	अग्नि	दक्षिण	नैऋ	प.	वा	उ.	दिशा
चन्द्र	रवि	गुरु	बुध	वार	श	शु	गुरु	बुध	मं	चं	र	वार
शनि	शुक्र	०	मंगल	वार			संमुख काल वासवर्ज्यम्					

आवश्यकेदिक्शूलेपदार्थाः

सू	धृत	ताम्बूल
चं	पय	चन्दन
मं	गुड	मृद
बु	पुष्प	तिल
वृ	दधि	दधि
शु	धृत	यव
श	तिल	माषान
वार	भक्ष	धारण

समय	शूल
प्रातःकाल	पूर्वदिशा
मध्याह्न	दक्षिण
संध्याकाल	पश्चिम
अर्धरात्रि	उत्तर

अत्यावश्यक कार्य में रविवार में धृतपान, सोम को दूध, मंगल को गुड़, बुध को तिल, गुरु को दधि, शुक्र को यवान्न शनि को उड़द या तेल की वस्तु का सेवन करके जाना शुभ है।

नक्षत्रशूल विचार

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
ज्येष्ठा	पू.भा.	रोहिणी	उ.फा.	नक्षत्र

यात्रा शुद्धि :– जन्मलग्नेश, राशीश, जन्मदशेश ये अस्त हो, गुरु शुक्र अस्त, सिंहस्थगुरु, नीचस्थ गुरु ये सब यत्न से वर्ज्य करें।

लग्नशुद्धि :– शुभग्रह १, ४, ५, ७, ९, १०वें, पापग्रह ३, ६, १०, ११वें श्रेष्ठ हैं चन्द्रमा १, ६, ८, १२वें, लग्नेश ६, ७, ८, १२वें, शनि १०वें शुक्र ७वें नेष्ट हैं।

दिशाओं के विभाग से लग्न विचार

दिशा	शुभलग्न	मध्यम	भय	महाभय
पूर्व	१-५-९	२-६-१०	४-८-१२	३-७-११
दक्षिण	२-१०-६	३-७-११	१-५-९	४-८-१२
पश्चिम	३-७-११	४-८-१२	२-६-१०	१-५-९
उत्तर	४-८-१२	१-५-९	३-७-११	२-६-१०

दिक्शूल परिहार :–

"न वार दोषः प्रभवन्तिरात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणम् दिवा शशांकर्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवार दोषः।

प्रस्थान विचार :– यात्रा मुहूर्त में देरी हो तो यात्रा के तीन दिन के अन्दर वर्णानुसार यज्ञोपवीतादि वस्तु या मनपसन्द प्रियवस्तु को किसी के पास रख दें पुनः यात्रा में जाते समय लेते जाएँ।

यात्रा में शुभ शकुन :– विप्र २, अश्व, गज, मद, फल, अन्न, दुग्ध, जौ, दधि, सर्षप, कमल, निर्मल वस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गौरीकन्या, कार्यसिद्धिवाक्य जलपूर्णघट, पश्चाद्रिक्तघट ये सभी यात्रा समय शुभ होते हैं।

गृहारम्भमुहूर्त्त विचार

वैशख, श्रावण, मार्ग, माघ, फाल्गुन सौर महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्त्तिक मास मध्यम हैं २/३/५/६/७/१०/११/१२/१३/१५ और कृष्ण पक्ष

की प्रतिपदा इन तिथियों में चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनिवारों में, रो. मृ. चि. ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३, ध. श. रे. वेध रहित नक्षत्रों में २/३/५/६/८/११/१२ लग्नों में, पञ्चवाण और भूमिशयन से रहित दिनों में, लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभग्रह और ३/६/११ वें स्थान में पापग्रह तथा अष्टमस्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त्त शुभ होता है।

नवीन गृहनिर्माण के पूर्व नींव खोदने के उपरान्त इष्टिका स्थापना का विचार करना चाहिए। नींव खनन करते समय राहुमुख का विचार कर राहुमुख के पीछे वाली दिशा से खात (नींव) खनन प्रारम्भ करें।

राहुमुख एवं खात दिशा ज्ञान के लिए चक्र

कोण	ईशान	वायव्य	नैऋत्य	अग्नि
गृहारम्भ	सिंह, कन्या तुला	वृश्चिक, धनु मकर	कुम्भ, मीन मेष	वृष, मिथुन कर्क
देवाल्या-रम्भ	मीन, मेष वृष	मि. कर्क सिंह	कन्या, तुला वृश्चिक	धनु, म. कुम्भ
जलाश्या-रम्भ	म. कु. मीन	मेष, वृष मिथुन	कर्क, सिंह कन्या	तुला, वृ. धनु.
खातदिशा	आग्नेय	ई	वाय.	नै.

गृहारम्भ से पूर्व भूमि के शुभाशुभत्व की भी परीक्षा करनी चाहिए। भूमि में एक हाथ चौड़ा, एक हाथ लम्बा, एक हाथ गहरा गड्ढा बनाकर रात्रिकाल में जल से भर कर प्रातःकाल निरीक्षण करें यदि जलयुक्त हो तो शुभ, निर्जल हो तो मध्यम, जलहीन तथा फटी हो तो भूमि अशुभ जानें।

गृहारम्भ मुहूर्त्त चक्र

नक्षत्र	रो. मृ. चि. ह. स्वा. अनु. उ. ३ ध, श. रे.
मास	वै. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन इन मासों में १ सूर्य क्रमशः १, ४, ५, ८, १०, ११ राशियों में स्थित होने पर, भाद्रपद एवं कार्तिक मध्यम है
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र, शनि
तिथियाँ	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५
लग्न	२, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२
लग्नशुद्धि	स्वामी की दृष्टि हो, लग्न से १, ४, ७, १०, ५, ९वें शुभग्रह, ३, ६, ११वें पाप ग्रह तथा ८, १२ स्थान शुभ पाप से रहित
त्याज्य	भद्रा, अशुभयोग, अष्टमचन्द्र, चक्र अशुद्धि
विशेष	शुक्लपक्ष, गुरु शुक्र के उदय में गृहारम्भ विशेष शुभ है

अन्य विशेष :- पुष्य, उ. ३. रो. म. आश्ले. पूषा नक्षत्रों में गुरु जिस नक्षत्र पर हो उस नक्षत्र में गुरुवार को गृहारम्भ पुत्रप्रद तथा लक्ष्मीप्रद कहा है। रो. ह. श्र. उफा, चित्रा इनमें जिस नक्षत्र में बुध हो उसी नक्षत्र में बुध हो उसी नक्षत्र में बुधवार गृहारम्भ पुत्र और सुखप्रद है। वि. चि. आ. ध. शं. इनमें शुक्राधिष्ठित नक्षत्र में शुक्रवार को गृहारम्भ धन धान्यप्रद होता है।

चैत्रादिमास में गृहारम्भ का मास के अनुसार फल

मास	फल
चै.	शोक
वै.	धान्य
ज्ये.	पशुमरण
आषा.	हृति
श्रा.	द्रव्यवृद्धि
भाद्र.	नाश
अश्वि.	युद्ध
का.	भृत्यक्षय
मार्ग.	धन
पौ.	श्रीप्राप्ति
मा.	वह्निभय
फाल्गु.	लक्ष्मीलाभ

गृहारम्भ में शिलान्यास (प्रथम इष्टिका स्थापना) पूर्व दक्षिणकोण (अग्निकोण) में करें।

"क्षेत्रभित्तिशिलान्यासासस्तम्भस्यारोपणं तथा पूर्वदक्षिणयोर्मध्ये कुर्यादित्याहकश्यपः।।"

भूमि शयन विचार

नींव खोदने में भूमि शयन का भी विचार करना आवश्यक है। सूर्य नक्षत्र से ५, ७, ९, १२, १९, २६ संख्यक नक्षत्रों में भूमि खनन अशुभ है। बहुत जरूरी हो तो इन नक्षत्रों की ५, ११, ७, ६, २, १० घटियां वर्जित हैं।

वत्सचक्र विचार

सूर्य जिस नक्षत्र पर हो उससे गृहारम्भ नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें पुनः चक्रानुसार फल विचारें।

वत्स चक्र

नक्षत्र	स्थान	फल
३	शीर्ष	वह्निभय
४	अग्निमपाद	रिक्त, अशुभ
४	पृष्ठपाद	स्थिरता
३	पृष्ठ	श्रीलाभ
४	दक्षिण कुक्षि	शुभलाभ
३	पुच्छ	स्वामिनाश
४	वामकुक्षि	निर्धनता
३	मुख	अशुभ, कष्ट

कुआ खोदने व नल लगाने के लिए चक्र

पूर्व	ऐश्वर्य
अग्नि	सुतहानि
दक्षिण	स्त्रीनाश
नैऋत्य	गृहपतिनाश
पश्चिम	सम्पत्ति
वायव्य	शत्रुभय
उत्तर	सुख
ईशान	पुष्टि
मध्य	अर्थहानि

द्वारस्थापन विचार

सूर्य नक्षत्र से गणना करके चक्र देखकर शुभफलदायक नक्षत्र में चक्रबल शुद्धि में द्वार (मुख्यद्वार) की स्थापना करें।

द्वारस्थापन चक्र

नक्षत्र	स्थान	फल
४	शिर	श्रीप्राप्ति
८	कोण	उद्वंसन
८	शाखा	सौख्य
३	देहली	गृहेशनाश
४	मध्य	सौख्य

जीर्ण व नूतन गृहप्रवेश मुहूर्त्त चक्र

मास	वै. ज्ये. माघ. फाल्गुन
नक्षत्र	३ उ. अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में कुम्भ चक्र शुद्धि होने पर
वार	चं. बु. गु. शु.
तिथियां	१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३
लग्न	(२, ५, ८, ११) शुभ (३, ६, ९, १२) मध्यम
लग्नशुद्धि	लग्न से १, २, ३, ५, ७, ९, १०, ११ स्थानों पर शुभग्रह, ३, ६, ११ पाप तथा ४, ८ स्थान ग्रह रहित श्रेष्ठ हैं।
जीर्ण	उपरोक्त मास तथा श्रा. मार्ग, कार्तिक भी ग्राह्य हैं गुरु शुक्रास्त में भी।
गृह प्रवेश	श. पुष्य, स्वाती और धनिष्ठा नक्षत्रों में भी शुभ है।

कुम्भ चक्र

५	अशुभ
८	शुभ
८	अशुभ
६	शुभ

सूर्य नक्षत्र से गणना कर विचार करें। सूर्य नक्षत्र से गृह प्रवेश तक उक्त चक्रानुसार गणना कर शुभ फल वे समय में ही गृह प्रवेश करना चाहिए।

स्पष्टफल ज्ञान के लिए अन्य कुम्भ चक्र

नक्षत्र	स्थान	फल
१	मुख	अग्निदाह
४	पूर्व	उद्वसन
४	दक्षिण	लाभ
४	पश्चिम	लक्ष्मीप्राप्ति
४	उत्तर	कलह
४	गर्भ	विनाश
३	अधः	स्थिरता
३	कण्ठ	स्थिरता

दुकान (विपणि) करने का मुहूर्त्त

नक्षत्र	रो. तीनों उत्तरा. ह. पुष्य, चि. रे. अनु. मृ. अश्वि
वार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र
तिथि	२, ३, ५, ७, १०, १२, १३
अन्य	चन्द्र शुद्धि, शुभलग्न

क्रयनक्षत्र– रे. अ. शत. स्वा. श्र. चित्रा नक्षत्र बुधवार तथा रविवार श्रेष्ठ है।

विक्रय नक्षत्र– पूफा, पूषा, पूभा, वि. कृ. आश्ले. भर. ये सात नक्षत्र गुरुवार और सोमवार श्रेष्ठ हैं।

विशेष– बेचने के नक्षत्रों में खरीदना तथा खरीदने के नक्षत्रों में बेचना हानिप्रद है।

बड़ा व्यापार करने का मुहूर्त्त

नक्षत्र	ह, पुष्य, तीनों उत्तरा, चित्रा
वार	बुध, गुरु, शुक्र
तिथि	२, ३, ५, ७, ११, १३

नौकरी करने का मुहूर्त्त

हस्त, चित्रा, अनु. रे. अ. मृ. पुष्य नक्षत्रों में बुध, गुरु, शुक्र, रवि इन वारों में रिक्ता, अमा. को छोड़ कर नौकरी शुरू करना श्रेष्ठ है।

मुकद्दमा दायर करने का मुहूर्त्त

नक्षत्र	ज्ये. आर्द्रा. मघा. तीनों उत्तरा, मृ. आश्ले. भ.
वार	रवि, बु. गु. शु.
तिथि	३, ५, ८, १०, १३, १५
लग्न	३, ६, ७, ८, १२
लग्न शुद्धि	सूर्य बुध, गुरु, शुक्र, चन्द्र ये ग्रह १, ४, ७, १० इन स्थानों में पापग्रह ३, ६, ११ स्थानों पर शुभ हैं। अष्टम स्थान में कोई ग्रह न हो।

विशेष– लग्न में कोई पापग्रह वलशाली हो तो ऐसे लग्न में मुकद्दमा दायर करना अत्यन्त शुभ होता है।

मशीनरी चालू करने का मुहूर्त्त

नक्षत्र	धनिष्ठा, अश्वि. ह. चि. अनु, पुन. पुष्य, ज्ये. एवं रेवती
वार	बुधवार सर्वश्रेष्ठ, अन्य शुभवार
लग्नशुद्धि	श. मं. शु. चं. शुभस्थानों में हो
अन्य	शनि की होरा, चर लग्न

मन्दिर निर्माण का मुहूर्त्त

मास	माघ. फा. वै. ज्ये. मार्ग. पौष.
नक्षत्र	पुष्य उत्तरा ३. मृ. श्र. अश्वि. चि. पुन. आर्द्रा ह. ध. रो
वार	चं. बु. गुरु शुक्र
तिथि	२-३-५-७-११-१२-१३

जलाशय राम सुरप्रतिष्ठा मुहूर्त

समय	उत्तरायण, गुरु, शुक्र व मंगल के बली होने पर
तिथि	शुक्ल पक्ष की १-२-५-१०-१३-१५ कृष्ण पक्ष की १-२-५ मतान्तर से शुक्ल पक्ष की ७-११
नक्षत्र	पुष्य, उत्तरात्रय, ह. रे. रो. अश्वि. मृ. श्र. ध. पुन. मतान्तर से चि. स्वा. भ. मू. अत्यावश्यक होने पर
वार	चं. बु. गु. शु.
लग्नशुद्धि	२, ३, ५, ६, ९, ११, १२ (लग्नराशियाँ) केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह ३, ६, ११वें पापग्रह, अष्टम शुद्ध हो।
अन्य	पूर्वाह्न अपने-अपने मास तिथि, नक्षत्र में दक्षिणायन में प्रतिष्ठा के लिए शास्त्रज्ञा (यथा चतुर्दशी में शंकर चतुर्थी में गणेश) इत्यादि।

जननाशौच एवं मरणाशौच की व्यवस्था

– पं॰ सुरेश शास्त्री, ज्योतिपाचार्य

सपिण्डी के मृत्यु अथवा जन्में ब्राह्मणों को दस दिन का अशौच लगता है। क्षत्रिय को बारह दिन का अशौच होता है। वैश्य को पंद्रह दिन का तथा शूद्र को एक मास का अशौच लगता है। सातवीं पीढ़ी तक सपिण्डता रहती है, उसके बाद सपिण्डता समाप्त हो जाती है। अशौच-काल में होम, दान, प्रतिग्रह, स्वाध्याय आदि वर्जित हैं। अशौच में किसी दूसरे का अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिये तथा अशौच वाले घर जाकर अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए केवल मात्र संवेदना प्रकट करना ही कर्त्तव्य होता है।

गर्भस्राव होने पर जितने मास का गर्भ रहा हो, उतने अहोरात्र का अशौच होता है–

'मासतुल्यैरहोरात्रैर्गर्भस्रावे।'

पैदा होते ही बच्चे के मर जाने पर या मरा हुआ बच्चा जन्मने पर सद्यःशौच होता है–

'जातमृते मृतजाते वा कुलस्य सद्यः शौचम्।'

दाँत न निकले हुए बालक के मरने पर भी सद्यःशौच होता है। इसका न तो अग्नि-संस्कार होता है और न जलांजलि आदि दी जाती है–

'अदन्तजाते बाले प्रेते सद्य एव। नास्याग्निसंस्कारो नोदकक्रिया।'

दाँत निकल गये हों, किंतु चूडाकर्म नहीं हुआ हो ऐसे बालक के मरने पर एक अहोरात्र (रात-दिन) का अशौच हाता है–

'दन्तजाते त्वकृतचूडे त्वहोरात्रेण।'

चूडाकरण हो गया हो, किंतु यज्ञोपवीत न हुआ हो तो तीन दिन का अशौच होता है–

'कृतचूडे त्वसंस्कृते त्रिरात्रेण।'

स्त्रियों का विवाह ही मुख्य संस्कार है। विवाहिता स्त्री यदि ससुराल में मरे तो उसका अशौच (गोत्र आदि भिन्न हो जाने के कारण) मायके वालों को नहीं लगता, किंतु यदि वह पिता के घर आयी हो और प्रसव के कारण उसकी मृत्यु हो जाय तो परम्परानुसार एक दिन या तीन दिन का अशौच होता है–

संस्कृतासु स्त्रीषु नाशौचं भवति पितृपक्षे।
तत्प्रसवमरणे चेत् पितृगृहे स्यातां तदैकरात्रं त्रिरात्रं च।

दो अशौचों की व्यवस्था

जन्म अशौच होने पर यदि अशौच के मध्य जन्म का दूसरा अशौच हो जाय तो पहले अशौच की समाप्ति के साथ ही दूसरे अशौच की भी शुद्धि हो जाती है। इसी प्रकार दो मरणाशौचों में भी पूर्व के अशौच से दूसरा अशौच समाप्त हो जाता है–

जननाशौचमध्ये यद्यपरं जननाशौचं स्यात् तदा
पूर्वाशौचव्यपगमे शुद्धिः। मरणाशौचमध्ये ज्ञातिमरणेऽप्येवम्।

देशान्तर में जन्म या मृत्यु होने पर अशौच की व्यवस्था

घर से बाहर दूर देश में यदि मृत्यु हो या जन्म हो तो जिस दिन जन्म या मृत्यु हो उसकी सूचना 10 दिन के भीतर जिस दिन भी प्राप्त हो, उस दिन से 10वाँ दिन जब पड़े तो उसी में अशौच पूरा हो जाता है, जैसे यदि किसी की 5 तारीख को मृत्यु हो और 12 तारीख को सूचना मिले तो दो दिन बाद अर्थात् 14 तारीख को दसवें दिन अशौच पूरा हो जायगा। किंतु यदि अशौच पूरा होने के बाद (10 दिन के बाद) साल भर के अंदर जन्म मृत्यु की सूचना मिले तो एक दिन का अशौच होता है। और यदि साल भर बाद सूचना मिले तो स्नानमात्र से शुद्धि हो जाती है–

श्रुत्वा देशान्तरस्थजननमरणे शेषेण शुध्येत्।
व्यतीतेऽशौचे संवत्सरान्तस्त्वेकरात्रेण। ततः परं स्नानेन।

तीन दिन और एक दिन का अशौच

आचार्य (गुरु) और नाना का तीन दिन का अशौच लगता है। गुरु पत्नी, गुरु पुत्र, उपाध्याय, मामा, ससुर, ससुर का पुत्र, सहपाठी, शिष्य तथा अपने देश के राजा के मरने पर एक दिन अशौच होता है। इसी प्रकार असपिण्डी के अपने घर में मरने पर भी एक दिन का अशौच लगता है–

आचार्ये मातामहे च व्यतीते त्रिरात्रेण।
आचार्यपत्नी - पुत्रोपाध्यायमातुलश्व-
शुरश्वशुर्यसहाध्यायिशिष्येष्वतीतेष्वेकरात्रेण।
स्वदेशराजनि च। असपिण्डे स्ववेश्मनि मृते च। (अ॰22)

किसका अशौच नहीं लगता

जो आत्महत्यारे हैं तथा जो पतित हैं, उनका न अशौच होता है और न ही वे जलांजलि तथा श्राद्ध आदि के भागी होते हैं–

आत्मत्यागिनः पतिताश्च नाशौचोदकभाजः। (अ॰22)

पञ्चाङ्ग निरूपणम्

वर्षायनर्तवो मासो दिनं चेत्यङ्गपञ्चकम्।
कालस्य व्यवहारार्थं लोके कैश्चित् प्रकीर्तितम्॥

वर्ष मासो दिनं लग्नं मुहूर्तश्चोति पञ्चकम्।
पञ्चाङ्ग कथितं तस्य शुद्धयशुद्धी निरूपिते॥

तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योगः करणमेव च।
पञ्चाङ्गं कथितं विज्ञैस्तत्स्वरूपं निरूप्यते॥

भूमण्डल में व्यवहार के लिए वर्ष, अयन, ऋतु, मास तथा दिन– इन पाँच अङ्गों को प्रधान माना गया है। वर्षमास दिन लग्न और मुहूर्त इन पाँचों को पञ्चाङ्ग मानकर शुभाशुभ फलादेश का विचार किया जाता है, वस्तुतः काल के सभी अङ्गों को पञ्चाङ्ग शब्द की संज्ञा दी गई है।

यथाखिलेन्द्रियजन्तोः पञ्चेन्द्रियमुदीर्यते।
तथा कालस्य सर्वाङ्गं पञ्चाङ्गमिति कथ्यते॥

जैसे हमारी सभी इन्द्रियों को 'पञ्चेन्द्रिय' कहते हैं उसी प्रकार काल के समस्त अङ्ग पञ्चाङ्ग नाम से जाने जाते हैं। मुख्यतया सभी विद्वान तिथि, वार, नक्षत्र योग और करण को ही प्रधान मानते हैं अतः इन्हीं पाँच अङ्गों का स्वरूप और शुभाशुभत्व का निरूपण करते हैं।

वर्षनिरूपणम्

वर्ष-सौर, चान्द्र, सावन तथा बार्हस्पत्य चार प्रकार के होते हैं, सौर वर्ष देवताओं (उत्तरी ध्रुव स्थान निवासियों) और राक्षसों (दक्षिणी ध्रुव स्थान वासियों) का एक अहोरात्र होता है। सभी कार्यों में सौर और चान्द्रमानों का व्यवहार होता है। यज्ञ, प्रायश्चित्त सूतकादि कार्यों में 'सावन मान' का व्यवहार होता है। 'बार्हस्पत्य संवत्सर' से भूमि पर सुभिक्ष, दुर्भिक्षादि का विचार किया जाता है। प्रत्येक पञ्चाङ्ग में बार्हस्पत्य वर्ष का शुभशुभ फल लिखा रहता है।

वर्षेशः

चैत्रे शुक्लप्रतिपदि यो वारोऽर्कोदये स वर्षेशः।
उदयद्वितये पूर्वो नोदययुगलेऽपि पूर्वः स्यात्॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन जो वार रहता है उसका स्वामि राजा होता है, यदि दो दिन सूर्योदय व्यापिनी प्रतिपदा हो तो पूर्व दिन का वारेश, यदि किसी भी दिन सूर्योदय व्यापिनी प्रतिपदा न हो तो भी पूर्व दिन का वार पति ही वर्षेश होता है।

मकरन्द में वर्ष में शुभाशुभ फलप्रद सात अधिकारी कहे गए हैं, यथा–

चैत्रादि-मेषादि-कुलीर, तौलि मृगाननार्द्रा धनुरादि वाराः
राजा चमू सस्य रसाधिनाथाः स्युर्नीरसेशाम्बुधि धान्य नाथः

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का वाराधिपति राजा, वैशाख संक्रांति का वाराधिप मन्त्री, श्रावण (कर्क) संक्रान्ति का वारेश पूर्वधान्येश, कार्तिक संक्रान्ति वाराधिपति रसेश, भाद्रपद संक्रान्ति का वारेश नीरसेश, सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में जब प्रवेश करता है उस वार का अधिपति मेघेश, पोष संक्रान्ति का वाराधिप अग्रधान्येश होते हैं।

इनमें शुभग्रह यदि अधिकारी हों तो शुभफलप्रद, यदि पाप ग्रह हों तो पापफलप्रद होते हैं, सभी शुभ ग्रह आ जाएं तो सर्वोत्तम शुभफलप्रद, शुभ एवं पाप ग्रह बराबर हों तो मध्यमफलप्रद, पाप ग्रह यदि अधिक अधिकारी हों तो पाप फल भी अधिक हो जाता है।

अयन निरूपणम्

एक सौर वर्ष में दो अयन होते हैं, सूर्य का उत्तर चलन सौम्यायन (उत्तरायन) दक्षिण चलन याम्यायन (दक्षिणायन) कहलाता है–

भानोर्मकरसंक्रान्तेः षण्मासा उत्तरायणम्।
कर्क संक्रान्तिश्चैवं षण्मासा दक्षिणायनम्॥

सूर्य की मकर संक्रान्ति से छः मास उत्तरायन और कर्क संक्रान्ति से छः मास दक्षिणायन होता है।

सौम्यं देवदिनं तत्तु याम्यं दैत्यदिनं स्मृतम्।
कुर्याद्याम्यायनेऽप्युग्रं कर्म सौम्यायने शुभम्॥
सौम्यऽयने भवत्यर्कः सुरश्मिश्च शुभप्रदः।
असौ याम्यायने गच्छन् विरश्मिर्विबलस्तथा॥

उत्तरायण देवताओं का, दक्षिणायन दैत्यों का दिन होता है, दक्षिणायन में उग्रकर्म करने चाहिए और शुभकृत्य उत्तरायण में करने चाहिए क्योंकि उत्तरायण में सूर्य किरणें स्वच्छ और शुभफलप्रद होती हैं, दक्षिणायन में विकृत किरणों वाला सूर्य निर्बली होता है।

ऋतुनिरूपणम्

मीनादि द्विद्विराशिस्थे सूर्ये षट्वर्त्तवः स्मृता।
क्रमाद् बसन्तो ग्रीष्मश्च वर्षर्तुश्च शरत् तथा।
हेमन्तः शिशिरेश्चेति विज्ञेयाः सौरमानतः।
एवं चैत्रादिमासाभ्यां द्वाभ्यां द्वाभ्यां तथैन्दवाः॥

मीनादि दो-दो राशियों में सूर्य के रहने से क्रमशः (1) बसन्त, (2) ग्रीष्म, (3) वर्षा, (4) शरद्, (5) हेमन्त और (6) शिशिर ये छः ऋतुएं सौर मान से होती हैं इसी प्रकार त्रैचादि दो-दो चान्द्रमासों की बसन्तादि छः चन्द्र ऋतुएँ होती हैं।

विंध्य से उत्तर सौर ऋतु और विंध्य से दक्षिण चान्द्र ऋतु व्यवहार में लाई जाती है।

चैत्रादि-द्विद्विमासाभ्यां वसन्तादृतवश्चषट्।
दाक्षिणात्याः प्रशंसन्ति देवे पैत्र्ये च कर्मणि॥

सौरमान से षट् ऋतुओं को देवकर्म में और चान्द्रमान से छः ऋतुओं को पितृकर्म में प्रशस्त माना गया, ऐसा दक्षिण भारत के विद्वानों का मत है।

ऋतुओं के स्वामी

भृगोर्वसन्तः क्षितिसूनु-भान्वोर्ग्रीष्मः शशाङ्कस्य तथा प्रवर्षाः।
विदः शरद्देवगुरोस्तु हेमन्तऋतुः शनेः स्याच्छिशिरश्च कालः॥

	ऋतु	स्वामी
1.	वसन्त	शुक्र
2.	ग्रीष्म	सूर्य-मंगल
3.	वर्षा	चन्द्रमा
4.	शरद्	बुध
5.	हेमन्त	गुरु
6.	शिशिर	शनि

चान्द्र ऋतु में अन्य विशेषताएँ

जब तक सौर वर्ष (12 सूर्य संक्रान्ति) में 12 दर्शान्त होते हैं तब तक दो-दो चान्द्रमास की ऋतुएँ भी होती हैं। परन्तु जब अधिमास होता है तब 12 सूर्य संक्रान्ति में 13 अमान्त होते हैं अतः 13 चान्द्रमास होने से एक ऋतु तीन मास की भी होती है। चान्द्र ऋतु चञ्चल और सौर ऋतु सदा स्थिर (एकरूप) रहती है आचार्य भास्कराचार्य ने कहा है—

वर्षायनर्तु-युग पूर्वकमत्र सौरान्मासास्तथा च तिथयस्तुहिनांशुमानात्।
यत् कृच्छ्र-सूतक-चिकित्सितवासराद्यं तत् सावनाच्च घटिकादिकमार्क्षमानात्॥

मास निरूपणम्

मासश्चतुर्विधः सौरश्चान्द्रश्चार्क्षश्च सावनः।
सौरो मासस्तु सूर्यस्य संक्रमात् संक्रमावधिः॥
दर्शाद् दर्शावधिश्चान्द्रः सावनः ख त्रि-वासरैः।
भदिनत्रिंशतो मासो नाक्षत्रः परिकीर्तितः॥

सौर, चान्द्र, नाक्षत्र और सावन चार प्रकार के मास होते हैं सूर्य भगवान की राशि संक्रान्ति से दूसरी संक्रान्ति तक सौर, दर्शान्त से दर्शान्त पर्यन्त 30 तिथियों का एक चान्द्र मास जो चन्द्रलोक वासियों के लिए एक अहोरात्र होता है। 30 सावन (सूर्योदय से सूर्योदय तक) दिन का एक सावन दिन और तीस नक्षत्र दिनों का एक नाक्षत्र मास होता है।

पक्ष निरूपणम्

बुधैश्चन्द्रमसो मासे द्वौ पक्षौ परिकीर्तितौ।
दर्शान्तात् पूर्णिमां यावत् शुक्लोऽन्यः कृष्णपक्षकः॥
चन्द्रस्य शुक्ल वृद्धत्वाच्छुक्लो देवगणप्रियः।
शुक्लस्यापचयात् पक्षः कृष्णाख्यः पितृतुष्टिदः॥

प्रत्येक चान्द्रमास में दो पक्ष होते हैं दर्शान्त से पूर्णमान्त पर्यन्त 'शुक्ल पक्ष' तथा पूर्णिमान्त से दर्शान्त तक 'कृष्णपक्ष' कहलाता है शुक्लपक्ष में चन्द्रमा की वृद्धि होने के कारण शुक्ल पक्ष देवताओं का प्रिय और कृष्ण पक्ष में शुक्लत्व ह्रास होने के कारण पितृगण का प्रिय कहा गया है।

चन्द्रमा का पूर्णत्व और क्षीणत्व

शुक्लाष्टमीदलादूर्ध्वं यावत् कृष्णाष्टमीदलम्।
पूर्णः पूर्णबलो ज्ञेयश्चन्द्रः क्षीणस्ततोऽन्यतः॥

शुक्लपक्ष अष्टमी के उत्तरार्ध से कृष्ण पक्ष सप्तमी के पूर्वार्ध तक चन्द्रमा पूर्णवली तथा अन्य तिथियों में क्षीण समझना।

कृष्णपक्षोदितं कर्म शुक्लपक्षेऽपि कारयेत्
कृष्णे तु पञ्चमीं यावत् कर्म शुक्लोदितं चरेत्॥

कृष्णपक्ष विहित कर्म को शुक्लपक्ष में करना और शुक्ल पक्ष विहित कर्म कृष्ण पक्ष की पञ्चमी तक करना चाहिए।

तिथि निरूपणम्

जिज्ञासुओं के अभ्यासार्थ तिथियों की संज्ञा– (1) प्रतिपद, (2) द्वितीया, (3) तृतीया,(4) चतुर्थी, (5) पञ्चमी, (6) षष्ठी, (7) सप्तमी, (8) अष्टमी,

(9) नवमी, (10) दशमी, (11) एकादशी, (12) द्वादशी, (13) त्रयोदशी, (14) चतुर्दशी, (15) पञ्चदशी।

शुक्ल पक्ष की पञ्चदशी पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की पञ्चदशी अमावस कहलाती है। अमावास्या के दो भेद हैं–

सिनीवाली कुहूभेदादमावास्या द्विधा स्मृता।
सा दृष्टेन्दुः 'सिनीवाली' सा नष्टेन्दुकला 'कुहूः'

जिस अमावास्या में चन्द्रकला दृश्य हो वह 'सिनीवाली' तथा जिसमें चन्द्रकला दृश्य नहीं होती वह 'कुहू' कहलाती है।

अमावास्या की विशेषता

पूर्वापराभ्यां सहितस्तिथिभ्यां निहन्ति दर्शो निचयं गुणानाम्।
तमेव हित्वाऽमृतसिद्धि योग स्तिथेरशेषानपि हन्ति दोषान्॥

अमावास्या अपने पूर्व तथा पर तिथियों के सहित (कृष्णपक्ष 14, 30 शुक्लपक्ष 1 में) गुणों को नष्ट करने वाली होती है। किन्तु अमावास्या को छोड़कर 14, 1 इनमें सिद्धियोग (शनि में चतुर्दशी, शुक्र में प्रतिपदा) हो तो सभी दोषों को नष्ट कर देती है अर्थात् यज्ञ और पितृकार्य को छोड़कर अमावास्या में समस्त शुभकार्य निन्ध कहे हैं।

पूर्णिमा के भी दो भेद होते हैं–

कलाहीने साऽनुमतिः पूर्णे 'राका' निशाकरे

जिस पूर्णिमा के अन्दर ही चन्द्रविम्ब कलाहीन हो वह 'अनुमति' और जिसमें आरम्भ से अन्त तक चन्द्रबिम्ब पूर्ण हो वह 'राका' कहलाती है।

तिथियों के देवता

तिथि	स्वामी	तिथि	स्वामी
1	अग्नि	9	दुर्गा
2	ब्रह्मा	10	यम
3	गौरी	11	विश्वेदेव
4	गणेश	12	विष्णु
5	नाग	13	काम
6	स्कन्द	14	शिव
7	सूर्य	15	चन्द्रमा
8	शङ्कर	30	चन्द्रमा

तिथियों की नन्दादि संज्ञा

नन्दा च भद्रा च जया च रिक्ता, पूर्णेति सर्वास्तिथयः क्रमात् स्युः।
कनिष्ठ-मध्येष्ट फलास्तु शुक्ले, कृष्णे भवन्त्युत्तम-मध्य-हीनाः॥

शुक्लपक्ष	नन्दा	भद्रा	जया	रिक्ता	पूर्णा	कृष्णपक्ष
कनिष्ठ	1	2	3	4	5	श्रेष्ठ
मध्य	6	7	8	9	10	मध्य
श्रेष्ठ	11	12	13	14	15	कनिष्ठ

नन्दादि तिथियों के कृत्य

नन्दासु चित्रोत्सव-वास्तु तन्त्र-क्षेत्रादि कुर्वीत तथैव नित्यम्।
विवाह-भूषा-शकटाध्वयाने, भद्रासु कार्याण्यपि पौष्टिकानि॥

जयासु संग्राम-बलोपयोगि कार्याणि सिद्ध्यन्ति विनिर्मितानि।
रिक्तासु तद्वद्रिपु-वन्धघात विषाग्नि शस्त्राणि च यान्ति सिद्धिम्॥

पूर्णासु माङ्गल्य विवाह यात्रासपौष्टिकं शान्तिककर्म कार्यम्।
सदैव दर्शे पितृकर्म मुक्त्वा नान्यद् विदध्याच्छुभमङ्गलानि॥

स्पष्टार्थ चक्रम्

तिथियाँ	कृत्यानि
1, 6, 11	चित्रकला, वास्तु इत्यादि
2, 7, 12	विवाहादि शुभ कार्य
3, 8, 13	संग्रामादि कार्य
4, 9, 14	शत्रुनाश के उपाय
5, 10, 15	विवाहादि मङ्गल कार्य

पक्षरन्ध्र तिथियाँ तथा उनकी त्याज्य घटी

वेदाङ्गाष्ट नवार्केन्द्र पक्षरन्ध्रतिथौ त्यजेत्।
वस्वङ्कमनु तत्त्वांशा-शरा नाडीः पराः शुभाः॥

चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, द्वादशी, चतुर्दशी– ये पक्षरन्ध्र (शेष सहित) तिथियां हैं– क्रम से 8, 9, 14, 15, 10, 5 घड़ी प्रारम्भ से दोषयुक्त होती हैं अतः शुभकार्यों के लिए सर्वदा वर्जित है, शेष घड़ी शुभफलप्रद होती है।

तिथियों में निषेध

षष्ठाष्टमी-भूत विधुक्षयेषु नो सेवेत ना तैल पले क्षुररतम्।
नाभ्यञ्जनं विश्व दश द्विके तिथै धात्रीफलैः स्नानभमाद्रिगोष्सवत्।

षष्ठी में तेल, अष्टमी में मास, चतुर्दशी में क्षौर (हजामत करवाना) और अमावास्या में रतिक्रिया (स्त्री सम्भोग) न करें। त्रयोदशी, दशमी, द्वितीया में अभ्यङ्ग (शरीर के मलोद्वर्तन) न करें तथा अमावास्या सप्तमी नवमी इन तिथियों में आमल के फल से स्नान न करें, केवल पुरुषों के लिए मनाही है।

शनौ षष्ठयां स्मृतं तैलं महाष्टम्यां पलाशनम्।
क्षौरं शुक्ल चतुर्दश्यां दीपमाल्यां च मैथुनम्॥

शनिवार षष्ठी में तेल, आश्विन शुक्लाष्टमी में मांस, शुक्ल चतुर्दशी में क्षौर और दीपावली की अमावास्या में रतिक्रिया (मैथुन कर्म) प्रशस्त होते हैं।

वार निरूपणम्

रवि, सोम, मंगल, बुध, वृहस्पति शुक्र और शनि ये सात वार है– ये सूक्ष्म और स्थूल भेद से दो प्रकार के हैं। एक पूर्ण अहोरात्र (60 घटी अथवा 24 घण्टे) दूसरा केवल एक होरा (24 मिनट) मात्र होता है। यज्ञ सूतकादि कर्म में अपने-अपने सूर्योदय काल से सबके अलग-अलग होते हैं किन्तु यात्रा, विवाहादि कार्यों में विहित अथवा निषिद्धवार भूमण्डलवासियों के लिए लंका सूर्योदय काल से ग्राह्य हैं, क्योंकि लंका में सूर्योदय के समय में ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का प्रारम्भ किया है।

वारक्रम

रविवार के बाद चन्द्र, मङ्गल आदि का क्रम क्यों हुआ? रविवार के बाद मंगल या शनिवार ही क्यों नहीं आया? सोमवार क्यों आया।

प्रलय के अन्त में जब सूर्योदय हुआ तो भारतीय ऋषियों ने प्रथम होरा 'सूर्य' की स्वीकार की उसके बाद दूसरी होरा शुक्र की मानी जो इसके निकटवर्ती ग्रह है, तीसरी होरा बुध की जो शुक्र के समीपस्थ है, चौथी होरा चन्द्रमा की, पाँचवीं शनि की, छठी होरा गुरु की, सातवीं होरा मंगल की मानी, उसके पश्चात् जब सूर्योदय हुआ तो पहली होरा चन्द्रमा की हुई अतः भारतीय महर्षियों ने रविवार के बाद दूसरे दिन का नाम सोमवार रखा।

सूर्यादिवारों के शुभत्व और अशुभत्व

शुक्रेज्जबुधचन्द्राणां वाराः सर्वत्र शोभनाः।
रविभूसुतमन्दानां शुभकर्मसु केषुचित्॥

बुध, वृहस्पति और शुक्रवार सभी कार्यों में प्रशस्त हैं रवि मंगल और शनिवार शुभकार्यों में वर्जित हैं किन्तु किसी-किसी शुभकार्य में प्रशस्त होते हैं।

रवि आदि वारों में कृत्य

रविवार	राजाभिषेक, उत्सव, यात्रा, नौकरी, गो सेवा, अग्नि सम्बन्धी कार्य मन्त्र, औषध, स्वर्ण, ताम्बा, ऊन, चमड़ा, लकड़ी, युद्ध तथा क्रय विक्रय का व्यवहार करना।
सोमवार	जल सम्बन्धी शङ्ख, सीप मोती आदि का व्यवहार करना
मंगलवार	शत्रुओं में फूट करवाना, क्रूर कार्य, खनिज पदार्थ, स्वर्ण, मूंगे आदि का व्यवहार करना
बुधवार	उच्च शिक्षा, व्यापार, अध्ययन आदि कार्य करना
वृहस्पतिवार	सब प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान
शुक्रवार	स्त्री, संगीत, शय्यादि करना।
शनिवार	लोहा, पत्थर, सीसा, रंग नीले काले पदार्थ, चोरी आदि निकृष्ठ कर्म, गृह प्रवेश, हाथी बाँधना (गाड़ी खरीदना) मशीनरी चालू करना मन्त्रग्रहण आदि स्थिर कार्य करना।

वारदोष परिहार

न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्य दैतेज्य-दिवाकराणाम्
दिवा न चन्द्रार्कजभूसुतानां, सर्वत्र निन्धो बुधवारदोषः॥

गुरू, शुक्र और रवि का दोष रात्रि में नहीं होता। चन्द्र, मंगल तथा शनि का दोष दिन में नहीं होता। बुधवार में जो दोष कथित हैं वह दिन और रात्रि में भी होता है।

मंगल तथा बुधवार के कर्त्तव्य

ऋणं भौमे न गृह्णीयान्न देयं बुधवासरे।
ऋणच्छेदं कुजे कुर्याद् बुधे च धनसङ्ग्रहम्॥

मंगलवार ऋण नहीं लेना चाहिए बुधवार ऋण देना नहीं चाहिए। मंगलवार को ऋण चुकाना और बुधवार धन सञ्चय करना चाहिए।

नक्षत्र निरूपणम्

भास्कराचार्य के अनुसार

सृष्ट्वा भचक्रं कमलोद्भवेन, ग्रहैःसहैतद् भगणादिसंस्थैः।
शश्वद्भ्रमे विश्वसृजा नियुक्तं तदन्ततारे च तथा ध्रुवत्वे॥

विश्व-रचयिता ब्रह्मा ने 360 अंश परिणाम परिधिवाले भ चक्र स्थित 180 अंश अन्तरित उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवतारा गत धुरी (अक्ष) पर भ चक्र को स्थिर कर ध्रुवतारा से 90 अंश पर स्थित 'रेवती' नामक तारा के साथ ही सूर्यादि सातों ग्रहों को अनवरत समगति से पश्चिमाभिमुख भ्रमण शक्ति देकर नियुक्त किया।

भ्रमण करते हुए भचक्र में नक्षत्र तो अपने-अपने स्थान में स्थिर रहते हैं किन्तु सूर्यादि ग्रह ईश्वर प्रदत्त स्वशक्ति से पूर्वाभिमुख चलित होते रहते हैं जिससे उन ग्रहों का सब नक्षत्रों से सम्पर्क होता रहता है। इसी कारण से ही समय में प्रतिक्षण विभिन्नता होती रहती है।

नक्षत्रों की ध्रुवस्थिरादि संज्ञाएँ

उत्तरात्रयरोहिण्यो ध्रुवाख्याश्च स्थिराः स्मृताः।
स्वात्यादित्ये श्रुतेस्त्रीणि चराख्यानि चलानि च॥
पूर्वात्रयं मघायाम्यं क्रूराख्यं चेति पञ्चकम्।
कृत्तिका च विशाखा च द्वावेते मिश्रसंज्ञके॥
हस्तोऽश्विन्यभिजित् पुष्यो लघुसंज्ञं चतुष्टयम्।
चित्रा मित्रं मृगोऽन्त्यं च मृदुसंज्ञं प्रकीर्तितम्॥
ज्येष्ठामूल शिवःश्लेषा तीक्ष्णमेतच्चतुष्टयम्।
स्व स्व संज्ञानुसारेण सर्वमेतत् फलप्रदम्॥

तीनों उत्तरा और रोहिणी ये ध्रुव और स्थिर संज्ञक हैं, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा शतभिषा– ये चर और चल संज्ञक हैं। तीनों पूर्वा, मघा और भरणी ये पाँचों क्रूर संज्ञक है। अश्विनी और विशाखा ये दो मिश्र संज्ञक है। अश्विनी अभिजित् हस्त और पुष्य ये लघु (क्षिप्र) संज्ञक हैं। चित्रा अनुराधा, मृग्शिरा और रेवती थे– मृदु संज्ञक हैं, ज्येष्ठा मूला, आर्द्रा और आश्लेषा थे। तीक्षण संज्ञक हैं– अपने-अपने नाम तुल्य फलादेश करते हैं।

अथ योग निरूपणम्

सूर्येन्दुगतिसंयोगः खाभ्राष्टकलिकामितः।
योगो विष्कम्भकाद्यास्ते सप्तविंशतिसम्मिताः॥

सूर्य तथा चन्द्रमा गति योग जब 800 कला तुल्य होता है तो एक योग कहलाता है। भचक्र में 'विष्कम्भ' आदि नाम से उनकी संख्या 27 है।

(1) विष्कम्भ, (2) प्रीति, (3) आयुष्मान्, (4) सौभाग्य, (5) शोभन, (6) अतिगण्ड, (7) सुकर्मा, (8) धृति, (9) शूल, (10) गण्ड, (11) वृद्धि, (12) ध्रुव, (13) व्याघात, (14) हर्षण, (15) वज्र, (16) सिद्धि, (17) व्यतीपात, (18) वरीयान्, (19) परिघ, (20) शिव, (21) सिद्ध, (22) साध्य, (23) शुभ, (24) शुक्ल, (25) ब्रह्म, (26) ऐन्द्र, (27) वैधृति।

ये अपने-अपने नाम-तुल्य फलप्रद हैं। इसलिये विष्कम्भ, अतिगण्ड, शूल, गण्ड, व्याघात, वज्र, व्यतीपात, परिघ और वैधृति– ये दुर्योग कहे गये हैं। शेष सब सुयोग हैं।

अथ करण निरूपणम्

तिथ्यर्धं करणं प्रोक्तं तानि चैकादशैव हि।
तेषु स्थिराणि चत्वारि सप्तसन्ति चराणिच॥

तिथ्यर्ध को करण कहते हैं। एक मास में तिथ्यर्ध तो 60 होते हैं किन्तु करण 11 ही हैं उनमें चार स्थिर और सात चर करण होते हैं– शुक्लपक्ष – कृष्णपक्ष के अनुसार करण चक्र लिखते हैं।

तिथि	पूर्वार्ध	उत्तरार्ध	तिथि	पूर्वार्ध	उत्तरार्ध
प्रतिपदा	किंस्तुघ्न	बव	प्रतिपदा	बालव	कौलव
द्वितीया	बालव	कौलव	द्वितीया	तैतिल	गर
तृतीया	तैतिल	गर	तृतीया	वणिज	विष्टि
चतुर्थी	वणिज	विष्टि	चतुर्थी	बव	बालव
पञ्चमी	बव	बालव	पञ्चमी	कौलव	तैतिल
षष्ठी	कौलव	तैतिल	षठी	गर	वणिज
सप्तमी	गर	वणिज	सप्तमी	विष्टि	बव
अष्टमी	विष्टि	बव	अष्टमी	बालव	कौलव
नवमी	बालव	कौलव	नवमी	तैतिल	गर
दशमी	तैतिल	गर	दशमी	वणिज	विष्टि
एकादशी	वणिज	विष्टि	एकादशी	बव	बालव
द्वादशी	बव	बालव	द्वादशी	कौलव	तैतिल
त्रयोदशी	कौलव	तैतिल	त्रयोदशी	गर	वणिज
चतुर्दशी	गर	वणिज	चतुर्दशी	विष्टि	शकुनि
पूर्णिमा	विष्टि	बव	अमावास्या	चतुष्पद	नाग

इन सभी करणों में भद्रा का विशेष महत्त्व कहा गया है प्रतिमास आठ तिथ्यर्धों में ही भद्रा रहती हैं, यथा–

भद्राविचार

शुक्ले पूर्वार्धेऽष्टमी पञ्चदश्यो–
भद्रैकादश्यां चतुर्थ्यां परार्धे॥
कृष्णेऽन्त्यार्धे स्यात् तृतीया दशम्योः।
पूर्वे भागे सप्तमी शम्भुतिथ्योः॥

शुक्ल पक्ष को अष्टमी एवं पञ्चदशी के पूर्वार्ध, चतुर्थी एकादशी के उत्तरार्ध में तथा– कृष्णपक्ष में तृतीया, दशमी तिथि के उत्तरार्ध और सप्तमी चतुर्दशी पूर्वार्ध में भद्रा रहती है।

शुक्लपक्ष	कृष्ण पक्ष
8–15 पूर्वार्ध	7–14 पूर्वाध
4–11 उत्तरार्ध	3–10 उत्तरार्ध

क्रम से इनके नाम

कराली नन्दिनी रौद्री सुमुखी दुर्मुखी तथा।
त्रिशिरा वैष्णवी हंसी विष्टेः संज्ञा प्रकीर्तिताः॥

कराली, नन्दिनी, रौद्री, सुमुखी, दुर्मुखी त्रिशिरा, वैष्णवी तथा हंसी क्रम से भद्रा के नाम है, नाम सदृश ही फलादेश होती है। तिथि के पूर्वार्ध में दिवाभद्रा और उत्तरार्ध में रात्रि भद्रा कहलाती हैं। दिवाभद्रा दिन में और रात्रि भद्रा रात्रि में 'क्रमागत' और इससे विपरीत 'अक्रमागत' कहलाती है। दिवा भद्रा रात्रि में और रात्रि भद्रा दिन में शुभप्रद होती है यथा– वृहस्पति।

दिवाभद्रा यदा रात्रौ रात्रि भद्रा यदा दिवा।
भद्रादोषस्तथा न स्यात् सा भद्रा भद्रदायिनी॥

तथा–

विष्टिस्तु सर्वथा त्याज्या क्रमेणैवागता तु या।
अक्रमेणगता भद्रा सर्वकार्येषु शोभना॥

अर्थात् पूर्वार्ध की भद्रा दिन में और उत्तरार्ध की भद्रा रात्रि में त्याज्य है। इसके विपरीत पूर्वार्ध की भद्रा रात्रि में और उत्तरार्ध की भद्रा दिन में समस्त कार्यों में प्रशस्त होती है।

यहाँ बहुत से विद्वान जन समस्त (तिथ्यर्ध) भद्रा को त्याज्य समझ लेते हैं परन्तु यह प्रामादिक समझना। भद्रा शब्द से केवल भद्रा का मुख भाग 5 घड़ी मात्र त्याज्य है।

स्पष्टार्थ चक्र द्वारा प्रस्तुत है।

	शुक्लपक्ष				कृष्णपक्ष			
तिथि	चतुर्थी	अष्टमी	एकादशी	पूर्णिमा	तृतीया	सप्तमी	दशमी	चतुर्दशी
प्रहर	5	2	7	4	8	3	6	1
मुख घटी	5	5	5	5	5	5	5	5
प्रहर	8	1	6	3	7	2	5	4
पुच्छ घटी	3	3	3	3	3	3	3	3
दिशा	प॰	अ॰	उ॰	नै॰	ई॰	द॰	वा॰	पू॰

भद्रामुख एवं भद्रा पुच्छ विचार

सम्पूर्ण तिथिमान (घटीपल) को अहोरात्र मानकर उसके आठ विभागों को आठ पहर मानकर मुख और पुच्छ घटी का ज्ञान करना चाहिए। त्याज्य भद्रा में केवल भद्रा के मुख भाग का ही ग्रहण करना चाहिए। अतः भद्रा में केवल मुख घटी मात्र त्याज्य है तथा पुच्छ घटी तो सभी कार्यों में अत्यन्त शुभ फलप्रद होती है, यथा–

पृथिव्यां यानि कर्माणि शुभान्यप्यशुभानि वा।
तानि सर्वाणि सिद्धयन्ति विष्टिपुच्छे न संशयः॥

पूर्णिमा के कृत्यों में भद्रा विचार

"भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा"

अर्थात् शुभकार्य के समान ही भद्रा में होलिकादाह एवं रक्षाबन्धन उपाकर्म, ये दो नहीं करने चाहिए। वहाँ भी भद्रा शब्द से **मुखघटी** मात्र समझना चाहिए। यहाँ कुछ लोग समझते हैं कि भद्रा में केवल दो ही (श्रावण और फाल्गुनी) मात्र नहीं करना, अन्य कर्म में भद्रा का दोष नहीं होता है, ऐसा अर्थ ऋषिवचनों के विरुद्ध है।

वार के अनुसार भद्रा के नाम

सोमे शुक्रे च 'कल्याणी' शनिवारे तु 'वृश्चिकी'
गुरौ 'पुण्यवती' सूर्यबुधभौमेषु भद्रिका॥

सोमवार शुक्रवार को भद्रा कल्याणी, शनिवार वृश्चिकी वृहस्पतिवार पुण्यवती और सूर्य, बुध, मंगल वारों में भद्रिका कहलाती है– इसमें शनिवार भद्रा अशुभ मानी जाती है।

वस्तुतः करण (भद्रा) का दोष तुच्छ दोषों में माना जाता है, यह अन्य गुणों के रहते स्वयमेव नष्ट हो जाता है, यथा–

भ तिथिकरण दोषा वार योगोद्भवा वा।
सपदि शशिनि शस्ते नाशमायान्ति सर्वे॥
सकल विविधदोषाः सद्गुणत्वं व्रजन्ति।
भवति यदा सुकार्ये चित्तशुद्धिर्नराणम्॥

किसी भी कार्य में चन्द्रमा प्रशस्त हो तो तिथि नक्षत्र करण वार एवं योगों का दोष नाश हो जाता है। किसी भी कार्य में मनुष्य की मनःशुद्धि हो तो समस्त दोषों का नाश हो जाता है और कार्य भी सिद्ध हो जाते हैं।

राशिस्वरूप तथा राश्याधिपति

राजा होने के कारण सूर्य और चन्द्रमा 6-6 राशियों के अधिकारी हुए। सूर्य ने सिंह राशि पर अपना अधिकार बनाया और चन्द्रमा ने कर्क राशि को अपना स्थान बनाया एवं सिंह के आगे की छः राशियाँ सूर्य के तथा चन्द्रमा के पीछे को छः राशियाँ चन्द्रमा के अधिकार में हुई। बुध को राजकुमार होने के कारण सूर्य ने अपने समीपस्थ **कन्या** में और चन्द्रमा ने **मिथुन** में स्थान दिया। तदनन्तर मन्त्री ग्रह शुक्र को सूर्य ने **तुला** और चन्द्रमा ने **वृष** में स्थान दिया। सेनापति मंगल को सूर्य ने **वृश्चिक** में और चन्द्रमा ने **मेष** में स्थान दिया देवगुरु वृहस्पति को सूर्य ने **धनु** में और चन्द्रमा ने **मीन** में स्थान दिया। भृत्यग्रह शनि को सूर्य ने **कुंभ** और चन्द्रमा ने **मकर** में स्थान दिया। इस प्रकार अन्य सभी ग्रहों को दो-दो राशियों का आधिपत्य प्राप्त हुआ।

लग्न की अन्धादि संज्ञा

मेष वृष और सिंह– ये तीनों लग्न दिन में, मिथुन कर्क और कन्या– ये तीनों लग्न रात्रि में, 'अन्धसंज्ञक' होते हैं। तुला वृश्चिक– ये दिन में, धनुमकर रात्रि में, **'बधिर'** संज्ञक होते हैं। कुंभ दिन में तथा मीन रात्रि में तथा **'पंगु संज्ञक'** होते हैं– ये अंधादि लग्न विवाह आदि शुभ कार्य में त्याज्य होते हैं।

परिहार

लग्नात् केन्द्रे त्रिकोणे वा यद्येकोऽपि शुभग्रहः।
तदा लग्नगता दोषाः सर्वे नश्यन्त्यसंशयम्॥

यदि लग्न से केन्द्र या त्रिकोण स्थान में एक भी शुभ ग्रह (बुध, वृहस्पति, शुक्र) हो तो लग्नगत अन्धकत्वादि सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। समस्त ज्योतिष शस्त्रकार महर्षियों

एवं आचार्यों का मत है कि सूर्य आत्मा, चन्द्रमा मन और लग्न शरीर हैं अतः सूर्य, चन्द्रमा और लग्न ये तीनों प्रबल हों तो वर्ष, मास, अयन वार नक्षत्र तिथि आदि समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं।

तिथिवारभव सिद्धयोग

शुक्रेनन्दा बुधे भद्रा जया मंगलवासरे।
शनौ रिक्ता गुरौ पूर्णा सिद्धख्याः कार्यसिद्धदाः॥

शुक्रवार में नन्दा 1, 6, 11, बुधवार में भद्रा 2, 7, 12 मंगलवार में जया 3, 8, 13, शनिवार में रिक्ता 4, 9, 14 और गुरुवार में पूर्णातिथि 5, 10, 15 तिथि हो तो कार्यसिद्धिकारक 'सिद्धयोग' कहलाता है।

अमृतयोग

रविमङ्गलयोर्नन्दा भद्रा भार्गवचन्द्रयोः।
जया बुधे गुरौ रिक्ता पूर्णार्कौ चामृताह्वयाः॥

रविवार और मंगल वारों में नन्दा 1, 6, 11 शुक्र और सोमवारों भद्रा 2, 7, 12 बुधवार में जया 3, 8, 13, गुरु में रिक्ता 4, 9, 14 और शनि में पूर्ण 5, 10, 15 तिथियां अमृत योग कारक होती है।

श्रेष्ठतम सर्वार्थ सिद्धियोग

वार	नक्षत्राणि
रविवार	हस्त, मूल, उत्तरा-3, अश्विनी
सोमवार	श्रवण, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, अनुराधा
मंगलवार	अश्विनी, उ.भा., कृत्तिका, आश्लेषा
बुधवार	रोहिणी, अनुराधा, हस्त, कृत्तिका, मृगशिरा
गुरुवार	रेवती, अनुराधा, अश्विनी, पुनर्वसु एवं श्रवण
शुक्रवार	रेवती, अनुराधा, अश्विनी, पुनर्वसु एवं श्रवण
शनिवार	श्रवण, रोहिणी, स्वाती

उक्त चक्रानुसार सर्वश्रेष्ठ सर्वार्थ सिद्धि योग होते हुए भी कार्यविशेष में सुयोग भी त्याज्य होता है–

गृहारम्भे कुजे दास्रं यात्रायां रोहिणीं शनौ।
विवाहे च गुरौ पुष्यं सुयोगमपि वर्जयेत्॥

सुयोग होने पर भी गृह प्रवेश में मंगलवार और अश्विनी नक्षत्र, यात्रा में शनिवार रोहिणी नक्षत्र और विवाह में गुरु पुष्य योग का भी परित्याग करना चाहिए।

ग्रहनिरूपणम्

सौरमण्डल में जो गतिशील दिखाई देते हैं वे 'ग्रह' और इनके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र कहलाते हैं। भारतीय ज्योतिष शास्त्र प्रणेता महर्षिगण नवग्रह ही मानते हैं। आधुनिक (पाश्चात्य) वैज्ञानिकों ने हर्षल नैपच्यून, प्लूटो इत्यादि को ग्रहों की संज्ञा दी है– भारतीय प्रणेता भी इनको जानते थे परन्तु ये इतनी दूरी पर हैं जिससे पृथ्वी पर इनकी रश्मियों का प्रभाव नहीं पहुंचता इनके नीचे स्थित क्रम से शनि, गुरु, मंगल, सूर्य, शुक्र, बुध, चन्द्र की रश्मियों के सम्पर्क से इनका प्रभाव नष्ट हो जाता है अतः इन्हें उपग्रहमान कर उपेक्षित कर दिया गया–

ग्रहाधीनं जगत् सर्वं ग्रहाधीना नराऽवराः।
कालज्ञानं ग्रहाधीनं ग्रहाः कर्मफलप्रदाः॥
सृष्टि-रक्षण-संहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः।
पूर्वकर्मफलानां च सूचकाः खेचरा मताः॥

समस्त चराचर जगत ग्रहों के आधीन है, ग्रहों के द्वारा ही काल का ज्ञान होता है, ग्रहों द्वारा ही प्राणियों को शुभाशुभ फल मिलता है, चराचर का सृजन, पालन और संहार ग्रहों के द्वारा ही होता है और पूर्वजन्म के किए हुए शुभाशुभ फलों के सूचक भी ग्रह ही है।

ग्रहों के मूलत्रिकोण, उच्च और नीच

सूर्यादि ग्रहों के क्रम से सिंह वृष, मेष, कन्या, धनु, तुला और कुंभ मूल त्रिकोण हैं। तथा मेष, वृष, मकर, कन्या, कर्क, मीन और तुला से क्रम से 10, 3, 28, 15, 5, 27, 20 अंशों से उच्च स्थान हैं। उच्च से सप्तम राशि उतने ही अंशों से नीच स्थान है।

स्पष्ट ज्ञानार्थ चक्र

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मूल त्रिकोण	सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ
उच्च	मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला
अंश	10	3	28	15	5	27	20
नीच	तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष
अंश	10	3	28	15	5	27	20
गृह	सिंह	कर्क	मेष वृश्चिक	मिथुन कन्या	धनु मीन	वृष तुला	मकर कुम्भ

विवाहादि में ग्रहों की गोचर शुद्धि

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु-केतु	स्थान
3/6 10/11	1/2/3 5/6/7 9/10/11	3/6 10/11	3/6 10/11	2/5/7 9/11	1/2/3 9/11	3/6 10/11	3/6 10/11	शुद्ध
1/2 5/7/9	*	12/5 7/9	12/5 7/9	1/3/6	5/6 7/10	5/6 7/10	1/2/5 7/9	मध्य
4/8/12	4/8/12	4/8/12	4/8/12	4/8/12	4/8/12	4/8/12	4/8/12	निन्द्य

मध्य स्थानों में शान्ति जपदानादि से शुभ हो जाते हैं 4/12 स्थानों में द्विगुनित जपदानादि करने से और आठवें स्थान में त्रि-गुणित जपदानादि करने से शुभ हो जाते हैं।

सिंहस्थ गुरुनिर्णयः

सामान्य वचन से सिंहस्थ गुरु, शुभ कार्य में त्याज्य कहा गया है–

सिंहे गुरौ सिंहलवे विवाहो नेष्टोऽथ गोदोत्तरतश्च यावत्।
भागीरथीयाम्यतटं हि दोषो नाऽन्यत्र देशे तपनेऽपि मेषे॥

(मुहूर्तचिन्तामणि)

सिंह राशि में गुरु जब सिंह के नवांश में हो तो गोदावरी के उत्तर एवं गंगा के दक्षिण बीच के देशों में त्याज्य है अन्यदेशों में नहीं। किसी ने 'सिंह' शब्द से समस्त सिंह मान लिया ऐसा आर्षवचनों के विरुद्ध होने के कारण अमान्य है यथा बृद्धगर्ग–

भागीरथ्युत्तरे तीरे गोदाया दक्षिणे तथा।
विवाहो व्रतबन्धो वा सिंहस्थेज्ये न दुष्यति॥

मेषराशि के रवि में किसी भी देश में सिंहस्थ गुरु त्याज्य नहीं– यथा महर्षिवसिष्ठ–

करस्य ग्रहणं कार्य सिंहस्थो वाक्पतिर्यदा।
भानौ मेषगते शस्तमित्याहुः शौनकादयः॥

शौनकीय पटल में प्रमाण–

वरलाभातिकालाभ्यांदुर्भिक्षाद्देशविप्लवात्।
विवाहः शुभदो नित्यं सिंहस्थेऽपि वृहस्पतौ॥

जब सुयोग्य वर मिल जाए, कन्या विवाह करवाने योग्य हो, देश में उपद्रव या दुर्भिक्ष का संकट हो तो सिंहस्थ वृहस्पति में भी विवाह शुभप्रद होता है।

मकरस्थ गुरुनिर्णयः

मकरस्थो यदा जीवो वर्जयेत् पञ्चमांशकम्।
शेषेष्वपि तु भागेषु विवाहः शोभनो मतः॥

(देवीपुराण)

मकरस्थ गुरु के पहले अंश मात्र ही त्याज्य कहे हैं– शेष भाग में विवाहादि सभी कार्य करने चाहिए। गर्ग वसिष्ठादि सभी ऋषियों का यही मत है ज्यौतिषी लोग अपने-अपने कर्त्तव्य की अनुकूलता के अनुसार विवाहादि कार्यों का निर्देश करें।

गुरुशुक्रास्त दोषनिर्णयः

अस्त लक्षणम्

लुप्तांशुः सूर्यसान्निध्यात् खेटोऽस्त इति कथ्यते।
क्षीणो वृद्धस्ततः पूर्वं पश्चात् क्षीणस्तु बालकः॥

सूर्य के समीप होने के कारण लुप्त किरण होने से ग्रह **'अस्त'** कहलाता है। अस्त से पूर्व क्षीण रश्मि **'बृद्ध'** एवं अस्त के बाद (उदय होने पर) क्षीणरशिम **'बाल'** कहलाता है।

वार्धकेऽस्ते तथा वाल्ये समये गुरु शुक्रयोः।
व्रतयज्ञ-विवाहादि मंगलं परिवर्जयेत्॥

गुरु ग्रह पूर्व एवं पश्चिम दोनों दिशाओं में उदय और अस्त होते हैं किन्तु वृहस्पति केवल पश्चिम में अस्त और पूर्व में उदय होता है। शुक्र पूर्व दिशा में उदय होने के बाद तीन दिन तथा पश्चिम में उदय होने के बाद दश दिन वाल्य रहता है– पूर्व 15 दिन तथा पश्चिमास्त से पहले पाँच दिन बार्धक्य रहता है। इस प्रकार गुरु के अस्त से पहले 15 दिन वार्धक्य और उदय से आगे 15 दिन बाल्य रहता है।

अन्य मुनियों का मत

ते दशाहं द्वयोः प्रोक्त कैश्चित् सप्तदिनं परैः।
त्र्यहं त्वात्ययिकेऽप्यन्यैरर्धाहं च द्वयहं विधोः॥

कुछ ऋषियों ने गुरु और शुक्र दोनों के दश दिन बाल्य और दश दिन वार्धक्य कहे हैं कुछ मुनियों ने सात-सात दिनात्मक बाल्य और बार्धक्य स्वीकार किया है, बहुत से मुनियों ने तो आवश्यक कार्यों में केवल तीन दिन बाल्य और तीन दिन बार्धक्य माना है। चन्द्रमा के उदय के बाद आधा दिन तक बाल्य और दर्शान्त से पूर्व दो दिन तक बार्धक्य रहता है।

विशेष–

गुरु शुक्र शशाङ्केषु त्रिषु वाऽप्युदिते द्वये।
कार्य बुधैः शुभं कर्म त्रिष्वस्तेषु परित्यजेत्॥

गुरु, शुक्र और चन्द्रमा– ये तीनों अथवा इनमें दो उदित हों तो शुभ कर्म करना चाहिए और जब तीनों अस्त हों तो त्याग देना चाहिए।

पुनः विशेष–

कृष्णे पुष्टतनौ चन्द्रे शुक्ले क्षीणकरेऽपिच।
कार्य कर्म शुभं चास्तेऽप्येकस्मिन् गुरुशुक्रयोः॥

कृष्ण पक्ष में सप्तमी पर्यंत शुक्ल पक्ष में द्वितीया से पूर्णिमा पर्यंत यदि गुरु, शुक्र में केवल एक अस्त हो तो शुभकार्य कर लेना चाहिए। अर्थात् तारा अस्त में विवाहादि हो सकते हैं। इसी सन्दर्भ में 'मुहूर्त्त चिन्तामणि' में प्रमाण उपलब्ध है– लग्न शुद्धि होने पर सभी अयोग सुयोग हो जाते हैं, यथा–

अयोगे सुयोगोऽपिचेत् स्यात् तदानी–
मयोगं निहत्यैष सिद्धिं तनोति॥
परे लग्न शुद्ध्या कुयोगादिनाशं
दिनार्धोत्तरं विष्टि पूर्वं च शस्तम्॥

यदि किसी भी कार्य में अयोग और सुयोग दोनों हों तो अयोग नष्ट हो जाता है वहाँ सुयोग का ही शुभ फल होता है। बहुत से महर्षियों का मत है यदि लग्न की शुद्धि हो तो समस्त अशुभ योग नष्ट हो जाते हैं। समय के मुख्य पाँच अंग (वर्ष, मास, तिथि, लग्न और मुहूर्त्त) इन उत्तरोत्तर क्रम से अधिक बलवान होते हैं। अतः लग्न की शुद्धि हो जाने पर वर्ष, मास, तिथि, नक्षत्र, वारादि सम्बंधी जितने भी कुयोग हैं सभी नष्ट हो जाते हैं तथा सर्वथा समय शुद्ध हो जाता है लग्न की प्रशंसा में लल्लाचार्य का मत–

नतिथिर्न नक्षत्रं न योगो नैन्दवं बलम्।
लग्नमेव प्रशंसन्ति गर्ग नारद कश्यपाः॥

गर्गनारद कश्यपादि सभी ऋषियों ने तिथि, योग, नक्षत्रावारादि को महत्ता न देकर केवल लग्न की प्रशंसा की है–

लग्नं जीवो मनश्चन्द्रः शरीरं तिथि भादिकम्।
पुष्टे जीवेऽखिलं पुष्टं नष्टे नष्टं विदुर्बुधाः॥

किसी भी कार्य में लग्न जीव, चन्द्रमा, मन, तिथि नक्षात्रदि अन्य विषय शरीर हैं। जीव के पुष्ट रहने से सब पुष्ट और नष्ट होने से सब नष्ट हो जाते हैं।

लत्ता, पात, युति, वेध, यामित्र, वाण, एकार्गल, उपग्रह क्रान्ति साम्य तथा दग्धातिथि इत्यादि दश दोषों का विचार विवाह मुहूर्त्त में किया जाता है, ये दश दोष विवाह में त्याज्य कहे हैं इनमें चार से कम दोष हों तो लग्न शुद्धि से नष्ट हो जाते हैं।

विवाह के दोषों का भङ्गयोग

त्रिकोणे केन्द्रे वा मदन रहिते दोषशतकं
हरेत सौम्यः शुक्रो द्विगुणमपि लक्षं सुरगुरुः
भवेदाये केन्द्रेऽङ्गय उत लवेशो यदि तदा
समूहं दोषाणां दहन इव तूलं शमयति॥

विवाह लग्न से सप्तम त्याग कर अन्य केन्द्र (1, 4, 10) और त्रिकोण (5, 9) बुद्ध से दुगना, यदि गुरु उक्त स्थान में हो तो लाखों दोषों का नाश हो जाता है। यदि लग्नेश, अथवा लग्न नवमांशेश 11, 1, 4, 10 में हो तो समस्त दोषों को कपास रूई के ढेर को अग्नि के समान भस्म कर देता है। अहोरात्र में 12 लग्न बीतते हैं– विद्वान लोग यदि चाहें तो प्रतिदिन उक्त योग प्राप्त हो सकते हैं इतनी सुविधा हमें ज्यौतिष शास्त्र प्रदान करता है। हमें परिहारवादी भावों को उजागर कर मुहूर्त्त निश्चय करके लोगों को बताना चाहिए।

पारस्करादि महर्षियों का मत है कि–

वर्षमास-दिनानां वा शुद्धिं नैव विचिन्तयेत।
सुलग्ने सुमुहूर्त्ते वा विवाहः सार्वकालिकः॥

तथा च–

वर्ष च मासश्च दिनं च लग्नं, मुहूर्त्त एते वलिनः क्रमात स्युः।
परः परः पूर्वभवं हिदोषं, विवशयत्येव न संशयोऽत्र॥

वर्षमास दिन इत्यादि की शुद्धि विचार नहीं करना चाहिए, शुद्ध लग्न एवं मुहूर्त में विवाह सार्वकालिक होता है। इस प्रकार के वचनों के अनुसार आजकाल विज्ञजन स्थूल (तिथि नक्षत्रादि) काल की शुद्धि के साथ-साथ सूक्ष्म लग्न काल की भी शुद्धि देख लें तो सर्वश्रेष्ठ विवाह मुहूर्त प्रतिदिन हो सकता है।

चन्द्रमा स्पष्ट से सारिणी द्वारा विंशोत्तरी दशा साधन

गणित के प्रयास से बचने के लिए सारिणी का उपयोग किया जाता है। यहाँ सरलता से दशा साधन क्रम दिखाया जायेगा। दशा साधन में सर्वप्रथम चन्द्रमा स्पष्ट की आवश्यकता रहती है सारिणी (१) में ऊपर राशि तथा बायें तरफ अंश दिये हैं अभीष्ट स्पष्ट चन्द्र की राशि अंश के सम्मुख कोष्ठक में लब्धफल दशा का भुक्त वर्षादि होगा। जो दशा दो अंशों के भीतर समाप्त होती है उस दशा के दो मान एक कोष्ठक में ही दिये हैं। मेष राशि के १३ अंश २० कला पर केतु की दशा समाप्त होती है अतः १३ अंश सम्बन्धित फल ६/९/२७ तथा उस दशा के समाप्ति के वर्ष ७ एक ही कोष्ठक में दिये हैं। इसका ध्यान दशा साधन में रखना चाहिए।

दूसरे संस्करण में कला विकला सम्बन्धित दशा फल के लिए एक विस्तृत सारिणी (२) दी है। इसमें प्रति कला विकला सम्बन्धित फल अनायास प्राप्त हो जाता है। इन सब फलों का योग दशा का भुक्तमान बन जाता है इसे दशा वर्ष में घटाने से दशा का भोग्यमान प्राप्त होगा।

उदाहरण – स्पष्टचन्द्र ५/१६/०५/१० पर से दशा साधन ऊपर लिखे नियमानुसार सारिणी द्वारा किया जाता है जातक का जन्म चन्द्र महादशा में हुआ है।

व. मा. दि. घ. प.

४ । ६ । ०० कन्या राशि १६ अंश से प्राप्त फल

० । २२ । ३० कला ०५ के अनुसार प्राप्त फल

०० । ४५ विकला १० के अनुसार प्राप्त फल

४ । ६ । २२ । ३० । ४५

चन्द्रभुक्तदशा वर्षादि

इसे चन्द्र के दशा वर्ष (१०) में घटाने से दशा वर्षादि प्राप्त होंगे।

१० । ०० । ०० । ०० । ००

४ । ०६ । २२ । ३० । ४५ चन्द्र भुक्तदशा वर्षादि

५ । ०५ । ०७ । २९ । १५ चन्द्र भोग्य दशा वर्षादि

इस प्रकार अन्य उदाहरणों का साधन करना चाहिये।

दशा सारिणी

विंशोत्तरी दशा सारिणी (१)

अं.		मे. व	सिं. मा.	ध. दि.		वृ. व	क. मा.	म. दि.		मि. व	तु मा.	कुं. दि.		क. व	वृ. मा.	मी. दि.
०		०	०	०		१	६	०		३	६	०		१२	०	०
१	के.	०	६	९	सू.	१	११	१२	मं.	४	०	९	बृ.	१३	२	१२
२		१	०	१८		२	४	२४		४	६	१८		१४	४	२४
३		१	६	२७		२	१०	६		५	०	२७		१५	७	६
३/२०														१६	०	०
४		२	१	६		३	३	१८		५	७	६	श.	०	११	१२
५		२	७	१५		३	९	०		६	१	१५		२	४	१५
६		३	१	२४		४	२	१२		६	७	२४		३	९	१८
६/४०										७	०	०				
७		३	८	९		४	७	२४	रा.	०	५	१२		५	२	२१
८		४	२	१२		५	१	६		१	९	१८		६	७	२४
९		४	८	२१		५	६	१८		३	१	२४		८	०	२७
१०		५	३	०		६	०	०		४	६	०		९	६	०
११		५	९	९	चं.	०	९	०		५	१०	६		१०	११	३
१२		६	३	१८		१	६	०		७	२	१२		१२	४	६
१३		६	९	२७		२	६	०		८	६	१८		१३	९	९
१२/२०		७	०	०												
१४	शु.	१	०	०		३	०	०		९	१०	२४		१५	२	१२
१५		२	६	०		३	९	०		११	३	०		१६	२	१२
१६		४	०	०		४	६	०		१२	७	६		१८	०	१८
१६/४०														१९	०	०
१७		५	६	०		५	३	०		१३	११	१२	बु.	०	५	३
१८		७	०	०		६	०	०		१५	३	१८		१	८	१२
१९		८	६	०		६	९	०		१६	७	२४		२	११	२१
२०		१०	०	०		७	६	०		१८	०	०		४	३	०
२१		११	६	०		८	३	०	बृ.	१	२	१२		५	६	९
२२		१३	०	०		९	०	०		२	४	२४		६	९	१८
२३		१४	६	०		९	९	०		३	७	६		८	०	२७
२३/२०						१०	०	०								
२४		१६	०	०	मं.	०	४	६		४	९	१८		९	४	६
२५		१७	६	०		०	१०	२५		६	०	०		१०	७	१५
२६		१९	०	०		१	४	२४		७	२	१२		११	१०	२४
२६/४०		२०	०	०												
२७	सू.	०	१	२४		१	११	३		७	४	२४		१३	२	३
२८		०	७	६		२	५	१२		९	४	२४		१४	५	१२
२९		१	०	२१		२	११	२१		१०	९	१८		१५	८	२१
३०	सू.	१	६	०		३	६	०	बृ.	१२	०	०	बु.	१७	०	०

विंशोत्तरी दशा कला–विकला सारिणी

	सूर्य		चन्द्र		मंगल–केतु	
	कला	विकला	कला	विकला	कला	विकला
	मा. दि. घ.	दि. घ. प.	मा. दि. घ.	दि. घ. प.	मा. दि. घ.	दि. घ. प.
१	० २ ४२	० २ ४२	० ४ ३०	० ४ ३०	० ३ ९	० ३ ९
२	० ५ २४	० ५ २४	० ९ ०	० ९ ०	० ६ १८	० ६ १८
३	० ८ ६	० ८ ६	० १३ ३०	० १३ ३०	० ९ २७	० ९ २७
४	० १० ४८	० १० ४८	० १८ ०	० १८ ०	० १२ ३६	० १२ ३६
५	० १३ ३०	० १३ ३०	० २२ ३०	० २२ ३०	० १५ ४५	० १५ ४५
६	० १६ १२	० १६ १२	० २७ ०	० २७ ०	० १८ ५४	० १८ ५४
७	० १८ ५४	० १८ ५४	१ १ ३०	० ३१ ३०	० २२ ३	० २२ ३
८	० २१ ३६	० २१ ३६	१ ६ ०	० ३६ ०	० २५ १२	० २५ १२
९	० २४ १८	० २४ १८	१ १० ३०	० ४० ३०	० २८ २१	० २८ २१
१०	० २७ ०	० २७ ०	१ १५ ०	० ४५ ०	१ १ ३०	० ३१ ३०
११	० २९ ४२	० २९ ४२	१ १९ ३०	० ४९ ३०	१ ४ ३९	० ३४ ३९
१२	१ २ २४	० ३२ २४	१ २४ ०	० ५४ ०	१ ७ ४८	० ३७ ४८
१३	१ ५ ६	० ३५ ६	१ २८ ३०	० ५८ ३०	१ १० ५७	० ४० ५७
१४	१ ७ ४८	० ३७ ४८	२ ३ ०	१ ३ ०	१ १४ ६	० ४४ ६
१५	१ १० ३०	० ४० ३०	२ ७ ३०	१ ७ ३०	१ १७ १५	० ४७ १५
१६	१ २३ ३२	० ४३ ३२	२ १२ ०	१ १२ ०	१ २० २४	० ५० २४
१७	१ १५ ५४	० ४५ ५४	२ १६ ३०	१ १६ ३०	१ २३ ३३	० ५३ ३३
१८	१ १८ ३६	० ४८ ३६	२ २१ ०	१ २१ ०	१ २६ ४२	० ५६ ४२
१९	१ २१ १८	० ५१ १८	२ २५ ३०	१ २५ ३०	१ २९ ५१	० ५९ ५१
२०	१ २४ ०	० ५४ ०	३ ० ०	१ ३० ०	२ ३ ०	१ ३ ०
२१	१ २६ ४२	० ५६ ४२	३ ४ ३०	१ ३४ ३०	२ ६ ९	१ ६ ९
२२	१ २९ २४	० ५९ २४	३ ९ ०	१ ३९ ०	२ ९ १८	१ ९ १८
२३	२ २ ६	१ २ ६	३ १३ ३०	१ ४३ ३०	२ १२ २७	१ १२ २७
२४	२ ४ ४८	१ ४ ४८	३ १८ ०	१ ४८ ०	२ १५ ३६	१ १५ ३६
२५	२ ७ ३०	१ ७ ३०	३ २२ ३०	१ ५२ ३०	२ १८ ४५	१ १८ ४५
२६	२ १० १२	१ १० १२	३ २७ ०	१ ५७ ०	२ २१ ५४	१ २१ ५४
२७	२ १२ ५४	१ १२ ५४	४ १ ३०	२ १ ३०	२ २५ ३	१ २५ ३
२८	२ १५ ३६	१ १५ ३६	४ ६ ०	२ ६ ०	२ २८ १२	१ २८ १२
२९	२ १८ १८	१ १८ १८	४ १० ३०	२ १० ३०	३ १ २१	१ ३१ २१
३०	२ २१ ०	१ २१ ०	४ १५ ०	२ १५ ०	३ ४ ३०	१ ३४ ३०

विंशोत्तरी दशा कला–विकला सारिणी

	सूर्य		चन्द्र		मंगल–केतु	
	कला	विकला	कला	विकला	कला	विकला
	मा. दि. घ.	दि. घ. प.	मा. दि. घ.	दि. घ. प.	मा. दि. घ.	दि. घ. प.
३१	२ २३ ४२	१ २३ ४२	४ १९ ३०	२ १९ ३०	३ ७ ३९	१ २७ ३९
३२	२ २६ २४	१ २६ २४	४ २४ ०	२ २४ ०	३ १० ४८	१ ४० ४८
३३	२ २९ ६	१ २९ ६	४ २८ ३०	२ २८ ३०	३ १३ ५७	१ ४३ ५७
३४	३ १ ४८	१ ३१ ४८	५ ३ ०	२ ३३ ०	३ १७ ६	१ ४७ ६
३५	३ ४ ३०	१ ३४ ३०	५ ७ ३०	२ ३७ ३०	३ २० १५	१ ५० १५
३६	३ ७ १२	१ ३७ १२	५ १२ ०	२ ४२ ०	३ २३ २४	१ ५३ २४
३७	३ ९ ५४	१ ३९ ५४	५ १६ ३०	२ ४६ ३०	३ २६ ३३	१ ५६ ३३
३८	३ १२ ३६	१ ४२ ३६	५ २१ ०	२ ५१ ०	३ २९ ४२	१ ५९ ४२
३९	३ १५ १८	१ ४५ १८	५ २५ ३०	२ ५५ ३०	४ २ ५१	२ २ ५१
४०	३ १८ ०	१ ४८ ०	६ ० ०	३ ० ०	४ ६ ०	२ ६ ०
४१	३ २० ४२	१ ५० ४२	६ ४ ३०	३ ४ ३०	४ ९ ९	२ ९ ९
४२	३ २३ २४	१ ५३ २४	६ ९ ०	३ ९ ०	४ १२ १८	२ १२ १८
४३	३ २६ ६	१ ५६ ९	६ १३ ३०	३ १३ ३०	४ १५ २७	२ १५ २७
४४	३ २८ ४८	१ ५८ ४८	६ १८ ०	३ १८ ०	४ १८ ३६	२ १८ ३६
४५	४ १ ३०	२ १ ३०	६ २२ ३०	३ २२ ३०	४ २१ ४५	२ २१ ४५
४६	४ ४ १२	२ ४ १२	६ २७ ०	३ २७ ०	४ २४ ५४	२ २४ ५४
४७	४ ६ ५४	२ ६ ५४	७ १ ३०	३ ३१ ३०	४ २८ ३	२ २८ ३
४८	४ ९ ३६	२ ९ ३६	७ ६ ०	३ ३६ ०	५ १ १२	२ ३१ १२
४९	४ १२ १८	२ १२ १८	७ १० ३०	३ ४० ३०	५ ४ २१	२ ३४ २१
५०	४ १५ ०	२ १५ ०	७ १५ ०	३ ४५ ०	५ ७ ३०	२ ३७ ३०
५१	४ १७ ४२	२ १७ ४२	७ १९ ३०	३ ४९ ३०	५ १० ३९	२ ४० ३९
५२	४ २० २४	२ २० २४	७ २४ ०	३ ५४ ०	५ १३ ४८	२ ४३ ४८
५३	४ २३ ६	२ २३ ६	७ २८ ३०	३ ५८ ३०	५ १६ ५७	२ ४६ ५७
५४	४ २५ ४८	२ २५ ४८	८ ३ ०	४ ३ ०	५ २० ६	२ ५० ६
५५	४ २८ ३०	२ २८ ३०	८ ७ ३०	४ ७ ३०	५ २३ १५	२ ५३ १५
५६	५ १ १२	२ ३१ १२	८ १२ ०	४ १२ ०	५ २६ २४	२ ५६ २४
५७	५ ३ ५४	२ ३३ ५४	८ १६ ३०	४ १६ ३०	५ २९ ३३	२ ५९ ३३
५८	५ ६ ३६	२ ३६ ३६	८ २१ ०	४ २१ ०	६ २ ४२	३ २ ४२
५९	५ ९ १८	२ ३९ १८	८ २५ ३०	४ २५ ३०	६ ५ ५१	३ ५ ५१

विंशोत्तरी दशा कला–विकला सारिणी

	राहु						गुरु						शनि					
	कला			विकला			कला			विकला			कला			विकला		
	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.
१	०	८	६	०	८	६	०	७	१२	०	७	१२	०	८	३३	०	८	३३
२	०	१६	१२	०	१६	१२	०	१४	२४	०	१४	२४	०	१७	६	०	१७	६
३	०	२४	१८	०	२४	१८	०	२१	३६	०	२१	३६	०	२५	३९	०	२५	३९
४	१	२	२४	०	३२	२४	०	२८	४८	०	२८	४८	१	४	१२	०	३४	१२
५	१	१०	३०	०	४०	३०	१	६	०	०	३६	०	१	१२	४५	०	४२	४५
६	१	१८	३६	०	४८	३६	१	१३	१२	०	४३	१२	१	२१	१८	०	५१	१८
७	१	२६	४२	०	५६	४२	१	२०	२४	०	५०	२४	१	२९	५१	०	५९	५१
८	२	४	४८	१	४	४८	१	२७	३६	०	५७	३६	२	८	२४	१	८	२४
९	२	१२	५४	१	१२	५४	२	४	४८	१	४	४८	२	१६	५७	१	१६	५७
१०	२	२१	०	१	२१	०	२	१२	०	१	१२	०	२	२५	३०	१	२५	३०
११	२	२९	६	१	२९	६	२	१९	१२	१	१९	१२	३	४	३	१	३४	३
१२	३	७	१२	१	३७	१२	२	२६	२४	१	२६	२४	३	१२	३६	१	४२	३६
१३	३	१५	१८	१	४५	१८	३	३	३६	१	३३	३६	३	२१	९	१	५१	९
१४	३	२३	२४	१	५३	२४	३	१०	४८	१	४०	४८	३	२९	४२	१	५९	४२
१५	४	१	३०	२	१	३०	३	१८	०	१	४८	०	४	८	१५	२	८	१५
१६	४	९	३६	२	९	३६	३	२५	१२	१	५[illegible]	१२	४	१६	४८	२	१६	४८
१७	४	१७	४२	२	१७	४२	४	२	२४	२	२	२४	४	२५	२१	२	२५	२१
१८	४	२५	४८	२	२५	४८	४	९	३६	२	९	३६	५	३	५४	२	३३	५४
१९	५	३	५४	२	३३	५४	४	१६	४८	२	१६	४८	५	१२	२७	२	४२	२७
२०	५	१२	०	२	४२	०	४	२४	०	२	२४	०	५	२१	०	२	५१	०
२१	५	२०	६	२	५०	६	५	१	१२	२	३१	१२	५	२९	३३	२	५९	३३
२२	५	२८	१२	२	५८	१२	५	८	२४	२	३८	२४	६	८	६	३	८	६
२३	६	६	१८	३	६	१८	५	१५	३६	२	४५	३६	६	१६	३९	३	१६	३९
२४	६	१४	२४	३	१४	२४	५	२२	४८	२	५२	४८	६	२५	१२	३	२५	१२
२५	६	२२	३०	३	२२	३०	६	०	०	३	०	०	७	३	४५	३	३३	४५
२६	७	०	३६	३	३०	३६	६	७	१२	३	७	१२	७	१२	१८	३	४२	१८
२७	७	८	४२	३	३८	४२	६	१४	२४	३	१४	२४	७	२०	५१	३	५०	५१
२८	७	१६	४८	३	४६	४८	६	२१	३६	३	२१	३६	७	२९	२४	३	५९	२४
२९	७	२४	५४	३	५४	५४	६	२८	४८	३	२८	४८	८	७	५७	४	७	५७
३०	८	३	०	४	३	०	७	६	०	३	३६	०	८	१६	३०	४	१६	३०

विंशोत्तरी दशा कला–विकला सारिणी

	राहु						गुरु						शनि					
	कला			विकला			कला			विकला			कला			विकला		
	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.	मा.	दि.	घ.	दि.	घ.	प.
३१	८	११	६	४	११	६	७	१३	१२	३	४३	१२	८	२५	३	४	२५	३
३२	८	१९	१२	४	१९	१२	७	२०	२४	३	५०	२४	९	३	३६	४	३३	३६
३३	८	२७	१८	४	२७	१८	७	२७	३६	३	५७	३६	९	१२	९	४	४२	९
३४	९	५	२४	४	३५	२४	८	४	४८	४	४	४८	९	२०	४२	४	५०	४२
३५	९	१३	३०	४	४३	३०	८	१२	०	४	१२	०	९	२९	१५	४	५९	१५
३६	९	२१	३६	४	५१	३६	८	१९	१२	४	१९	१२	१०	७	४८	५	७	४८
३७	९	२९	४२	४	५९	४२	८	२६	२४	४	२६	२४	१०	१६	२१	५	१६	२१
३८	१०	७	४८	५	७	४८	९	३	३६	४	३३	३६	१०	२४	५४	५	२४	५४
३९	१०	१५	५४	५	१५	५४	९	१०	४८	४	४०	४८	११	३	२७	५	३३	२७
४०	१०	२४	०	५	२४	०	९	१८	०	४	४८	०	११	१२	०	५	४२	०
४१	११	२	६	५	३२	६	९	२५	१२	४	५५	१२	११	२०	३३	५	५०	३३
४२	११	१०	१२	५	४०	१२	१०	२	२४	५	२	२४	११	२९	६	५	५९	६
४३	११	१८	१८	५	४८	१८	१०	९	२६	५	९	३६	१२	७	३९	६	७	३९
४४	११	२६	२४	५	५६	२४	१०	१६	४८	५	१६	४८	१२	१६	१२	६	१६	१२
४५	१२	४	३०	६	४	३०	१०	२४	०	५	२४	०	१२	२४	४५	६	२४	४५
४६	१२	१२	३६	६	१२	३६	११	१	१२	५	३१	१२	१३	३	१८	६	३३	१८
४७	१२	२०	४२	६	२०	४२	११	८	२४	५	३८	२४	१३	११	५१	६	४१	५१
४८	१२	२८	४८	६	२८	४८	११	१५	३६	५	४५	३६	१३	२०	२४	६	५०	२४
४९	१३	६	५४	६	३६	५४	११	२२	४८	५	५२	४८	१३	२८	५७	६	५८	५७
५०	१३	१५	०	६	४५	०	१२	०	०	६	०	०	१४	७	३०	७	७	३०
५१	१३	२३	६	६	५३	६	१२	७	१२	६	७	१२	१४	१६	३	७	१६	३
५२	१४	१	१२	७	१	१२	१२	१४	२४	६	१४	२४	१४	२४	३६	७	२४	३६
५३	१४	९	१८	७	९	१८	१२	२१	३६	६	२१	३६	१५	३	९	७	३३	९
५४	१४	१७	२४	७	१७	२४	१२	२८	४८	६	२८	४८	१५	११	४२	७	४१	४२
५५	१४	२५	३०	७	२५	३०	१३	६	०	६	३६	०	१५	२०	१५	७	५०	१५
